वर्ष : 31 | अंक :86
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 28 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# जेपीसी ने वक्फ विधेयक में 14 संशोधनों को दी मंजूरी

**▶▶ विपक्ष का आरोप- उनकी बात नहीं सुनी गई**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** वक्फ विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सांसदों के विधेयक में सुझाए गए कई सुझाव स्वीकार कर लिए हैं। हालांकि विपक्षी सांसदों का आरोप है कि उनके सुझावों को नकार दिया गया। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। वहीं समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति द्वारा सुझाए गए बदलावों से बेहतर और प्रभावशाली कानून बनेगा। विपक्षी सांसदों ने जेपीसी की बैठकों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया नष्ट होने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद और जेपीसी के सदस्य कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि जेपीसी बैठक के दौरान उनकी बात नहीं सुनी गई और जगदंबिका पाल तानाशाही तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को हास्यास्पद करार दिया। कल्याण बनर्जी ने कहा कि %उन्होंने वही तय किया, जो उन्होंने पहले से तय किया हुआ था। यह लोकतंत्र के इतिहास में काला दिन है।% हालांकि जगदंबिका पाल ने विपक्ष के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से हुई और बहुमत के आधार पर फैसले लिए गए। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने जेपीसी की बैठक के बाद कहा कि %ये हमारी आखिरी बैठक थी। जेपीसी की बैठकों में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई।

हमने सभी सदस्यों से प्रस्तावित संशोधन मांगे थे। समिति ने 14 संशोधनों को बहुमत के आधार पर स्वीकार किया है। विपक्ष ने भी कुछ संशोधन सुझाए थे, लेकिन जब इन्हें लेकर मतदान कराया गया तो उन्हें बहुमत के आधार पर खारिज कर दिया गया। जेपीसी की सदस्य सांसद अपराजिता सारंगी ने कहा कि जेपीसी की बैठक पूरे लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई। सभी को बोलने का मौका दिया गया। 108 घंटे विधेयक पर चर्चा हुई और 284 हितधारकों से बात की गई। समिति ने, जिन संगठनों के लोग दिल्ली नहीं आ सके, उनके सदस्यों से विभिन्न राज्यों में जाकर विधेयक पर चर्चा की।जेपीसी के सदस्य और कांग्रेस सांसद नासिर हुसैन ने दावा किया कि 95-98 फीसदी हितधारकों ने विधेयक का विरोध किया। न ही विधेयक के खंडों पर चर्चा की गई और बिना पक्ष सुने संशोधनों पर मतदान करा दिया गया। कोई चर्चा नहीं हुई।

शिवसेना यूबीटी सांसद अरविंद सावंत ने कहा कि जेपीसी की बैठकों में विधेयक के एक-एक खंड पर चर्चा होनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सिर्फ संशोधनों पर मतदान कराया गया। बताया जा रहा है कि 29 जनवरी को विधेयक का अंतिम ड्राफ्ट पेश किया जाएगा, हम उसे पढकर देखेंगे कि क्या करना है, लेकिन अमृत वर्ष में लोकतंत्र की हत्या हुई है।

# गंगा में डुबकी लगाने से क्या खत्म हो जाएगी गरीबी- खरगे



**इंदौर,एजेंसियॉ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने पर सवाल उठाते हुए पूछा कि क्या गंगा में स्नान करने से गरीबी खत्म हो जाएगी।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेता कैमरों के लिए डुबकी लगाने की होड़ में जुटे हैं।महू में %जय बापू, जय भीम, जय संविधान% रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते हैं जब तक यह कैमरों में अच्छा दिखे। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठा रहे हैं और अगर उनके बयान से किसी को ठेस पहुंची हो, तो वह माफी मांगते हैं।खरगे ने कहा कि मोदी के झूठे वादों के झांसे में न आएं। क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म होती है?

क्या इससे आपका पेट भरता है? मैं किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठाना चाहता। अगर किसी को बुरा लगा हो, तो मैं माफी मांगता हूं।

उन्होंने आगे कहा, ÷जब बच्चे भूख से मर रहे हैं, स्कूल नहीं जा रहे हैं, मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल रही है, तब ये लोग हजारों रुपये खर्च कर गंगा में डुबकी लगाने की प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। बता दें कि खरगे के इस बयान से पहले, अमित शाह ने प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलग समय पर गंगा में स्नान किया।

शाह ने शीर्ष संतों के साथ संगम क्षेत्र में एक विशेष बैठक भी की।खरगे ने कहा कि उनकी भी आस्था भगवान में है, लेकिन गरीबों के नाम पर धर्म का इस्तेमाल करना गलत है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम धर्म के नाम पर गरीबों का शोषण बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# भारत को जल्द मिलेगा नया सेबी चीफ, सरकार ने शुरू की तलाश



**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** वित्त मंत्रालय द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नए चेयरमैन की तलाश शुरू कर दी गई है। इसकी वजह मौजूदा नियामक प्रमुख माधबी पुरी बुच का कार्यकाल 28 फरवरी को समाप्त होना है।वित्त मंत्रालय द्वारा सोमवार को अखबार में फिलिंग अप द पोस्ट ऑफ चेयरमैन इन सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया शीर्षक वाले विज्ञापन में पूंजीगत बाजार नियामक के प्रमुख पद पर नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए।विज्ञापन में कहा गया कि नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए या नियुक्त व्यक्ति की आयु 65 वर्ष होने तक, जो भी पहले हो, के लिए की जाएगी।सेबी प्रमुख के पास भारत सरकार के सचिव के समान वेतन या घर और कार के बिना 5,62,500 रुपये प्रति माह की कंसोलिडेटेड सैलरी प्राप्त करने का विकल्प होगा।वित्त मंत्रालय ने उम्मीदवारों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 17 फरवरी तय की है।माधबी पुरी बुच को मार्च 2022 में तीन साल की अवधि के लिए 28 फरवरी तक सेबी प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था। वह पूंजी बाजार नियामक का नेतृत्व करने वाली पहली महिला थीं। सेबी प्रमुख के रूप में नियुक्त होने से पहले, बुच सेबी बोर्ड की नियमित सदस्य थीं।बुच ने पूर्व आईएएस अधिकारी अजय त्यागी का स्थान लिया है, जिनका सेबी प्रमुख के रूप में कार्यकाल दो साल के विस्तार के बाद समाप्त हो गया था। त्यागी ने वित्त मंत्रालय में प्रमुख पदों पर कार्य किया था।

# नशे में धुत हेडमास्टर साहब गणतंत्र दिवस पर झंडा फहराने पहुंचे, पुलिस ने पकड़ा तो क्या बोले

**मुजफ्फरपुर (आरएनएस)।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक को गणतंत्र दिवस के मौके पर शराब के नशे में धुत होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मीनापुर इलाके के धरमपुर पूर्वी स्थित सरकारी मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक संजय कुमार सिंह नशे की हालत में स्कूल पहुंचे थे।स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मीनापुर के विधायक मुन्ना यादव को दी, जिन्होंने तत्काल पुलिस को सूचित किया। रामपुरहारी थाने के प्रभारी सुजीत कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने पर पुलिस की एक टीम तुरंत स्कूल पहुंची और प्रधानाध्यापक का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें उनके शराब पीने की पुष्टि हुई। इसके बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

# उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बना

**▶▶ मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी नियमावली और पोर्टल का किया लोकार्पण**

**▶▶ बंद होगी हलाला प्रथा**




**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** उत्तराखंड सोमवार को इतिहास रचने जा रहा है। यहां समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू किया जाएगा। इस तरह ऐसा करने वाला उत्तराखंड भारत का पहला राज्य बन जाएगा। समान नागरिक संहिता न केवल पूरे राज्य में लागू होगी, बल्कि यह राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के लोगों पर भी लागू होगी। यह ऐतिहासिक विधेयक दोपहर करीब 12=30 बजे लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राज्य दौरे से ठीक पहले यूसीसी पोर्टल का अनावरण करेंगे।

यूनिफॉर्म सिविल कोड (ष्टष्ट) का मतलब ये है कि देश में जो भी नागरिक रह रहे हैं, फिर चाहे वो किसी भी धर्म, जाति या लिंग के हों, उनके लिए एक ही कानून होगा। इसके लागू होते ही शादी, तलाक, लिव इन रिलेशनशिप, बच्चा गोद लेने का अधिकार समेत तमाम अधिकारों में एकरूपता नजर आती है। फिर धर्म के आधार पर नियम अलग नहीं हो सकते।यूसीसी में बेटों और बेटियों दोनों के लिए संपत्ति में समान अधिकार सुनिश्चित करता है। यूसीसी के तहत बहुविवाह पर प्रतिबंध होगा, तथा इस ऐतिहासिक कानून के तहत एकविवाह को आदर्श माना जाएगा। यूसीसी के अनुसार विवाह के लिए न्यूनतम लड़कों की उम्र 21 वर्ष और लड़कियों की उम्र 18 वर्ष निर्धारित की गई है।विवाह दंपती के धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न होगा और विवाह का पंजीकरण अनिवार्य होगा। यूसीसी लागू होने के बाद, वैध और नाजायज बच्चों के बीच कोई अंतर नहीं होगा क्योंकि कानून का उद्देश्य संपत्ति के अधिकारों पर इस अंतर को खत्म करना है। एक बार जब यूसीसी लागू हो जाएगी तो सभी बच्चों को जैविक संतान के रूप में मान्यता दी जाएगी।

**क्या बदल जाएगा?**

- यूसीसी लागू होने के बाद शादी का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य हो जाएगा।
- किसी भी धर्म, जाति या संप्रदाय के लिए तलाक का एक समान कानून होगा।
- हर धर्म और जाति की लड़कियों के लिए शादी की न्यूनतम उम्र 18 साल होगी।
- सभी धर्मों में बच्चा गोद लेने का अधिकार मिलेगा, दूसरे धर्म का बच्चा गोद नहीं ले सकते।
- उत्तराखंड में हलाला और इद्दत जैसी प्रथा बंद हो जाएगी।
- एक पति और पत्नी के जीवित होने पर दूसरा विवाह करना पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा।
- जायदाद में लड़के और लड़कियों की बराबरी की हिस्सेदारी होगी।
- लिव-इन रिलेशनशिप के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना जरूरी है।
- लिव-इन रिलेशनशिप वालों की उम्र 18 और 21 साल से कम है तो माता-पिता की सहमति लेनी होगी।
- लिव इन से पैदा होने वाले बच्चे को शादी शुदा जोड़े के बच्चे की तरह अधिकार मिलेगा।
- यूनिफॉर्म सिविल कोड से शेड्यूल ट्राइब को बाहर रखा गया है।

# अमृतसर में आंबेडकर की प्रतिमा को किया खंडित

**● भगवंत मान बोले -दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई**



**अमृतसर ,(आरएनएस)।** अमृतसर में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तोड़े जाने की पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने प्रशासन को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में लिखा, श्री अमृतसर साहिब की हेरिटेज स्ट्रीट पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति तोड़ने की घटना बेहद निंदनीय है और इस घटना के लिए किसी को भी माफ नहीं किया जाएगा।

घटना को अंजाम देने वाला चाहे कोई भी हो, उसे सख्त से सख्त सजा मिलेगी। पंजाब के भाईचारे और एकता को तोड़ने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रशासन को इसकी जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।दिल्ली के कांग्रेस के नेता और नई दिल्ली से उम्मीदवार संदीप दीक्षित ने इस मामले को लेकर कहा, यह बहुत गंभीर मामला है और यह सीधे-सीधे दिखाता है कि 26 जनवरी जैसे दिन जब माना जाता है कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम होते हैं. जिस पंजाब में आम आदमी पार्टी कहती है कि उन्होंने स्कियोरिटी दी है, वहां यह हुआ है. यह बहुत ही दुखद घटना है , हम इसकी निंदा करते हैं.वहीं, शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने बाबा साहेब की प्रतिमा तोड़े जाने की घटना को साजिश बताया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, गणतंत्र दिवस पर श्री अमृतसर साहिब में हेरिटेज स्ट्रीट पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अपवित्र करने के प्रयास की कड़ी निंदा करता हूं। इस जघन्य कृत्य ने लाखों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है। मैं दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और इस शर्मनाक घटना के पीछे की साजिश का पता लगाने के लिए गहन जांच की मांग करता हूं। आइए हम समाज में विभाजन पैदा करने के ऐसे घृणित प्रयासों के खिलाफ एकजुट हों।बता दें कि 26 जनवरी को अमृतसर के टाउन हॉल के पास स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को अज्ञात लोगों ने खंडित कर दिया था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष लगातार राज्य सरकार पर सवाल खड़े कर रहा है।

# एनवीएस-2 की लॉन्चिंग 29 जनवरी को: इसरो

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) का जीएसएलवी-एफ15 सैटेलाइट एनवीएस-दो के साथ आसमान में उड़ान भरने के लिए तैयार है। एनवीएस-2 उपग्रह को 29 जनवरी को शाम 6 बजकर 23 मिनट पर लॉन्च किया जाएगा। सोमवार को इसरो ने एक्स पोस्ट में यह जानकारी दी।इससे पहले इसरो ने रविवार को बताया कि उसके रॉकेट जीएसएलवी-एफ15 का सैटेलाइट एनवीएस-02 के साथ इंटीग्रेशन पूरा हो गया है। यह रॉकेट जिसमें स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज है, 29 जनवरी को लॉन्च किया जाएगा। इस रॉकेट पर सैटेलाइट एनवीएस-02 होगा। यह श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से 100वां मिशन होगा।नेविगेशन विद इंडियन कंस्टेलेशन भारत का स्वतंत्र क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम है। इसका उद्देश्य भारत और भारतीय जमीन से 1,500 किमी तक फैले क्षेत्र में उपयोगकर्ताओं को सटीक पोजीशन, वेलोसिटी और टाइमिंग सेवाएं प्रदान करना है।

**▶▶ ▶▶ केजरीवाल का दिल्ली में एक और बड़ा धमाका**

# 15 गारंटी का चुनावी घोषणा पत्र किया जारी

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के घोषणापत्र का अनावरण करते हुए संकल्प लिया कि सत्ता में आने के बाद वह दिल्ली की सभी महिलाओं को 2100 रुपये मासिक देंगे। आज दिल्ली में अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केजरीवाल ने 15 गारंटियों की घोषणा की जिन्हें अगले पांच वर्षों में पूरा किया जाएगा। दिल्ली के लोगों के साथ हमारा रिश्ता वादों का नहीं बल्कि गारंटी का है। हमने जो कहा है वो करेंगे। केजरीवाल की गारंटी का मतलब है पक्की बात। इस बीच, पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी, जो पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ हैं, दिल्ली विधानसभा चुनाव अभियान के हिस्से के रूप में इस महीने के अपने पहले संबोधन के बाद, राष्ट्रीय राजधानी में अपनी दूसरी रैली को संबोधित करने के लिए तैयार हैं।

**● केजरीवाल द्वारा की गई 15 गारंटी**



रोजगार गारंटी- एक शिक्षित और सक्षम टीम के नेतृत्व में बेरोजगारी से निपटने और नौकरियां प्रदान करने की योजना।

महिला सम्मान योजना- दिल्ली की सभी महिलाओं को प्रति माह □2,100 की वित्तीय सहायता।

संजीवनी योजना-उचित चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने के लिए एक स्वास्थ्य योजना का कार्यान्वयन।

फर्जी पानी के बिल माफ करना- गलत पानी के बिलों को सुधारना और पानी के लिए जीरो-बिल नीति की बहाली, जो पिछले कार्यकाल के दौरान बाधित हो गई थी।

यमुना की सफाई और सड़कें- अगले कार्यकाल में यमुना नदी को साफ करने और उच्च गुणवत्ता वाली यूरोपीय शैली की सड़कें बनाने की प्रतिबद्धता।

अम्बेडकर छात्रवृत्ति- यह सुनिश्चित करने के लिए एक योजना कि कोई भी दलित छात्र वित्तीय बाधाओं के कारण शिक्षा से न चूके।

छात्रों के लिए बस किराये में 50त्न की छूट- सभी छात्रों के लिए बस किराये में आधी कटौती।

पुजारी-ग्रंथी सम्मान राशि योजना- मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारा ग्रंथियों के लिए प्रति माह □18,000 का भत्ता।

किरायेदारों के लिए मुफ्त सुविधाएं- दिल्ली में किरायेदारों के लिए मुफ्त पानी और बिजली योजनाओं का विस्तार।

सीवर की मरम्मत और विस्तार- 15 दिनों के भीतर अवरुद्ध सीवरों की तत्काल मरम्मत और कमी वाले क्षेत्रों में नए सीवर कनेक्शन।

नि:शुल्क राशन योजना- जरूरतमंदों को नि:शुल्क राशन की व्यवस्था जारी।

ड्राइवरों के लिए विवाह सहायता- ऑटो और टैक्सी चालकों की बेटियों की शादी के लिए □1 लाख की वित्तीय सहायता।

ड्राइवरों के लिए जीवन बीमा- ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों और उनके परिवारों के लिए □10 लाख तक का जीवन बीमा कवरेज।

बेहतर सुरक्षा उपाय- रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) को सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने और सीसीटीवी कैमरे जैसे उपायों से सुरक्षा बढ़ाने में मदद करें।

मौजूदा मुफ्त योजनाओं को जारी रखना= मुफ्त शिक्षा, बिजली, पानी, मोहल्ला क्लीनिक और महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा जैसे मौजूदा लाभों को जारी रखने का आश्वासन।

# हम कुछ नहीं कर सकते

**▶▶ सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और घरेलू हिंसा कानून में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज की**

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों में सुधार की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि इसके लिए समाज को बदलना होगा, हम इसमें कुछ नहीं कर सकते। याचिका में कहा गया था कि मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, ऐसे में इनमें सुधार किए जाने चाहिए।

बीते दिनों बंगलूरू में एक इंजीनियर ने आत्महत्या कर ली थी। इंजीनियर ने अपनी पत्नी पर कानूनी तौर पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और इंजीनियर ने कानून में कथित खामियों का भी आरोप लगाया था। इंजीनियर की आत्महत्या के बाद समाज में देहज और घरेलू हिंसा कानूनों के गलत इस्तेमाल को लेकर बहस छिड़ गई। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कानूनों में सुधार की मांग की गई। याचिका वकील विशाल तिवारी ने दायर की थी। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जजों, वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों की सदस्यता वाली एक समिति बनाने की मांग की गई थी, जो मौजूदा दहेज और घरेलू हिंसा कानूनों की समीक्षा करे। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस सतीश चंद्रा की पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए साफ कहा कि %समाज को बदलना होगा और अदालत इसमें कुछ नहीं कर सकती।याचिका में ये भी मांग की गई थी कि ऐसा प्रावधान किया जाना चाहिए कि शादी पंजीकृत कराते समय शादी में मिले सामान और उपहारों को भी पंजीकृत कराया जाए। साथ ही साल 2010 में आईपीसी की धारा 498ए को लेकर एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की थीं, उन्हें भी लागू किया जाए। याचिका में कहा गया कि कानूनों में सुधार से मासूम पुरुषों की जान बचाई जा सकती है और इस कानून का जो उद्देश्य है, वो भी पूरा होता रहेगा। याचिका में कहा गया कि %दहेज रोकथाम कानून और आईपीसी की धारा 498ए विवाहित महिलाओं की सुरक्षा और उनका उत्पीड़न रोकने के लिए बनाए गए थे, लेकिन हमारे देश में इन कानूनों को अवैध मांगे मनवाने और पुरुषों के परिवार पर दबाव बनाने का हथियार बना लिया गया है। इसके चलते सही मामलों को भी शक की निगाह से देखा जाता है। ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें पुरुषों को दहेज के मामलों में फर्जी तरीके से फंसा दिया गया और इसका बेहद दर्दनाक अंत हुआ। इससे हमारी न्याय व्यवस्था और अपराध जांच व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हुए हैं।



# रुका वेतन मिलने से खुश इमामों ने दिल्ली के उपराज्यपाल का किया जोरदार स्वागत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली वक्फ़ बोर्ड की मस्जिदों में नियुक्त इमामों और मोअज्जिन की तरफ से आज दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना का एंग्लो अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अजमेरी गेट में जोरदार स्वागत किया गया। हाल ही में दिल्ली वक्फ़ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन के रुके हुए 18 महीने का वेतन जारी होने के बाद उपराज्यपाल का शुक्रिया अदा करने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर आइंदा इमामों के वेतन न रुके, इसके लिए उपराज्यपाल से ठोस रणनीति बनाए जाने की मांग भी की गई।कार्यक्रम में दिल्ली वक्फ़ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता, उलेमा और बुद्धिजीवी भी मौजूद थे।इस मौके पर उपराज्यपाल ने अपने स्वागत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दिल्ली में विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, इसलिए यहां पर कोई ऐसी बात नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव बाद इस समस्या के समाधान के लिए ठोस रणनीति बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। आपकी जो मांगें है, उस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।गौरतलब है कि दिल्ली वक्फ़ बोर्ड के इमाम और मोअज्जिन गत डेढ़ वर्षों से वेतन न मिलने से काफी परेशान थे।

# मंत्रोच्चार के बीच गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने लगाई संगम में डुबकी

## मुख्यमंत्री ने गृहमंत्री और उनके परिवार को भेंट किया चांदी का कुम्भ कलश





**लोकमित्र ब्यूर**

**महाकुम्भनगर।** गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़ककर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया।

भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई। संतों ने गृहमंत्री को वैदिक विधि से स्नान कराया और उन पर संगम का जल छिड़का। इसके बाद गृहमंत्री ने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। इसके बाद तीर्थ पुरोहितों ने गृहमंत्री और मुख्यमंत्री की संगम स्थल पर ही विशेष पूजा अर्चना संपन्न कराई और फिर विशेष संगम आरती का भी आयोजन हुआ। संगम पर मां गंगा, यमुना और सरस्वती के जयकारे गूंजे। इस दौरान शाह परिवार के सबसे छोटे सदस्य को भी संतों का आशीर्वाद मिला। पूजा की वेदी पर

### संत समाज ने दिया आशीर्वाद, पीठाधीश्वरों संग गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने किया संगम स्नान, जयकारों से गूंजा संगम नोज

मुख्यमंत्री योगी ने भी बच्चियों को दुलराया और उनसे हंसी ठिठोली की। इसके बाद हर हर महादेव के उद्घोष के बीच शाह और योगी ने मां गंगा और भगवान भास्कर को प्रणाम किया। अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संगम स्नान के बाद वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच पूजन अर्चन किया। पूजा के बाद संगम आरती भी कराई गई। इस दौरान गृहमंत्री के साथ उनकी पत्नी,



पुत्र, पुत्रवधु समेत पूरा परिवार मौजूद रहा। परिवार के लोगों ने भी स्नान के बाद पूजा और आरती में हिस्सा लिया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री को चांदी का कुम्भ कलश भेंट किया।

यहां से वो सीधा अक्षय वट के लिए रवाना हो गए। संगम स्नान और पूजन के दौरान उनके साथ जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि, निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर कैलाशानंद, बाबा रामदेव, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, जूना अखाड़े के हरिगिरि समेत तमाम अखाड़ों के वरिष्ठ महंत भी मौजूद रहे।

### स्वामी रामदेव ने अलग से हाथ पकड़कर मुख्यमंत्री को कराया योगाभ्यास

**प्रयागराज।** संगम स्नान के दौरान बाबा रामदेव और सतुआ बाबा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अलग से डुबकी लगवाई। संगम स्नान के बाद स्वामी रामदेव ने मुख्यमंत्री योगी का हाथ पकड़कर विशेष योग आसन ताड़ासन भी कराया।

# किसान सेवा सहकारी समिति एवं एकल ग्रामोद्योग फाउंडेशन मे ध्वाजारोहण किया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**करमा (प्रयागराज)।** करमा किसान सेवा सहकारी समिति मे 26 जनवरी को 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि रहे राम मनोहर पटेल जिलाध्यक्ष यमुना पार अपना दल एस ने कहा कि हम सब जानते हैं कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। इसी कारण हर साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है। हमारा हिंदुस्तान महान है। 26 जनवरी की तारीख हमें हमारे संविधान, लोकतंत्र और स्वतंत्रता के महत्व की याद दिलाती है। गणतंत्र दिवस एक उत्सव मात्र नहीं है, बल्कि आत्मनिरीक्षण करने, देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देने वाला रिमाइंडर डे है। संविधान का गर्व है ये देश की चुनौतियां और हमारी जिम्मेदारी लोकतंत्र के लिए हमारे पूर्वजों ने कितने संघर्ष किए थे। पानी की तरह खून बहाया था। बहादुरी की मिसालें कायम की थीं। कम से कम हम इतना तो कर सकते हैं कि देश और संविधान के प्रति वफादार रहें। हर नागरिक देश के लिए अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभाए और मिलकर भारत को और बेहतर देश बनाएं।ध्वाजारोहण में समिति अध्यक्ष विनोद पटेल व समिति सचिव, सुरेश चंद्र द्विवेदी, अमरीश



जायसवाल, देवराज पटेल, गगन सिंह, बलवंत पटेल, रणजीत सिंह, भगवत पटेल, विकास पटेल, निबिहा भारतिया, रमेश चन्द्र पटेल आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन आइवीडी केंद्र करमा प्रयागराज में गणतंत्र दिवस पावन पर्व के शुभ अवसर पर ध्वजारोहण व् सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया7 सर्वप्रथम ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात ओमकार , गायत्री मंत्र व् दीपमंत्र के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ एवं आये हुए अतिथिगण का स्वागत किया गया7 उपस्थित अंचल संरक्षक श्री माध्वेंद्र प्रताप सिंह जी ने बच्चो का मार्गदर्शन किया7 मार्गदर्शन के उपरांत 12 जनवरी 2025 को आयोजित ऑनलाइन व ऑफलाइन सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र/छात्रा को सम्मान स्वरुप पुरस्कार प्रदान किया गया एवं विगत माह में प्लंबिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम में प्रशिक्षित छात्र/छात्रो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्ष भानु मिश्र, आईवीडी ग्रुप के सचिव डॉ. राजेंद्र शुक्ला, कवि लव कुमार पाण्डेय, आईवीडी ग्रुप के उपाध्यक्ष नरेंद्र जयसवाल, अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत, आरोग्य प्रमुख पवन कुमार, संच प्रमुख जसरा ज्ञान सिंह, विष्णु पति , चैप्टर कार्यालय प्रमुख अनुज पटेल, अभिषेक कुमार, जे0 डी0 पब्लिक स्कूल परिवार, संरक्षक रमेश पटेल , आईवीडी प्रोजेक्ट मैनेजर शुभम कुशवाहा, आईवीडी समन्वयक सुजीत कुमार नामदेव, ओसीटी समन्वयक राहुल, ईओडब्ल्यू सारथी भूपेन्द्र और ईओडब्ल्यू प्रशिक्षक अंकुश यादव, डब्ल्यूईसी प्रशिक्षिका सविता साहू, सीटीएल प्रशिक्षक एवं कार्यक्रम संचालक शिवम कुमार एवं सभी युवागण उपस्थित रहे।

# अखिलेश यादव ने संगम में 11 डुबकी लगाई

## कहा– भाजपा वाले महाकुंभ को वाटर स्पोर्ट्स न बनाएं



**प्रयागराज।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव रविवार को महाकुंभपहुंचे। संगम में स्नान किया। उनके साथ सपा नेता और कुछ कार्यकर्ता भी मौजूद थे। संगम स्नान करते समय अखिलेश को चारों तरफ से सपा नेताओं ने घेर लिया।जल पुलिस भी रस्सी का घेरा बनाकर सुरक्षा में मुस्तैद दिखी। स्नान के बाद अखिलेश ने सूर्य को अर्घ्य भी दिया। सपा प्रमुख के साथ उनका बेटा अर्जुन यादव भी था। हालांकि उसने संगम में स्नान नहीं किया। वह रविवार सुबह चार्टर्ड प्लेन से लखनऊ से प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे। अखिलेश का स्वागत करने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एयरपोर्ट पहुंच गए। इससे वह थोड़ी देर तक कार्यकर्ताओं की भीड़ में फंसे रहे। मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश ने कहा ऊ मुझे 11 डुबकी लगाने का मौका मिला। संगम पर महाकुंभ मनाया जा रहा है। ऐसा संयोग 144 साल बाद आया है। भगवान से यही कामना है कि सौहार्द्र रहे, सहनशीलता रहे। जनता का कल्याण हो, यही कामना है।

अखिलेश ने कहा कि यह बड़ा आयोजन है। हमें याद है कि जब समाजवादी पार्टी की सरकार थी, तब हमें कुंभ कराने का मौका मिला था। तब हमने कम संसाधन में इसे बेहतर तरीके से कराया था। यह बात तमाम स्टडी कहती हैं, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी भी कहती है।

अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के प्रतिमा स्थल पर लगे समाजवादी चिंतन शिविर में जा रहे थे। तभी यूपी किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी कौशल्यानंद गिरि (टीना मां) मिल गईं। उन्हें देखते ही अखिलेश ने गाड़ी रोकी और नीचे उतरे और उनके पांव छुए। महामंडलेश्वर ने पूर्व सीएम अखिलेश यादव को आशीर्वाद दिया। करीब 10 मिनट तक दोनों के बीच बातचीत भी हुई।

# महाकुंभ में मौनी अमावस्या के पहले ही दिख रहे सिर ही सिर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** महाकुंभ में पिछले दो दिनों से आस्था का रेला उमड़ा हुआ है। रोज एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु आ रहे हैं। 29 जनवरी बुधवार को सबसे बड़े अमृत स्नान मौनी अमावस्या है। मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन ने कई नई व्यवस्थाओं का ऐलान किया है। प्रयागराज रेल मण्डल ने भी विशेष प्रबंध किये हैं। मौनी अमावस्या पर्व के दिन प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बनाई है।मौनी अमावस्या के अमृत स्नान पर लगभग 10 करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान व्यक्त किया जा रहा है। 25 जनवरी से ही लगभग 1 करोड़ यात्री प्रतिदिन महाकुम्भ में आने लगे हैं। इतनी भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी सुगम निकासी के



लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने शहर के सभी स्टेशनों के लिए विशेष योजना और कुछ प्रतिबंध लागू किये हैं। ये प्रतिबंध मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के एक दिन पहले और दो दिन बाद तक लागू रहेंगे। मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दिन प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी साइड, प्लेटफ़ॉर्म नं.-1 की ओर से दिया जाएगा।

निकास केवल सिविल लाइंस साइड, प्लेटफार्म न. 6 की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट रिजर्व है उन्हें सिटी साइड के गेट नंबर 5 से अलग से प्रवेश दिया जाएगा। जबकि अनारक्षित यात्रियों को दिशावार कलर कोडेडे आश्रय स्थलों के माध्यम से प्रवेश कराया जाएगा। टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, ए.टी.वी.एम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था रहेगी। भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में 1 लाख लोगों के ठहरने के लिए होल्डिंग एरिया का निर्माण किया गया है।

### मौनी से पहले ही 1.15 करोड़ ने किया संगम स्नान

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ के मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या से दो दिन पहले ही लाखों आस्थावान संगम में डुबकी लगाने को उमड़ पड़े हैं। सोमवार शाम छ- बजे तक 1.15 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके थे। इसमें दस लाख कल्पवासी भी शामिल हैं। रविवार तक 13.21 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके थे।इसमें सोमवार छ- बजे तक के आंकड़े जोड़ दें तो अब तक स्नान करने वालों की संख्या 14.12 करोड़ के पार पहुंच चुकी है। सोमवार सुबह आठ बजे तक 46.64 लाख, दस बजे तक 53.29 लाख, 12 बजे तक 60.19 लाख और दो बजे तक 81.16 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। पूरे दिन के आंकड़ें पर नजर दौड़ाएं तो हर घंटे औसतन पांच लाख संगम और महाकुम्भ क्षेत्र में बने 12 किलोमीटर लंबे घाट में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं।चारों दिशाओं से श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला बना हुआ है। सड़कों पर जितनी दूर तक नजर जा रही है सिर ही सिर दिखाई पड़ रहे हैं। मेला क्षेत्र के चारों ओर सात से 12 किमी दूर चार पहिया गाड़ियों को रोक दिया जा रहा है। पार्किंग में गाड़ियां खड़ी करने के बाद लोग पैदल ही संगम की ओर बढ़े आ रहे हैं।

# महाधिवक्ता कार्यालय में एडवोकेट जनरल ने किया ध्वजारोहण



**प्रयागराज।** 76वें गणतंत्र दिवस पर आंबेडकर भवन स्थित महाधिवक्ता कार्यालय में एडवोकेट जनरल अजय कुमार मिश्र ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने संविधान की विशिष्टता पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में शासकीय अधिवक्ता एके संड ने स्वागत और मुख्य स्थायी अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। पुलिस बैंड ने राष्ट्रगान और आशुतोष श्रीवास्तव ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। गणतंत्र दिवस समारोह में अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल, अशोक मेहता, एमसी चतुर्वेदी एवं अजीत कुमार सिंह, अपर विधि परामर्शी राधे मोहन श्रीवास्तव, मुख्य स्थायी अधिवक्ता जेएन मौर्य, विजय शंकर मिश्र, अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता, स्थायी अधिवक्ता, अपर शासकीय अधिवक्ता सहित अन्य राज्य विधि अधिकारी और महाधिवक्ता कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# घटिया बालू से बनाई जा रही पेजयल टंकी लोगों ने की शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज )।** कोलसरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल जल उपलब्ध कराने जाने के लिए करोड़ों रुपए की लागत से बनाई जा रही टंकी घटिया बालू का प्रयोग किए जाने से ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई है।

लोगों ने बताया कि कोलसरा के डिनर बस्ती में करोड़ों रूपये की लागत से जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि इसमें घटिया बालू, ईट, सीमेंट सामाग्री का प्रयोग किए जा रहे हैं। जिससे किसी भी समय गिर जाने से हादसे के लोग शिकार हो सकते हैं।

कार्य कर रहे राजगीरों ने बताया कि



इस ईट, बालू को चहर दिवारी में लगाया जा रहा है। फिलहाल ठीकेदार जो मटेरियल देंगे वहीं से तो बनाया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा भले ही करोड़ों रूपये खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन इसका लाभ लोगों तक पहुंचना मुश्किल है। सरकार गांव के लिए शुद्ध पेयजल जल जीवन मिशन योजना के पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। पेयजल आपूर्ति के लिए बनाई जा रही है लेकिन इतना घटिया सामग्री लगाने पर बनने पर यह चलना मुश्किल है।

# गुलशन टायर ने जीता केजीएन क्रिकेट कप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मऊआइमा (प्रयागराज)।** इलाके में मोहम्मदपुर सराय अली में केजीएन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें गुलशन टायर हाउस व मोहसिन जमखुरी के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। मोहसिन जमखुरी की टीम ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। गुलशन टायर हाउस ने बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 75 रन बनाया। जबकि जमखुरी टीम 54 रन पर ही आल आउट हो गई । इस तरह गुलशन टायर की टीम विजेता बनी। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इंपीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रबंधक नूरुद्दीन सैफी व असद उल्ला ने विजेता टीम को 15,000 हजार रुपए व ट्रॉफी देते खेल प्रतियोगिता को आगे बढ़ाने




व पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ.मंसूर आलम व ग्राम प्रधान अशोक विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू ने उपविजेता टीम 10,000 हजार रुपए देकर पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। उसके बाद एमएम ग्रुप के तरफ से दोनों टीमों को किट व पुरस्कार दिया गया। जिसमें मैन ऑफ द मैच रोहित महराज, कमेंटेटर अब्दुल अब्बास व सुल्तान अहमद, अंपायर अफसार अहमद व सोनू रहे। कार्यक्रम आयोजक चमन व अब्दुल कैफ ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार प्रकट किए। इस मौके पर सरताज आलम, मो.दानिश आदि मौजूद रहे।

# महाकुम्भ पहुंचकर गृहमंत्री, बोले- ये एकता का महाकुम्भ

## प्रयागराज पहुंचने पर सीएम योगी और दोनों डिप्टी सीएम ने किया गृहमंत्री अमित शाह का स्वागत

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ के महाआयोजन को लेकर महाकुम्भनगर पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे एकता का महाकुम्भ करार दिया। उन्होंने एक्स पर लिखा, महाकुम्भ सनातन संस्कृति की अविरल धारा का अद्वितीय प्रतीक है। यह हमारे सनातन जीवन-दर्शन और समरसता पर आधारित अखंड परंपरा को दर्शाता है। गृहमंत्री ने कहा, आज धर्म नगरी प्रयागराज में एकता और अखंडता के इस महापर्व में संगम स्नान करने और संतजनों का आशीर्वाद लेने के लिए उत्सुक हूं।



प्रयागराज पहुंचने पर गृहमंत्री के आगमन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, ब्रजेश पाठक और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने उनका भव्य स्वागत किया।

# अपराधी कोई हो बख्शा नहीं जाएगा- अनिल सोनकर

**कोरांव(प्रयागराज)।** अपर पुलिस अधीक्षक रीवा अनिल सोनकर ने बताया रीवा और प्रयागराज के सीमा क्षेत्र के अपराधी एमपी में यदि अपराध करते हैं तो बख्शा नहीं जाएगा। उक्त बातें श्री सोनकर ने प्रेस प्रतिनिधि से एक भेंट वार्ता के दौरान जन सुनवाई में कही। अधीक्षक सोनकर ने दूर दराज से आए हुए फरियादियों की सुनवाई के दौरान



संबंधित थाना प्रभारियों, एस डी ओ पी को स मा धा न गुणवत्ता पूर्वक करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि सीमा क्षेत्र में पूर्व ने विभिन्न थाना इलाकों में बॉर्डर के अपराधी ज्यादा अपराध करते थे। किंतु पुलिसिया कार्यवाही से अब आंख नहीं यहां उठा पाते। यूपी के कई दवा माफिया नशीली दवाओं के बेचने मामले में कई जेल गए और शेष की तलाश जारी है। उन्होंने बताया कि इस एरिया की एक महिला बेटी गायब हैं जिनकी तलाश की जा रही है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**नारीबारी(प्रयागराज)।** विकासखंड शंकरगढ़ के नारीबारी के समीप स्थित मां चंद्रवती इंटर कॉलेज एवं एस0जे0एस0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल हिनौती चंदेल नारीबारी में 76 वें गणतंत्र दिवस का उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां सर्वप्रथम ध्वजारोहण का कार्यक्रम श्रीमती चंद्रवती सिंह व उदित शेखर ने किया साथ में विद्यालय के संस्थापक जे0पी0 सिंह, प्रबंधक मनोज सिंह,प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर सिंह, प्रधानाध्यापक राजेश कुमार तिवारी व प्रधानाध्यापिका नेहा कुशवाहा उपस्थित रहीं। वहीं छात्र-छात्राओं द्वारा भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें बच्चों ने कमांडो सेना का समुद्र मंथन का प्रदर्शन करके लोगों के मन को जीत लिया। इसके बाद वहीं दूसरी ओर विद्यालय प्रांगण में छात्र छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। जिसमें नृत्य गीत, नृत्य नाटिका, लोकगीत, कव्वाली, नाटक इतना ही नहीं मद्यपान, सामाजिक कुप्रथाएं तथा शिक्षा पर प्रस्तुत किए गे ए



नाटक के प्रहसन ने दर्शकों को जबरन ही अपनी ओर आकर्षित कर लिया कार्यक्रमों के समापन के बाद विद्यालय के प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर सिंह ने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं व कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में उसको अच्छा बनाने के सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह ने आए हुए अतिथियों व शुभचिंतकों अभिभावकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में विद्यालय के संस्थापक जे0पी0सिंह ने विद्यालय के उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा अपनी भावनाओं को साझा करते हुए उन्होंने लोगों के बीच कहा कि यह संस्थान एवं एस0जे0एस0ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन्स क्षेत्र के शैक्षिक, सामाजिक, संस्कार व अनुशासन के विकास के लिए समर्पित है जिस पर संस्थान निरंतर कार्य कर रहा है तथा इसके बाद उनके द्वारा कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। भव्य प्रभात फेरी के कार्यक्रम में संदीप गुप्ता की भूमिका अग्रणी और सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन हिंदी प्रवक्ता राजेश केशरवानी ने किया,तथा सम्पूर्ण कार्यक्रम के संचालन में सांस्कृतिक विभाग में लगे आशीष पाल,उमेश पाल, जय सिंह ,आकांक्षा केसरवानी,रीता वर्मा, रेनू देवी,प्रियंका सिंह की भूमिका को लोगों ने काफी सराहा। इस अवसर पर मुख्य रूप से राकेश सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, राजकरन सिंह, राजेश पाल, अंजनी कुमार, अमरजीत मौर्या, चंचल सिंह, धनीराज पटेल , रवि पाण्डेय, मनीष मिश्रा,संजीव सिंह, नारेंद्र कुमार,रोहित सिंह, बालेन्द्र सिंह,दिनेश कुमार रत्नाकर,दिलराज सिंह,अनिकेत चौधरी,अंशू मिश्रा,मांशी केसरवानी, संतोषी साहू, मिथिलेश सिंह, नीलम सिंह ,आकांक्षा श्रीवास्तव, सुहानी सिंह, आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

जे0पी0मेमोरियल हॉस्पिटल एवं ब्लड बैंक तथा नर्सिंग कॉलेज में भी 76 गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।ध्वजारोहण हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर ओ0पी0 सिंह के द्वारा किया।जे0पी0मेमोरियल नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसको देखकर आए हुए लोगों ने खूब प्रशंशा किया।हॉस्पिटल के संचालक डॉक्टर ओ0पी0 सिंह ने कहा कि आज हम सब लोग 76 वाँ गणतंत्र दिवस मनाने के लिए यहां पर एकत्रित हुए हैं इस अवसर पर हम सभी लोगों को वीर सपूतों को याद करना चाहिए।उक्त अवसर पर डॉक्टर मनोज कनौजिया,डॉक्टर नईम, नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्या नेहा प्रजापति,बृजेश कुमार त्रिपाठी सहित हॉस्पिटल के समस्त स्टाफ व नर्सिंग कॉलेज के समस्त स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। प्राथमिक विद्यालय सलैया पनियारी , प्राथमिक विद्यालय, ग्राम पंचायत सचिवालय जरखोरीं में ग्राम प्रधान विशंभर नाथ मिश्र ध्वजारोहणकर गणतंत्र दिवस मनाया , उधर

नारी बारी स्थित ,राम कृष्ण गुरुकुलम के प्रबन्धक सूर्यकान्त शुक्ल ध्वजा रोहण मवैया कला विद्यालय में प्रधान सन्तोष सिंह पंचायत भवन सुरबल चन्देल प्रधान रामप्रकाश सिंह पूर्व इंस्पेक्टर विजय नारायण शुक्ल नारीबारी समुदायिक भवन में प्रधान छपरी पुलिस चौकी में इंचार्ज अनुराग सहित क्षेत्र के सरकारी अर्द्धसरकारी कार्यालयो में ध्वजा रोहण कर गणतंत्र दिवस मनाया गया। साधन सहकारी समिति सुरवल सहनी में समिति के अध्यक्ष गोकुल सिंह ने ध्वजारोहण किया ।उक्त अवसर पर शिवमोहन सिंह, राम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# पिता-पुत्र ने साथियों संग जमीनी विवाद में घरेलू कुनबे को पीटा

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव में रविवार की रात जमीनी विवाद को लेकर पिता-पुत्र ने साथियों संग घरेलू कुनबे को जमकर पीट दिया।पिटाई से तीन लोग घायल हो गए। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव की अर्चना देवी पत्नी रमेश कुमार के अनुसार उसका जेठ के साथ जमीनी विवाद चल रहा है। रविवार की रात जेठ अपने पुत्र और दो साथियों के साथ उसके घर पहुंचाद्य और जमीनी विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगाद्य गाली का विरोध करने पर उन लोगों ने डंडों से उसकी पिटाई करना शुरू कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे उसके पति रमेश और ससुर वासुदेव को सभी पीट दिया। पिटाई से तीनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायलों ने थाने जाकर चार आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी।

तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# दबंग ने शौचालय निर्माण का विरोध कर युवक को दी धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के उमरपुर मजरा हुसैनमई गांव में सोमवार की सुबह दबंग ने शौचालय निर्माण का विरोध कर एक युवक को जान से मारने की धमकी दीद्य पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है। हुसैनमई के मजरा उमरपुर गांव निवासी गजराज पुत्र धर्मराज मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार घर के बाहर पड़ी जमीन पर वह सोमवार की सुबह शौचालय निर्माण करने के लिए गड्ढा खुदवा रहा था। इसी दौरान पड़ोस का एक युवक वहां पहुंचा और गड्ढा खोदने का विरोध करने लगा कारण पूछने पर उसने युवक के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उसने युवक को जान से मारने की धमकी दीद्य लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित युवक ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

# आग की विभीषिका में गृहस्थी जलकर खाक



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील क्षेत्र के देवखरपुर में रविवार लगभग सुबह लगभग 11रू00 बजे बनवारी लाल पुत्र कधई लाल के घर में अचानक आग लग गई , देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने देखा तो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

देवखरपुर के रहने वाले बनवारीलाल गांव में झोपड़ी बनाकर परिवार के साथ जीवन व्यतीत करता था , रविवार की सुबह घर में अचानक आग की लपटे देख गांव के लोगों ने आज को बुझाने की काफी कोशिश की लेकिन तब तक बनवारी के घर की गृहस्थी जलकर खाक हो गई साथ ही झोपडी में बंधे मवेशी भी झुलस गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सूचना हल्का लेखपाल दुर्गेश मिश्रा मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किए दैवीय आपदा के तहत मदद का आश्वासन दिया।

# चंद्रशेखर सिंह कालेज आफ फार्मेसी में धूमधाम से मना 76वां गणतंत्र दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती के कोईलहा में स्थित चंद्रशेखर सिंह कालेज आफ फर्मेसी में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम जोश व उत्साह के साथ परिसर में राष्ट्रीय ध्वज को फहराते हुए धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कालेज के छात्र छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरुषों के बलिदान व देश की संस्कृति और उन्नतियों के गौरवशाली इतिहास को याद कर भाषण गीत, कविताएं प्रस्तुत किया। कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर एस के गुप्ता ने कहा कि हम सभी के लिए गणतंत्र दिवस केवल एक पर्व ही नहीं बल्कि गौरव और सम्मान का दिन है क्योंकि आज ही के दिन हमारे देश का संविधान लागू किया गया था और आज ही के दिन 26 जनवरी सन 1950 को



भारत प्रजातांत्रिक गणतंत्र देश बना था। ऐसे में हमें राष्ट के विकास के लिए हाथ से हाथ मिलाकर काम करने में आवश्यकता है।

कालेज के निदेशक प्रोफेसर डॉ. एस एन सिंह ने कहा कि हम सभी अपने घरों पर तिरंगा लगाकर सम्मान देना चाहिए ताकि हमारी भावी पीढ़ियों में राष्ट्र प्रेम का भाव जागृत हो सके, तिरंगा हमें जोड़ता है। हमें देश के लिए कुछ करने के लिए प्रेरित करता है। इस दौरान कालेज के सचिव डा. एस पी सिंह समेत संस्था के सभी शिक्षक गण, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# राम अधीन रामदास शर्मा इंटर कालेज में फहराया गया राष्ट्र ध्वज



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ा के दौलतपुर कसार के श्री राम अधीन रामदास शर्मा इंटर कालेज में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।विद्यालय के प्रबंधक व प्रधान संघ अध्यक्ष कड़ा अनिल कुमार शर्मा ने राष्ट्र ध्वज फहराकर सभी को पर्व की बधाई दी।इस अवसर पर शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय निषाद, अशोक सरोज, सुनील विश्वकर्मा, प्रशांत केशरवानी, नीरज साहू, मनोज सहगल, मोनू मोदनवाल, अंकित साहू आदि लोग उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से स्कूटी सवार दंपत्ति जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज महाकुंभ से वापस लौट रहे स्कूटी सवार दंपत्ति कार की टक्कर से जख्मी हो गए , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल दंपति को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सरकारी अस्पताल ने भर्ती कराया।कानपुर महानगर के रहने वाले अमित शुक्ला अपनी पत्नी प्रीति शुक्ला के साथ स्कूटी से प्रयागराज महाकुंभ गए थे। रविवार की सुबह अमित शुक्ला अपनी पत्नी को लेकर स्कूटी से वापस घर लौट रहे थे , स्कूटी सवार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुलामीपुर के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंचे तभी तभी तेज रफ्तार मारुति वैन की टक्कर से स्कूटी सवार दंपति गिरकर जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी , सूचना पर पहुंची

# जीपीएस इंटर कालेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस का पर्व

लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** विकास खण्ड कड़ा के श्री गंगा प्रसाद साहू इंटर कालेज में रविवार को 76 वां गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्या ने राष्ट्रध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी।गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय में अनेक कार्यक्रम हुए।

विद्यालय के प्रबंधक रमेश साहू व प्रधानाचार्य शैलेश गुप्ता द्वारा आए हुए अतिथियों का अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।इस अवसर पर भाजपा नेत्री दीपा श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव,

राहुल मौर्या, मो मुश्लिम, हनुमत सिंह, बछराज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।इसी क्रम में विद्युत उपकेंद्र कमालपुर में अवर अभियंता राजपत रजक, प्राथमिक विद्यालय देवीगंज प्रथम में प्रधानाचार्य जुबैर अहमद, प्राथमिक विद्यालय मुल्लनपुर में प्रधानाध्यापिका रूबी सोनकर, प्राथमिक विद्यालय रौजे सैफ खां इस्माइलपुर में प्रधानाध्यापक रामभवन शर्मा, प्राथमिक विद्यालय चक इमामअली में प्रधानाचार्य जयनेंद्र कुमार वर्मा, प्राथमिक विद्यालय फाहिमपुर कलेशरमऊ में मंदिर प्रबंध समिति शक्तिपीठ कड़ाधाम अध्यक्ष आत्म प्रकाश उर्फ टिंकू पंडा सहित तमाम गणमान्य लोगों ने विभिन्न संस्थानों व प्रतिष्ठानो पर राष्ट्रध्वज फहराया।

# ट्रक से भिड़ी कार चालक समेत दो जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी ओवरब्रिज के ऊपर नेशनल हाईवे पर प्रयागराज से राजस्थान जा रही कार पीछे से अज्ञात ट्रक में भीड़ गई हादसे में कार चालक सहित एक महिला जख्मी हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। राजस्थान के भरतपुर निवासी मोतीलाल पुत्र संतोष 65 वर्ष कार चालक राहुल बघेल पुत्र बादल बघेल 30 वर्ष के साथ कार से परिवार को लेकर प्रयागराज महाकुंभ गए थे , कार चालक सोमवार को वापस राजस्थान के लिए जा रहे थे , कार चालक जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के सैनी ओवरब्रिज के ऊपर नेशनल हाईवे पर पहुंचा करीब पांच बजे भोर में आगे जा रही अज्ञात ट्रक में पीछे से भीड़ गया हादसे में चालक राहुल बघेल 32 वर्ष व कार में बैठी राजस्थान के भरतपुर निवासी रेनू शर्मा पत्नी मोतीलाल शर्मा 36 वर्ष जख्मी हो गए , वही कार में बैठे मोतीलाल व अलका 32 वर्ष बाल बाल बच गए।

# आर्य पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** मंझनपुर के भड़ेसर रोड स्थित आर्य पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर इंजीनियर योगेश कुमार मौर्य व फाउंडर आशीष कुमार मौर्य के कुशल नेतृत्व में 76 वे गणतंत्र दिवस के मौके पर आर्य पब्लिक स्कूल में भव्य तरीके से मनाया गया , कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद दिनेश कुमार मौर्या ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा देश भक्ति गाने व एक बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का मन मोह लिया इस दौरान मैनेजर ऋषि कुशवाहा ने बताया कि आज ही के दिन देश में संविधान लागू हुआ था। कार्यक्रम में अंत में अतिथियों ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया । इस मौके पर दिनेश कुमार मौर्य, मैनेजर , ऋषि कुशवाहा , अरविंद मौर्य , अश्विन सिंह , गौरव कुशवाहा, विद्यालय प्रधानाचार्य अभिषेक सिंह द्वारा वीर सपूतों के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उन्हें नमन किया गया।

# स्कूल कालेजों और संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू,, (कौशाम्बी)।** क्षेत्र में 76वां गणतंत्र दिवस रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों, संस्थानों में ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर मीडिया हाउस टेढ़ीमोड़ में वरिष्ठ पत्रकार बीरेंद्र केसरवानी ने, चंद्रशेखर सिंह कालेज आफ फार्मेसी कोइलहा में संस्थान के निदेशक डा. एस एन सिंह ने, बीआरसी कड़ा में खंड शिक्षा अधिकारी नीरज उमराव ने, बीआरसी सिराथू में एबीएसए डा प्रज्ञा सिंह ने रणजीत पंडित इंटर कालेज शहजादपुर में प्रधानाचार्य जितेंद्र वर्मा, एस एस ए इंटरमीडिएट



कालेज अन्दावां में प्रबंधक इसरार अहमद, प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में ग्राम प्रधान शिवप्रताप सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय जमालमऊ में प्रधानाध्यापक सौरभ श्रीवास्तव, पेरई में राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हरिओम सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय नौगीरा में प्रधानाध्यापक विकास कुमार, प्राथमिक विद्यालय सौरई बुजुर्ग में प्रधानाध्यापक अजय साहू ने , प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में प्रधानाध्यापक सुमन कुशवाहा व प्राथमिक विद्यालय अशरफपुर में शिक्षक अरुण कुमार शुक्ला ने ध्वजारोहण किया। इसके साथ ही कंपोजिट विद्यालय कादीपुर, रामपुर धमावा, सिरियावांकला, तरसौरा, ननमई आदि स्कूलों में धूमधाम से गणतंत्र दिवस मनाया गया। सैनी चौराहे पर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने ध्वजारोहण किया इस दौरान टेम्पो, टैक्सी यूनियन के चालक मौजूद रहे । अजुहा में व्यापार मंडल अध्यक्ष रमेश अग्रहरि , सूरज प्रसाद कृष्णा देवी इंटर कॉलेज धुमाई में राकेश अग्रहरि ने , जय मां दुर्गे इंटर कालेज अजुहा में प्रबंधक प्रदीप त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया इस दौरान प्रधानाचार्य सुनील साहू सहित स्टॉफ मौजूद रहा , रमादेवी शिव मंगल प्रसाद महाविद्यालय में प्रबंधक प्रसाद नमो नारायण त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया।

# दबंगों ने नाली विवाद को लेकर कुनबे को पीटा

**घायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाल क्षेत्र के सिंहपुर गांव निवासी मणिश्याम पांडेय के मुताबिक पड़ोसी से नाली को लेकर उसका काफी दिनों से विवाद चल रहा है। मामले की शिकायत एक माह पहले पुलिस से की गई थी। आरोप हैं कि कार्रवाई न होने से रविवार की शाम पड़ोसी ने कुनबे के साथ नाली को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। आरोप है कि विरोध करने पर वह परिजनों संग डंडे से पिटाई शुरू कर दी। बीचबचाव करने आई पत्नी किरण और बेटी अंतिमा को भी बुरी तरह पीट दिया। इससे सभी चोटिल हो गए। घायलों ने सोमवार को सीओ कार्यालय पहुंच आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

# संगम स्नान कर घर जा रहे श्रद्धालुओं का टेंपो पलटा, पांच जख्मी



लोकमित्र ब्यूरो

**सैनी, (कौशाम्बी)।** फतेहपुर जनपद के खागा थाना क्षेत्र के सलेमपुर गोली पोस्ट अमवा के रहने वाले संतोष कुमार पुत्र केदारदास 70 वर्ष, रामसजीवन पुत्र दुर्गा प्रसाद 58 वर्ष, रामबाबू पुत्र रामकुमार 47 वर्ष , ओमप्रकाश पुत्र बच्चन 50 वर्ष , शिवपूजन पुत्र भैरव प्रसाद 17 वर्ष , गुलशन पुत्र रोशन लाल 25 वर्ष, मंगल सिंह पुत्र रविन्द्र सिंह 32 वर्ष , प्रदीप कुमार विमलेश 18 वर्ष रविवार की सुबह घर से प्रयागराज के लिए संगम स्नान करने गए थे। वहां से ये सभी संगम स्नान कर टेंपो से वापस अपने घर को जा थे। श्रद्धालुओं का टेंपो रविवार की शाम करीब पांच बजे जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के कल्यानपुर गांव के पास हाइवे से गुजर था कि अचानक तेज गति होने के कारण अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गया। जिससे टेंपों में बैठे गुलशन जो कि गौती में पोस्टमैन के पद पर कार्यरत है उसका हाथ टूट गया, मंगल सिंह के सर पर गंभीर चोट, प्रदीप के कंधे में , संतोष के हाथ व रामसजीवन के पैर में चोट आई है। टेंपों पलटते ही चीख पुकार मच गई। आसपास रहे लोगों ने पुलिस को सूचित किया। घटनास्थल पर पहुंचे हमराहियों के चौकी प्रभारी शहजादपुर मनीष पाल अपने सभी घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक केंद्र सिराथू भिजवाया। जहां पर हालत गंभीर होने पर डाक्टर घायलों को जिला अस्पताल भेज रहे थे लेकिन अस्पताल पहुंचे स्वजन सभी घायलों को अपने घर खागा में इलाज के लिए लेकर चले गए। पुलिस क्षतिग्रस्त टेंपो को पुलिस चौकी में लाकर खड़ा किया और उसमें सुरक्षित बचे श्रद्धालु घर के लिए रवाना हो गए।

# नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम कार्यालय में नगर अध्यक्षा ने फहराया राष्ट्र -ध्वज



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम कार्यालय में रविवार को गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया।नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी ने कार्यालय परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराकर देश की आजादी में अपना अमूल्य योगदान देने वाले वीर सपूतों को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।नगर अध्यक्षा रागिनी अरुण केशरवानी व अधिशाषी अधिकारी संजय तिवारी ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इसी प्रकार नगर अध्यक्षा ने कड़ा स्थित शहीद गुलाब चन्द्र सविता के स्मारक स्थल पर भी ध्वज फहराया।

उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सलामी दी।नगर अध्यक्षा ने शहीद की पत्नी शांति देवी को अंगवस्त्र व माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया।इस दौरान भारत माता की जय- शहीद गुलाब चन्द्र सविता अमर रहे के उद्घोष से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा।इस अवसर पर उदय नारायण पांडेय, शोएब खान, राहुल कुशवाहा, इदरीस अहमद, अजीत पटेल, अवध पटेल, गोलीदीन, राकेश पांडेय, अनिल यादव, शिवम मिश्रा, विपिन सोनकर, शिवम मौर्या, सुजीत कुमार, अभिषेक मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

# अपार आईडी हेतु बीआरसी सिराथू में प्रधानाचार्यो को दिया गया प्रशिक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** बीआरसी सिराथू के सभागार में सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ0 प्रज्ञा सिंह के द्वारा विकास खंड सिराथू के समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालय, मदरसा विद्यालय के प्रधानाचार्यध् प्रबंधकों को यू डायस पोर्टल के माध्यम से ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक अकाउंट रजिस्ट्री आईडी (अपार आईडी) सृजित किए जाने हेतु प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ0 प्रज्ञा सिंह ने बताया कि यह भारत सरकार द्वारा एक ऐसी प्रणाली है जिसमें स्कूली शिक्षा में अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं के लिए 12 अंकों का एक यूनिक नंबर जारी होगा तथा इसकी सहायता से भविष्य में इन सभी विद्यालयों के सभी छात्र-छात्राओं की शैक्षिक प्रगति एवं उपलब्धि की ट्रैकिंग की जा सकेगी। इस प्रणाली से आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिह्नीकरण किया जा सकेगा तथा इन छात्र-छात्राओं की शैक्षिक यात्रा तथा उनके अंक पत्र आदि का विवरण होता है, संबंधित अपार आईडी डिजिलॉकर की सहायता से सभी एकेडमी अभिलेख को वेरीफाई क्रेडेंशियल के रूप में प्राप्त हो सकेगा यह व्यवस्था ड्रॉप आउट रेट को कम करने में सहायक होगा तथा ऐसे बच्चे जो प्रतिवर्ष ड्रॉप आउट होंगे उनको पुनः शिक्षा की मुख्य धारा में ले जाने में सहायक सिद्ध होगा।

खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉक्टर प्रज्ञा सिंह ने आगे बताया कि बैठक में कुल 216 विद्यालयों के सापेक्ष 50 प्रतिशत विद्यालय ही उपस्थित हुए हैं। जिसमें 1- निधियावा में स्थित आकांक्षा देवी प्राथमिक विद्यालय 2- मोगरी कड़ा में स्थित आदर्श ग्रामीण सरस्वती शिशु मंदिर 3- सिराथू में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय , 4- उदीहीन खुर्द में स्थित विट्ठल भाई पटेल विद्या मंदिर , 5- विदनपुर में स्थित डॉक्टर राम चरण सिंह जूनियर हाई स्कूल आदि विद्यालयों के प्रधानाचार्य अनुपस्थित रहे। साथ ही कई विद्यालयों द्वारा अपार आईडी का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है जिनमे उदय श्याम इंटर कॉलेज, फिरोज गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद, वीबीपीएस इंटर कॉलेज खुर्द, वारसी इंटर कॉलेज, लिटिल फ्लावर कान्वेंट स्कूल आदि विद्यालय प्रमुख हैं। खंड शिक्षा अधिकारी प्रज्ञा सिंह ने उक्त विद्यालयों के साथ उन सभी कॉलेजध्विद्यालयों को चेतावनी देते हुए बताया कि जिन्होंने अभी तक बच्चों की अपार आईडी का कार्य प्रारंभ नहीं किया है वे दो फरवरी तक सभी बच्चों की अपार आईडी जारी करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक में तमाम प्रधानाचार्य सहित बीआरसी कर्मी मौजूद रहें।

# गणतंत्र दिवस पर कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट में एसडीएम ने किया ध्वजारोहण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट कौशाम्बी में विशेष आयोजन किया गया। सेक्टर नंबर 9 में आयोजित इस कार्यक्रम में सेक्टर मजिस्ट्रेट एसडीएम ज्ञानप्रकाश यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आश्रम के संतों, श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया, और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एसडीएम ज्ञानप्रकाश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि अध्यात्म के साथ एकता अखंडता के साथ साथ राष्ट्रीय पर्व की झलक दिखाई दिया पर्व हमें देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। अध्यात्म के इस महाकुंभ में उन्हें कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम में ध्वजारोहण करने का मौका मिला मै अपने को मान रहा हूं और साधु संतों का सेवा का मौका मिल रहा है उन्होंने आश्रम द्वारा महाकुंभ में किए जा रहे सेवा कार्यो की भी प्रशंसा की। आश्रम के संस्थापक बाबा बुद्धन दास महराज सहित सभी श्रद्धालुओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दीं और कौशाम्बेश्वर संकट मोचन आश्रम ट्रस्ट कौशाम्बी अखिल भारतीय बजरंग दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू केशरवानी ने आए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया संत सेवक दास महराज (खत्री बाबा)ने बताया कि आश्रम की ओर से महाकुंभ में आने वाले भक्तों के लिए दी जा रही सुविधाओं, जैसे सुबह चाय प्रसाद वितरण भोजन,और विश्राम स्थलों की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम का समापन भजन-कीर्तन और देशभक्ति गीतों के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने इस आयोजन को उत्साहपूर्वक मनाया और आश्रम की सेवाओं की सराहना की।इस मौके में सेक्टर 9 में तैनात नायब तहसीलदार जितेन्द्र कुमार, लाल बहादुर चौरसिया लेखपाल, प्रवेशक्षक अभिमान ,कुम्भ फेलो , आशीष कुम्भ फेलो, सदस्यता अभियान आई.टी.राहुल कुमार विश्वकर्मा ,अंकित केशरवानी, दिनानाथ,शांति महराज,राजू यादव,संजू विश्वकर्मा,अंकुर केशरवानी,संदीप सिंह,लाल बाबा,राधेश्याम सिंह,संतोष कुमार सिंह,रामबली सिंह,छेदी लाल सिंह,अंकित केशरवानी कर्नलगंज, निवर्तमान क्षेत्राधिकारी श्री राम पाण्डेय, दांत रोग चिकित्सक डॉ बी बी सिंह, सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

# नामदेव कार्यालय में आयोजित हुई शोक सभा व मासिक बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

**विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)।** वरिष्ठ पत्रकार सतीश नामदेव के आकस्मिक हार्ड अटैक होने से मृत्यु हो गई उनकी आत्मा की शांति के लिए रविवार को नामदेव दर्जी महासभा कौशाम्बी उत्तर प्रदेश द्वारा अपने कार्यालय में,वरिष्ठ पत्रकार,ब्यूरो चीफन्यू प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष स्वर्गीय सतीश नामदेव की पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु शोक सभा के साथ साथ मासिक बैठक का भी आयोजन किया गया। इस शोकसभा में मुख्य रूप से उपस्थित रहे नामदेव दर्जी महासभा कौशांबी जिला अध्यक्ष सुशील नामदेव ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे समाज ने एक हीरा खो दिया



है,इन्होंने अपने समाज के विकास व उत्थान के लिए बहुत संघर्ष किया। वह समाज की सेवा में हमेशा तत्पर रहे,समाज इनका आजीवन रिडी रहेगा। बैठक में उपस्थित संरक्षक (जे.ई.) रामनरेश नामदेव, संतोष नामदेव, एड. विष्णु देव नामदेव, चंद्रभान नामदेव, संजीव नामदेव, अनिल नामदेव, दीपक दरजी, राजकरण नामदेव, पत्रकार शत्रुजीत पाल, मुकेश नामदेव, राकेश नामदेव, अनुज नामदेव, पत्रकार राहुल नामदेव, पत्रकार अनिल नामदेव, गया प्रसाद नामदेव, राम शंकर नामदेव आदि लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय श्री सतीश नामदेव के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

# प्रदेश के अन्तिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता-कैबिनेट मंत्री

## ▶▶ गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में कैबिनेट मंत्री ने ध्वजारोहण कर भव्य पुलिस परेड की सलामी ली

- उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को किया गया सम्मानित
- उत्तर प्रदेश सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन का रोल मॉडल बनकर उभरा-कैबिनेट मंत्री
- भारतीय संविधान देश की आत्मा-कैबिनेट मंत्री











**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** पुलिस लाइन के प्रांगण में 76वें गणतंत्र दिवस को भव्य तरीके से मनाया गया जिसमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ''नन्दी'' जी ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया एवं आयोजित भव्य पुलिस परेड की सलीम ली तथा परेड का निरीक्षण भी किया गया। पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने आरक्षियों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प की शपथ दिलायी। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने राष्ट्रीय एकता के प्रतीक गुब्बारे को उड़ाया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने टोली कमाण्डर से परिचय भी प्राप्त किया गया। परेड में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय, महिला पुलिस, महिला पुलिस थाना, होमगार्ड्स, राष्ट्रीय कैडेट कोर पुरूष, राष्ट्रीय कैडेट कोर महिला, गरूण वाहिनी, मिशन शक्ति, यूपी-112, स्वाट टीम, वायरलेस दल, फील्ड यूनिट, अग्निशमन दल, रिकवरी वैन की टीमों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ''नन्दी'' ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों, आन्तरिक सुरक्षा में लगे हुये सभी पुलिस जवानों, अधिकारियों/कर्मचारियों, जनसामान्य को गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी। उन्होने कहा कि गणतंत्र दिवस का दिन प्रत्येक भारतवासियों के लिये बेहद खास है क्योकि 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। भारतीय संविधान देश की आत्मा है, आजादी के लम्बे संघर्ष के बाद हमारे पूर्वजों ने संविधान के रूप में हमें ऐसा बहुमूल्य उपहार दिया है जिसमें भारत को दुनिया का नम्बर वन देश बनाने के सूत्र समाहित है। आज का दिन हमें देश की एकता, अखण्डता एवं स्वतंत्रता को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाता है। संविधान भारत के प्रत्येक नागरिकों को स्वाभिमान से जीने का अवसर प्रदान करता है, संविधान हमें संरक्षण, प्रेरणा और अधिकार और कर्तव्यों के पालन करने की शिक्षा देता है। भारत के 1 अरब 40 करोड़ नागरिक संविधान की दृष्टि में एक है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश की सरकार जिसके लिये संविधान, राष्ट्र, नागरिक की सुविधायें सर्वोपरि है। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भारत ने विज्ञान, तकनीकी, खेल, शिक्षा, उद्योग समेत प्रत्येक क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत आज दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्ति बनकर उभरा है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर है। मेक इन इण्डिया, आत्मनिर्भर भारत, लोकल फॉर वोकल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मौलिक पहचान एवं सशक्त उपस्थिति दर्ज करायी है। तमाम वैश्विक मुद्दों के समाधान के लिये पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देखती है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में विभिन्न जनकल्याणी योजनाओं के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार हो रहा है। पिछले 10 वर्षो के दौरान 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये है,। मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में एक नई पहचान मिली है, 24 करोड़ प्रदेशवासियों को समृद्धि, खुशहाली, प्रगति और सुरक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के अन्तिम गांव तक विकास की रोशनी पहुचे, प्रदेश के अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचे यह प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन का रोल मॉडल बनकर उभरा है। उन्होने कहा कि हमें अपनी समृद्धि, सांस्कृतिक एवं स्वर्णिम परम्परा और गौरवशाली विरासत पर हम सभी को गर्व होना चाहिये। आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत व उत्तर प्रदेश की तरफ है। प्रयागराज में माँ गंगा, यमुना, सरस्वती की पावन त्रिवेणी पर धर्म, आस्था, परम्परा और महापर्व का कुम्भ चल रहा है, जैसे देश की राजधानी दिल्ली है तो निश्चित रूप से आध्यात्मिक राजधानी प्रयागराज है। कैबिनेट मंत्री जी ने सभी जनपदवासियों को महाकुम्भ के ऐतिहासिक, अवस्मिरणीय आयोजन में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य हेतु पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दिये गये उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह से निरीक्षक (लिपिक) बृज किशोर वर्मा, पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा दिये गये सिल्वर व प्रमाण पत्र से उप निरीक्षक नागरिक पुलिस वीरेन्द्र प्रताप सिंह व मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस बलवन्त सिंह को तथा सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस राजेश कुमार सिंह यादव को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजत परेड में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले परेड कमाण्डर प्रथम पुलिस उपाधीक्षक शशांक शेखर त्रिपाठी, परेड कमाण्डर द्वितीय उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस महेन्द्र कुमार व परेड कमाण्डर तृतीय उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस मन्नू लाल गुप्ता को सम्मनित किया गया। इसी प्रकार टोली कमाण्डरों क्रमशः रोहित यादव, सचिन पटेल, प्रतिभा सिंह, आरती कुमारी, रोहित कुमार, प्रथम तिवारी, श्वेता पाण्डेय, प्रतीक सिंह, प्रीति सिंह कटियार आदि को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिये सुजीत श्रीवास्तव, अर्पित खण्डेलवाल, कल्पनाथ मिश्र, जयचन्द्र भारती, प्रमोद कुमार पाठक, भगवान सिंह, उपेन्द्र तिवारी, प्रीति कटियार, अंकित श्रीवास्तव आदि को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2006 से अद्यतन महिला सहायता प्रकोष्ट में सदस्य/काउन्सलर है और परामर्श के माध्यम से परिवारों को जोड़ने का कार्य करने वाले डा0 पीयूष कान्त शर्मा, डा0 सुरेश जायसवाल, डा0 श्रद्धा सिंह, डा0 नमिता पाण्डेय, डा0 विद्या जायसवाल को सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहीद स्व0 सुरेश प्रताप की पत्नी डिम्पल सिंह व शहीद स्व0 अनूप कुमार के पिता रमेश बहादुर सिंह को कैबिनेट मंत्री ने सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य हेतु सोमदत्त शुकला, प्रेम नारायण मिश्र, श्याम सुन्दर सिंह, भगवान सिंह, राम प्यारे पाल, संतोष मिश्र, सुनील कुमार विकास मौर्य आदि को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ''नन्दी'', जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद व जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्राचार्य श्याम सुन्दर शुक्ल ''श्यामजी'' को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम में इस दौरान मुख्य न्यायिक मजिस्टेªट अर्चना तिवारी, अपर जिला जज सुमित पंवार, विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा सहित अन्य जनपप्रतिनधिगण, अधिवक्तागण, गणमान्य नागरिक व जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं सम्प्रभुता की सबसे बड़ी नींव संविधान-जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया ध्वजारोहण तथा भारतीय गणतंत्र का संकल्प व स्वच्छता की दिलायी शपथ,
- देश और प्रदेश को आगे बढ़ाने के लिये समाज के सभी वर्गो का साथ और सहयोग जरूरी-जिलाधिकारी जिलाधिकारी ने गणतंत्र दिवस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके आश्रित को किया सम्मानित
- जिला महिला अस्पताल में विधायक सदर व जिलाधिकारी ने बेबी किट व जन्म प्रमाण पत्र का किया वितरण











**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण करने के उपरान्त राष्ट्रीय गान का सामूहिक गान करते हुये वहां पर उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों को भारतीय गणतंत्र के संकल्प तथा स्वच्छता की शपथ दिलायी एवं जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। जिलाधिकारी ने कलेक्टेªट परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं उनके आश्रितों को अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि एक लम्बे समय के विदेशी शासनकाल के पश्चात् 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्रता मिली और उसके पश्चात् 26 जनवरी 1950 को संविधान अंगीकृत, अधिनियमित किया गया, उसी की वर्षगांठ के रूप में गणतंत्र दिवस को मनाया जा रहा है। 15 अगस्त 1947 के पश्चात् अंग्रेज जिस स्थिति में इस देश को छोड़ गये थे उस स्थिति में अपने लिये एक अच्छी शासन प्रणाली स्थापित करना, एक अच्छी प्रशासनिक व्यवस्था की नींव डालना, देश को सामाजिक, राजैनतिक और आर्थिक विकास के मार्ग पर प्रशस्त करना यह बहुत महत्वपूर्ण चुनौतियॉ थी, तत्समय जो हमारे महापुरूष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राष्ट्र के जो कर्णधार थे उनके सामने थी, इन चुनौतियों से निपटते हुये बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर के नेतृत्व में बहुत ही शानदार संविधान इस देश को दिया है निःसन्देह यह पूरे विश्व के लिये अनुकरणीय है, हमारा संविधान देश की आधारशिला है। हमारे राष्ट्र की एकता, अखण्डता एवं सम्प्रभुता की जो सबसे बड़ी नींव है वह हमारा संविधान है। हम अपने देश में सारे निर्णय लेने के लिये स्वतंत्र है। हमारा संविधान समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म, प्रतिष्ठा और अवसर के समता की गारण्टी देता है। हम एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता देश के रूप में उभर रहे है। उन्होने कहा कि आजादी के लम्बे वर्षो के पश्चात् हमने विकास की एक बहुत लम्बी गाथा लिखी है, कृषि क्षेत्र में हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर है, जब यह देश आजाद हुआ था तो हम लोग खाद्यान्न में आत्मनिर्भर नही थे लेकिन आज के देश में हम अपनी ही भूख नही मिटाते है बल्कि कई देशों को अनाज निर्यात करने का कार्य करते है। सर्विस सेक्टर में हम पूरे देश व विदेश में अपना नाम रोशन कर रहे है। दुनिया के जो बाहर के लोग आते है तो यहां पर जो क्यूआर कोड से पेमेन्ट की स्कैनिंग देखते है तो हैरान रह जाते है, दुनिया के किसी देश में डिजिटल पेमेन्ट की ऐसी व्यवस्था आज भी नही है। दुनिया का जो सबसे मजबूत देश अमेरिका कहा जाता है आज भी वहां पर डिजिटल पेमेन्ट की व्यवस्था नही है जो हमारे देश में प्रचलित है। हमारा देश प्रगति के मार्ग पर अग्रसर है। देश और प्रदेश को विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के लिये समाज के सभी वर्गो का साथ और सहयोग आवश्यक है। राष्ट्र के विकास में हर व्यक्ति का सामूहिक योगदान होना चाहिये।

इस अवसर पर राजकीय बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्र गीत प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इण्टर कालेज की बालिकाओ सहित डा0 मो0 अनीस, धर्मेन्द्र ओझा को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, उपजिलाधिकारी देश दीपक सिंह, जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व राघवेन्द्र प्रताप सिंह सहित अधिवक्ता चिन्तामणि पाण्डेय, विवेक उपाध्याय आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता चिन्तामणि पाण्डेय ने नवागत जिलाधिकारी को अंगवस्त्र सप्रेम भेंट किया। इस अवसर पर अधिवक्तागण, कलेक्टेªट के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पंकज श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

ग ण ा त ं त्र ा दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में पहुॅचकर वीरगति प्राप्त सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा वहां पर उपस्थित 10 भूतपूर्व सैनिकों क्रमशः दुर्गेश सिंह, आर0ए0 सिंह, विजय कुमार शुक्ला, सत्य नारायण सिंह, संतोष सिंह, अनिल सिंह, जयराज सिंह, एमपी मिश्रा, आरएन त्रिपाठी व राकेश पाण्डेय को अंगवस्त्रम् व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त 1971 में वीरगति प्राप्त पायनियर (जी0डि0) राम निवास को स्मृति चिन्ह देकर बांग्लादेश सरकार ने सम्मानित किया था जिसके परिप्रेक्ष्य में सैनिक कल्याण कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर उनके आश्रित को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने इस दौरान अपने विचार भी व्यक्त किये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र भी उपस्थित रहे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला महिला अस्पताल में विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य एवं जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा बेबी किट व जन्म प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया।

## जिला कारागार में जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने किया ध्वजारोहण



**प्रतापगढ़।** 76वें गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सर्वप्रथम कारागार के मुख्यद्वार पर जेल अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी द्वारा ध्वजारोहण किया गया, राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई तथा गणतंत्र व स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कारागार प्रतापगढ़ के उप जेलर ध्रुव नारायण श्रीवास्तव व शारदा देवी को महानिरीक्षक कारागार का प्रशस्ति पत्र व सिल्वर मेडल प्रदान किया गया है। इसके उपरांत कारागार के अंदर ध्वजारोहण किया गया तथा सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले 17 कारागार कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व ट्रॉफी प्रदान की गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपूर्ण कारागार के वाह्य व आंतरिक परिसर में सफाई अभियान चलाकर साफ सफाई कराई गई तथा ध्वजारोहण के बाद समस्त बंदियों में मिष्ठान्न व फल वितरित कराया गया। कारागार मैनुअल के अनुसार राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर समस्त बंदियों के लिए पूड़ी सब्जी व खीर की भी व्यवस्था की गई।

## गणतंत्र दिवस पर अधिवक्ताओं ने देश के बलिदानियों को किया नमन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित संकटमोचन धाम पर अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान किया तथा अपने-अपने विचार रखें।

साथ ही देश पर बलिदान हुए महापुरुषों एवं बलिदानियों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दिया तथा नमन किया। इस मौके पर जूनियर बार के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह महामंत्री विवेक त्रिपाठी पूर्व अध्यक्ष रोहित शुक्ला पूर्व महामंत्री जयप्रकाश मिश्रा पूर्व महामंत्री संतोष सिंह रूरल बार के अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा उपाध्यक्ष शक्ति सिंह दिवाकर सिंह अजीत ओझा प्रदीप सिंह मेराज खान हरीश शुक्ला दीपक मिश्रा दीपूअजय पांडे पवन सिंह भूपेंद्र सिंह श्री राम द्विवेदी राहुल त्रिपाठीआदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** एमडी पीजी कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रमन मिश्र एवं प्राचार्य प्रो अरविंद मिश्र ने झंडा फहराया। तदुपरान्त प्राचार्य ने उच्च शिक्षा निदेशक प्रयागराज का संदेश पढ़ा।महाविद्यालय के सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों ने गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला।इस दौरान प्रबंध समिति के मंत्री आनंद पांडेय, प्रो अरुण कुमार तिवारी, प्रो सुधांशु त्रिपाठी, महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी प्रो प्रदीप कुमार सिंह, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडेय, डॉ डी के पाण्डेय, डॉ राजेंद्र मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय सहित सभी शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।इसी प्रकार जिले के कालूराम इंटर कॉलेज शीतलागंज में भी रविवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रामराज इंटर कॉलेज पट्टी के प्राचार्य रमेश चंद्र मिश्र रहे। विद्यालय परिवार श्री मिश्र का नागरिक अभिनंदन कर गौरवान्वित हुआ। इस मौके पर प्रमुख रूप से जीआईसी रामपुर कापा के प्राचार्य डॉ विंध्याचल सिंह, शिक्षक नेता प्रभात त्रिपाठी, ग्राम प्रधान करमाही सुरेश बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## नगर पंचायत सराय अकिल में गणतंत्र दिवस पर अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण




**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बड़े धूमधाम से मनाया गया, नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर लोगों को मिठाइयां बांटीं ,कार्यालय में ध्वजारोहण के समय सैकड़ो लोग मौजूद रहे।बता दें 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण बड़े धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण नगर पंचायत अध्यक्ष अनूप सिंह ने किया तथा चंद्रशेखर पार्क पर चंद्रशेखर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया चावल मंडी पर पूर्व नगर अध्यक्ष राम बहादुर जायसवाल की मूर्ति पर माल्यार्पण किया, तब पश्चात बुद्ध पुरी में इस्लामिया स्कूल पर पहुंचकर ध्वजारोहण कर बच्चों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी, अंबेडकर नगर वार्ड नंबर 1 पर पहुंच कर ध्वजारोहण कर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी मौके पर अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह पूर्व सभासद नरोत्तम दास अग्रहरि, प्रकाश चंद्र अग्रहरी, सभासद जितेंद्र कुमार, पप्पू सिंह, संदीप पाठक, राजू पांडे, सभासद प्रतिनिधि चुन्नीलाल त्रिपाठी, संतलाल व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष गौरीशंकर मोदनवाल, पूर्व सभासद विकास गुप्ता, सभासद प्रकाश चंद गुप्ता, पीयूष रस्तोगी, सतीश जायसवाल, सभासद जगदीश बधिक मोहम्मद अल्ताफ आदि लोग मौजूद रहें।

## आदर्श इंटर कॉलेज में बड़े धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सराय अकिल, (कौशाम्बी)।** सराय अकिल कस्बे के आदर्श इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया कॉलेज में विधायक पूजा पाल ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी एन एन शिशु शिक्षा मंदिर में ध्वजारोहण प्रबंध संजय त्रिपाठी ने किया। बता दें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आदर्श इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने भव्य कार्यक्रम किया जिसमें सपा विधायक पूजा पाल कॉलेज में पहुंची जो मां सरस्वती व भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया तथा बच्चों ने स्वागत गीत व एक से बढ़कर एक कार्यक्रम किया इसी तरह एन एन शिशु शिक्षा मंदिर पावर हाउस में प्रबंध के संजय त्रिपाठी ने गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया तत्पश्चात छोटे-छोटे बच्चों ने अच्छे-अच्छे कार्यक्रम प्रस्तुत किया बच्चों ने देशभक्ति भोलेनाथ सरदार भगत सिंह आदि कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया ,आदर्श इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार दिनेश मिश्र संजय सिंह निर्मल कुमार नीलम विजय सिंह राकेश कुमार यादव राम सूरत प्रसन्न कुमार मिश्र शिवचरण गिरि श्याम लाल यादव मनीष कुमार यादव रितु वाला प्रतिभा देवी मोहम्मद असद मोहम्मद साहेब आदि एन एन शिशु शिक्षा मंदिर अध्यापक वीरेंद्र शुक्ला भानु अंजनी सूरज मिश्रा ललित हिमांशु दुबे एतान अमन कशिश नीलम रूबी वैष्णवी और प्रबंधक सुनीता त्रिपाठी मौजूद रहें।

## नूरिया मदरसा पिण्डरा में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया 76 गणतंत्र दिवस



**पिण्डरा, (कौशाम्बी)।** नूरिया मदरसा पिण्डरा में 76वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मदरसा कमेटी के प्रबंधक सैय्यद अली ने ध्वजारोहण किया और देश के आजादी में बलिदान देने वाले वीर जवानों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान की चर्चा की है ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया, और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं में मदरसा प्रेन्सिपल हाफिज व कारी जुबैर साहब ने कहा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की प्रेरणा हमे गणतंत्र दिवस से मिलता है हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना तन, मन और धन सब कुछ न्योछावर कर हमें स्वतंत्रता रूपी जो उपहार दिया है,इसे भुलाया नही जा सकता मदरसा के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर मो सफीक क्षेत्र पंचायत सदस्य व राशिद अली अनीश अहमद रिबई साहब सुरेश दिवाकर व जमशेद अहमद अतीक अहमद व गांव के कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

## राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने मनाया गणतंत्र दिवस



**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** तिल्हापुर मोड़ चौराहे पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया। राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन कौशांबी के जिला अध्यक्ष अरविंद केसरवानी के नेत्रत्व में नगर के सभी व्यापारी हर्षवर्द्धन कुशवाहा, धर्मेंद्र कुमार केशरवानी, डॉक्टर मयंक केसरवानी, छोटा केसरवानी, रामगोपाल सोनी, श्याम सुंदर यादव, अमित केसरवानी, श्याम यादव, मोनू गुप्ता, अभय गुप्ता, गिरीश सोनी, राधेश्याम केसरवानी, जंगी गुप्ता, प्रदीप केसरवानी, राज गौतम, ब्रिजेश यादव, राजेश गुप्ता, राजू गुप्ता, मोहम्मद आलम, परवेज आलम और अजय द्विवेदी एवं अन्य नगर के सभी व्यापारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# सिराथू क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस की 76वीं वर्षगांठ








लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** गणतंत्र दिवस की 76 वी वर्षगांठ पर सिराथू तहसील क्षेत्र के विभिन्न सरकारी दफ्तरों व शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए शहीदों को याद किया गया। तहसील परिसर सिराथू में उपजिलाधिकारी सिराथू अजेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। जिसके तहसील सभागार में एसडीएम ने गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी देते हुए तहसील क्षेत्र के एक राजस्व निरीक्षक सहित 13 लेखपालों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार अनंत राम अग्रवाल, नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अतुल कुमार, अंकिता पाठक , स्टोनो कमलेश कुमार , हिमांशु श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक धर्मपाल, महंत लाल, लेखपाल संघ कार्यकारी अध्यक्ष शिव शंकर पाल , मंत्री कमल सिंह , मुकेश पटेल , सुनील अग्रहरी , जीतलाल , वहाज खान, सुनील श्रीवास्तव , सोहनलाल , प्रदीप सिंह सहित धर्मेंद्र पटेल , उमाशंकर , दयाशंकर , भूपेंद्र , भैयालाल , घनश्याम आदि सहित समस्त राजस्व व तहसीलकर्मी मौजूद रहें। इसी तरह सिराथू ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश मौर्या ने ध्वजारोहण किया इस दौरान बीडीओ भवेश शुक्ला, एडीओ पंचायत विश्व बंधु , एपीओ अशोक कुमार सहित ब्लॉक कर्मी मौजूद रहें। कड़ा ब्लॉक में बीडीओ संजय गुप्ता ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर एडीओ पंचायत अवधेश तिवारी सहित सचिव व ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे। नगर पंचायत सिराथू में नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव ने ध्वजारोहण किया इस दौरान लेखा लिपिक दीप कमल , बबलू यादव सहित सभासद व नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे , नगर पंचायत कार्यालय अजुहा में चेयरमैन शांति कुशवाहा व अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने ध्वजारोहण किया इस मौके पर प्रतिनिधि ओम प्रकाश कुशवाहा , लेखा लिपिक साकेत चंद्र श्रीवास्तव सहित सभासद व नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे । प्राथमिक विद्यालय अटसराय में प्रधान प्रतिनिधि राकेश कुमार मौर्य ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक बृजेंद्र सिंह , उमा देवी , प्रशांत कुमार , प्रवीण मणि, मिथलेश देवी , ऊष्मा देवी सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। परिषदीय विद्यालय डोरमा में ग्राम प्रधान सरवन सिंह यादव, प्राथमिक विद्यालय ऊँचरावा में ग्राम प्रधान चंद्रशेखर विश्वकर्मा, परास में स्थित श्री हाजी अब्दुल खालिक इंटर कालेज में प्रबन्धक व जिला पंचायत सदस्य मुंसब अली उस्मानी, प्राथमिक विद्यालय साढों में ग्राम प्रधान अंकित मिश्रा, उदय श्याम इंटर कालेज सिराथू में प्रबंधक उमेश केसरवानी ने ध्वजारोहण किया।

अटसरई में शिव नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधक करन सिंह यादव ने ध्वजारोहण किया इसके बाद प्रधानाचार्य बृजेश सिंह ने गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी दी इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों का मनमोह किया इस मौके पर भीमसेन मौर्य , अभिमन्यु सिंह , मान सिंह , राम खेलावन , करन सिंह , आशीष कुमार , इंद्राज सिंह , सिकंदर सिंह सहित गणमान्य लोग मौजूद रहें। सीओ कार्यालय में सीओ अवधेश विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया , सैनी कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक बृजेश करवरिया ने , सिराथू के वंदना हॉस्पिटल में डॉ राहुल केसरवानी ने , सीएचसी सिराथू में अधीक्षक डॉ औचित्य सिंह ने , हिसामपुर माढों में प्रधान बबलू यादव ने ध्वजारोहण किया। सिराथू के जानकीपुर में सभासद ज्ञानचंद्र ने ध्वजारोहण किया जहां शिक्षिका शालिनी सिंह ने बच्चों को गणतंत्र दिवस की जानकारी दी। अजुहा में महात्मा बुद्ध महाविद्यालय में प्राचार्य धारणी धर ने ध्वजारोहण किया और गणतंत्र दिवस की जानकारी दी , इस दौरान साकेत चौधरी , मनी राम सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा। हलधर स्कूल में प्रधानाचार्य वासुदेव रॉय ने ध्वजारोहण किया जहां धर्मपाल , अचल सिंह , दीपांजलि अग्रहरि , मयंक द्विवेदी , राम मनोहर , रश्मि , ज्योति अग्रहरि आदि लोग मौजूद रहें। दयानंद सरस्वती ज्ञान मंदिर अजुहा प्रधानाचार्य रमेश चंद्र ने ध्वजारोहण किया इसके बाद कपूर चंद्र ने गणतंत्र दिवस की जानकारी दी। इस मौके पर देवेश चौधरी , वेद प्रकाश , बृजेंद्र अग्रहरि सहित तमाम लोगों को गणेश शंकर विद्यार्थी अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्रह्मानंद , विजय , अनूप केसरवानी , शत्रुघ्न , दीपक सिंह , राम प्रसाद , शेर बहादुर , नीलम , सोनम , सरला पाल आदि लोग मौजूद रहें।

## सर्व समाज दिव्यांग जन कल्याण सेवा समिति द्वारा किया गया ध्वजारोहण



लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुर मोड़, (कौशाम्बी)।** स्थानीय आदित्य हॉस्पिटल में दिव्यांग जनों ने गणतंत्र दिवस मनाया। दिव्यांग समिति के अध्यक्ष संदीप साहू एवं शशि केसरवानी ने झण्डा रोहण किया। उन्होंने अस्पताल के स्टॉफ के साथ मिलकर राष्ट्रगान गायाद्य इस मौके पर डॉ मयंक केशरवानी, विजय साहू, संतोष पटेल, आशुतोष केशरवानी,डॉ धर्मेन्द्र, बृजेश साहू, लालता प्रसाद, दुर्गेश कुमार, शिव लाल, कपिल देव, संतोषम कुमार , संजीव कुमार और टिंकी आदि स्टॉफ शामिल हुए।




### चायल सीडीपीओ मीरा मिश्रा ने कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस

चायल, (कौशाम्बी)। स्थानीय बाल विकास परियोजना कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को झंडारोहण किया गया। सीडीपीओ मीरा मिश्रा ने स्टाफ के साथ झंडा फहराकर राष्ट्रगान गाया।

इस कार्यक्रम में पुष्पा सिंह,गुलाब चंद्र,सत्यम सिंह और शिवबाबू आदि स्टॉफ शामिल हुए।

## व्यापार मंडल द्वारा देवीगंज चौराहे पर फहराया गया राष्ट्रध्वज



**कड़ा, कौशाम्बी।** 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यापार मंडल देवीगंज के तत्वाधान में देवीगंज चौराहे पर राष्ट्र ध्वज फहराया गया।ध्वज फहराने के पश्चात सामूहिक रूप से राष्ट्रगान हुआ और तिरंगे को सलामी दी गयी।इस दौरान पूरा कस्बा भारत माता की जय व वंदेमातरम के उद्घोष से गुंजायमन रहा।कार्यक्रम के अंत मे मिष्ठान का वितरण कर पर्व की खुशियां मनायी गयी।इस अवसर पर चेयरमैन रागिनी अरुण केशरवानी, प्रमोद साहू, नीरज साहू, मोमिन अंसारी , संजय मिश्रा, मुन्ना साहू, अशोक साहू, नियाज अहमद, मो शरीफ मोनू मोदनवाल, खुरशेद अहमद, बबलू सोनी, बीरेन्द्र यादव, नौशाद अहमद, रामचन्द्र केशरवानी, राजू गुप्ता, श्यामू अग्रहरि आदि लोग उपस्थित रहें।

## गेहूं के खेत में मिला अज्ञात अधेड़ का शव, सनसनी

● चार घंटे सीमा विवाद में उलझा रहा घटनास्थल



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के गोविंदपुर तेवारा गांव में रविवार की दोपहर गेहूं के खेत में एक अधेड़ का शव पड़ा मिला। शव मिलने की जानकारी ग्रामीणों को हुई तो लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस चार घंटे तक सीमा विवाद में उलझी रही। चार घंटे बाद पुरामुफ्ती पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा।

गोविंदपुर तेवारा गांव के किसान नौनिहाल सिंह उर्फ चिरई अपने गेहूं के फसल की सिंचाई करने के लिए रविवार की दोपहर करीब एक बजे पहुंचे। इस बीच उन्होंने खेत में लगभग 50 वर्षीय अधेड़ की लाश देखा तो उनके होश उड़ गए। इसकी जानकारी उन्होंने आसपास रहे अन्य लोगों को दी। खेत में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इलाके के ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 समेत स्थानीय पुलिस को दिया। सूचना पर पिपरी इंस्पेक्टर शिव चरन राम और पूरामुफ्ती थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे। मामला सीमा विवाद को लेकर उलझ गया। इसको सुलझाने के लिए राजस्व विभाग की टीम बुलाई गई। साथ ही शव की पहचान कराने का प्रयास किया गया। चार घंटे तक चले सीमा विवाद के बाद घटनास्थल पूरामुफ्ती में था। उसके बाद शिनाख्त कराने की पहल भी कामयाबी तक नहीं पहुंची तो करीब सवा पांच बजे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है।

इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि इंटरनेट मीडिया एवं लापता दर्ज प्राथमिकी के अनुसार लाश की पहचान कराई जा रही है। पहचान होने या नहीं होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में शान से फहराया गया तिरंगा



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के कंपनी कमांडर अजय कुमार और प्रधानाचार्या प्रीति मिश्र ने स्कूल परिसर में झंडा फहराया। इस दौरान बच्चों ने पिरामिड बनाकर देशभक्ति गीत व नाटक की प्रस्तुति दी।

तिरंगा फहराने के बाद उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने राष्ट्रगान गाकर देश की आन-बान-शान तिरंगे को सलामी दी। सचिव डा.केके तिवारी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस बार भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। 26 जनवरी का दिन हर भारतीय के लिए गर्व से भरा दिन होता है। 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू किया गया था। यानी इसी दिन भारत ने अपने संविधान को अपनाया था। हमारा देश एक गणतंत्र के रूप में स्थापित हुआ था। देश को उसका लिखित संविधान मिला था। प्रधानाचार्य प्रीति मिश्रा ने कहा कि जिस तरह से हम अपने विद्यालय में नियमों के आधार पर चलते हैं उसी तरह देश भी नियम और कानून से चलता है।

बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी। बच्चों ने ताइक्कांडो की शानदार प्रस्तुति दी। उत्थान संस्था के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार और मैनेजिंग डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने भी बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय, पीटीआई नकुल तिवारी, रिंकी यादव, आरपी ओझा, अतुल पांडे, अभिनंदन पांडे, सदफशेख, मनीषा शर्मा, प्रतिभा सिंह, रंजीत पाल, सुधा पाण्डेय, आलोक कनौजिया, रिंकू नाग, बलदाऊ पांडेय, रविंद्र उपाध्याय, ब्रह्म प्रकाश शुक्ल और शशि मिश्रा सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

## श्री महादेव बालकन्या इंटर कालेज में बच्चों ने मचाया धमाल




लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के अम्बाई बुजुर्ग गांव में स्थित श्री महादेव बाल कन्या इंटर कॉलेज में 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय सिंह ने ध्वजारोहण किया, इस दौरान विद्यालय के संचालक सूबेदार सिंह उर्फ पिंटू यादव सहित विद्यालय स्टॉफ ने अमर सपूतों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। जिसके बाद विद्यालय के बच्चों द्वारा एक से बढ़कर एक देश भक्ति गीत, नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मौजूद अतिथियों का मन मोह लिया।

विद्यालय के संचालक सूबेदार सिंह उर्फ पिंटू यादव ने अपने संबोधन में छात्रों को देश के संविधान और उनके अधिकारों व कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि देश के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा देने वाला रिमाइंडर डे है 26 जनवरी , उन्होंने बताया कि भारत का संविधान देश के नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय की गारंटी देता है।

समारोह के अंत में मौजूद लोगो को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान कार्यक्रम में पहुंची सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने भी अपने विचार रखते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सूबेदार सिंह यादव , कप्तान सिंह , प्रधानाचार्य अजय सिंह , अंकित मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि कमलेश कुमार , विनोद कसेरा , अजय पटेल , डा असलम, प्रहलाद यादव, राजेश सिंह उर्फ मुन्ना , सत्यम यादव , आत्म प्रकाश पंडा, अशोक गौतम , अखिलेश यादव , राहुल कुशवाहा , शुभम मौर्य , राम भोले , हाजी अच्छन आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## हैण्डपम्प से बाल्टी फेंकने का विरोध करने पर महिला को पीटा

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पैगंबरपुर गांव में सोमवार की दोपहर हैंडपंप से पानी भरने गई महिला की बाल्टी एक युवती मैं उठाकर फेंक दिया। महिला के विरोध करने पर उसने गाली गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पैगंबरपुर गांव की सुनीता देवी पत्नी दशरथ लाल ने बताया कि वह सोमवार की दोपहर पानी भरने के लिए हैंडपंप पर गई थी। इसी दौरान पड़ोस की एक युवती वहां पहुंची और पहले पानी भरने को लेकर विवाद करने लगी। इसके बाद तैश में आकर उसने महिला की बाल्टी को उठाकर फेंक दिया। आरोप है कि विरोध करने पर उसने महिला के साथ गाली-गलौज कर उस की जमकर पिटाई कर दी। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। महिला ने थाने जाकर आरोपी के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## सम्पादकीय

# 90 घंटे काम करने की अपेक्षा

कभी -कभी किसी विशिष्ट व्यक्ति के मुंह से कुछ इस तरह के बयान निकल कर बाहर आ जाते हैं जिनके बारे में तय करना मुश्किल हो जाता है कि इन्हें गंभीर मान कर इन पर समुचित ध्यान दिया जाए या हास्यास्पद मान कर दरकिनार कर दिया जाए।पिछले दिनों लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) के चेयरमैन एस. एन. सुब्रमण्यम ने जो बात कही उस पर पूरे देश में प्रतिक्रिया हुई। उन्होंने अपने कर्मचारियों की बैठक में कहा कि कर्मचारियों को सप्ताह में 90 घंटे और रविवार को भी काम करना चाहिए। अपनी पत्नियों का मुंह निहारने में समय नष्ट नहीं करना चाहिए। इससे पहले इंफोसिस के मालिक नारायण मूर्ति भी कर्मचारियों से सप्ताह में 70 घंटे काम करने का आह्वान कर चुके हैं।अगर इन टिप्पणियों को सचमुच गंभीरता से लिया जाए तो ये बहुत क्रूरता, नासमझी और असंवेदनशीलता से भरी हुई टिप्पणियां हैं। इनका निहित भाव यह है कि कर्मचारी न अपने परिवार पर ध्यान दें, न दोस्तों, मित्रों और रिश्तेदारों से संपर्क रखें और अपने सामाजिक जीवन को त्याग दें। भारत जैसे देश में जहां शिक्षित बेरोजगारों की दर बहुत ज्यादा है, और जिन्हें रोजगार मिला भी हुआ है, उन्हें भी अपने श्रम के अनुकूल वेतन नहीं मिलता।एक आंकड़े के अनुसार भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगाररत लोगों में से 67 फीसद ऐसे हैं जो कार्य संबंधी कारणों से तनावग्रस्त रहते हैं जिससे उनके परिवारों में भी तनावग्रस्त वातावरण बन जाता है। तिस पर कार्यस्थलों का वातावरण उनके प्रति सहानुभूतिपूर्ण, संवेदनशील और समझदारी भरा न हो तो उनकी समस्याएं और अधिक बढ़ जाती हैं। ऐसे में उनसे सप्ताह में 90 घंटे कार्य करने की अपेक्षा करना उनकी सामाजिक और पारिवारिक जिंदगियों को नर्क में झोंक देने जैसा है।आजकल तो ऐसे भी संस्थान हैं जो अपने बड़े-बड़े अधिकारियों को ज्यादा वेतन इसलिए देते हैं कि वे छोटे कर्मचारियों का शोषण करें। वास्तव में बहस इस पर होनी चाहिए कि संस्थाओं में कर्मचारियों को उत्पादनक्षम वातावरण कैसे मिले जिससे पारिवारिक तथा व्यावसायिक जीवन में संतुलन आए न कि उनसे 90 घंटे काम करने की अपेक्षा की जाए। हालांकि अब एल एंड टी की एचआर हेड ने अपने चेयरमैन का बचाव करते हुए कहा है कि उनके बयान को गलत संदर्भ में लिया गया है। लेकिन सच तो यह भी है कि जब बात निकली है तो दूर तलक जाएगी।




# दिल्ली चुनाव- क्या कांग्रेस अपना पूरा जोर लगा रही है या किंकर्तव्यविमूढ़ है



**अशोक भाटिया**




दिल्ली चुनाव को लेकर जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है, राजनीतिक पार्टियों द्वारा तैयारी भी तेज हो गई है। इस बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। वहीं दिल्ली में पिछले 6 विधानसभा चुनाव में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली में भाजपा ने आखिरी बार 1993 में विधानसभा चुनाव जीता था। उस समय मदनलाल खुराना कोमुख्यमंत्री बनाया था। वहीं पिछले 6 विधानसभा चुनावों में भाजपा को तीन बार कांग्रेस से और तीन बार आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। भाजपा को भले ही विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा हो लेकिन पिछले तीन लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सीटें जीती है। वहीं पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का खाता नहीं खुला था। लेकिन इस बार कांग्रेस अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन दोबारा हासिल करने की कोशिश में है। साल 2013 में अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाई थी। लेकिन यह सरकार महज 49 दिन ही चल पाई थी। इसके बाद 2015 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने रिकॉर्ड तोड़ सीटें जीतने का काम किया। इस चुनाव में आप पार्टी ने 67 सीटों पर जीत हासिल की और भाजपा को महज तीन सीटें ही मिली। वहीं कांग्रेस का इस चुनाव में खाता भी नहीं खुला था। वहीं 2015 के चुनाव में भाजपा की सीट हिस्सेदारी कम हुई हो लेकिन 2015 से 2020 तक भाजपा ने अपना वोट प्रतिशत 30 या उससे अधिक बनाए रखा। लेकिन कांग्रेस के साथ ऐसा नहीं था और 2020 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 4.3 प्रतिशत पर आ गया। 1993 से दिल्ली विधानसभा चुनावों के वोट प्रतिशत की तुलना करें तो पता चलता है कि आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के तत्कालीन वोट प्रतिशत को अपनी तरफ कर लिया है। इसमें कुछ गैर कांग्रेसी, दिल्ली में आप पार्टी और लोकसभा में भाजपा को पसंद करने वाले लोगों का भी एक बहुत बड़ा हिस्सा हासिल किया है। जो कांग्रेस पिछले लोकसभा चुनाव में आम पार्टी के साथ थी अब वही इस समय कांग्रेस अरविंद केजरीवाल के लिए सबसे बड़ी बाधा के रूप में दिख रही है। आम आदमी पार्टी इस बात को अच्छे से जानती है कि अगर कांग्रेस मजबूत हुई तो उसका सीधा नुकसान उसे ही उठाना पड़ेगा। उसे डर ये नहीं कि कुछ सीटों पर कांग्रेस जीत जाएगी, बल्कि डर ये है कि भाजपा बाजी मार ले जाएगी।कुछ दिन पहले इंडिया टीवी न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान वरिष्ठ पत्रकार दीपक चौरसिया ने दावा किया था कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की आक्रामकता से डरी हुई है। उन्होंने ये तक दावा किया कि दिल्ली कांग्रेस के हमलावर तेवरों के बाद अरविंद केजरीवाल ने इंडिया गठबंधन के बाकी नेताओं के जरिए कांग्रेस आलाकमान को आप के खिलाफ नरम रुख अपनाने के लिए मनाने की कोशिश की थी। उनके दावे पर यकीन करें तो उसके बाद कांग्रेस आलाकमान ने दिल्ली यूनिट के नेताओं को आम आदमी पार्टी के खिलाफ हमलावर रुख अख्तियार नहीं करने का संदेश भेजा था। ये बात तब की है जब अजय माकन ने केजरीवाल को %देशद्रोही% कहा था। यूथ कांग्रेस ने महिला सम्मान योजना और बुजुर्गों के लिए कथित हेल्थ स्कीम के लिए आप कार्यकर्ताओं की तरफ से घर-घर जाकर रजिस्ट्रेशन करने को जनता के साथ धोखाधड़ी बताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। संदीप दीक्षित भी लगातार आप और केजरीवाल पर हमले कर रहे थे। चौरसिया ने दावा किया कि आलाकमान से संदेश मिलने के बाद कांग्रेस नेताओं का आप पर हमलावर रुख नरम हुआ।तो क्या सच में कांग्रेस दिल्ली में आम आदमी पार्टी के खिलाफ नरम रुख अख्तियार कर रही है? ऐसा दिखता तो नहीं है। पार्टी नेताओं का आप के खिलाफ हमलावर रुख बदस्तूर जारी है। कभी भ्रष्टाचार के मुद्दे पर तो कभी वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए पार्टी के नेता आप के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। हालांकि, चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी की तबीयत का खराब होना कांग्रेस के लिए झटके की तरह है। खराब सेहत की वजह से उनकी अबतक दो रैलियां रद्द हो चुकी हैं। दिल्ली के चुनाव प्रचार युद्ध में अबतक प्रियंका गांधी वाड्रा की भी एंट्री नहीं हुई है।

इस चुनाव में आम आदमी पार्टी को भाजपा से कहीं ज्यादा कांग्रेस का डर सता रहा है। अंग्रेजी अखबार इंडियन एक्सप्रेस ने बिना नाम दिए आप के एक वरिष्ठ नेता के हवाले से बताया है कि पार्टी को इसकी चिंता नहीं है कि कांग्रेस कुछ सीटें छीन लेगी, बल्कि ये है कि वह भाजपा को मजबूत करने में मदद करेगी।आम आदमी पार्टी के नेता अपनी रैलियों और प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगातार ये आरोप लगा रहे हैं कि कांग्रेस दिल्ली में भाजपा को मदद पहुंचा रही है।मुख्यमंत्री आतिशी और संजय सिंह तो ये तक आरोप लगा चुके हैं कि कांग्रेस के उम्मीदवार भाजपा दफ्तर से चुने जा रहे हैं। कई कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए भाजपा फंडिंग कर रही है, ऐसा उनका आरोप है।एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ओखला, चांदनी चौक और बादली समेत लगभग 10 सीटों पर कांग्रेस के अभियान पर कड़ी नजर रखे हुए है। आप को इन सीटों पर कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है। ओखला में आप के अमानतुल्लाह खान के खिलाफ कांग्रेस के पूर्व विधायक आसिफ अहमद खान की बेटी अरीबा खान चुनाव मैदान में हैं।

चांदनी चौक में मौजूदा विधायक प्रह्लाद सिंह साहनी के बेटे आप के पुनर्दीप सिंह साहनी के खिलाफ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जेपी अग्रवाल के बेटे मुदित अग्रवाल मैदान में हैं। बादली से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव आप के मौजूदा विधायक अजेश यादव के को चुनौती दे रहे हैं।इंडियन एक्सप्रेस ने अपनी रिपोर्ट में आप के एक सीनियर लीडर को उनका नाम गुप्त रखते हुए कोट किया है, %हमारे लिए चिंता की बात यह नहीं है कि कांग्रेस सीट जीत लेगी, बल्कि यह है कि वह भाजपा को अपनी स्थिति मजबूत करने में मदद करेगी।

भाजपा के लिए, जो 27 सालों से दिल्ली विधानसभा में सत्ता से बाहर है, यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। कांग्रेस के वोट शेयर में वृद्धि से उन्हें ही मदद मिलेगी।आप नेता के हवाले से अखबार ने लिखा है, %2017 के एम् सी डी चुनावों में क्या हुआ था, उसी को देख लीजिए। आप ने दो साल पहले ही विधानसभा चुनाव 54त्न वोट शेयर के साथ जीता था और कांग्रेस 10त्न पर सिमट गई थी। लेकिन कांग्रेस ने एम् सी डी चुनाव अच्छी तरह लड़ा। आप का वोट शेयर गिरकर 26त्न हो गया, जबकि कांग्रेस का 21त्न हो गया। भाजपा का वोट शेयर केवल 4 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन उसने चुनाव में जीत हासिल की।%कांग्रेस का पूरा फोकस अपने प्रदर्शन में इस बार सुधार करने पर है। यही वजह है कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में %न्याय यात्रा% निकाली। वो दिल्लीवासियों से सीधे मिलने में जुट गए। कांग्रेस नेता लगातार आप पर हमलावर हैं। वे आम आदमी पार्टी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं और उसे भाजपा की मददगार बता रहे हैं। कांग्रेस की इस रणनीति से आप नेतृत्व की चिंता बढ़ गई है। आम आदमी पार्टी को डर है कि कांग्रेस की वजह से भाजपा विरोधी वोट बंट सकते हैं।कांग्रेस के आक्रामक तेवर देखकर आम आदमी पार्टी के नेता भी सतर्क हो गए हैं। उन्होंने भी जवाबी हमले तेज किए हैं।

अजय माकन के हालिया बयान की आलोचना तो कर ही रहे हैं। इंडिया गठबंधन से कांग्रेस को बाहर करने की धमकी भी दे रहे। आप का आरोप है कि आगामी चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस की मदद कर रही है। इन दावों से आप की रणनीति यही है कि वो विपक्षी इंडिया गठबंधन में शामिल दूसरे दलों से सपोर्ट हासिल करना चाहती है। फिलहाल देखना दिलचस्प होगा कि आप-कांग्रेस में जारी घमासान से दिल्ली चुनाव में क्या असर होगा?**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक- आत्मा की शाश्वत मुक्ति का प्रतीक



**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

भगवान आदिनाथ वर्तमान हुडाअवसर्पिणी काल के प्रथम तीर्थंकर हैं, जिन्होंने मानवता को मोक्ष की ओर पथ प्रशस्त किया। उनका जन्म इक्ष्वाकु वंश के एक महान क्षत्रिय कुल में हुआ, जहाँ वे ऋषभनाथ, ऋषभदेव, वृषभदेव, और पुरुदेव जैसे दिव्य नामों से विख्यात हुए। भगवान आदिनाथ ने संसार के जाल से मुक्ति का मार्ग प्रदर्शित किया, जिससे मानव जीवन को उच्चतम लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। जैन धर्म में, तीर्थंकर वे महापुरुष हैं जो संसार के समुद्र से मोक्ष के तीर्थ तक की यात्रा का मार्गदर्शन करते हैं। भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक, या निर्वाण कल्याणक, उनके जीवन का सबसे पवित्र और महत्वपूर्ण क्षण है, जो उनकी आत्मा के अंतिम मुक्ति और शाश्वत सिद्धि का प्रतीक है। जैन धर्म के अनुसार, प्रत्येक तीर्थंकर के पाँच प्रमुख कल्याणक होते हैं, जिनमें सबसे उच्च और अंतिम है मोक्ष कल्याणक। यही वह दिव्य क्षण है जब आत्मा कर्मों से मुक्त होकर पूर्ण ज्ञान, अपार शांति और अनंत आनंद को प्राप्त करती है। इस अवस्था को ÷सिद्ध पद÷ कहते हैं, जो परमात्मा की सर्वोच्च स्थिति का प्रतीक है।निर्वाणोत्सव, मोक्ष की अमर स्मृति में मनाया जाने वाला पावन पर्व है। भगवान आदिनाथ का जन्म जैन धर्म के आध्यात्मिक प्रकाश का उद्भव था, जिसने सत्य और ज्ञान के नवीन युग का आरंभ किया। उनका अवतरण संसार को नई दिशा देते हुए आत्म-ज्ञान के महत्व को स्थापित करता है। जैन धर्म की मान्यता है कि प्रत्येक तीर्थंकर के जन्म के पूर्व उनकी माता को शुभ स्वप्न दिखाई देते हैं। भगवान आदिनाथ की माता, मरुदेवी, ने उनके आगमन से पूर्व 14 मंगल-स्वप्न देखे थे, जो उनके दिव्य भविष्य की घोषणा करते थे। उनका जन्म अयोध्या में हुआ, जो उस समय ज्ञान और अज्ञान के बीच की सीमा पार करने का केंद्र था।

भगवान आदिनाथ का दीक्षा कल्याणक उस दिव्य क्षण से आरंभ होता है जब वे सांसारिक विलासिता का परित्याग कर तपस्या के महान मार्ग पर चल पड़े। यह कदम उनकी आध्यात्मिक यात्रा की नींव रखता है। दीक्षा कल्याणक के दौरान, उन्होंने शरीर और मन को वश में कर ध्यान और तप का मार्ग चुना। यह हमें सिखाता है कि मोक्ष की प्राप्ति के लिए बाह्य सुख-दुख से मोह मुक्त होना जरूरी है। उन्होंने भौतिक भोगों को छोड़कर आध्यात्मिक अन्वेषण को सर्वोच्च स्थान दिया। ज्ञान कल्याणक भगवान आदिनाथ के जीवन का वह पवित्र मोड़ है जहाँ उन्हें केवल ज्ञान का वरदान प्राप्त हुआ। यह अद्भुत अनुभव उन्हें संसार के सभी गूढ़ रहस्यों का अनावरण करता है और उन्हें सत्य के मूल स्वरूप से परिचित करवाता है। केवल ज्ञान के आलोक में, वे जीवन के सभी आयामों को गहराई से समझते हैं। यह ज्ञान कल्याणक हमें सिखाता है कि ज्ञान ही आत्म-साक्षात्कार का सही मार्ग है।मोक्ष कल्याणक भगवान आदिनाथ के जीवन का चरमोत्कर्ष है। अष्टापद पर्वत पर उन्होंने अपने भौतिक शरीर का त्याग किया, आत्मा को सभी संसारिक बंधनों से मुक्त कर दिया। यह क्षण हमें सिखाता है कि मोक्ष जीवन का परम लक्ष्य है। इस कल्याणक के साथ, उन्होंने हमें सिखाया कि मृत्यु मात्र शरीर का अंत न होकर आत्मा का एक नया अध्याय है। उनके मोक्ष का वह दिव्य क्षण उनके संपूर्ण जीवन का सार है। मोक्ष कल्याणक का प्रभाव हमारे जीवन में आत्म-सुधार के रूप में प्रकट होता है। यह हमें आत्म-नियंत्रण और सत्य की खोज के मार्ग पर प्रेरित करता है। जैन धर्म में आत्म-नियंत्रण को सर्वोच्च माना जाता है, जिसके द्वारा हम अपनी इंद्रियों और मन को वश में कर सकते हैं। करुणा और अहिंसा का संदेश भी भगवान आदिनाथ के मोक्ष से प्रकट होता है। उनकी शिक्षाएँ हमें यह सिखाती हैं कि संसार का कल्याण हिंसा से नहीं, बल्कि प्रेम और करुणा से ही हो सकता है। समता का महत्व भी उनके उपदेशों से जुड़ा हुआ है, जिससे हमें यह सीख मिलती है कि सभी जीव एक ही आत्मा के भिन्न रूप हैं।आध्यात्मिक विकास की अवधारणा जैन धर्म के मोक्ष के दर्शन से गहराई से प्रेरित है। इस धर्म में आत्मा की शुद्धि और उसकी उन्नति ही सर्वोच्च लक्ष्य मानी जाती है। मोक्ष का सिद्धांत हमें यह समझाता है कि आध्यात्मिक ज्ञान और सत्चरित्र ही हमें संसार के कष्टों और बंधनों से मुक्त कर सकता है। यह ज्ञान हमें अपने आंतरिक स्व को खोजने और उसे उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रेरित करता है। हिंदू धर्म के अनेक पवित्र ग्रंथों में भी जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर, ऋषभदेव या आदिनाथ, का उल्लेख मिलता है। उदाहरण के लिए, %महापुराण% में उन्हें भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। इसके अतिरिक्त, सर्वप्रसिद्ध %भागवत पुराण% में भी यह माना जाता है कि जैन धर्म के संस्थापक ऋषभदेव ही थे। यह सह-संदर्भ हिंदू और जैन धर्म के बीच के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक संबंधों को उजागर करता है। इस प्रकार, जैन धर्म का आध्यात्मिक दर्शन न केवल व्यक्ति को आत्म-साक्षात्कार के मार्ग पर ले जाता है, बल्कि यह हिंदू धर्म के साथ भी एक समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संवाद को प्रदर्शित करता है।भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक यह शाश्वत सत्य प्रकट करता है कि आत्मा अमर और अविनाशी है। यह आत्मा के उस दिव्य स्वरूप की ओर इंगित करता है, जो सभी कर्मबंधन से मुक्त होकर अपने शुद्धतम अवस्था में प्रकट होती है। भगवान आदिनाथ का सम्पूर्ण जीवन संयम, तप, और सत्यनिष्ठा की जीवंत मिसाल है। उनके जीवन से हमें यह प्रेरणा मिलती है कि यदि मनुष्य अपने विचारों, कर्मों और जीवनशैली में सत्य, अहिंसा और तप का समावेश करे, तो वह मोक्ष के सर्वोच्च लक्ष्य तक पहुँच सकता है। भगवान आदिनाथ का आदर्श जीवन हमें संयम, सादगी और सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उनकी शिक्षाएँ न केवल आत्मा की शुद्धि का मार्ग प्रशस्त करती हैं, बल्कि मनुष्य को अपने भीतर छिपी असीम संभावनाओं को पहचानने और आत्म-उत्थान के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं। उनका निर्वाणोत्सव, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आत्मचिंतन, आत्मसुधार और आध्यात्मिक जागरण का अनुपम अवसर है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि जीवन का अंतिम उद्देश्य भौतिक सुखों से परे, आत्मा की मुक्ति और परम शांति की प्राप्ति में निहित है।

## समसामायिक

# चीन के निर्णय से भारत सकते में

पिछले साल अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में जब पूर्वी लद्दाख को लेकर भारत और चीन के बीच समझौते की खबर आई तो एकबारगी लगा कि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं और परमाणु सशस्त्र सेनाओं के बीच संबंध सामान्य हो रहे हैं।दोनों देशों के रिश्तों में 'हिन्दी-चीनी भाई-भाई' वाली नरमी लौटने से एक उम्मीद जगी थी कि एशियाई रिजन तनाव व संघर्ष के वातावरण से मुक्त हो सकेगा। दुर्भाग्य से पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी राष्टों के बीच विश्वास बहाली की जमीन पुख्ता हो पाती इससे पहले ही चीन ने तिब्बत में ब्रहमपुत्र नदी पर दुनिया के सबसे बड़े डैम प्रोजेक्ट को मंजूरी देकर विवाद को हवा दे दी। चीन के इस निर्णय से भारत सकते में है।भारत का मानना है कि चीन के इस प्रोजेक्ट से निचले बहाव वाले देशों खासकर भारत और बांग्लादेश पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। भारत ने इस प्रोजेक्ट पर कड़ी आपत्ति प्रकट की है। उसने चीन सरकार को दो टूक कहा है कि किसी भी तरह के निर्माण से पहले निचले बहाव वाले देशों के हितों का ध्यान रखा जाए। भारत का मानना है कि बांध का निर्माण जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय क्षति और निचले इलाकों में जल संकट उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, चीन ने योजना का बचाव करते हुए कहा है कि दाकों के अध्ययन के बाद सुरक्षा मुद्दों का समाधान किया गया है, इसलिए बांध के निर्माण से दूसरे देशों पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ेगा, लेकिन सवाल यह है कि चीन की कथनी और करनी पर किस हद तक भरोसा किया जाए। बांग्लादेश की युनूस सरकार ने परियोजना पर सवाल खड़े किए हैं।ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत के कैलाश पर्वत के पास मानसरोवर झील के पूर्व की ओर से निकलती है। भारत के अरुणाचल प्रदेश और असम से होते हुए यह बांग्लादेश तक जाती है। इसकी कुल लंबाई 2880 किमी है। तिब्बत में इसका नाम यारलुंग सांगपो है। तिब्बत में इसका बहाव क्षेत्र 1625 किमी है। भारत में इसकी लंबाई 918 किमी है। यहां इसे सियांग, दिहांग और ब्रहमपुत्र के नाम से जाना जाता है। नदी का बाकी 337 किमी का हिस्सा बांग्लादेश में है, जहां इसे %जमुना कोयला' कहा जाता है। तीन देशों में बहाव क्षेत्र होने के कारण नदी पर शुरू की जाने वाली किसी भी परियोजना या एक तरफा तौर पर होने वाले निर्माण पर सवाल उठने लगते है। पिछले 25 दिसम्बर को जब चीन ने ब्रह्मपुत्र पर 60,000 मेगावाट की क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना के निर्माण की घोषणा की खबरे मीडिया में आई तो भारत सरकार हरकत में आई।दरअसल, चीन जिस तरह से अपनी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं का उपयोग प्रतिद्वंद्वी देशों को आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर घेरने के लिए करता है उससे भारत की चिंता बढनी ही थी। चिंता के कई बड़े कारण है।

पहला, इस परियोजना के शुरू होने के बाद भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र पर हमेशा चीनी दखल का खतरा मंडराता रहेगा। दूसरा, चीन का भारत और बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद बढ़ सकता है, क्योंकि ब्रह्मपुत्र नदी के पानी पर तीनों देशों के दावे को लेकर विवाद है। तीसरा, भारत-चीन संबंधों में तनाव उत्पन्न होने की स्थिति में चीन इस डैम को भारत के साथ सौदेबाजी का जरिया बना सकता है। चौथा, चीन इस डैम का उपयोग %वाटर बम' के तौर पर भी कर सकता है।तनाव और विवाद की स्थिति में चीन इस डैम के जरिए भारत के सीमाई इलाकों में बड़ी मात्रा में वाटर फ्लो करके बाढ़ जैसे हालात पैदा कर देगा। सच तो यह है कि ब्रह्मपुत्र अरुणाचल प्रदेश और असम की जीवन रेखा है, जो पांच करोड़ से अधिक लोगों को पेयजल, सिंचाई और जलविधुत के लिए पानी उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर चीन ब्रह्मपुत्र पर बांध का निर्माण करता है तो पानी के बहाव पर उसका नियंत्रण हो जाएगा।परिणामस्वरूप वह शुष्क मौसम के दौरान पानी के प्रवाह को कम कर कृषि और पेयजल के लिए जल संकट उत्पन्न करने में संकोच नहीं करेगा। दूसरी ओर मानसून के दौरान अतिरिक्त पानी छोडने का भी खतरा बना रहेगा। इससे पहले भी चीनी अपस्ट्रीम गतिविधियों के कारण असम, अरुणाचल और हिमाचल में बाढ़ आ गई थी। दरअसल, चीन अपनी महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं को लेकर हमेशा संशय की स्थिति बनाए रखता है। निर्माण योजना को लेकर पड़ोसी देशों के बीच भ्रम बनाए रखना और महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं की जानकारी साझा करने से बचना उसकी इसी %निर्माण नीति' का हिस्सा है। साल 2010 में कई वर्षों के इनकार के बाद उसने स्वीकार किया कि वह ब्रह्मपुत्र पर जंगमु बांध बना रहा है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| **मेष** | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा। आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं, जिससे आपको प्रसन्नता होगी। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। |
| **वृष** | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त होगी। परिवार के किसी सदस्य की सेहत में सुधार होने से आप राहत महसूस करेंगे। व्यापारी वर्ग के लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल ना करें। |
| **मिथुन** | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपको रिलेक्स फिल होगा। बहुत दिनों से जिस काम को लेकर परेशान थे वो आज पूरा होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का मान सम्मान व प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपको किसी प्रकार की बड़ी उपलब्धि प्राप्त हो सकती है, जिसमें आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। |
| **कर्क** | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं, इससे आपका समय बचेगा। प्राइवेट नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। |
| **सिंह** | आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आपका मन किसी कारणवश उलझन में है, तो उसे शांत करने के लिए बच्चों के साथ थोड़ा समय बितायेंगे। यदि आप किसी प्रकार का मकान या दुकान खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। छात्रों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। |
| **कन्या** | आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज व्यक्तिगत जिम्मेदारियों का निर्वाहन अच्छे से करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञों को, लोगों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके कार्यों की तारीफ करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपके दांपत्य जीवन में सुख और सौहार्द्र की वृद्धि होगी। कारोबार के सेल्स में बढ़ोतरी होगी, जिससे इनकम अच्छी खासी होगी। |
| **तुला** | आज आपका दिन खुशी से भरा रहेगा। आपके कामों की गति धीमी रहेगी, लेकिन मित्रों के साथ आपके रिश्ते बेहतर रहेंगे। आप परिवार में सबको खुश रखने की कोशिश में लगे रहेंगे। आज आपके अंदर त्याग और सहयोग की भावना रहेगी। आज बेटी के परीक्षा के अच्छे रिजल्ट से पारिवारिक माहौल खुशनुमा बनेगा। आज किसी रिश्तेदार को दिए पैसे वापस मिलेंगे। |
| **वश्चिक** | आज आपका दिन नयी उमंग लेकर आया है। काफी समय से चल रही किसी समस्या का आज समाधान ढूंढ लेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण... आप मन ही मन उलझन में रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट आज अपनी पढाई को लेकर उत्साहित रहेंगे। साथ ही ज्यादा समय पढाई में व्यतीत करेंगे। यह देखकर आपके घरवालों को भी खुशी होगी। |
| **धनु** | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज किसी से बात करते समय अपनी वाणी में मधुरता रखें। पेट की समस्या से परेशान लोगों को ऑयली खाने से बचना चाहिए। आज संतान पक्ष से सुखद अनुभूति होगी। आज आपको आय के नए स्रोत मिलेंगे। दांपत्य जीवन के लिए थोडा समय निकालेंगे जिससे रिश्ते में अपनापन बढेगा। |
| **मकर** | आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपको महत्वपूर्ण मीटिंग में शामिल होने का मौका मिलेगा, जिसमें आपकी सहभागिता अच्छी खासी रहेगी। आज प्रिय मित्र आपसे किसी विशेष विषय को लेकर बातचीत कर सकता है। आज नया काम आपको सोच विचार कर करना चाहिए। आपकी आय के मुकाबले खर्चों में अधिकता रहेगी। |
| **कुम्भ** | आज आपका दिन सुख शांति से भरा रहेगा। संतान पक्ष से आर्थिक सहयोग मिलेगा। आज पारिवारिक रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। इस राशि के लोगों के घर का निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जायेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा। लोग आपके कार्य से खुश होंगे। आज आपको प्रमोशन से जुडी खबर मिल सकती है। |
| **मीन** | आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे उसमे सफलता हासिल होगी। आज आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा। सफलता की नयी किरण दिखाई देगी। आर्थिक क्षेत्र में विकास के योग बन रहे हैं। काफी समय से वाहन लेने का मन बना रहे हैं तो आज वाहन लेने में समय आपका साथ देगा। |

# धूमधाम से गणतंत्र दिवस पर फहराया गया तिरंगा, संविधान का हुआ बखान





लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छिहत्तरहवें गणतंत्र दिवस पर लालगंज क्षेत्र में झण्डा फहराये जाने के साथ प्रभात फेरी की धूम दिखी। दीवानी न्यायालय में सिविल जज अरविन्द सिंह ने झण्डा फहराते हुए अधिवक्ताओं तथा न्यायिक संवर्ग के कर्मचारियों को संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाया। यहां कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकरनाथ शुक्ल ने किया। तहसील सभागार में गणतंत्र दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। एसडीएम नैंनसी सिंह ने भारतीय संविधान की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। राजस्व निरीक्षक धर्मराज, सुरेश यादव ने राष्ट्रीय एकता के गीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार व संचालन लेखपाल संघ के मंत्री मो. अकरम ने किया। समारोह में संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, महामंत्री सूर्यकांत निराला, रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, शहजाद अंसारी, अधिवक्ता गया प्रसाद मिश्रा ने भी संविधान के विविध पहलुओं पर प्रकाश डाला। पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय पर सीओ रामसूरत सोनकर की अगुवाई में सशस्त्र बल ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। ब्लाक मुख्यालय पर प्रमुख इ. अमित प्रताप सिंह पंकज के संयोजन में समारोहपूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। यहां स्वच्छताकर्मियों को चेयरपर्सन अनीता व प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सम्मानित भी किया। लालगंज चौक पर उद्योग व्यापारमण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर द्विवेदी की अगुवाई में व्यापारियों ने झण्डा फहराते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। यहां व्यापारमण्डल के पदाधिकारियों ने सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर के द्वारा निकाली गयी प्रभात फेरी मे शामिल छात्र छात्राओं को लडडू वितरित किया। वहीं चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने चौक पर रंगोली प्रतियोगिता में शामिल विद्या मंदिर की छात्राओं को पुरस्कृत किया। नगर स्थित एचएन बहुगुणा पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र मिश्र, सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र, वन प्रभाग में वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, सीएचसी मुख्यालय पर अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता, रामअंजोर इण्टर कालेज प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, अविनि इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य सुरेश सिंह, चिल्डेऊन पैराडाइज स्कूल में प्रधानाचार्य आदर्श मिश्र, कमला नेहरू बालिका इण्टर कालेज में शोभा श्रीवास्तव, पुनीत इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य बैजनाथ तिवारी आदि ने ध्वजारोहण किया। वहीं स्कूलों में बच्चो द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सरस्वती विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. अमित सिंह के संयोजन में गणतंत्र दिवस पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में निदेशिका श्रुति शुक्ला के संयोजन में गणतंत्र दिवस की महत्वता पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भागवत समग्र विकास समिति तथा तारा देवी एजूकेशनल एवं वेलफेयर ट्रस्ट भेभौरा के संयोजन में गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखीं। कार्यक्रम में प्रबन्धक सुनीता मिश्रा, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, एकेडमिक कंट्रोलर रीमा मिश्रा, प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, प्राचार्य राहुल सिंह, प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी आदि रहे।

## वांछित गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक वांछित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के उप निरीक्षक रमेश कुमार वर्मा फोर्स के साथ रविवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर हरनाहर बाजार के पास घेराबंदी करके वांछित छोटे लाल पुत्र बेनीमाधव निवासी मालाधर छत्ता को धर दबोचा। दरोगा रमेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया।

## क्रिकेट मैच के विवाद में चार पर मारपीट का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्रिकेट मैच खेलने के दौरान हुई मारपीट की घटना में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। जेठवारा थाना के पदनाथपुर गांव निवासी वैभव सिंह पुत्र चंद्रशेखर सिंह का आरोप है कि तेईस जनवरी को दोपहर वह अपने दोस्त अश्विनी उर्फ आदर्श उपाध्याय पुत्र स्व. राममूर्ति उपाध्याय के साथ लक्ष्मणपुर ब्लाक के पास क्रिकेट मैच खेलने गया था। जहां वाइड बॉल को लेकर विपक्षी टीम के मेराज, औरंगजेब, दानिश व अनस निवासीगण मझवारा थाना जेठवारा ने उसे व उसके दोस्त को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी।

# संसदीय मर्यादा को ताक पर रखकर बीजेपी पहुंचा रही संवैधानिक मूल्यों पर चोट- प्रमोद तिवारी

**▶▶ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने मंहगाई समेत मुददो पर बोला सरकार पर हमला**



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा की अदूरदर्शी नीतियों तथा प्रबंधन में खामी के चलते इस समय देश व प्रदेश में विकास की गति रूक गयी है। उन्होनें कहा कि अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में डालर के मुकाबले रूपये का कमजोर होना ढांचागत विकास के लिए अवरोध का संकेत है। उन्होनें कहा कि मंहगाई बेतहाशा बढ़ रही है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार बढ़ती मंहगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल है। सोमवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लालगंज में मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि मोदी सरकार संसदीय मर्यादा को भी ताक पर रखकर संवैधानिक मूल्यों पर चोट पहुंचाने से बाज नहीं आ रही है। उन्होनें कहा कि जेपीसी की हाल में हुई बैठक में विपक्ष के दस सांसदों को मनमानी रवैया अपनाते हुए निलंबित कर दिया गया। उन्होने कहा कि विपक्ष के इस निलंबन का मकसद सिर्फ मनमाने ढ़ंग से विधेयक पर बिना चर्चा के इसे जबरिया पास कराना है। उन्होनें कहा कि पहले भी एक सौ चौवन सांसदों को निलंबित कर यह सरकार चर्चा का अवसर समाप्त कर बिल पास करा चुकी है। दिल्ली में यमुना नदी के बढ़ते प्रदूषण से जनजीवन के अस्त व्यस्त होने के लिए भी उन्होनें भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकार को संयुक्त रूप से जिम्मेदार ठहराया। कैम्प कार्यालय पर राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने जनसमस्याओं की सुनवाई की। लालगंज में वरिष्ठ व्यापारी बद्री प्रसाद जायसवाल व अशोक मोदनवाल के आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर उन्होनें दुख साझा किया। बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन कर यहां धार्मिक पर्यटन को लेकर संचालित विकास योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। लखहरा तथा मंगापुर व ननौती में भी उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात की। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, केडी मिश्र, छोटे लाल सरोज, दारा सिंह, पन्ने लाल पाल, राजू मिश्र, रोहित सिंह, मुरलीधर तिवारी, शेरू खां, धर्मपाल सरोज, धर्मेन्द्र मिश्र, पवन शुक्ला, विकास मिश्र, आशुतोष मिश्र, अशोकधर द्विवेदी, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, नीरज सिंह, रामकृपाल पासी, दृगपाल यादव आदि रहे।

## लाइनमैन की मौत से मचा कोहराम



लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** थाना फत्तनपुर अंतर्गत विद्युत उप खंड गौरा के संविदा लाइनमैन हरिकेश कुमार यादव की एचटी लाइन पर कार्य करते समय मौत हो गई। 26 जनवरी को दोपहर लगभग 12रू30 बजे लाइनमैन मधवापुर फीडर पर रहेतुआ परशुरामपुर में एचटी लाइन पर कार्य करते समय बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना फत्तनपुर पुलिस ने किसी तरह समझा बुझा कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। लाश पोस्टमार्टम के आने के बाद परिवारजन आक्रोशित रहे और अंतिम संस्कार करने के लिए तैयार नहीं थे। आज सुबह 27 जनवरी को अधिशासी अभियंता संजय गुप्ता, एसडीओ गौरा शांति प्रिय शुक्ला एवं जेई अभय यादव ने समझा बुझा कर और उनकी मांगों को लेकर आश्वासन दिया तब परिवारजन लाश को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। अंतिम संस्कार प्रयागराज में कर दिया गया। परिवार के सभी लोगों का रो-रो कर बुरा हाल है। हरिकेश कुमार यादव पुत्र राम किशोर यादव गांव रामापुर का निवासी है।पत्नी अंजू देवी एवं दो बेटियां 10 एवं 7 वर्ष की है।

# खाकी के रूआब में दरोगा का ग्रामीणों के साथ गालीगलौज का वीडियो हुआ वायरल

**● सीओ ने प्राथमिकता पर जांच कर कार्रवाई की कही बात**

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सीएम से लेकर पुलिस के आला अफसरान रोज जनता से पुलिसिया व्यवहार को लेकर नसीहत पर नसीहत दे रहे हैं। पर अपनी खाकी है कि वह सुधरने का नाम नहीं ले रही है। खाकी के रूआब में लालगंज सर्किल के उदयपुर थाना के एक दरोगा की बुजुर्ग समेत ग्रामीणों को दी गई ताबडतोड़ गालियों का वायरल वीडियो फिर ताजा उदाहरण है। उदयपुर में तैनात एक दरोगा सोमवार को जमीनी विवाद को लेकर थाना क्षेत्र के एक गांव पहुंचे थे। दरोगा वहां महिलाओं समेत ग्रामीणों को आपश्रिजनक गालियों की बौछार करने लगा तो ग्रामीणों के भी सब्र का बांध टूट गया। ग्रामीणों ने भी दरोगा को दो टूक बोल दिया कि वह गालियों की सीमा न पार करें। इसके बाद दरोगा तो दरोगा वह ग्रामीणों पर बड़ी बड़ी कार्रवाई का धौंस जमाने लगे। हद तो तब हो गयी जब लाठी के सहारे खड़े बुजुर्ग के पास दरोगा जी सीनाजोरी करते पहुंच गये। यहां यह भी सवाल उठता है कि अक्सर पुलिस जमीनी विवाद में बिना राजस्व टीम के मौके पर कदम तक रखने पर आनाकानी किया करती है... पर कुछ तो था कि दरोगा जी इस गांव में बिना किसी राजस्वकर्मी के आखिर अकेले क्यूं पहुंच गये। एक तरफ जिले के एसपी बेल्हा में जुर्म और जरायम की कमर तोड़ने में दिन रात एक किये हुए हैं तो वहीं जिले में ही कुछ थानेदार मिशन एसपी को आये दिन पलीता लगाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखा करते। हाल ही में कुछ पुलिसकर्मियों पर लापरवाही को लेकर निलंबन की गाज तक गिर चुकी है। पर कुछ वर्दीधारी बेखौफ हैं जिन पर इन कार्रवाईयों का रत्ती भर असर नहीं दिख रहा है। प्रतापगढ़ का उदयपुर थाना इन दिनों गाहे बगाहे अपनी बेजां हरकतों को लेकर सुर्खियों में बने रहने का आदी हो चुका है। कुछ दिन पहले यहां तैनात बड़े साहब का भी एक वीडियो सुर्खियों में आया था। तब अफसरों ने वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई की बात कही थी। बात बीती समय बीता कार्रवाई ठण्डे बस्ते में ....। इस ताजा दरोगा के वायरल वीडियो को लेकर भी सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर ने जांच कर प्राथमिकता पर कार्रवाई का दावा फिर ठोंका है। वायरल वीडियो की सोमवार को इलाके भर में आक्रोशित प्रतिक्रिया का माहौल भी बनाए देखा गया। हालांकि समाचार पत्र वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

## कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर, चार घायल



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अंतर्गत अयोध्या प्रयागराज हाईवे पर धारूपुर गांव में रविवार को दोपहर में मऊआइमा से प्रतापगढ़ शादी समारोह में शामिल होने रेशमा बानो उम्र 32 वर्ष चांद बाबू उम्र 38 वर्ष शकीला बानो उम्र 62 वर्ष अब्दुल समद 17 वर्ष आदान उम्र 5 वर्ष रेहान उम्र 3 वर्ष सभी ई रिक्शा पर सवार हो कर जा रहे थे। उसी दौरान धारूपुर गांव में प्रयागराज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रिक्शे में बैठे सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को हाईवे से हटाकर 108 एंबुलेंस को फोन किया। करीब एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी को इलाज के लिए जिला मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

# प्रमोद तिवारी ने संगम में लगायी डुबकी, राष्ट्र एवं समाज के लोकमंगल की किया प्रार्थना



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुंभ नगर।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गणतंत्र दिवस पर तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ में पवित्र संगम स्नान किया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने संगम में डुबकी लगाकर राष्ट तथा समाज के लोकमंगल की प्रार्थना की। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ उनकी छोटी सुपुत्री प्रोफेसर डॉ. विजयश्री सोना भी संगम स्नान करने पहुंची। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन धर्म और आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होने कहा कि सरकार और प्रशासन को महाकुंभ में आम श्रद्धालुओं को संगम स्नान तथा दर्शन पूजन के लिए सुविधाओं और प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होनें कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हर छठवें और बारहवें वर्ष पर सैकड़ो वर्षो से होता आ रहा है। सरकार चाहे जिसकी रही हो बिना राजनीतिक ढ़िढोरा पीटे आम श्रद्धालुओं के लिए सभी ने समुचित व्यवस्थाओं को ही प्राथमिकता दे रखी थी। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के संगम स्नान व दर्शन पूजन की जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में दी है।

**● आम श्रद्धालुओं के बीच प्रमोद तिवारी ने किया संगम पूजन**

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी रविवार की सुबह संगम स्नान करने पहुंचे।

राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सादगी के साथ आम श्रद्धालुओं के बीच संगम स्नान किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को संगम में अपनी छोटी बेटी प्रो. डॉ. विजयश्री सोना के साथ आम श्रद्धालुओं की तरह स्नान व पूजन करते देख वहां मौजूद स्नानार्थियों के बीच प्रशंसा देखी सुनीं गयी। संगम स्नान कर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने धर्मगुरूओं से भी मुलाकात किया।

## पारिवारिक विवाद को लेकर कुल्हाड़ी से हमले में युवक घायल, हालत गंभीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बांस काटने के विवाद को लेकर युवक के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल युवक को कोतवाली लाए, जहां से उसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। इलाज के बाद गंभीर हालत के चलते युवक को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। कोतवाली इलाके के कंजा सरायगुलामी गांव निवासी ओम प्रकाश मिश्रा 28 वर्ष पुत्र गंगा प्रसाद मिश्रा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि सोमवार को दिन में 1 बजे के आसपास उसके परिजनो द्वारा बांस की कटाई की जा रही थी। इसका विरोध किया तो परिजनों ने उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। शोर शराबा सुन आस पड़ोस के लोगों के आ जाने से किसी तरह मामला शांत हुआ। घायल युवक को परिजन आनन-फानन में कोतवाली लेकर आए। गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने घायल युवक को जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

# वीएस मेमोरियल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** वी. एस. मेमोरियल स्कूल के प्रांगण में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नौनिहालों और अभिभावकों में उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के सुर और देशप्रेम के उल्लास से सराबोर हो गया।कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य रैली से हुआ, जिसमें बच्चों ने विभिन्न ऐतिहासिक और पौराणिक पात्रों का रूप धारण कर समाज और देश के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।



रैली में आद्विक सिंह भगवान शंकर और आदिश्री माता पार्वती के रूप में आकर्षण का केंद्र रहे। त्रियांश ठाकुर ने महाराणा प्रताप का रूप धारण कर वीरता का संदेश दिया, जबकि आन्या ने मां सरस्वती और आर्या ने भारत माता के रूप में अपनी अद्वितीय प्रस्तुति दी।वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के रूप में प्रज्ञा, आराध्या, वैष्णवी और आकर्षिता की तलवारबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। भगत सिंह के रूप में कृष्णा और सहर्ष, डॉ. भीमराव अंबेडकर के रूप में श्रीनिवास, और सुभाष चंद्र बोस के रूप में हर्ष तिवारी ने अपनी झांकियों से उपस्थित सभी का दिल जीत लिया।रिपुदमन, मानस, शिवाय, सहस, शाश्वत, और राजशेखर ने ऑफिसर की वेशभूषा में तिरंगे के साथ ष्तिरंगा हमारी शान हैष् का संदेश दिया।दूसरे चरण में विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण समारोह आयोजित हुआ। विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह और श्री राकेश सिंह ने ध्वजारोहण किया और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ।सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। कक्षा पीजी से ग्यारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी कला और प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन किया। यशस्वी, अक्षरा, हर्षिता और अनुष्का ने प्रभावी भाषण दिए, जबकि वैशाली, नित्या, संचिता, इशिका और युग ने देशभक्ति कविताओं और गीतों से समा बांध दिया।नृत्य प्रस्तुतियां कार्यक्रम की विशेषता रहीं। ष्तिरंगाष्, ष्तेरी मिट्टीष्, ष्जय होष्, ष्ए वतनष्, ष्भारत की बेटीष्, ष्कश्मीर तू मैं कन्याकुमारीष् और ष्आरंभ है प्रचंडष् जैसे गीतों पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। तिरंगे के तीनों रंगों और श्रीराम प्राण-प्रतिष्ठा तथा महाकुंभ की खुशी का प्रदर्शन करते इन नृत्यों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश त्रिपाठी, और पत्रकार श्री राज नारायण तिवारी ने 2023-24 के शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।अंत में, विद्यालय की निदेशिका श्रीमती अलका सिंह और श्री राकेश सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शहीदों के बलिदान और कर्तव्यों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ष्मातृभूमि की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। हमें अपने संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहना चाहिए और समाज के लिए प्रेरणा बनना चाहिए।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के साथ हुआ। इस भव्य आयोजन ने गणतंत्र दिवस को यादगार बना दिया।

## ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण के खिलाफ भरी हुंकार



**प्रतापगढ़।** आवास विकास परिषद द्वारा जारी किए गए आदेश में भुपियामऊ ग्राम सभा की जमीन जाने से किसान भूमिहीन हो जाएंगे ग्रामीण किसानों के अनुसार दुग्ध डेरी तथा पावर हाउस व प्रताप आटो टैक्टर में भुपियामऊ ग्राम सभा की भूमि पहले ही अधिग्रहण की जा चुकी है ।शासन के आदेश के बाद जमीन अधिग्रहण से कई किसान भूमिहीन व कई किसान बेघर हो जाएंगे ।समाजसेवी अभय प्रताप सिंह ने कहा कि आखिर क्यों भुपियामऊ के ही किसानों की जमीन बार-बार अधिग्रहित की जा रही है । एक ग्राम सभा में कितने बार अधिग्रहण किया जाएगा लगता है भुपियामऊ गांव राजनीति का शिकार हो चुका है जिसे पटल से मिटाने की योजना बन चुकी है ।ग्रामीण नेआह्वान किया कि यदि जमीन तीसरी बार अधिग्रहित की जाएगी तो हम चुप नहीं बैठने वाले हैं ।इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ तथा आर एस एस के कार्यकर्ता अवध राज सिंह रणवीर सिंह भवानी सिंह दशरथ सिंह मनोज सिंह विजय सिंह विश्व बहादुर सिंह शांत भूषण सिंह संतोष सिंह आशीष सिंह पवन सिंह आदि सैकड़ो ग्रामीणों ने आन्दोलन की चेतावनी दी है।

# गणतंत्र दिवस पर जगह जगह फहराया गया तिरंगा

लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** नगर पंचायत सुवंशा बाजार क्षेत्र अंतर्गत गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया। नगर पंचायत सुवंशा बाजार कार्यालय पर नगर पंचायत सुवंशा अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद और अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने तिरंगा फहराया और राष्ट्रगान गाया गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित की।उपस्थित सभी लोगों ने जय हिंद, जय भारत का नारा लगाया। आज भारतवर्ष 26 जनवरी 2025 को 76 वा गणतंत्र दिवस मना रहा हैं। नगर पंचायत सुवंशा बाजार अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद ने कहा कि आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को पूरे देश में उत्साह और गर्व का माहौल था। इस दिन भारत का संविधान आधिकारिक तौर पर लागू हुआ और भारत को गणराज्य घोषित किए जाने के उपलक्ष में हर वर्ष गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाने की शुरुआत हुई। आज क्षेत्र के स्कूलों, कॉलेजों और सरकारी दफ्तरों के अलावा कई जगहों पर देश प्रेम की भावना के साथ गणतंत्र दिवस का पर्व खास समारोह के तौर पर मनाया गया। नगर पंचायत सुवंशा बाजार अधिशासी अधिकारी सूर्य प्रकाश गुप्ता ने कहा कि 26 जनवरी 1950 ही वह दिन था जब भारत पूर्ण गणतंत्र बना। इस वजह से हर साल 26 जनवरी का दिन राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के तौर पर मनाया जाता है। पहली बार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया था। यह वो दिन था जब से हम कहने लगे कि हम भारतवासियों का अपना संविधान व कानून है और हमें ब्रिटिश राज से पूरी तरह आजादी मिल गई है। गणतंत्र दिवस पर्व के अवसर पर नगर पंचायत के सभासद, कर्मचारी, सफाई



कर्मी और क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में सभासद अनिल कुमार दीपक प्रजापति, योगेश सिंह सभासद प्रतिनिधि, राकेश बिंद सभासद, बालमुकुंद कनौजिया सभासद, प्रमोद रावत सभासद,महेश सभासद, विनोद प्रजापति, रविंद्र तिवारी सभासद,अंजय शिल्पकार सभासद, बड़े बाबू कमर खान, आकांक्षी संजय मौर्य, पवन कुमार पाण्डेय, विवेक सिंह, रोहित शुक्ला, प्रमोद तिवारी ठेकेदार,जय मिश्रा आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे।इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा में अधीक्षक डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया। उन्होंने देश की स्वाधीनता संग्राम के अमर शहीदों को याद करते हुए आजादी के मूल्यों को समझने और एकता अखंडता के साथ भाईचारे की भावना को बढ़ाने का आवाहन किया।देश हमारा 76 वा गणतंत्र दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान का कानून लागू हुआ था। उसी समय से हर वर्ष 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है।

जय हिंद, जय भारत का नारा उपस्थित सभी लोगों ने लगाया। इस मौके पर डॉक्टर आरके तिवारी, डॉ नीलेश जायसवाल, नितिन शर्मा, स्टाफ नर्स उर्मिला सिंह, आशा देवी,ज्योति, वीसीपीएस हसनैन सिद्दीकी, दीपा राय, फार्मासिस्ट रमाकांत चौरसिया, दिवाकर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

**● विद्यालयों में भी हुए विविध कार्यक्रम**

उधर, क्षेत्र के विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया गया। शिवकुमारी दुबे इंटर कॉलेज नौडेरा में कॉलेज के उप प्रबंधक राकेश कुमार मिश्रा एवं बालिका विद्यालय में विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋशा मौर्या ने तिरंगा फहराया। कॉलेज के प्रधानाचार्य, अध्यापक अध्यापिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कैप्टन बीपी यादव इंटर कॉलेज बैरमपुर, सुवंशा में कॉलेज के प्रधानाचार्य अर्जुनराम बिंद, सुरेश चंद्र यादव, रमेश यादव एवं दीपक पाण्डेय ने झंडा फहराया। अलका कान्वेंट स्कूल सुवंशा में वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा प्रसाद तिवारी ने झंडा फहराया। सनलाइट पब्लिक स्कूल बैरमपुर, सुवंशा में बैंक ऑफ बड़ौदा के सेकंड मैनेजर अभिषेक तोमर ने तिरंगा फहराया। सेवाश्रम शिक्षा निकेतन सुवंशा में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र यादव ने झंडा फहराया। क्षेत्र के सभी स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं राष्ट्रगान गाया गया। प्रभात फेरी भी निकाली गई। क्षेत्र में चारों तरफ खुशी का माहौल रहा।

# गणतंत्र दिवस पर कुंडा समेत ग्रामीण क्षेत्रो में शान से फहराया गया तिरंगा

## ▶▶ तहसील में एसडीएम ने स्वच्छता की दिलाई शपथ

**लोकमित्र ब्यूरो**



**कुंडा प्रतापगढ़।** 76 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुंडा मानिकपुर नगर पंचायत क्षेत्र, शिक्षण संस्थानों सरकारी अर्ध सरकारी प्रतिष्ठानों व ग्रामीण क्षेत्रों मे शान से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। विद्यालयों में प्रभात फेरी, खेलकूद व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित किया गया।कुंडा तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी भरत राम ने ध्वजारोहण किया तथा स्वच्छता के प्रति तहसील के अधिकारियों कर्मचारियों व अधिवक्ताओं को शपथ दिलाते हुए गणतंत्र दिवस पर अपने उद्बोधन में कहा कि भारत दुनिया का महान लोकतांत्रिक राष्ट्र है। जहां पर विभिन्न जाति भाषा धर्म संप्रदाय के लोगों का अनेकता में एकता के साथ रह रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी भारतवासियों को राष्ट्र की एकता अखंडता की परिकल्पना व वचनबद्धता के साथ राष्ट्र को आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर चकबंदी अधिकारी राजेश त्रिपाठी, नायब तहसीलदार अजय सिंह, सहायक चकबंदी अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, सिविल बार एसोसिएशन अध्यक्ष दिलीप कुमार त्रिपाठी, महामंत्री दयाशंकर मिश्र, लेखपाल संघ अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, राजस्व संग्रह संघ अध्यक्ष राम निहोर यादव, अनुचर सेवक संघ जिलाध्यक्ष राम बहादुर यादव समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता व तहसील के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।वैष्णो देवी ग्रुप आफ एजुकेशन इंस्टीट्यूट गोदाही में प्रबंधक छोटेलाल यादव ने अलग-अलग संस्थानों में ध्वजारोहण करते हुए स्वच्छता व मतदाता जागरूकता का शपथ दिलाते हुए अपने संबोधन में कहा कि भारत राष्ट्र का लोकतंत्र मजबूत करने के लिए आगे आए। सरजू प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज कुंडा में प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे ने ध्वजारोहण किया तथा एनसीसी के कैडेटों ने तिरंगे झंडे को सलामी दिया। प्रधानाचार्य राधेश्याम दुबे समेत अन्य शिक्षकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। ज्वाला देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रेताहीं मानिकपुर में प्राचार्य डॉक्टर पवन द्विवेदी ने ध्वजा रोहण करते हुए छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में साफ सफाई किया। सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र कुंडा में अधीक्षक डॉक्टर राजीव त्रिपाठी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। कोतवाली कुंडा में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह तथा भगवत प्रसाद स्मारक इंटरमीडिएट कॉलेज कुंडा में प्रधानाचार्य मनोज गुप्ता ने धजारोहण किया। राघव शिक्षा निकेतन जूनियर हाई स्कूल अर्जुन अतेरू में प्रधान आनंद देव पांडे ने ध्वज फहराया तथा वरिष्ठ पत्रकार डॉ विजय यादव ने बच्चों को संबोधित किया। प्राथमिक विद्यालय विदासिन में प्रधान धर्मराज पटेल ने ध्वजारोहण किया। मानिकपुर प्रतिनिधि के अनुसार नगर पंचायत मानिकपुर में अध्यक्षा श्रीमती चंद्र लता जायसवाल ने ध्वजारोहण करते हुए कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उर्फ डिंपू भैया, अधिशासी अधिकारी अतुल रघुवंशी, राकेश जायसवाल समेत सभी सभासद गण व नगर वासी मौजूद रहे। थाना मनिकपुर में प्रभारी निरीक्षक ने ध्वजारोहण किया तथा थाना परिसर से पुलिस ने रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया।संग्रामगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार थाना में प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भदौरिया, ब्लाक रामपुर- संग्रामगढ़ में एडीओ पंचायत प्रवीण कुमार, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में प्रबंधक आलोक रंजन, बीआरसी केंद्र में आशीष श्रीवास्तव, राजाराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल में चौराहा संग्रामगढ़ में प्रबंधक विवेक अग्रहरी ने ध्वजारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस पर अपना संबोधन भी किया। बाबागंज प्रतिनिधि के अनुसार विकास खंड कार्यालय बाबागंज में ब्लॉक प्रमुख श्रीमती मालती सरोज ने खंड विकास अधिकारी राजेंद्र पांडे की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया तथा स्वच्छता के प्रति ब्लॉक कर्मियों को शपथ दिलाई। नगर पंचायत हीरागंज बाजार कार्यालय में अध्यक्षा श्रीमती सुरेखा सरोज के प्रतिनिधि उदय शंकर पांडे ने अधिशासी अधिकारी राकेश कुमार की उपस्थिति ध्वजारोहण किया। बाबू अमर बहादुर सिंह शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान बहोरिक पुर में संरक्षक अभय प्रताप सिंह पप्पन ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। थाना महेशगंज में थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह व एमआरएस पब्लिक स्कूल में प्रबंधक राजेंद्र बहादुर सिंह ने ध्वजारोहण किया।

## खेत गई किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी रविवार को शाम करीब चार बजे सरसों के खेत में घास काटने गई थी। तभी एक युवक पहुंचा और किशोरी से दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकला। परिजन किशोरी को लेकर थाने पहुंचे और मामले में नामजद तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज करके किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा।

# सरदार पटेल की प्रतिमा के समक्ष धूमधाम संग मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** कटरा गुलाब सिंह के तिराहे पर सरदार पटेल की प्रतिमा के सामने गणतंत्र दिवस समारोह का कार्यक्रम समाज के लोगों द्वारा आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रानीगंज के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक यादव उर्फ मुन्ना भाई की उपस्थिति सराहनीय रही । अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वनाथगंज के विधायक जीत लाल पटेल की धर्मपत्नी व डॉक्टर ऋषि पटेल पत्नी सहित उपस्थित रहे। कौशांबी की बिरहा गायिका काजल कोकिला व प्रयागराज की धरती से जंग बली यादव बिरहा गायक दिन भर उपस्थित जनता जनार्दन का अपने साजबाज से मन मोहते रहे। दोनों कलाकारों ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति पेश किया। संविधान रचयिता डॉ बी आर अंबेडकर और सरदार बल्लभभाई पटेल तथा सुभाष चंद्र बोस के विषय में विस्तृत चर्चा परिचर्चा हुई।अतिथियों द्वारा सरदार पटेल के प्रतिमा पर माल्यार्पण करके और झंडा फहराकर दोपहर 11 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। समूचे कार्यक्रम का संचालन सफाई कर्मचारी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष बीएल पटेल ने किया। कार्यक्रम मे लाल पटेल गौरा विनोद पटेल पूर्व प्रधान गम्भीरा, विजय पटेल, ओम प्रकाश पटेल, महेंद्र मौर्य, सत्य नारायण यादव, राहुल गौतम, जीपी पटेल, सुजीत यादव, मनोज पटेल, प्रवीण पटेल, विमल पटेल, डॉक्टर राम सजीवन पटेल पार्वती पटेल हॉस्पिटल, बाबूलाल पटेल, रामकरन पटेल, दूधनाथ पटेल, रामदुलार पटेल, भैया राम पटेल आदि रहे। चौकी इंचार्ज गणेश दत्त पटेल जी का बहुत बड़ा योगदान कार्यक्रम में रहा। कार्यक्रम शाम 5ः00 बजे तक चला। कार्यक्रम में हजारों महिला पुरुष वी नवयुवक तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## मारपीट में दम्पति समेत छह लोग जख्मी

**कुंडा प्रतापगढ़।**कोतवाली क्षेत्र के शाहकरम अली का पुरवा गांव निवासी मुसर्रत हुसैन के 30 वर्षीय बेटे मो. तुफैल और उसकी 25 वर्षीय पत्नी महबीज खान को रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। रैयापुर निवासी राम आसरे के 28 वर्षीय बेटे राजेश यादव और रामराज की 17 वर्षीय बेटी सरिता यादव को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई गांव निवासी अमरनाथ मौर्या के 22 वर्षीय बेटे धीरज मौर्या को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। हथिगवां थाना क्षेत्र के कबीरपुर सरैया गांव निवासी शुभनारायण की 72 वर्षीय पत्नी देवकुमारी को गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिशन मारपीट कर घायल कर दिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत दसियाभानपुर विकास खण्ड गौरा, प्रतापगढ़

### अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष–2024–25 में स्वीकृत एवं अनुमोदित निम्नांकित कार्यो पर प्रथम श्रेणी ईंट, सीमेन्ट, बालू, पत्थर गिट्टी, इण्टरलाकिंग ईंट, मिट्टी व अन्य सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक पंजीकृत फर्म सामग्री की आपूर्ति हेतु तैयार हो तो अपनी दरें सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 28.01.2025 से दिनांक 03.02.2025 तक सीलबन्द निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 04.02.2025 को दोपहर 02.00 बजे उपस्थित फर्मों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा स्वीकृत / अस्वीकृति करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

| क्र0सं0 | कार्य/परियोजना का नाम | कार्य की माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | इण्टरलाकिंग से मेराज के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 150 मी0 | 570194 |
| 2 | मेराज के घर से शहजाद के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 120 मी0 | 457255 |

**जरीना बानो**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत–दसियाभानपुर
वि0ख0–गौरा, प्रतापगढ़

**राजमणि पटेल**
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत–दसियाभानपुर
वि0ख0–गौरा, प्रतापगढ़

पत्रांक : मेमो / निविदा / 2024–25 दिनांक 27.01.2025

# शिक्षक ने राष्ट्र की एकता और अखंडता का पढ़ाया पाठ



**प्रतापगढ़।** नगर के समीप रंजीतपुर चिलबिला रेलवे लाइन के किनारे झुग्गी झोपड़ी डालकर जीवन यापन करने वाले मुसहर जाति के लोगों के बीच राष्ट्रीय त्योहार गणतंत्र दिवस का आयोजन शिक्षक आलोक कुमार सिंह के द्वारा किया गया। शिक्षक ने बस्ती में रहने वाली माता और बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु प्रेरित किया। जो कि आज भी शिक्षा ग्रहण करने से वंचित है उन्हें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और बताया कि भारतीय संविधान ने उन्हें सभी के समान शिक्षा ग्रहण करने समान अवसर और कहीं पर भी जाकर निवास करने और अपनी अभिव्यक्ति को प्रकट करने की आजादी दी है। इस आजादी ने हमें राष्ट्र के प्रति कर्तव्य का भी पाठ पढ़ाया कि हमें अपने संविधान में वर्णित एकता और अखंडता को बनाए रखना हर भारतीय का कर्तव्य ह शिक्षक ने बच्चों के बीच तिरंगे का महत्व बताते हुए भारत माता की जय घोष और नारों के साथ राष्ट्रीय पर्व को मनाया और बच्चों को मिठाई खिलाकर गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बबलू पाल रेखा रंजन शिवानी अर्पित मुकेश सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर बच्चों की उत्कृष्ट प्रस्तुतियों ने मन मोहा



**प्रतापगढ़।** मौर्य माइंड मैक्स अकादमी पल्टन बाजार में 76वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम वरिष्ठ शिक्षाविद एवं साहित्यकार डॉ. दयाराम मौर्य %रत्न% ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात गणतंत्र दिवस के इतिहास और महत्व पर विचार भी प्रस्तुत किया। बच्चों ने अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। समवेत स्वर में सभी ने संविधान और देश की रक्षा का संकल्प लिया। सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रमों के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। संस्था के प्रबंधक इंजीनियर अभिनव मौर्य ने स्वागत किया और अंत में आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विचार प्रकट करने वालों में ज्ञान प्रकाश, कंचन मौर्य, मनु शर्मा, प्रियंका, शुभम, अधिवक्ता गया प्रसाद मौर्य, प्रमोद पटवा, छोटे लाल चौधरी आदि रहे। संचालन रोहिणी देवी ने किया।


## कार्यालय नगर पंचायत सुवंशा बाजार जनपद-प्रतापगढ़

पत्रांकः 1092/न०प०सु०बा०/2024–25 दिनांक : 25 जनवरी, 2025

स्वच्छ सुवंशा — स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर — सुन्दर सुवंशा




नगर पंचायत सुवंशा बाजार जनपद–प्रतापगढ़

### 76वाँ ''गणतंत्र दिवस'' के शुभ अवसर पर नगर पंचायत सुवंशा बाजार के नागरिकों से निम्न अपील करती है।

1. सभी नगर वासी एक वृक्ष अवश्य लगायें।
2. पटरी दुकानदार सडक/पटरी पर दुकाने न लगायें।
3. नगर को स्वच्छ बनाये और बीमारी से दूर रहने के लिए खुले में शौच न जाये।
4. कूड़े को स्वयं ही कम्पोष्टिंग करके खेतों में उर्वरक हेतु उपयोग करे।
5. प्लास्टिक, पॉलीथीन, थर्मोकोल का प्रयोग 15 जुलाई, 2018 से पूर्णतया प्रतिबंधित है, इसका प्रयोग कदापि न करें उसके स्थान पर जूट या कपड़े के बने थैले का प्रयोग करें।
6. किसी भी प्रकार के अतिक्रमण से दूर रहे नाला/नाली व सड़कों को अवरोध मुक्त रखें।
7. जन्म–मृत्यु का पंजीकरण 21 दिन के अन्दर करवायें और किसी भी अनावश्यक कागजी कार्यवाही से मुक्त रहे।
8. प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि योजनान्तर्गत रेहड़ी और पटरी वालों (छोटे सड़क विक्रेताओं) को अपना खुद का काम शुरू करने के लिए प्रथम बार में धनराशि 10,000.00 (दस हजार) रूपये तक लोन मुहैया कराया जायेगा। सरकार द्वारा लिया गया ऋण एक वर्ष के भीतर किश्त लौटाने के बाद द्वितीय बार में धनराशि 20,000.00 (बीस हजार) रूपये तथा तृतीय बार में धनराशि–50,000.00 (पच्चास हजार) रूपये तक का लोन प्राप्त किया जा सकता है।
9. प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रथम बार में धनराशि 1,00,000 (एक लाख), द्वितीय बार में धनराशि 2,00,000 (दो लाख) तथा तृतीय बार में धनराशि 3,00,000 (तीन लाख) रूपये तक का लोन प्राप्त किया जा सकता है। (पूर्ण जानकारी हेतु नगर पंचायत सुवंशा बाजार से सम्पर्क करें)
10. यह नगर आपका है इसे स्वच्छ बनाये रखने में निकाय को सहयोग प्रदान करें।

**सूर्य प्रकाश**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सुवंशा बाजार
जनपद–प्रतापगढ़

**वेद प्रकाश**
अध्यक्ष
नगर पंचायत सुवंशा बाजार
जनपद–प्रतापगढ़

**त्रिभुवन विश्वकर्मा**
अपरजिलाधिकारी/
प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय
जनपद–प्रतापगढ़

**शिव सहाय अवस्थी**
जिलाधिकारी
प्रतापगढ़


# सड़क हादसों में महिला समेत पांच घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** लखनऊ के मुंशी पुलिया इंदिरा नगर निवासी आलोक की 42 वर्षीय पत्नी पूनम त्रिपाठी किसी रिश्तेदारी में कुंडा आई थी। तभी वह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गई। कोतवाली क्षेत्र के बदलावन का पुरवा गांव निवासी छोटे लाल का 26 वर्षीय बेटा अनुज यादव बाइक से जाते समय हाईवे पर वाहन की टक्कर से घायल हो गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के मोहद्दीनगर गांव निवासी कृष्णा यादव का 23 वर्षीय बेटा संदीप यादव अपनी 21 वर्षीय बेटा हेमा यादव और अमृत लाल की 10 वर्षीय बेटी मोहिनी यादव के साथ बाइक से कहीं जा रहा था।

जैसे ही वह हाईवे पर पहुंचे, अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पर जा गिरे, जिससे तीनों लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी भेजा।

प्राथमिक उपचार के बाद भी अनुज यादव की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गंगा देई लिखा है जो गलत है। मेरा समस्त कागजातों में मेरा नाम गंगा देवी है जो सही है। मुझको मेरे सही नाम गंगा देवी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

गंगा देवी
पत्नी स्व0 राम अवध पाल
निवासी ग्राम वीरापुर पोस्ट मुआर अधारगंज
जिला प्रतापगढ़

(फर्म नं0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 17 महोदय प्रतापगढ़
ओ0एस0 नं0 1469/20
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राम किशोर दूबे बनाम लक्ष्मी नारायण दूबे आदि
बनाम
1. लक्ष्मी नारायन दूबे आयु करीब 65 साल 2. श्याम लाल दूबे आयु करीब 62 साल 3. श्याम नारायन दूबे आयु करीब 58 साल सुतगण अनन्तराम दूबे साकिनान कोडरामादूपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 07.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 07.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

# चोरी के सामान के साथ 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा,प्रतापगढ़।** थाना कंधई पुलिस द्वारा बर्तन का सामान चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी की 03 परात, 02 हण्डा बरामद किया है।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी, प्रतापगढ़ श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्वेक्षण में प्रभारी निरीक्षक श्री अवन कुमार दीक्षित के नेतृत्व में थाना कंधई के उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह हे0का0 शिवशंकर सिंह, का0 अनिल दक्ष द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 27.01.2025 को मु0अ0स0-20ध्2025 धारा 331 (4), 305, 317(4) से संबंधित 03 अभियुक्तों 1. हजरत अली उर्फ बाबा पुत्र मुंशीरजा निवासी खुशक का पुरवा मजरा कन्धई मधुपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ 2. अच्छेलाल वर्मा कबाडी पुत्र तीरथ वर्मा 3. शिव बहादुर यादव कबाडी पुत्र सीताराम यादव निवासीगण कस्तूरीपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ को थाना कंधई क्षेत्रान्तर्गत भिन्न- भिन्न स्थान, ग्राम खूशक का पुरवा व ग्राम कस्तूरीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर चोरी की 03 परात, 02 हण्डा के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त गिरफ्तारीध् बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई ।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 24.01.2025 को बृजेश वर्मा के घर से अपने अन्य साथियों के साथ बर्तन का सामान चोरी किया था । आज हम लोग उस चोरी के सामान को काटकर कबाड मे बेचने के फिराक में थे । हजरत अली उर्फबाबा उपरोक्त ने आगे आगे चलकर दुकान के अन्दर रखी दो बोरियो की ओर इसारा करके बताया कि इन्ही बोरियो मे हमने चोरी का शेष सामान रखा है । पकडे गये तीनो व्यक्तियो ने बोरियो से चोरी की 03 परात, 02 हण्डा निकाल कर दिये ।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**कुंडा प्रतापगढ़।** घर में अकेली रह रही महिला संदिग्ध की परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो शव पोस्टमार्टम को भेजा। शव घर आया तो उसी के खेत में अंतिम संस्कार कर दिया गया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के करमाइन गांव निवासी सूरज सरोज की 35 वर्षीय पत्नी माधुरी सरोज अपने 10 वर्षीय बेटे पवन के साथ रहती थी। रविवार को शाम उसका बेटा कहीं गया था। रविवार को रात करीब आठ बजे उसका शव घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। पड़ोस की महिला ने घर का दरवाजा खुला देखा तो आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर भीतर झांका तो उसे देख सहम गई।

## रेलवे स्टेशन पर ट्रैक के किनारे शव मिलने से हड़कंप

**रानीगंज प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के मां बाराही देवी धाम रेलवे स्टेशन के अंतर्गत अमहटा गांव के पास ट्रैक के किनारे सोमवार को दिन में 2 बजे के आसपास अज्ञात शव मिलने से हड़कंप मच गया। आसपास जुटे लोगों ने तुरंत ही मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा शव की पहचान करने में जुटी हुई है। फिलहाल शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।


9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस





**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -76वां गणतंत्र दिवस जनपद में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस राष्ट्रीय पर्व के उपलक्ष्य में जनपद में विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।कलक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामानाएं एवं बधाई देते हुए ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्गान करते हुए संविधान के प्रति निष्ठा और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू किया गया था। जो कि नीति-नियम को बनाकर धरातल पर लागू करने का आधार है। भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है। इस दौरान राजकीय बालिका विद्यालय की छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, उपजिलाधिकारी हर्षिता देवड़ा उपस्थित थे। इसके बाद डीएम ने चिकित्साधिकारी तनुषा टी आर व मुख्य विकास अधिकारी के साथ संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनपुर में जच्चा-बच्चा विभाग, एमरजैंसी वार्ड, पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड, आयुष्मान भारत कक्ष, बाल रोग वार्ड अन्य में भर्ती मरीजों को फल एवं बच्चों को चॉकलेट का वितरण किया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ ऐके मोहन, डॉ तनवीर, डॉ आशुतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ पीडी चौधरी, मुकेश कुमार, एचसी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।पुलिस लाइन्स में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में हुआ। जिसमें एसपी ने परेड की सलामी ली। इसके बाद डीएम ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वाजारोहण किया तथा परेड ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। साथ ही राष्ट्र गान का वादन किया गया। डीएम व एसपी ने परेड का निरीक्षण किया तथा उपस्थित सभी अधिकाररियों व कर्मचारियों को शपथ दिलायी। इस दौरान निकाली गई परेड के प्रथम कमाण्ड क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, सेकेण्ड कमाण्ड कोतवाली निरीक्षक लाखन सिंह तथा थर्ड कमाण्ड उपनिरीक्षक एपी राम सिंह रहे। परेड के बाद डीएम ने सभी कमाण्डरों का परिचय लिया एवं बेहतरीन परेड के लिये सभी सराहना की। डीएम ने पुलिस मुख्यालय लखनऊ से सम्मानित निरीक्षक नागरिक पुलिस दुर्गाविजय सिंह एवं मुख्य आरक्षी चालक देवीदीन को उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र तथा महिला आरक्षी विष्णु प्रिया, आरक्षी उत्तम सिंह व हरेन्द्र कुमार यादव को प्रशंसा चिन्ह गोल्ड एवं प्रशस्ति-पत्र तथा बरगढ़ थाना प्रभारी पंकज तिवारी, चौकी प्रभारी खोह सत्यमपति त्रिपाठी, व आरक्षी श्यामू को प्रसंशा चिन्ह सिल्वर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आम लोगों तक कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने वाले आईजीआरएस/चुनाव सेल प्रभारी प्रदीप कुमार यादव, कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, प्रभारी स्वाट/सर्विलांस सेल महावीर प्रसाद त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक अपराध शाखा अजीत कुमार पाण्डेय सहित चार उपनिरीक्षक, चार मुख्य आरक्षी, 11 आरक्षी/महिला आरक्षी, दो अनुचर को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एसपी ने जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी, जिलाधिकारी व सीडीओ को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। निकाली गई परेड़ में आरक्षी नागरिक पुलिस की टोली नं तीन को प्रथम स्थान, महिला आरक्षी नागरिक पुलिस की टोली नं पांच को द्वितीय स्थान एवं टोली नं आठ अखण्ड हिन्द फौज को तृतीय स्थान प्राप्त किया, जिन्हें शील्ड देकर पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें प्रशस्ति-पत्र तथा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्युष कटियार, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी मऊ यामीन अहमद, क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान अजेय कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।जिला मुख्यालय के बेड़ीपुलिया स्थित बैजनाथ भारद्वाज विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई। साथ की विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर सर्वव्यवस्था प्रमुख शिवनायक, प्रबन्धक श्यामसुंदर मिश्र, उपप्रबंधक ठाकुर नारायण श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय, प्रबन्ध समिति अध्यक्ष कमलाकांत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष जगदीश गुप्ता आदि मौजूद रहे।मऊ तहसील के खण्डेहा ग्राम पंचायत में भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर सलामी दी गई तथा राष्ट्गान किया गया। इस मौके पर पत्रकार राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला नेता, वेद प्रकाश शुक्ला, राजेन्द्र प्रसाद बलुआ, रामबहोरी केशरवानी, संजय केशरवानी, पंकज शुक्ला, दिनेश चन्द्र सिंह, आदि मौजूद रहे। राजापुर में तहसील में हुए कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी आलोक सिंह ने महात्मा गांधी एवं संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने कहा कि भारत अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है तथा 1947 के विजय पथ से लेकर कर्तव्य पथ तक की यात्रा कर रहा है। राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने ध्वजारोहण के बाद संगोष्ठी कर वीर शहीदों को नमन किया। सामुदायिक स्वास्थ केंद्र चिकित्साधिकारी डॉ दिनेश सिंह ने ध्वजारोहण कर सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। तहसील के जितेंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हनुमत बाल विद्या मंदिर, संस्कार पब्लिक स्कूल, स्वामीदीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय, तुलसी इंटर कॉलिज आदि के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से संविधान की गरिमा को बनाए रखने के लिए समाज को प्रेरित किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्या मनोरमा जैन, सेवामुक्त प्रोफेसर के के मिश्रा, पूर्व शिक्षक धीरेन्द्र मिश्रा, सभासद शंकर दयाल जायसवाल, तारिणी कुमार गर्ग, मोनू सोनकर, ऊदल प्रसाद, गजराज, देव गुलाम वर्मा, राकेश नामदेव, सतीश मिश्रा, सुनील मिश्रा, अमित मिश्रा, मंगल पाण्डेय, राजेश त्रिपाठी, चमन लाल रैकवार आदि मौजूद रहे।

## ट्राइवर कार व डिजायर की भिड़ंत में छः जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल विद्यालय के पास नेशनल हाईवे पर ट्राईवर कार व डिजायर की भिड़ंत में छः श्रद्धालु जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया गया है।बताया जाता है कि असम के डिब्रूगढ़ के अकोलिया के रहने वाले तापस दास वर्तमान में कानपुर के जाजमऊ के भीमनिक वाटिका में रहते है तापस दास सोमवार को परिवार के साथ ट्राईवर कार में सवार होकर प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे , ट्राईवर कार जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल महाविद्यालय के नजदीक नेशनल हाईवे पर पहुंची तभी ओवरटेक के चक्कर में आगे जा रही डिजायर कार से भीड़ गई हादसे में ट्राईवर कार में सवार तापस दास की पुत्री मीनाक्षी 14 वर्ष , अपर्णा हजारिका 30 वर्ष , तापस दास की पत्नी चम्पा हजारिका 56 वर्ष व पुत्र अरुण हजारिका 34 वर्ष जख्मी हो गए वही डिजायर कार सवार हरियाणा के गुड़गांव के सदर थाना क्षेत्र के बीपीओ उड्डूपुर निवासी नवीन यादव पुत्र साधी राम 42 वर्ष , गुड़गांव के सेक्टर 29 चक्रपुर मारुति बिहार निवासी विशांत पुत्र महेन्द्र सिंह 35 वर्ष जख्मी हो गए , हादसे में बाद मौके पर अफ्रा तफ्री मच गई , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल भेजवाया जहां से चिकित्सकों ने चम्पा हजारिका को जिला अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया हैं।

## महिलाओं के अधिकार को लेकर शिविर का किया आयोजन



**चाायल, (कौशाम्बी)।** स्थानीय विकास खंड के सुधवर गांव में महिलाओं के अधिकार और स्वच्छता पर सोमवार को विधिक सेवा प्राधिकरण ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता सिविल जज जूनियर डिवीजन हेमेंद्र सिंह ने किया। शिविर में तहसीलदार पुष्पेंद्र गौतम ने लोगों को महिलाओं के अधिकार और बच्चों के सुरक्षा के विषय में जानकारी दी। उन्होंने ने घरेलू हिंसा, यौन हिंसा, मतदान, सार्वजनिक पदों पर काम, संपत्ति का स्वामित्व और शिक्षा प्राप्त करने के अधिकार पर प्रकाश डाला। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 मुक्तेश द्विवेदी ने ग्रामीणजनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए संकल्प दिलाया कि वह अपने आस-पास सफाई रखेंगे। इस मौके पर ग्राम प्रधान समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

## डॉ0 बीआर अंबेडकर इंटर कालेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस का पर्व



**कड़ा, कौशाम्बी।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर मीडिएट कालेज विहामिदपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व मंत्री मतेश चंद्र सोनकर ने राष्ट्र ध्वज फ्हराया।कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्प अर्पित कर हुई।महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन यादव ने किया।पर्व के अवसर पर अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। विद्यालय के प्रबंधक शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चन्द्र सोनकर व शिक्षिका सुधा सोनकर ने विद्यालय के मेघावी छात्र-छात्राओं को उपहार देकर उनका उत्साह वर्धन किया।

## गणतंत्र दिवस पर कविता पाठ प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को बीएसए ने किया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के परिसर पर तिरंगे लाइट, झंडे व गुब्बारों की आकर्षक सजावट में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. कमलेंद्र कुमार कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। उसके बाद बेसिक शिक्षा मंत्री के संदेश को कार्यालय के समस्त स्टाफ को सुनाते हुए बेसिक शिक्षा विभाग की उपलब्धियों का व्याख्यान कर विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों, प्रशिक्षकों, छात्र छात्राओं शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि अपने शुभ संकल्पों, दृढ़ निश्चय, निष्ठा और कर्मठता के साथ जनपद के शैक्षिक उन्नयन एवं संवर्धन के लिए हम सब सतत प्रयत्नशील रहेंगे और एक सुदृढ़ विकसित जनपद, राज्य व देश के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इसके बाद उन्होंने कक्षा छह से



आठ के छात्र छात्राओं के बीच 17 व 18 जनवरी को आयोजित कविता पाठ प्रतियोगिता में देशभक्ति कविता प्रस्तुत कर जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कंपोजिट विद्यालय पेरई की कक्षा आठ की छात्रा अनुष्का दिवाकर जिसने प्रदेश स्तर पर भी टॉप टेन में अपना स्थान बनाया। छात्रा को स्कूल में कार्यरत राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हरिओम सिंह के साथ प्रशस्तिपत्र, अंगवस्त्र, उपहार के साथ इक्कीस सौ रूपये की पुरस्कार धनराशि प्रदान किया। प्रतियोगिता में सिराथू ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय ककोढ़ा की छात्रा अग्रिमा श्रीवास्तव को निरंतर चल रही हूं के लिए जनपद में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर प्रमाण पत्र व पंद्रह सौ रुपए की पुरस्कार धनराशि व प्रतियोगिता में कौशांबी ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बैंगवा फ्तेहपुर की कक्षा आठ की छात्रा कुमारी मंशु पाल को दुनिया में सबसे सच्चे सबसे अच्छे हिंदुस्तानी विषय पर जनपद में तृतीय स्थान प्राप्त होने पर प्रमाणपत्र के साथ ग्यारह सौ रुपए की धनराशि प्रदान की गई। तीनों विजेता छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए बीएसए ने व्यक्तिगत रूप से पांच पांच सौ रुपए पुरस्कार के रूप में प्रदान किया। बच्चों के साथ साथ उनके अभिभावकों व अभिभावक की अनुपस्थिति पर उनके शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीएसए कार्यालय के स्टाफ के साथ साथ छात्राओं के शिक्षक हरिओम सिंह, व्योमेश शुक्ला व अजय पांडेय भी उपस्थित रहे।

## पीडीए चौपाल आयोजित कर बताई सपा की उपलब्धियां

**चित्रकूट ब्यूरो-** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर चलाई जा रही पीडीए जन चौपाल का आयोजन जनपद के देहुरुछ माफी गांव में किया गया। जिसमें सपाईयों ने सपा की उपलब्धियों की लोगों का जानकारी दी।जन चौपाल में पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने समाजवादी सरकार में हुए जनहित और विकास कार्यों की जानकारी दी। कहा कि वर्तमान की भाजपा सरकार सिर्फ नाम की डबल इंजन की सरकार है, जो लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है। भाजपा पिछड़ी, अनुसूचित जाति एवं आदिवासियों का हक और अधिकार छीन रही है। सपा किसानों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाती थी, लेकिन भाजपा



उद्योगपतियों के लिए योजनाए बना रही है। अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव एवं वरिष्ठ नेता मानसिंह पटेल ने कहा कि आजादी के पूर्व पीडीए के लोगों की स्थिति अच्छी नहीं थी। बाबा साहब के संविधान लागू होने के बाद एवं डॉ राम मनोहर लोहिया के संघर्षों की वजह से पीडीए लोगों के साथ अत्याचार एवं अन्याय कम हुआ, लेकिन भाजपा बाबा साहब के संविधान को बदलने की बात करती है। प्रवक्ता सुभाष पटेल ने कहा कि भाजपा के पास विकास का कोई विजन नहीं है। इस सरकार में पीडीए के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार एवं अपराध हो रहे हैं। इस मौके पर पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ नेता जागेश्वर यादव, सुजीत कुशवाहा, राम अभिलाष सिंह, राम प्रसाद वर्मा, देवनाथ कोटार्य, छोटेलाल कोटार्य, सरफोली वर्मा, श्यामलाल खंगार, सरजू सिंह, राधे यादव, गौतम वर्मा आदि मौजूद रहे।


## महाकुम्भ मेला 2025 के दौरान मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा मेले में आने वाले अपने सम्मानित श्रद्धालुओं/रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये विभिन्न मेला विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की व्यवस्था की गयी है। इसी क्रम में समय - सारणीबद्ध निम्न रिंग रेल सेवा सहित आरक्षित, अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त अन्य मेला विशेष रेलगाड़ियों का संचालन आवश्यकतानुसार किया जायेगा।

**दिनांक 28-01-2025 (मंगलवार) को चलने वाली समय-सारणीबद्ध मेला विशेष रेलगाड़ियों की सूची**

| गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान का समय | स्टेशन तक | आगमन का समय | मार्ग के अन्य स्टेशनों पर ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| **अनारक्षित रिंग रेल सेवा रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 04111 | प्रयागराज जं. | 06:00 | प्रयागराज जं. | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधो सिंह, बनारस, भदोही, जंघई, मड़ियाहू, ज़फ़राबाद, जौनपुर, शाहगंज, अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, मऊआइमा, फाफामऊ एवं प्रयाग |
| 04112 | प्रयागराज जं. | 06:30 | प्रयागराज जं. | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. | 17:30 | प्रयागराज जं. | 07:45 | |
| 04114 | प्रयागराज जं. | 17:45 | प्रयागराज जं. | 08:00 | |
| 04109 | गोविन्दपुरी | 15:45 | गोविन्दपुरी | 07:00 | कानपुर सेंट्रल, बिन्दकी रोड, फतेहपुर, खागा, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज जं., नैनी जं., शंकरगढ़, बरगढ़ रोड, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बाँदा, रागौल, भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर रोड, घाटमपुर एवं भीमसेन |
| 04110 | गोविन्दपुरी | 07:30 | गोविन्दपुरी | 21:30 | |
| 01803 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 12:00 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 09:00 | चिरगाँव, मोठ, एट, उरई, कालपी, पुखरायाँ, भीमसेन, गोविन्दपुरी, बिन्दकी रोड, फतेहपुर, खागा, सिराथू, भरवारी, प्रयागराज जं., नैनी जं., शंकरगढ़, बरगढ़ रोड, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बाँदा, महोबा, कुलपहाड़, हरपालपुर, मऊरानीपुर, निवाड़ी एवं ओरछा |
| 01804 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 20:10 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 16:30 | |
| **अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 01809 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 04:00 | प्रयागराज छिवकी | 14:45 | ओरछा, बरुआसागर, निवाड़ी, मगरपुर, टेहरका, रानीपुर रोड, मऊरानीपुर, हरपालपुर, घुटाई, बेलाताल, कुलपहाड़, चरखारी रोड, महोबा, बरीपुर, कबरई, मटौंध, खैरार, बांदा, डिंगवाई, खुरहण्ड, अतर्रा, बदौसा, भरतकूप, शिवरामपुर, चित्रकूट धाम कर्वी, खोह, बहिलपुरवा, मानिकपुर, डाभौरा, बरगढ़ रोड एवं शंकरगढ़ |
| 01810 | प्रयागराज छिवकी | 16:00 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 05:00 | |
| 01811 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 10:10 | प्रयागराज छिवकी | 22:50 | |
| 01812 | प्रयागराज छिवकी | 23:20 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | 13:10 | |
| 01813 | बांदा | 19:10 | कटनी | 05:15 | डिंगवाई, खुरहण्ड, अतर्रा, बदौसा, भरतकूप, शिवरामपुर, चित्रकूट धाम कर्वी, खोह, बहिलपुरवा, ओहन, सतना एवं मैहर |
| **उत्तर मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली आरक्षित मेला विशेष रेलगाड़ियों की सूची** | | | | | |
| 01819 | बीना | 17:50 | सूबेदारगंज | 09:20 | ललितपुर, टीकमगढ़, खरगापुर, महाराजा छत्रसाल (छतरपुर), खजुराहो, महोबा, खैरार, रागौल, भरुआ सुमेरपुर, घाटमपुर, गोविन्दपुरी, बिन्दकी रोड, फतेहपुर, खागा, सिराथू एवं भरवारी |
| 01817 | बीना | 11:00 | प्रयागराज छिवकी | 02:50 | ललितपुर, टीकमगढ़, खरगापुर, महाराजा छत्रसाल (छतरपुर), खजुराहो, सिंहपुर-डुमरा, महोबा, बांदा, अतर्रा, चित्रकूट धाम कर्वी, मानिकपुर एवं शंकरगढ़ |
| 02276 | दिल्ली | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर |
| 09015 | कटनी | 05:40 | मानिकपुर | 12:15 | पटवारा, झुकेही, पकरिया रोड, अमदरा, भदनपुर, मैहर, उंचेहरा, लगरगवां, सतना, सगमा, जैतवार, खुटहा, चितहरा, मझगवां, टिकरिया, मारकुन्डी, बारामाफी एवं बांसपहाड़ |
| 09016 | मानिकपुर | 12:45 | कटनी | 20:50 | |
| 08248 | रीवा | 06:45 | मानिकपुर | 10:15 | तुर्की रोड, बघई रोड, हिनौतारामबन, कैमा, जैतवार एवं मझगवां |
| 08247 | मानिकपुर | 11:15 | रीवा | 14:30 | |

नोट : रेल यात्रियों को सुझाव दिया जाता है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों की समय-सारणी, संरचना एवं अन्य स्टेशनों पर ठहराव से संबंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं. 139, एनटीईएस ऐप रेल मदद वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in के माध्यम से अद्यतन जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

महाकुम्भ 2025 रेलवे टोल फ्री नं0 1800 4199 139 | उत्तर मध्य रेलवे

@ CPRONCR | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | 181/25 (AS)


## पद्म श्री पुरस्कार के लिए डॉ बीके जैन हुए चयनित



**चित्रकूट ब्यूरो**-संत रणछोड़ दास महराज द्वारा स्थापित सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ बी के जैन को भारत सरकार ने पद्म श्री सम्मान के लिए चयनित किया है। उनकी इस उपलब्धि पर जनवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।सन् 1974 में सद्गुरू सेवा संघ से जुड़े डॉ जैन पिछले 51 वर्षो से गरीब और जरूरतमंद लोगों की आंखों की रोशनी लौटाने का काम कर रहे है। 1948 में जन्मे डॉ जैन की प्रारंभिक शिक्षा शासकीय विद्यालय व्यंकट क्रमांक सतना में हुई। इसके बाद 1968 से 1973 तक एसएस मेडिकल कॉलेज रीवा तथा 1977 से 1979 तक पीजी की शिक्षा मुंबई में प्राप्त की। अंधत्व निवारण एवं नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में सेवाकार्य के लिए विगत पांच दशकों में उन्हें दर्जनों राजकीय, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। डॉ जैन ने इस पद्मश्री पुरस्कार की उपलब्धि के लिए गुरदेव रणछोड़दास महराज तथा सद्गुरु परिवार को श्रेय दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर जनपदवासियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

## एसडीएम ने दो किसानों को प्रदान किए कृषि यंत्र



**चित्रकूट ब्यूरो**-मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत छमाही बंपर ड्रा अप्रैल से सितंबर 2023 के कृषक उपहार योजना के कूपनों का ड्रा सोमवार को नवीन गल्लामंडी समिति कार्यालय में उप जिलाधिकारी सदर की अध्यक्षता में संपन्न किया गया। जिसमें क्षेत्र के दो किसानों का चयन हुआ। सोमवार को लकी ड्रा में चयनित किसानों को उपहार में प्राप्त कृषि यंत्रों को नवीन गल्ला मंडी के सभापति एसडीएम सदर पूजा साहू ने प्रदान किए।नवीन गल्ला मंडी के प्रभारी सचिव राम कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक उपहार योजना के तहत पहाड़ी क्षेत्र के नांदिन कुर्मियान चौराहा के निवासी धनराज सिंह को लकी ड्रा के माध्यम से 900 सीसी का पावर टिलर एवं राजापुर क्षेत्र के कलवारा गांव निवासी रामसिया को पम्पिंग सेट 8 एचपी का किर्लोस्कर इंजन प्राप्त हुआ है। इस मौके पर प्रधान लिपिक एकता सिंह, मंडी निरीक्षक अखंड प्रताप सिंह, मंडी सहायक सुनील कुमार, लिपिक अर्जुन यादव व कंप्यूटर ऑपरेटर सुलभ कुमार आदि मौजूद रहे।


### कार्यालय ग्राम पंचायत घुरेटनपुर विकास खण्ड कर्वी, चित्रकूट

पंत्राक : मेमो/निविदा/2024-25 | दिनांक 27.01.2025

**निविदा सूचना**

राज्यवित्त/पंद्रहवां वित्त योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत घुरेटनपुर द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 02.02.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के साथ खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 28.01.2025 से 02.02.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की कुल लागत | 2% धरोहर धनराशि (रू0में) | निविदा मूल्य (रू0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत घुरेटनपुर में आर0आर0सी0 सेंटर के पास इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 1.21 लाख | 2420 | 500 |

निविदा शर्तेः—
नोट : निविदा से सम्बन्धित शर्ते ग्राम पंचायत के कार्यालय के पटल पर देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत घुरेटनपुर
वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

सचिव
ग्राम पंचायत घुरेटनपुर
वि0ख0 कर्वी, चित्रकूट

### कार्यालयः ग्राम पंचायत धवाड़ा विकास खण्ड सरसवां, जनपद-कौशाम्बी

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत धवाड़ा में अल्प कालीन निविदा सूचना मनरेगा व राज्य वित्त/केंद्र वित्त विभाग योजनांतर्गत कराए जाने वाले निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति हेतु डी0आर0डी0ए0 कौशाम्बी में पंजीकृत व जी0एस0टी0एन0 नंबर उपलब्ध वाली फर्मों से निविदा आमंत्रित की जाती है। यह दरे वितीय वर्ष 2024-25 हेतु ही प्रभावी होंगी। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 28.01.2025 से 03.01.2025 तक प्राप्त एवं जमा की जा सकती है। निविदा दिनांक 04.01.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत धवाड़ा में मुन्ना रैदास के घर से होली तालाब तक नाली निर्माण कार्य | 3.11 लाख |

ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत धवाड़ा
विकास खण्ड सरसवा, कौशाम्बी

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धवाड़ा
विकास खण्ड सरसवा, कौशाम्बी

पत्रांकःमेमो/निविद/2024-25 दिनांक 27.01.2025


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस, जिलाधिकारी ने दिलाई संविधान की प्रस्तावना की शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित परिसर में झंडा फहराया। राष्ट्रगान के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने भारत माता के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर शहीदों को याद किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया। इसके पश्चात व्यापार संघ के पदाधिकारियों द्वारा अधिकारीगणों को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि यह हम लोगों के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि आज हम अपने देश का 76 वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं, जो हमारे देश के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह दिन हमें हमारे संविधान की महत्ता और उसके प्रावधानों को याद दिलाता है जो हमारे देश को एक मजबूत और स्थिर लोकतंत्र बनाने में मदद करता हैं। हमारा संविधान हमारे देश का मूलभूत कानून है, जो हमारे अधिकारों और कर्तव्यों को परिभाषित करता है। यह हमें एकजुटता, समानता, और न्याय के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करता है। हम अपने संविधान के प्रावधानों का पालन करें और देश के विकास में योगदान दें। हम अपने देश को एक मजबूत, समृद्ध, और स्थिर लोकतंत्र बनाने के लिए काम करें।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशा0) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0 एवं रा0) अमृता सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ0 भावना श्रीवास्तव सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारिकजन और कलेक्ट्रेट परिवार के लोग उपस्थित रहे।

## डीएम कार्यालय ध्वजारोहण कार्यक्रम में चैहान ने शिरकत करते हुए डीएम समेत समस्त अधिकारियों को किया सम्मानित



**रायबरेली।** ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चैहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चैहान व उनकी टीम ने जनपद के कई संस्थानों में भागीदारी करते हुए ध्वजारोहण के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया, वही सभी व्यापारी बंधुओ समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री चैहान ने सुबह जिलाधिकारी कार्यालय में ध्वजारोहण में शिरकत करते हुए अधिकारियों कर्मचारियों को अंगवस्त्र प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया, इसके बाद श्री चैहान जिला अध्यक्ष मोहम्मद उमर, यूपी संगठन मंत्री राजेश सिंह, नगर अध्यक्ष आशीष वर्मा, जिला अध्यक्ष प्रतिमा चैधरी, महामंत्री ताहिरा बेगम, महामंत्री सद्दीक खान, जिला सचिव मो. नजर, सचिव चित्रेश कुमार सहित अन्य व्यापारियों की टीम मुंशीगंज शहीद स्मारक पर शहीदों को याद करते हुए माल्यार्पण करते हुए पुलिस लाइन परेड कार्यक्रम में शामिल हुए। वही ममता हॉस्पिटल में ध्वजारोहण के बाद डॉक्टरो को सम्मानित किया, वहां से पूरी टीम राणा बेनी माधव मूर्ति स्थल पहुंची जहां कुछ संभ्रांत व व्यापारियों को सम्मानित किया गया, इस बीच चैहान गुट टीम ने नवीन पार्थ आई हॉस्पिटल में भी कार्यक्रम में हिस्सा लेकर मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद लेकर सभी जनपद तो देशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

यूपी मीडिया प्रभारी एसके सोनी ने कहा लगातार व्यापारियों की टीम जुड़ने के साथ व्यापारियों का मिला रहा प्रेम चैहान गुट टीम को मजबूती प्रदान कर रहा है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, जीशान आलम, जानू मौजूद रहे।

# एनटीपीसी में विविधता के साथ मनाया गया गणतन्त्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में गणतन्त्र दिवस भव्यता एवं अनेक कार्यकर्मों के साथ मनाया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने स्टेडियम परिसर में राष्ट्र ध्वज फहराया तथा केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानो एवं स्कूली बच्चो की परेड की सलामी ली। श्री छाबड़ा ने अपने सम्बोधन मे एनटीपीसी एवं ऊंचाहार परियोजना की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए सभी को गणतन्त्र दिवस की बधाई दी। श्री छाबड़ा ने कहा की देश को ऊर्जा के क्षेत्र मे आत्म निर्भर बनाने के लिए हम सभी को पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करना है। इस अवसर पर स्कूली बच्चो तथा सीआइएसएफ के द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया गया जिसमे प्राचीन भारत से आधुनिक भारत की विकास गाथा के साथ-साथ स्वच्छता मे जन भागीदारी जैसे समसामयिक विषयों को रेखांकित किया गया। समारोह मे शान्ति के प्रतीक गुब्बारे आकाश मे उड़ाए गए।

अपने-अपने क्षेत्रो मे उत्क्रष्ट कार्य करने वाले एनटीपीसी कर्मचारियों को परियोजना प्रमूख के द्वारा मेरिटोरियस अवार्ड प्रदान किए गए। परीक्षाओं मे शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को उत्कर्ष मेरिट स्कालरशिप, तथा आस पास के ग्रामीण बच्चों को सीएसआर योजना के तहत पुरस्कृत किया गया। शानदार कार्य दायित्व निभाने के लिए सीआइएसएफ के कर्मियों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परियोजना परिसर के स्कूली बच्चो तथा अपर प्राइमरी स्कूल खुर्रमपुर, स्पोर्ट्स काउंसिल तथा प्रियदर्शनी लेडीज क्लब के द्वारा देश भक्ति से परिपूर्ण मनोहारी रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। भव्य रूप से सजे स्टेडियम परिसर में एनटीपीसी के सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन व एसोसियन के पदाधिकारी, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, डीसी (सीआइएसएफ), प्रियदर्शनी लेडीज क्लब की अध्यक्षा तरुणा छाबड़ा सहित एनटीपीसी एवं सीआइएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी, महिलाएं, बच्चे तथा आस पास के बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# एनएसपीएस त्रिपुला में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल त्रिपुला में 76 वां गणतंत्र दिवस एकता की उमंग के बीच बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। एनएसजीआई के संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत छात्रा जितिका पांडेय, श्रेया दीक्षित, आर्या, सोनाक्षी, जथर, आयुषी सिंह, रिजा और अरुषा ने- ''ए देश मेरे....' सामूहिक गीत के माध्यम से देश प्रेम का संदेश दिया, इसके साथ ही विद्यालय के छात्र विराट, वेदांत और जीनत ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि संविधान मानव जीवन में नियमों में बंधकर निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। अतः हम सभी को संवैधानिक रुप से मानवता के विकास की ओर अग्रसर रहना चाहिए। इसी क्रम में शिक्षक अभिषेक भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य समाज को ऐसे नागरिक प्रदान करना है, जो देश के संविधान और समाज को सुरक्षित रखने में अपनी अहम भूमिका निभा सकें। कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया समूह नृत्य आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा, वहीं देश की आजादी में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिरूप में मंच पर उपस्थित छात्रों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में बहादुरी,साहस और सीबीएसई खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र दिग्विजय नाथ सिंह, वीर सिंह, आयुष चैरसिया, अभिनव यादव, राज विक्रम सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, अर्पित सिंह को संस्थापक-प्रबंधक द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थापक-प्रबंधक डॉ0 शर्मा ने 76 वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जहाँ का संविधान विभिन्न देशों के संविधान की अच्छाइयों को लेते हुए निर्मित किया गया है और इस संविधान का उद्देश्य भारत के प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समता प्रदान करना है,उन्होंने संविधान के माध्यम से देश को मजबूत और स्थिर लोकतंत्र देने के लिए संविधान निर्माताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों से वैज्ञानिक प्रगति के साथ-साथ मानवीय मूल्यों पर आधारित व्यक्तित्व के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए नए कीर्तिमान गढ़ने की अपेक्षा की और उन्होने आस्वस्त किया कि विद्यालय हमेशा छात्र ध् छात्राओं की उत्तरोत्तर प्रगति एवं वैयक्तिक विकास में सहयोग करने हेतु तत्पर रहेगा।कार्यक्रम का संचालन छात्रा कृतिका व छात्र युगांक और विश्वास ने किया। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, विवेक सिंह, रामदेव, जितेंद्र सिंह, पिंकी जायसवाल, जी एन तिवारी, शशेंद्र श्रीवास्तव, चन्दन तिवारी, रजत शर्मा, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं शिक्षणेत्तर




# तिलक भवन में झण्डारोहण कर मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय तिलक भवन में झण्डारोहण किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पंकज तिवारी एवं कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष कल्याणचन्द्र श्रीवास्तव ने तिरंगे को सलामी दी और उपस्थित कांग्रेसजनों ने वंदे-मातरम व राष्ट्रगान गाया। कार्य.जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण में हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर विचार को समावेशित कर जनता को बराबरी का अधिकार दिया गया। चूंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता भारतीय संविधान की रक्षा करने हेतु दृढ़ संकल्प लिये हुए है।कार्यवाहक जिला प्रवक्ता महताब आलम ने कहा कि आज सत्ताधारी दल के नेताओं द्वारा आजादी की तारीख 15 अगस्त 1947 पर विवाद खड़ा किया जा रहा है, इसी क्रम में संविधान को बदलने का षडयंत्र भाजपा की सरकार कर रही है, इसे कांग्रेस पार्टी सफल नहीं होने देगी।इस अवसर पर शत्रोहन लाल सोनकर, हाजी इलियास, ओ.पी.श्रीवास्तव, वी.के.शुक्ला, रमेश कुमार शुक्ला, विजयशंकर अग्निहोत्री, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, राजकुमार दीक्षित, प्रमेन्द्र पाल सिंह, आर.के.सिंह, संजय श्रीवास्तव, जे.पी. त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी, राहुल बाजपेयी, अनवार खान, अभय सिंह, सुमित्रा रावत, मृत्युंजय शुक्ला, सुनील कुमार, अम्बरीश बाजपेयी, आयुष द्विवेदी, अनिल कुमार मिश्रा, आशीष द्विवेदी, सूर्यकुमार बाजपेयी, मनोज मिश्रा, सै.अरशद, अंकुर चैधरी, सर्वोत्तम कुमार मिश्रा, बालजी त्रिपाठी, मुन्ना घोसी, हरमिन्दर सिह सलूजा, अखिलेश मिश्रा, अभय त्रिवेदी, मुकेश श्रीवास्तव, सुमित कुमार विमल, मो.बशीर पोलू, प्रभात मिश्रा, यज्ञदेव, सफ्फू खान, नितिन कुमार सिंह, रामशंकर कुशवाहा, मो.सुहैल, श्रीमती अनीता श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी गण उपस्थित रहें।

## एसजेएस में रही गणतंत्र दिवस की धूम, सांस्क्रतिक कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एसजेएस पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर बीना तिवारी ने बच्चों की प्रस्तुति को सराहा। बच्चों ने समूह नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की।

बच्चों ने महिला सशक्तिकरण की थीम पर आधारित खूबसूरत नृत्य का प्रस्तुतीकरण किया।छात्र ओवैस खान ने भी स्वरचित गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर बीना तिवारी ने कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन हम सभी अपने संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करें और संविधान की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि जैसा अटल बिहारी बाजपेई जी ने कहा था कि सरकारें आएंगी और जाएंगी लेकिन देश रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि देशहित सबसे पहले है। हम सबको देश और संविधान की रक्षा के लिए काम करना चाहिए।कार्यक्रम का संचालन सालविका सिंह और नुसरत मुमताज मुस्ताफवी ने किया

## व्यापार मंडल के द्वारा कई स्थानों पर किया गया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज अध्यक्ष विवेक शर्मा, आरएसएस धर्म जागरण सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, प्रांतीय मंत्री मृत्युंजय बाजपेई के नेतृत्व में नगर के कई स्थानों पर 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर झंडारोहण किया गया। लालगंज नगर के करुणा बाजार चैराहे पर बड़े धूमधाम से झंडा रोहण हुआ। तत्पश्चात महावीर इन स्थित व्यापार मंडल के लालगंज नगर कार्यालय मे बड़े ही भव्य वातावरण में झंडा रोहण किया गया। सराफा मंडी शीतला मंदिर में गत वर्षो की तरह झंडारोहण का कार्यक्रम और भारत माता पूजन का आयोजन हुआ। इसके बाद अटल चैक गांधी चैराहे पर विशाल झंडा फहराया गया और जन गण मन अधिनायक गीत के साथ भारत माता की जय जयकार का उद्घोष लोगों ने लगाया ।भारत माता की आरती और पूजन का कार्यक्रम भी संपन्नहुआ। झंडा रोहण के मध्य लड्डू और जलेबी का लोगों के बीच प्रसाद वितरण भी हुआ। इस अवसर पर लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाए भी दी गई। झंडा रोडण के विभिन्न कार्यक्रमों में रविंद्र मुरारका ,सचिन गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, एडवोकेट अशोकशुक्ला, मोहम्मद याकूब,रमेश मिश्रा, महेश सोनी, कैलाश गुप्ता,,नीलेश शुक्ला ,हंसराज विश्वकर्मा सुरेंद्र गुप्ता , ओम प्रकाश शुक्ला, रण विजय सिंह,गुड्डू भदौरिया ,शिवम गुप्ता, अमित गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, समर्थ गुप्ता ,सत्यम गुप्ता, अंकित गुप्ता ,

# आरेडिका में 76वें गणतंत्र दिवस पर लहराया तिरंगा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में 76वें गणतंत्र दिवस पर भारत माता के जय घोषों के साथ तिरंगा रंग में रंग गया। गणतंत्र दिवस का मुख्य कार्यक्रम आरेडिका आवासीय परिसर के भागीरथी क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया। महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने तिरंगा फहराया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश कल्याण निगम लिमिटेड, भारत स्काउट एण्ड गाइड जिला आरेडिका/रायबरेली ने भाग लिया।महाप्रबंधक महोदय ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आरेडिका परिवार के लोगों को बधाई दी। अपने अभिभाषण में उन्होने कहा कि, हमारा यह कर्तव्य है कि हम आपसी एकता और भाईचारे को बनाए रखते हुए काम करें और देश की उन्नति में अपना योगदान दें।आगे आरेडिका की उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन करते हुए उन्होने कहा कि इस वर्ष हमने अब तक 1519 कोचों का उत्पादन किया है जो पिछले वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत अधिक है, आरेडिका ने प्रारम्भ से लेकर अब तक 13000 से अधिक कोचों का उत्पादन किया है।फोर्जुड व्हीलों के लिए इस वर्ष रेलवे बोर्ड की तरफ से आरेडिका को 35000 फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है।जिसके सापेक्ष में दिसम्बर माह तक 23363 पहियों का उत्पादन किया जा चुका है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत अधिक है। पर्यावरण संरक्षण के लिए इस वर्ष 56,000 वृक्षों एवं 152000 बीजों का रोपण किया गया। 100 मिलियन लीटर भू-जल संरक्षण का कार्य प्रगति पर है एवं 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया है। सौर ऊर्जा के विकास के लिए सेवा भवनों पर रूफ टॉप सोलर पैनल स्थापित किए जा रहे है जिससे आरेडिका की सौर ऊर्जा उत्पादन की क्षमता 4 मेगावाट हो जाएगी। सोलर उत्पादन से करोडों रूपये रेलवे राजस्व की बचत होगी। इस अवसर पर सांस्कृतिक संगठन द्वारा भव्य रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देश भक्ति गीत, समूह गान और नृत्य प्रस्तुत किया गया।



## उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ पंचायत भवन में हुआ गणतंत्र दिवस का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र की मऊ ग्राम सभा के पंचायत भवन में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, ऊंचेश्वर शिक्षा सदन के प्रबंधक आशुतोष प्रताप सिंह व ग्राम प्रधान भोलई मौर्य ने पंचायत भवन कार्यालय में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।आपको बता दें कि, कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, भारत के संविधान ने देश के सभी नागरिकों

# उप जिलाधिकारी के निर्देश पर तालाब व चारागाह की सुरक्षित जमीन कराई गई खाली

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** उपजिलाधिकारी सचिन यादव के निर्देशन पर नायब तहसीलदार की अगुवाई में 12 सदस्यीय टीम व पुलिस बल ने तहसील क्षेत्र के पड़ीरा कला गांव में लगभग 10 बीघा जमीन करवाई खाली तथा दिए सख्त निर्देश। बताते चले कि उपजिलाधिकारी सचिन यादव के निर्देशन पर नायब तहसीलदार उमेश कुमार त्रिपाठी की अगुवाई में राजस्व निरीक्षक राज्जन लाल यादव, राजस्व निरीक्षक उमेशचंद्र दीक्षित, लेखपाल दर्शिता श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, प्रिया सिंह, शिवेंद्र रावत, अवनीश प्रताप सिंह, विकास कुशवाहा, अवनेंद्र प्रताप सिंह, संदीप सिंह पीयूष शुक्ला सहित 12 सदस्यीय टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में तहसील क्षेत्र के पड़ीरा कला गांव में स्थित तालाब व चारागाह की 10बीघा सुरक्षित जमीन पर मुन्नालाल पुत्र राजेश यादव, राजेश पुत्र भगवानदीन, रमेश पुत्र राम प्रसाद, सहजराम पुत्र माता प्रसाद, दल बहादुर पुत्र शिव दर्शन सिंह गाटा संख्या 255, 269, 777, 778, 779 697 पर फसल उगाकर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा था। जिसको गंभीरता से लेते हुए तहसील प्रशासन ने राजस्व टीम व पुलिस बल भेज कर बोई गई 10 बीघे फसल को ट्रैक्टर से जुताई कराकर खाली करवाया। उप जिलाधिकारी सचिन यादव द्वारा विगत एक माह में कई बीघे सुरक्षित जमीन खाली करवाई गई है, जिसके चलते सुरक्षित जमीनों पर किए गए कब्जे वह कब्जा धारकों में दहशत का माहौल व्याप्त है, तो वही उपजिलाधिकारी द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्यों की क्षेत्र में चारों ओर प्रशंसा हो रही है।



# गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्या भारती से संचालित तीनों स्कूलों की झांकी रही सराहनीय

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** विद्या भारती और बाल कल्याण समिति से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर, बालिका विद्या मंदिर और सरस्वती विद्या मंदिर की संयुक्त रैली लालगंज नगर में निकाली गई। लोगों ने शहीद भगत सिंह, रानी लक्ष्मी बाई,महाराणा प्रताप, चंद्रशेखर आजाद आदि महापुरुषों से सजी रैली की सराहना की है। सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री गिरीश नारायण पांडे ने झंडा रोहण कर सभी को राष्ट्रहित के कार्यों के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान तभी तक सुरक्षित है जब हम अपने-अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करेंगे।बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनूप पांडे ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि विकसित और समृद्ध राष्ट्र के लिए संस्कारित शिक्षा बहुत ही आवश्यक है। जो राष्ट्र संविधान के अनुसार चलते हैं वहीं पर लोकतंत्र मजबूत होता है। विद्या मंदिर में खंड विकास अधिकारी पीडीएस गगनदीप सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि झंडारोहण करते हुए शिक्षकों व विद्यार्थियों को राष्ट्र को परम वैभव की ओर ले जाने के लिए प्रेरितकिया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्या भारती के द्वारा निकाली गई रैली रामलीला मैदान से निकलकर कस्बे के मेन रोड, करुणा बाजार चैराहा, तिकोना पार्क और आचार्य नगर होते हुए वापस रामलीला मैदान पहुंची जहां प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक डॉ अमल पटेल, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनंत अनूप पांडे, प्रबंधक सचिन रस्तोगी, कोषाध्यक्ष शिवकुमार सतीश त्रिवेदी, कौशलेंद्र कंचन, प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार शुक्ला, वरिष्ठ आचार्य चंद्र प्रकाश पांडे, बालिका विद्या मंदिर प्रबंधक हरिद्वार सिंह, अध्यक्ष श्रीमती इंदु बाजपेई, वाइस प्रिंसिपल रीना बाजपेई, नीरज बाजपेई, रामशरण अग्निहोत्री, विवेक शर्मा ,सुरेंद्र गुप्ता ,शिवम गुप्ता आदि हजारों विद्यार्थी और शिक्षक सहित अभिभावक मौजूद रहे।



## गणतंत्र दिवस पर जिला होमगार्डस कार्यालय पर किया गया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** 76वें गणतन्त्र दिवस के महापर्व पर जिला कमान्डेण्ट होमगार्डस रायबरेली संजय कुमार शर्मा द्वारा जिला होमगार्डस कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया और अच्छे टर्न आऊट, अच्छी ड्यूटी करने वाले होमगार्ड व अधिकारियो को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमे कम्पनी कमान्डर अजय सिंह कर्मगोपाल सिंह, रवि कुमार सिंह, प्लाटून कमान्डर जय गोपाल सिह, अमर बहादुर सिंह व होमगार्ड गिरजेश सिंह, अमरीश बहादुर सिंह, लता सिंह, मनीष कुमार मिश्र, प्रमोद कुमार आदि लोगो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कमान्डेण्ट के सहायक विनय कुमार सिंह, वैतनिक प्लाटून कमान्डर सन्दीप सिह बी. ओ. भारत भूषण सिंह, राजवर्धन शुक्ला, विधानचन्द्र द्विवेदी वरिष्ठ सहायक अर्जुन सिंह कनिष्क सहायक राजेश सिह, अरुण कुमार, अन्जू आदि लोग मौजूद रहे।



# कार्य करने क्षमता ही होती है सफलता की कुंजी - प्रेमलता सिंह

## ● हरिहरपुर कैलहा में पृथ्वीराज चौहान की मूर्ति होगी स्थापित

**लोक मित्र ब्यूरो**

**लीलापुर प्रतापगढ़।** जब तक स्रोत नहीं मिलता तब तक पानी नहीं मिलता, वैसे ही जब तक विकास के सूत्र नहीं मिलते तब तक ग्राम सभाओं का विकास भी संभव नहीं हो पाता है।

ग्राम सभा हरिहरपुर कैलहा के प्रधान देवी प्रसाद मिश्रा को अधिवक्ता के विकास का स्रोत एवं सूत्र ढूंढने का महारत हासिल हो चुका है। इसके परिणाम स्वरूप हरिहरपुर कैलहा में जहां पानी की टंकी की स्थापना के साथ-साथ 15 परियोजनाओं का लोकार्पण भी संपन्न हो रहा है । उपरोक्त बातें जिला विकास अधिकारी श्री कृष्ण ने हरिहरपुर कैलहा के पृथ्वीराज चौहान प्रांगण में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित एक जनसभा में सब को हार्दिक बधाई देते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्रोत के रूप में जहां ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता सिंह मौजूद है, जिनके द्वारा 2,60,000 रुपये की पीने की पानी की टंकी पृथ्वीराज चौहान स्मारक स्थल पर लगाने का काम किया गया है। वही तमाम परियोजनाओं के माध्यम से विकास में लगभग करोड़ों रुपए का कार्य कराने में सफलता हासिल की है, जिसके सूत्र के रूप में यहां पर मौजूद एक- एक व्यक्ति है। वहीं सूत्र जानने एवं पहचानने की जरूरत होती है, जिसमें देवी प्रसाद को महारत हासिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रेमलता सिंह ने उपस्थित जनसमूह को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि कार्य करने की छमता जिसके अंदर होती है वही कार्य करने में सफल हो पाता है। प्रधान देवी प्रसाद की यही क्षमता ग्राम सभा के विकास में मील का पत्थर साबित हो रही है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रशांत सिंह ने कहा कि विकास कार्यों के लिए जहां भी याद किया जाएगा वहां पर ब्लॉक प्रमुख अथवा प्रतिनिधि के रूप में मैं कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए हमेशा तैयार मिलूंगा। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मणपुर तृतीय उमा सिंह के प्रतिनिधि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद गणेश प्रताप सिंह उर्फ काशी ने कहा कि पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापित करने के लिए अपने स्तर से भरपूर सहयोग करूंगा। कार्यक्रम का संचालन राजेश मिश्रा ने किया। अतिथियों का माल्यार्पण अंग वस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह देकर आयोजक प्रधान देवी प्रसाद मिश्र द्वारा सम्मानित किया गया। वही सैकड़ो गरीबों को कंबल प्रदान करके ठंड से बचने का उपाय भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधान देवी प्रसाद मिश्र ने कहा कि गांव की जनता हमारे लिए देवतुल्य है जिसने मुझे गांव की सेवा करने का अवसर प्रदान किया है। ऐसे में हम गांव के एक-एक व्यक्ति का सहयोग करने में कहीं से पीछे नहीं हटूंगा। कार्यक्रम में सरला इंटर कॉलेज चमरूपुर शुक्लान के व्यवस्थापक कौशलेंद्र शुक्ला, उदयनारायण तिवारी, अधिवक्ता भालेन्दु तिवारी, संदीप सिंह, बालेन्दू त्रिपाठी उर्फ मोनू ,अजय कुमार शुक्ला, आशुतोष ओझा, शिवम दुबे, सौरभ शुक्ला, पवन कुमार शुक्ला, पुनीत मिश्रा, नवनीत पांडे, अवनीश गौतम, आकाश जायसवाल, महेश पांडे तुलसीराम मिश्र, राजेश तिवारी, रवि मिश्रा, अनंत बहादुर सिंह, शीतला सिंह, मानसिंह ,जयकरण वर्मा ,पप्पू विश्वकर्मा, संजय सिंह, बबलू मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर चोरी करने के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के कंधई मधुपुर गांव के रहने वाले बृजेश वर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था। बीते 24 जनवरी की रात में घर के पीछे की दीवार के सहारे घर में घुसे चोरों ने घर के अंदर से 4 परात, 3 हंडा व 1 गगरा पीतल का चुरा लिया था। खोजबीन के दौरान पीड़ित को पता चला कि उक्त लोगों ने यह सामान एक जगह ले जाकर बेच दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को दिन में 2 बजे के आसपास तसलीम, अंकित, बाबा व वसीम के खिलाफ चोरी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही अग्रिम विधिक कार्यवाही में पुलिस जुटी हुई है।

# रामराज इंटरमीडिएट कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**



**पट्टी प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम की शुरुआत में झंडा रोहण के साथ दो महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रमशः पूर्व सांसद पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय एवं पूर्व विधायक पंडित रामराज शुक्ल जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्र जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह 26 जनवरी को देश अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। आज सबसे पहले हम देश की उन सभी नेताओं एवं स्वतंत्र ता संग्राम सेनानियों को सलाम करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया ताकि हम एक आजाद संप्रभु लोकतांत्रिक राष्ट्र में रह सकें। इसके अलावा मैं उन जांबाज सैनिकों को भी नमन करता हूं जो सीमा सीमाओं पर परिवार से दूर रहकर मुश्किल परिस्थितियों में देश की मान सम्मान एवं सुरक्षा में डटे हुए हैं। हमको 15 अगस्त 1947 को आजादी भले ही मिल गई हो पर हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। पहली बार गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया था। 26 जनवरी का दिन एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हम सबको आपसी प्रेम सौहार्द भाईचारा एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ देश सेवा में लगे रहना चाहिए। यही उन वीर सपूतों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम में सतीश पांडे राजेश दुबे राकेश मिश्रा एनसीसी ऑफिसर सुरेश मिश्रा नीलाभ मिश्रा साधुराम यादव प्रमोद दुबे लालमनि मिश्र उमाकांत तिवारी विनोद मिश्रा आदि रहे। संचालन हिंदी प्रवक्ता अरुण कुमार मिश्रा जी ने किया।

# जिलाधिकारी ने पूरेकेशवराय स्थित वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीपीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई हेतु निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने गोदाम में लगे सील लॉक को देखा एवं सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। जिलाधिकारी ने वीवीपैट वेयरहाउस के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा में लगे कर्मियों से वहां पर रखे गये अग्नि बुझाने वाले यंत्र को चलाने की जानकारी ली तो बताया कि जानकारी नही है इस पर जिलाधिकारी ने अग्निशमन विभाग को निर्देशित किया कि वीवीपैट वेयरहाउस में सुरक्षा कर्मियों को अग्नि शमन यंत्र चलाने का प्रशिक्षण दिया जाये।

# अपहरण,दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा अपहरण व दुष्कर्म के संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) श्री संजय राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अजीत कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना मानिकपुर श्री दीप नारायण के नेतृत्व में प्रशि0 उ0नि0 मु0 नदीम खान मय हमराह का0 गौरव कुमार, का0 ध्यानचन्द्र द्वारा दिनांक 27.01.2025 को देखभाल क्षेत्रध् संदिग्ध व्यक्तियोंध्वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर धारा 87, 64 बीएनएस से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त संदीप कुमार पुत्र राजकुमार पटेल निवासी ग्राम चौनी का पुरवा लालगोपालगंज थाना नबाबगंज जनपद प्रयागराज को थानाक्षेत्र मानिकपुर के भडचक गेट के पास से गिरफ्तार किया गया । विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियोग उपरोक्त में धारा 64 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई ।

# लक्ष्मणपुर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर विकासखंड में 76वां गणतंत्र दिवस समारोह विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ,जगह-जगह स्कूलों कॉलेजों में प्रभात फेरी निकाली गई, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा ध्वजारोहण करके मिष्ठान वितरित कर खुशी का इजहार किया गया । लक्ष्मणपुर ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख पति डा.राकेश सिंह प्रेमलता ने ध्वजारोहण किया तथा शहीदों को नमन करते हुए गणतंत्र दिवस को संविधान दिवस के रूप में बताया । पशु चिकित्सालय लक्ष्मणपुर में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील मिश्र ने ध्वजारोहण किया,रामशिरोमणि गीता शिक्षण प्रशिक्षण कॉलेज इटौरी मे प्रबंधक डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया, रमापति इंटर कॉलेज हरिहरपुर कैलहा में ग्राम प्रधान देवी प्रसाद मिश्र ने ध्वजारोहण किया।

काछा पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान अरविंद यादव व सेकेट्री धर्मेंद्र पटेल ने ध्वजारोहण किया। चमरूपुर पंचायत भवन पर प्रधान प्रतिनिधि राजा मौर्य ने ध्वजारोहण किया ,भारत इंडियन गैस कार्यालय पर सुदीप पांडेय ने ध्वजारोहण किया मेढावा राज भवन पर राणा सूबेदार सिंह ने ध्वजारोहण किया जय राजि कुंवरि बाबा पारस पाल सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय लीलापुर में प्रबंधक कमलेश बहादुर सिंह ,गणेश प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया । समाजसेवी संजय शुक्ल ने अपने सगरासुंदर पुर स्थित कार्यालय पर ध्वजारोहण किया। बाल विकास परियोजना कार्यालय पर सीडीपीओ ममता सिंह ने ध्वजारोहण किया महाविद्यालय में विद्यालय के प्रबंधक डॉ राकेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। कमल वस्त्रालय के प्रोपराइटर सरदार इंद्रजीत सिंह ने अपने प्रतिष्ठान पर ध्वजारोहण किया। इसी तरह साहबगंज लीलापुर चमरूपुर शमशेर गंज रानीगंज अजगरा पहाड़पुर बाबूगंज आदि क्षेत्र में भी गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

# वृद्ध दादा दादी का सम्मान पर्व की है सार्थकता - रोशनलाल उमरवैश्य



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस पर वृद्धाश्रम महुली में एलायंस क्लब ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। सभी वृद्धजनों ने झंडा रोहण करने के बाद देश भक्ति गीतों से पूरे आश्रम को देशभक्ति में रमा दिया। सुबह से ही देशभक्ति गीतों में मेरा रंग दे बसंती चोला, ऐ मेरे वतन के लोगों आदि गानों पर वृद्धजन थिरक रहे थे। क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने सभी वृद्ध दादा दादी को तिरंगा व पतिंका पहनाकर सम्मानित करते हुए कहा कि आज गणतंत्र दिवस पर पूरे देश में तरह-तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। ऐसे में यहां रह-रहे दादा दादी में कुछ ऐसे हैं जिन्होंने देश को गुलामी से आजाद होते हुए देखा है और अपना योगदान भी दिया है। इन सब का सम्मान करना ही गणतंत्र दिवस पर्व की सच्ची सार्थकता है। कार्यक्रम में शिव बाबू, जय राम दादा आदि ने गणतंत्र दिवस के विषय में विस्तार से बताया। वृद्धजनों ने भारत माता के जयकारा लगाकर उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर प्रबंधक अंबिका प्रसाद आदर्श कुमार, छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार, जितेंद्र, धर्मेंद्र, अमित कुमार, आशिक अली, विवेक आदि क्लब के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीबीपीजी कालेज में आयोजित क्रिकेट व बैडमिंटन में कला संकाय की टीम बनी विजेता



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में पीबीपीजी कॉलेज सिटी में कला और विज्ञान संकाय के बीच क्रिकेट और बैडमिंटन का मैत्रीपूर्ण मैच खेला गया। जिसमें कला संकाय की टीम विजेता बनी। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रबंधक भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने शुभारंभ किया।

क्रिकेट मैच में टॉस जीतकर कला संकाय के कप्तान प्रो.बृजभानु सिंह ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एक विकेट खोकर कला संकाय की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों के मैच में 96 रन बनाए।जिसमें अरविंद सिंह के नाबाद 48 रन,राकेश सिंह के 17,डॉ. जितेंद्र सैनी के सात व डॉ. शिव प्रताप सिंह के आठ रन शामिल रहे। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी विज्ञान संकाय की टीम कृष्णचन्द्र 27 एवं अजय मिश्र के 23 रन की बदौलत छह विकेट खोकर महज 78 रन ही बना सकी। डॉ.शिव प्रताप सिंह के दो मेडन ओवर से टीम दबाव में आ गई।

राकेश सिंह,अरविंद सिंह व रवि प्रकाश सिंह को सफलता मिली। महिला वर्ग के बैडमिंटन मैच में कला संकाय की डॉ.श्रद्धा श्रीवास्तव विजेता व डॉ. भावना सिंह की टीम उपविजेता रही।अंपायरिंग रमेश पप्पू,रोहन कुमार ने किया। स्कोरिंग धीरेंद्र प्रताप सिंह व कमेंट्री डॉ. अखिलेश मोदनवाल,अजीत प्रताप सिंह ने किया। प्राचार्य प्रो.अमित कुमार सिंह ने विजेता टीम को बधाई दी। कहा कि जल्द ही स्पोर्ट्स एकेडमी को नया रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर प्रो. ब्रह्मानंद प्रताप सिंह,रश्मि सिंह, प्रो.रामराज,डॉ.राजीव कुमार सिंह,डॉ. वर्षा जायसवाल,दिनेश कुमार,डॉ.केके सिंह,डॉ.सीपी पांडेय,डॉ.वंदना सिंह,सुनीत सिंह,संतोष सिंह,बालेंदु प्रताप सिंह,उमेश सिंह आदि रहे।

# डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक सम्पन्न

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 विषयक डिस्ट्रिक्ट कोआपरेटिव डेवलपमेन्ट कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के संयोजक सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता देवेन्द्र बर्मन द्वारा अवगत कराया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के अन्तर्गत सहकारिता विभाग द्वारा वर्ष भर मासिक आधार पर एनुवल एक्शन प्लान बनाकर कार्य किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत सहकारी समितियों में वार्षिक सामान्य निकाय की नियमित बैठक, समस्त सहकारी समितियों में अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के प्रतीक/लोगो का प्रदर्शन सहकारिता ध्वज फहराया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने कमेटी के सभी सदस्यों को निर्देशित किया कि विभागवार प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाये तथा प्रत्येक विभाग की योजनाओं को जन-जन तक सुलभ बनाया जाये। पैक्स कम्प्यूटराइजेशन के कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण किया जाये। बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अपर जिला कृषि अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, दुग्ध विभाग के प्रतिनिधि, उप महाप्रबन्धक डी0सी0बी0, आदि उपस्थित रहे।

# मुकदमें में सुलह न करने पर मिल रही धमकी, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मुकदमें में सुलह न करने पर आरोपीगण पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मामले को लेकर पीड़िता ने आरोपियो के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे गिरधर सहाय तिना गांव की कोयला देवी पत्नी स्व. सालिकराम वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वर्ष 2022 में गांव पड़ोसी अमृतलाल पुत्र रामदीन समेत चार लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़िता का आरोप है कि इस मुकदमें में सुलह समझौते का दबाव बनाते हुए आरोपी अमृतलाल, पवन कुमार, बबलू उर्फ रामबचन, दारा आये दिन धमकी दी जा रही है। जिससे पीड़िता व उसका परिवार डरा सहमा है। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# गणतंत्र दिवस पर गदियान गाँव में लगी ग्राम चौपाल

## ▶▶ लोकपाल ने शिकायतों का किया स्थलीय निरीक्षण एवं दिया आवश्यक निर्देश

**लोकमित्र ब्यूरो**



**प्रतापगढ़।** विकास खंड सांगीपुर के गदियान गाँव में गणतंत्र दिवस पर ग्राम चौपाल का भव्य आयोजन पंचायत भवन में किया गया। चौपाल में जिला लोकपाल समाज शेखर की अध्यक्षता में ग्रामीणों से जन सुनवाई व संवाद किया। शिकायत कर्ता राम मिलन सहित चौपाल में प्राप्त शिकायतों का किया स्थलीय निरीक्षण कर सभी पक्षों को सुना व आवश्यक निर्देश दिया। ग्रामीणों की मांग पर प्रतिमाह नियमित बैठक करने तथा सतर्कता एवं निगरानी समिति को नियमानुसार एक सप्ताह में पुनर्गठित कर सक्रिय करने का निर्देश दिया। लोकपाल समाज शेखर ने ग्रामीणों से सार्वजनिक व सरकारी कार्यो में निस्वार्थ भागीदारी की अपील करते हुए ग्राम के विकास कार्यो में जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने का आवाहन किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पंचायत भवन के पास बने मनरेगा के चकमार्ग पर ईट भट्टे के अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए बीडीओ को जांच कर आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया। ग्राम के बीचो बीच अव्यवस्थित जल निकासी की ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण करके जायजा लिया। पंचायत को सुव्यवस्थित नाली व आस पास के घरों में सोखता पिट बना कर समाधान को कहा। रास्ता, नाली, पेयजल आदि की समस्याओ पर त्वरित कार्यवाही को पंचायत सचिव को निर्देश दिया।शिकायत कर्ता राम मिलन की शिकायतों तथा इस संबंध में हुई पूर्व जांचो का स्थलीय निरीक्षण व जायजा लिया गया। भारत के घर से मनोज के घर तक खडंजा कार्य , पंचायत भवन, पंचायत भवन से नाला तक खडंजा निर्माण आदि का स्थलीय निरीक्षण किया। शिव मंगल के घर से सदाशिव के घर तक इंटर लॉकिंग देखा। कार्य पूर्ण है परंतु शिव मंगल के घर तक मार्ग निर्माण नही हुआ। स्थानीय व्यक्तियों तथा मनरेगा कर्मियों से तथ्य एकत्र किये गए। बीडीओ व डी सी मनरेगा कार्यालय से उक्त जांचो के संबंध में जांच आख्या व अन्य आख्या हेतु लोकपाल द्वारा अबिलम्ब अपेक्षा की गई है। इस अवसर पर लोकपाल द्वारा पर्यावरणविद् सुंदरम तिवारी व ग्रामीणों के साथ पीपल व पाकड़ के पौध का रोपण पंचायत भवन में किया गया और सुरक्षा व संरक्षण की जिम्मेदारी हेतु ग्राम पंचायत को निर्देश दिया।लोकपाल समाज शेखर ने ग्राम के बगल स्थित अति प्राचीन भैरवन धाम का दर्शन पूजन किया और वहाँ के पर्यटन विकास कार्यो की प्रगति से रूबरू हुए। धाम स्थित अति प्राचीन बचकुन वृक्ष के संरक्षण व सौंदयीकरण हेतु ग्राम पंचायत को सुझाव दिया। वहीं गणतंत्र दिवस पर प्रसिद्ध घुश्मेश्वर नाथ धाम महादेव की विशेष श्रृंगार आरती में महंत जी के मार्गदर्शन मे प्रतिभाग किया।

# गणतंत्र दिवस पर विद्यालय के प्रबंधक ने किया ध्वजारोहण



**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।** क्षेत्र के रानीगंज अजगरा बढ़नी स्थित राजा दिनेश सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज मे बडे ही धूमधाम के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया । कॉलेज के प्रबंधक रमाकांत शुक्ल ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस को संविधान दिवस के रूप मे मनाया जाता है। इसी दिन पूरे देश में संविधान लागू हुआ था । भाजपा नेता एवं सदर ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि 76 वां गणतंत्र दिवस हम लोगों के लिए बड़े ही गर्व का विषय है । कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके उपस्थित लोगों का मन मोह लिया । इस अवसर पर सूर्यमणि त्रिपाठी, राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान उदय प्रताप सिंह , प्रिंसिपल अमर बहादुर यादव, सहित बुद्ध जीवियो का जमावड़ा रहा ।

# विभिन्न कार्यक्रमों संग राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**लोकमित्र ब्यूरो**




**प्रतापगढ़।** विगत 21जनवरी से प्रारम्भ राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का आज समापन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शिखा पाण्डेय, सुचिता पाण्डेय द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वन्दना, शालिनी, साक्षी द्वारा साई वन्दना एवं मानसी, शैलजा द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से किया गया। अमेठी रोड स्थित वॉव एजुकेशन की कार्यकारी प्रधानाचार्या श्रीमती अनामिका त्रिपाठी ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का सिद्धान्त है कि हम अपने लिये नही दूसरों के लिये जीते है और शायद यही मानवता के संरक्षण के लिए आवश्यक भी है। यदि समाज के सभी लोग अपने लिये नही दूसरों के लिए जीना प्रारम्भ कर दे तो अधिकांश समस्याएं स्वतः हल हो जायेगी।

इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनन्त प्रकाश शुक्ला ने सेतापुर, भरतपुर एवं चौबेपुर ग्रामसभाओं में लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों, स्वास्थ्य, डिजिटल फ्राड और फाइनेन्सियल लिट्रेसी जैसे विषयों से अवगत कराया। छात्राओं ने सम्बन्धित ग्रामसभाओं में महिलाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों से अवगत कराते हुए सुखी परिवार बनाने के मंत्र दिये।महाविद्यालय के क्रीडा परिषद के अध्यक्ष संजय पाण्डेय ने छात्राओं को स्वास्थ रहने के गुरूमंत्र दिया। उन्होने स्वस्थ्य शरीर और स्वस्थ्य मस्तिष्क का संकल्प कराया। श्री पाण्डेय ने विभिन्न प्रकार की क्रीडा गतिविधियों को विशेष शिविर में संचालित कर विशेष शिविर को अत्यन्त रोचक बना दिया। छात्राओं ने श्री पाण्डेय के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। बी0एड0 के विभागाध्यक्ष ने छात्राओं को विशेष शिविर के अंतिम दिन सम्बोधित करते हुये कहा कि सभी छात्राएं जीवन पर्यन्त इसी प्रकार समाज से जुड़ कर समाज के लोगो का सहयोग करती रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाइयों के कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 अनीता पाण्डेय, डॉ0 प्रतिभा मिश्रा द्वारा किया गया।

# संस्कार ग्लोबल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**प्रतापगढ़।** संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। ध्वजारोहण प्रिंसिपल समीना अख्तर ने किया। छात्र - छात्राओं ने नृत्य,गायन व नाटक का मंचन कर देशभक्ति का संदेश दिया। विद्यालय के निदेशक संजय सिंह ने कहा कि देश प्रेम केवल एक सैनिक बनकर ही नहीं अपितु एक साधारण नागरिक बनकर भी दिया जा सकता है। बच्चों से कहा कि अपने देश को साफसुथरा रखकर,जरूरतमंदों की मदद कर, बिजली बचा कर, पेड़ लगाकर, पानी बचाकर भी देशभक्ति प्रदर्शित कर सकते हैं। संचालन अविनाश सिंह व अजय प्रजापति ने किया। इस अवसर पर संगीत दुबे,गुंजन सिन्हा,लक्ष्मी, ओमिका सिंह, शलभ सिंह,पंकज सिंह,विकास सिंह,अजय तिवारी आदि मौजूद रहे।

# महाकुम्भ का संयोजन कर रही कोई दिव्य शक्ति-स्वामी सुमनानन्द गिरि

## आचार्य, धर्माचार्य, अखाडों के साथ सरकार है निमित्र मात्र, गोस्वामीजी द्वारा पूजित दुर्लभ शालिग्राम मूर्ति के हैं साधक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** पूरी दुनिया में चर्चित प्रयागराज का सांस्कृतिक आयोजन महाकुम्भ पर्व में आस्था का सैलाब देखा जा रहा है। पूर्ण महाकुम्भ का अलौकिक आयोजन किसी साधु, संत और अखाड़ों तक सीमित नही है। इससे पूरा ब्रह्मांड प्रभावित है और आस्था के इस सैलाब का संयोजन कोई अदृश्य शक्ति कर रही है।

उज्जैन मौन पीठ के महामण्डलेस्वर सुमनानंद गिरी महराज प्रेस वार्ता में महाकुम्भ आयोजन पर
अपने विचार और राय व्यक्त की है।

स्वामी सुमनानन्द ने पत्र प्रतिनिधियों को बताया कि सरकार और धर्माचार्यो के साथ आस्थावान श्रद्धालु इस दिव्य भव्य आयोजन में निमित्त मात्र हैं।यहाँ आने वाले कल्पवासी और दंडी सनातन समागम का हिस्सा है। यहाँ कुछ संत, साधक यैसे हैं जिनका कोई शिविर नही है।अखाड़ों की चमक दमक से इनका सरोकार नही है।इनकी



साधना इस बडे आयोजन व्यवस्था की साधक है। उज्जैन महाकाल नगरी से पधारे महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि महाराज अपने आचार,विचार,सोच और साफगोई को लेकर चर्चा में हैं। उनकी पहचान न केवल उनके जप तप और साधना से है, बल्कि उनके पास गोस्वामी तुलसीदास द्वारा पूजित दुर्लभ शालिग्राम मूर्ति भी है।

यह मूर्ति उन्हें वाराणसी में कथा से प्रभावित होकर टोडरमल के वंशजों ने उपहार स्वरूप दी थी। महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि सनातन धर्म के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कई गैर-हिंदुओं को सनातन धर्म में वापसी करवाई है।उनका मिशन सनातन जागरण है।

धर्मांतरण को लेकर उन्हें कई बार धमकियाँ मिल चुकी हैं।लेकिन अपने गुरु की प्रेरणा और दृढ़ निष्ठा के चलते वे अपने मार्ग पर अडिग हैं।उनका मानना है कि देश मे विभिन्न धर्म मानने वालों की निष्ठा सनातन के प्रति विद्यमान है सिर्फ उसे जगाने की जरूरत है।

उनका कहना है कि धर्म आंतरिक शक्ति का विषय है और जब यह जागृत होता है, तो बाकी सब गौण हो जाता है।महाकुंभ का यह दिव्य आयोजन सनातन धर्म और आस्था का अनुपम उदाहरण है। सुमनानंद गिरि जैसे कई संत इस आयोजन की आत्मा हैं, जो अपनी निष्ठा और कर्म से लाखों लोगों को प्रेरणास्रोत बने हैं।

### तप और साधना के बिना महामंडलेश्वर बनने का कोई महत्व नहीं - सुमनानन्द

फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी को महामंडलेश्वर बनाए जाने के सवाल पर सुमनानंद गिरि ने कहा कि तप और साधना के बिना इस पद का महत्त्व नहीं है। उन्होंने डाकू रत्नाकर का उदाहरण देते हुए कहा कि तपस्या ने ही उन्हें महर्षि वाल्मीकि बनाया। यदि ममता कुलकर्णी अपनी साधना और समर्पण से सनातन धर्म के उत्थान में योगदान देना चाहती हैं, तो यह सराहनीय है। लेकिन यदि यह केवल प्रचार का साधन है, तो इसे उचित नहीं ठहराया जा सकता।

### 75 वर्षों से जल रही है अखंड ज्योति

उज्जैन के मौनी तीर्थ पीठ में पिछले 75 वर्षों से अखंड ज्योति जल रही है। इस ज्योति के समक्ष महामृत्युंजय जाप लगातार चल रहा है, जो 108 वर्षों तक चलेगा। उनका कहना है कि साधु-संतों की महिमा उनके नाम या उपाधियों से नहीं, बल्कि उनके त्याग और तप से होती है।

# मतदाता तय कर सकते हैं देश की दिशा व दशा

## समहन स्कूल में मतदाता जागरूकता के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय समहन प्रथम में वार्षिकोत्सव के साथ मतदाता दिवस समारोह का आयोजन किया है। स्कूल के प्रधानाध्यापक सुधाकर द्विवेदी ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक मतदाता की अहमियत है।हम अपने एक वोट के जरिए देश की दशा और दिशा बदलने में सक्षम हैं।हमे अपने मत की कीमत समझनी होगी।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव में स्कूल के छात्रों के साथ अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था।इसमे स्कूल के बच्चों ने अपने सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए खूब तालियाँ बटोरी।नन्हे बच्चों ने गीत,गायन और नृत्य के जरिए लोगों को मन्त्रमुग्ध कर दिया।अभिभावकों ने बच्चों को तराशने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों को सराहा है।

श्री सुधाकर द्विवेदी ने अभिभावकों को मताधिकार के लिए जागरूक किया है।उंन्होने कहा कि हमारे वोट ही हैं जो सरकार बनाते और अपेक्षा पर खरे नही उतरने पर उस सरकार को उखाड़ फेंकते हैं।हमें अपनी ताकत को पहचानना होगा और समय पर उसका प्रयोग करना न्याय संगत होगा।

कार्यक्रम में गुलाबचंद शर्मा,सुरेश शर्मा,सांजय मिश्र,संजीव शर्मा,त्रिवेणी शंकर मिश्र,पवन शर्मा,ज्ञान शंकर मिश्र,शिवम यादव के साथ विद्यालय स्टाफ चेतना तिवारी,सुमन गुप्ता,आशा देवी,रामनगीना सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पँचायत का विकास व व्यवस्था हमारी प्रतिबद्धता-ललिता सिंह

## पैसिया चौहान में प्रधान ने किया गरीबों में कम्बल वितरण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** पँचायत के लोगों ने हमे विकास और खुशहाली के लिए कुर्सी सौंपी है।हमारा दायित्व है कि उनके सपनों को साकार करें ,जिससे उनका भरोसा कायम रहे।यह बातें अमोरा की प्रधान श्रीमती ललिता सिंह ने गांव के गरीबों को कम्बल वितरण के मौके पर व्यक्त किया है।

क्षेत्र के अमोरा ग्राम पंचायत की प्रधान श्रीमती ललिता सिंह ने गांव के मजरे पैसिया चौहान में कम्बल वितरण किया है।मौके रहे प्रधान प्रतिनिधि विक्रमा सिंह चुलबुल ने कहा कि हम पँचायत के वहुमुखी विकास के साथ उन गरीबों का दुख दर्द बांटना चाहता हूं, जो वाकई में अभावग्रस्त जीवन जी रहे हैं।सरकार उनके लिए मुफ्त राशन देकर उनके जीवन को सुखद बनाने का प्रयास कर रही है।हम पँचायत के प्रधान के नाते उनके साथ हर मुश्किल की घड़ी में खड़े हैं।लोगों ने जिस विश्वास से मुझे वोट किया है मैं उस भरोसे को कायम रखना चाहता हूं।प्रधान ने पँचायत के 100 गरीबों को ठंढ से बचने के लिए कम्बल वितरित किया है।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा गिनती के लोगों को कम्बल दिया गया है।गांव के कई जरूरतमंदों को लाभ नही मिल पाया था। पँचायत के उन गरीबों तक कंबल पहुंचाया गया,जिन्हें इसकी जरूरत है।हम भविष्य में भी पँचायत के विकास और सहयोग के लिए सक्रिय रहूंगी।इस अवसर पर ग्राम प्रधान ललिता सिंह, विक्रमा सिंह, जिला पंचायत सदस्य देशराज सिंह, बुलबुल सिंह, बीके मिश्रा, आशीष सिंह, भीमेंद्र मिश्रा, विपिन मिश्रा, शिव मिश्रा, असगर अली, मोहम्मद याकूब, हंसराज सिंह, गुलाब सिंह आदि मौजूद रहे।

# ब्रेन हेमरेज से रोजगार सेवक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** ग्राम पंचायत होलागढ़ के रोजगार सेवक सुभाष यादव पुत्र शोभनाथ यादव निवासी होलागढ़ बाजार की शनिवार को आचनक तबीयत खराब हो गई।



फाइल फोटो

घर वाले उनको प्रयागराज के सरस्वती हार्ट केयर सेंटर ले गए। वहां रात को उनकी मौत हो गई। डॉक्टरों ने परिजनों को बताया कि इनको ब्रेन हेमरेज हो गया था। उनके दो लड़के हैं। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। खंड विकास अधिकारी संजीव रत्न ने कहा कि ईपीएफ के साथ साथ परिवार के किसी व्यक्ति को उनके स्थान पर नौकरी और बीमा की धनराशि सरकार से दिलाई जाएगी।

# मेजा ऊर्जा निगम ने 76वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित किया समारोह

## मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरँगा, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया गया पुरस्कृत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मेजा ऊर्जा निगम ने रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया। मेजा ऊर्जा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक प्रेरणादायक भाषण दिया है। उन्होंने मेजा ऊर्जा निगम की विशेष उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस देशभक्ति से ओत प्रोत अवसर पर, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, डीजीआर सुरक्षा व सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों की पल्टन ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर अपराजिता महिला समाज की अध्यक्षा, श्रीमती कृष्णा चट्टोपाध्याय भी मौजूद रहीं।



श्री चट्टोपाध्याय ने सम्बोधन में कहा कि भारत एक लोतंत्रिक देश है।हम देश के संविधान का सम्मान करते हैं।देश गणतंत्र की गरिमा और रास्ट्रीय ध्वज तिरँगे का सम्मान करता है।गणतंत्र दिवस को हम रास्ट्रीय पर्व के रूप में मनाते हुए राष्ट विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते है।संस्थान स्वच्छता व वेहतर पर्यावरण के लिए संकल्पित है।मैं ऊर्जा निगम के विकास में सहयोगी कर्मयोगियों को शुभ कामनाएँ देता हूँ। गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए अवर लिटिल किंगडम, बाल भवन, बाल सृजन और सेंट जोसेफ स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत करके सबको देशभक्ति के रंगों में रंग दिया।

इसके बाद, मेजा ऊर्जा निगम ने उन कर्मचारियों को मेरिटोरियस अवार्ड्स से सम्मानित किया, जिन्होंने पूरे वर्ष अपने कार्यक्षेत्र में अद्वितीय प्रदर्शन किया है।कार्यक्रम के दौरान अविजित चटर्जी, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ), अनिल बवेजा, महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग), चंद्र शेखर, महाप्रबंधक(परियोजना निर्माण), अजीत बसाक, महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण), पी.के. साबत, महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री), विवेक चंद्र, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन), श्रीमती मनीषा पांडे (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), कर्मचारी यूनियन एवं कार्यपालक संघ के प्रतिनिधि और साथ ही विभिन्न विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी व उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

समारोह के समापन पर विवेक चंद्र, विभागाध्यक्ष (मानव संसाधन) ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# होलागढ़ इलाके में शान से फहराया गया तिरंगा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** विकास खंड के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों मे गणतंत्र दिवस के अवसर पर शान से ध्वज/ तिरंगा फहराया गया। इस मौक़े पर लोगों ने




शहीदो को नमन कर डा भीम राव अम्बेडकर और राष्ट्रपिता महात्मा गाधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। ब्लाक कार्यालय में बीड़ीओ संजीव रत्न और ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी, सीएचसी मे अधीक्षक डा जितेन्द्र सिंह, बीआरसी मे बीईओ लालजी शर्मा, पंचायत भवन कल्याणपुर में ग्राम प्रधान अर्चना देवी पत्नी रबीन्द्र राजा, सविलयन स्कूल हंसराजपुर में शिक्षक नेता राकेश मिश्र नगरहा, सुल्तानपुर अकबर मे प्रधान मो अजीम, तवकलपुर में शिक्षक मंत्री प्रेम चन्द्र पटेल, चाटी मे हर्ष मणि शुक्ल, बालाडीह मे प्रधान प्रमोद सिंह, ऊँचडीह मे अशोक मौर्य, उमरिया बादल मे प्रधान महेंद्र यादव, दीप अस्पताल रामगढ़ मे डायरेक्टर डा पवन मिश्र, बभनपुर में प्रधान सज्जन, पुलिस बूथ कल्याणपुर में एसआई अनुकेश गिरि आदि ने ध्वज फहराया। उधर, पंचायत भवन कल्याणपुर में प्रधान अर्चना देवी पत्नी रबीन्द्र कुमार ने ध्वज फहराया। यहाँ संगीत पार्टी के अजब नारायन मिश्र और धर्मराज ने अपने गीतों से समा बांध दिया। इस मौक़े पर विडीओ मुकेश, एसआई अनुकेश गिरी, बच्चू लाल यादव, सूर्य प्रसाद धुरिया आदि मौजूद रहे।

# स्वामी रामभद्राचार्य भारत रत्न के हकदार- गोपाल राय

## कुम्भनगर में रैली निकालकर दिया सरकार को संदेश, सनातन धर्म बोर्ड के गठन पर संगठन ने की आवाज बुलंद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भनगर।** देश के अलौकिक संत, तुलसी पीठाधीश्वर एवं पद्मभूषण से सम्मानित जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य महराज को उनके दिव्य ज्ञान और सनातन रक्षा के संकल्प लिए देश के कई मंचों से भारत रत्न देने की मांग उठ रही है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में कुम्भनगर में एक रैली निकालकर स्वामी जी को भारत रत्न देने एवं सनातन धर्म बोर्ड गठन की मांग दोहराई गयी है।

कुम्भनगर के सेक्टर 24 अरैल क्षेत्र में निकाली गयी रैली के बाद, संबोधन में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के रास्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि राम मंदिर निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किए गए ऐतिहासिक और धार्मिक साक्ष्यों को कोर्ट ने सही माना, जो कि



ऐतिहासिक फैसले के आधार बना था।श्री राय ने कहा कि स्वामी रामभद्राचार्य जी ने न केवल धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान दिया है, बल्कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणों ने अयोध्या विवाद को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसमें उनकी भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता। श्री राय ने कहा कि स्वामी रामभद्राचार्य जी एक विद्वान, धर्मगुरु और समाजसेवी हैं। उन्होंने अपने जीवन को धर्म और सेवा के लिए समर्पित किया है।

500 वर्षों के राम मंदिर आंदोलन में उनकी भूमिका अनुकरणीय रही है, और यह उचित होगा कि उनके योगदान को सम्मानित करते हुए उन्हें भारत रत्न से अलंकृत किया जाए। एवं सनातन धर्म बोर्ड का गठन किया जाए। उनके अलौकिक एवं दिव्य ज्ञान की क्षमता असीमित है।उन्होने अपने साक्ष्यों में प्राचीन ग्रंथों, वेदों और पुराणों के माध्यम से अयोध्या में राम मंदिर के अस्तित्व को साबित किया था।

उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणों को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से प्रमाणिक माना है। उनका योगदान अतुल्नीय है और वह भारत रत्न के हकदार हैं।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पंकज प्रधान, नीरज मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता, कृष्णा पाण्डेय, हिमांशु धवल, शालू पाण्डेय, आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, दिवाकर पटेल, अभिषेक मौर्या, शाश्वत मिश्रा, सुरेन्द्र पटेल, राघवेंद्र राय, जवाहर लाल गुप्ता, राहुल सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीडी सेंट्रल स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के बीडी सेंट्रल एकेडमी, खानपुर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने झंडारोहण कर तिरँगे को नमन किया। उंन्होने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें मजबूत लोकतंत्र का बोध कराता है।

स्कूल के बच्चो ने इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। देश रंगीला गीत पर बच्चो ने नृत्य कर खूब धमाल मचाया है।कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चो को स्कूल के प्रबंधक वेद प्रकाश गुप्ता, निदेशक बबिता गुप्ता, प्रधानाचार्य मेवा लाल यादव ने मेडल देकर पुरस्कृत भी किया।

मौके पर स्कूल के शिक्षक संतोष कुमार, मारुतध्वज द्विवेदी, अल्का सिंह, गुंजा देवी,वंदना शुक्ला, अंजली, दीक्षा सेठ, सरिता यादव, अर्पिता कुशवाहा, निकिता कुशवाहा, खुशबू गुप्ता इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# नैनी में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतन्त्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** महर्षि विद्या मन्दिर नैनी में हर्ष एवं उल्लास के साथ 76 वां गणतन्त्र दिवस मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीगुरू पूजन से हुआ । विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला ने तिरंगे को नमन करते हुए ध्वजारोहण किया तत्पश्चात् सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाए । विभिन्न देशभक्ति नारे प्यारे भारत देश को समर्पित किया गया । छात्रों ने सुसज्जित परिधानों से युक्त जोशीला मार्च पास्ट प्रस्तुत किए। वन्दे मातरम के नारे एवं भारत माता की जय के उद् घोष से विद्यालय प्रांगण गूंज उठा । अगली कड़ी में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने भाषण, देशभक्ति गीत एवं अन्य गीत प्रस्तुत किए । प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा चन्दोला ने सभी को गणतन्त्र दिवस हार्दिक बधाइयाँ देते हुए भारतीय संविधान एवं संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इसी क्रम में कमला पब्लिक स्कूल, नैनी में धूमधाम से गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पन्नालाल, पूर्व आईपीएस अधिकारी और जय प्रकाश पाल (जयपुरिया स्कूल के प्रधानाचार्य) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसे मुख्य अतिथि डॉ. पन्नालाल ने किया। दीप जलाने के बाद उन्होंने समारोह का शुभारंभ किया और सभी उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रबंधक सुशील तिवारी द्वारा दिया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि और अन्य



गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. पन्नालाल ने अपने संबोधन में बच्चों को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने देश की सेवा के लिए शिक्षा और कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करें।जय प्रकाश पाल ने भी बच्चों से अपनी जिम्मेदारियों को समझने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में काम करने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। इसी क्रम में

मेले में शिवम् अक्षयवट हास्पिटल और पीपुल्स वेलफेयर सोसायटी ने संयुक्त रूप गणतंत्र दिवस मनाया और निऱ्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया, ध्वजा रोहण के बाद डॉ ए.के.राय ने संबोधित करते हुए बताया है कि आज देश अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है, किन्तु हमें शहीदों के बलिदान को याद रखना होगा, और जैसे भारत की कल्पना किया था हमें वैसा भारत बनाना होगा, जो अपराध मुक्त हो, भ्रष्टाचार मुक्त हो, अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने आने वाली पीढ़ियों को विरासत में क्या देना चाहते हैं, एक ऐसा परिवेश जहां ज़िन्दगी जिने के लिये संघर्ष करना पड़े या एक ऐसा परिवेश जहां सुकुन की जिंदगी हो, उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन एक घंटा समय निकालना चाहिए अपने समाज और राष्ट्र के लिए, पीपुल्स वेलफेयर सोसायटी की सचिव डॉ नम्रता राय ने नेत्र शिविर का उद्घाटन करते हुए बताया कि सोसायटी और हास्पिटल ने संयुक्त रूप से हर वर्ष कल्पवासियों और संन्यासियों के एक माह निऱ्शुल्क दवा वितरण का शिविर करते हैं, शिविर में डॉ गोपाल द्वारा लगभग 250 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया एवं जरूरतमंदों को चश्मा दिया गया, शिविर में डॉ आनन्द, अजय उपाध्याय, आकाश, धीरेन्द्र प्रताप, विरेन्द्र, एवं अन्य सभी स्टाफ उपस्थित थे। इसी क्रम में मां शारदा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नैनी में 76वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गणेश सिंह एवं उत्तम कुंवर सिंह रहे। दोनों मुख्य अतिथियों ने प्रबंधक परमात्मा कुंवर सिंह के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद यूकेजी से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चों ने एक के बाद एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य कृष्णराज सिंह एवं प्रबंधक परमात्मा कुंवर सिंह ने राष्ट्रवाद के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और लोक तंत्र समानता एवं न्याय के मूल्यों की याद दिलाई। बच्चों को मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर वरिष्ठ अध्यापक व उप प्रधानाचार्य सोनू जी, एसबी यादव, अशरफ जी, बीके सर, शिक्षिका पूजा, प्रतिमा पांडेय, रूपा, दीप्ति आदि शामिल रहे। इसी क्रम में विशप कॉन्वेंट स्कूल एडीए कालोनी नैनी स्थित विद्यालय परिसर में अध्यापक अध्यापिकाओं एवं छात्रों की उपस्थिति में देश का 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के डायरेक्टर संजय पाठक मैनेजर श्रीमती अलका पाठक प्रधानाचार्य श्रीमती रुचि मिश्रा उप प्रधानाचार्य श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव के द्वारा ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्गान गाया गया तत्पश्चात माता सरस्वती एवं विभिन्न शहीदों को उनकी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर देश के उज्जवल भविष्य की एवं छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस अवसर पर विद्यालय के विभिन्न छात्राओं के द्वारा देश गीत एवं लोकगीत बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए गए अवसर पर अंकित मिश्रा, शिफा अंसारी अनन्या, वैष्णवी, संस्कृति, आंचल, रिदीम, कलश, अभिषेक गुप्ता ,यश पांडे, गौतम वंशकर आदि बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रधानाचार्य श्रीमती रुचि मिश्रा ने संविधान पर प्रकाश डाला इस क्रम में विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती अलका पाठक ने बाबा साहब के अति महत्वपूर्ण कार्य भारत के संविधान की रचना की महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के डायरेक्टर श्री संजय पाठक जी ने सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को इस महत्वपूर्ण दिवस पर उनकी संपूर्ण उपस्थिति एवं भागीदारी पर धन्यवाद दिया अंत में सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस-

सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण विद्यालय निदेशक डॉ पन्ना लाल, प्रबंधक डॉ अजय कुमार, अपर निदेशक सुशील तिवारी प्रधानाचार्य जय प्रकाश पाल, डॉ वीनू श्रीवास्तव प्राचार्या किशोरी लाल पी जी कॉलेज ,डॉ सतीश वर्मा प्राचार्य किशोरी लाल डिग्री कॉलेज ने किया। गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया 7 गणतंत्र दिवस के एक दिन पूर्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा प्ले ग्रुप, नर्सरी के नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा बनाओ एवं रंग भरो प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने तिरंगा बनाकर उसमें रंग भर बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ प्रतिभा किया। इसके साथ ही नन्हे- मुन्ने बच्चों ने परेड की प्रस्तुति की जिसको देखकर लोगों के बीच जोश भर गया ये प्यारे प्यारे, नन्हे ङ्क मुन्ने बच्चे झंडा लहराते हुए परेड करते हुए लोगों के बीच भारत के प्रति एक देश भावना जागरूक कर रहे थे। कक्षा एक से नौ तक के विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। यह प्रतियोगिता दो चरणों में संपन्न हुई। कुछ प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया, जिसमें संविधान पर आधारित प्रश्न उत्तर बच्चों से पूछ के माध्यम से प्रश्न पूछे गए।

उक्त अवसर पर विद्यालय के को ऑर्डिनेटर वरुण शुक्ल, अर्पित कुमार शुक्ल, प्रीति दुबे शारीरिक शिक्षा प्रभारी मयंक मिश्र, आर्यन शुक्ल,स्नेहलता,रक्षा आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में मां गायत्री ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन मवैया, नैनी प्रयागराज परिसर में 76 वा गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर ध्वजारोहण किया गया एवं कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

स्वर्णिम भारत विरासत एवं विकास विषय पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम के दौरान एकेडमिक प्रशासक अखिल टंडन, मवैया चौकी प्रभारी संजीव दुबे एवं स्वप्निल श्रीवास्तव द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान वातावरण देश भक्ति और राष्ट्रीय गौरव के भाव से भरा रहा।

# महाकुम्भ पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, संतों के साथ संगम में लगाई डुबकी



**महाकुम्भ नगर,(हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को संतों के साथ संगम में आस्था की डुबकी लगाई। केंद्रीय गृहमंत्री सोमवार पूर्वाह्न 11:25 बजे प्रयागराज पहुंचे। एयरपोर्ट पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, योगी कैबिनेट के मंत्रियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। संगम नोज पर पवित्र स्नान से पूर्व उन्होंनें धर्माचार्यो से भेंट की।

इसके बाद संतों के साथ पवित्र डुबकी लगाई। संगम स्नान के बाद गृहमंत्री ने अक्षयवट का दर्शन-पूजन किया।केंद्रीय गृहमंत्री के साथ जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज, जूना अखाड़े के संरक्षक हरिगिरि महाराज, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष श्रीमहंत रवींद्र पुरी महाराज, निरंजनी अखाड़े के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि, योग गुरु बाबा रामदेव सहित अन्य धर्माचार्यों और संतों के साथ स्नान किया। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने भी गृहमंत्री के साथ आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद अमित शाह ने सूर्य भगवान को पांच बार अर्घ्य देकर प्रणाम किया। अमित शाह ने स्नान के बाद अक्षयवट का दर्शन-पूजन भी किया।संगम स्नान के बाद अमित शाह जूना अखाड़ा पहुचेंगे। वहां वे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और अन्य संतों से मुलाकात करेंगे।

संतों से महाकुंभ के आयोजन और समाज में धर्म की भूमिका पर चर्चा करेंगे। संतों के साथ पारंपरिक भोजन भी करेंगे।इसके बाद अमित शाह गुरु शरणानंद और गोविंद गिरि महाराज से विशेष भेंट करेंगे। इस मुलाकात में धर्म, समाज और युवा पीढ़ी को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने के विषय पर गहन चर्चा होगी। इसके उपरांत श्रृंगेरी, पुरी और द्वारका पीठ के शंकराचार्यों से मुलाकात करेंगे। सरकार और संत समाज के बीच यह संवाद महाकुंभ को सफल और अनुकरणीय बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। गृहमंत्री शाम 6:40 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

## पलवल में तीन राष्ट्रीय पक्षियों की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा में पलवल जिले के गांव जैनपुर में चार लोगों ने तीन मोरों की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया, बाकी तीन भागने में सफल रहे। पुलिस का कहना है कि तीनों की तलाश की जा रही है।पुलिस के अनुसार, गांव जैनपुर के सरपंच सरजीत ने वन्य जीव रक्षक हंसराज को इस घटना की जानकारी दी। इसके बाद पहुंचे अधिकारियों को तीन मृत मोर खून से लथपथ एक कट्टे (बोरे) में लिपटे मिले। तब तक एक आरोपित अनीश को दबोचा जा चुका था। उसने मौके से भागे अपने तीन साथियों के नाम शराफत, नदीम और परवेज बताए। यह चारों लड़माकी गांव के रहने वाले हैं। बताया गया है कि भागते समय एक आरोपित ने स्थानीय व्यक्ति पर फायरिंग भी की। वह बाल-बाल बच गए। हथीन थाना पुलिस ने वन्य जीव रक्षक हंसराज की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। मिंडकोला पुलिस चौकी प्रभारी सचिन कुमार के नेतृत्व में आरोपितों की तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय मोर को देश में राष्ट्रीय पक्षी का दर्जा प्राप्त है।

## आंबेडकर की प्रतिमा पर हमले की घटना पर भाजपा हमलावर

● कहा -अरविंद केजरीवाल को मांगनी चाहिए माफी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।**पंजाब के अमृतसर में टाउन हॉल के पास बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़े जाने से उपजे विवाद को लेकर भाजपा ने आम आदमी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। 26 जनवरी को अमृतसर में बीआर अंबेडकर की मूर्ति के साथ हुई बर्बरता पर भाजपा ने निंदा करते हुए आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से माफी मांगने की मांगने को कहा है। साथ ही भाजपा ने केजरीवाल से पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा देने की भी मांग की।सोमवार को भाजपा सांसद संबित पात्रा ने मुख्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि रविवार को गणतंत्र की 76 वीं वर्षगांठ थी, जब भारत को अपना संविधान मिला था। पंजाब में आम आदमी पार्टी (आआपा) की सरकार के समय में अमृतसर में डॉ बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति के साथ बर्बरता की गई। वहां एक व्यक्ति मूर्ति के ऊपर चढ़ गया और तोड़ दिया। जब यह घटना हो रही थी, तो न तो पुलिस और न ही प्रशासन ने इसे रोकने के लिए कोई कदम उठाया। चूंकि यह एक पुलिस स्टेशन के सामने हुआ, इसलिए यह कानून और व्यवस्था का मुद्दा है। यह पहली बार नहीं है कि अरविंद केजरीवाल और आआपा ने दलितों का अपमान किया है। अरविंद केजरीवाल को पंजाब जाना चाहिए और इस मूर्ति के सामने माफी मांगनी चाहिए।उल्लेखनीय है कि पंजाब के अमृतसर में रविवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर एक युवक ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ने की कोशिश की। युवक ने प्रतिमा पर हथौड़े से वार किए। उसने प्रतिमा के पास रखी संविधान की प्रति को भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। लोगों ने पकड़कर युवक को पीट दिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

## विमान कंपनियों ने सामान्य श्रेणी का किराया 200 से 700 प्रतिशत तक बढ़ाया : विनोद बंसल

**नई दिल्ली ,(आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से आयोजित भव्य महाकुंभ में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बस, ट्रेन और हवाई मार्ग से श्रद्धालु पवित्र संगम में स्नान करने के लिए आ रहे हैं। इस बीच विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के प्रवक्ता विनोद बंसल ने दावा किया कि विमान कंपनियों ने सामान्य श्रेणी के किराए में 200 प्रतिशत से 700 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है।विहिप प्रवक्ता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को टैग करते हुए लिखा कि प्रयागराज की पावन धरा पर हो रहे महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधाओं का राज्य सरकार तो पूरा ध्यान रख ही रही है, अनेक धार्मिक, सामाजिक व सेवाभावी संगठन व लोग भी निस्वार्थ भाव से सेवा में जुटे हैं।

## भाजपा नेता सुंदरराजन ने डीएमके पर लगाया धोखा देने का आरोप



**चेन्नई, (हि.स.)** भाजपा की वरिष्ठ नेता तमिलिसाई सुंदरराजन ने आज तमिलनाडु में सत्तारूढ़ डीएमके सरकार पर गलत सूचना देने और लोगों के बीच मतभेद पैदा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डीएमक विभिन्न मुद्दों पर ÷नाटक÷ करके लोगों को धोखा दे रही है।एक राष्ट्, एक चुनाव बैठक के लिए तमिलनाडु राज्य समन्वयक व पूर्व राज्यपाल सुंदरराजन ने एक देश एक चुनाव अवधारणा पर डीएमके के विरोध पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि, ÷तमिलनाडु में ओएनओई के बारे में बहुत गलतफहमी है और इस गलत सूचना को फैलाने के लिए मुख्य रूप से डीएमके जिम्मेदार है। इस विषय पर रामनाथ कोविंद की रिपोर्ट का हवाला देते हुए तमिलिसाई ने इस बात पर जोर दिया कि यह अवधारणा लोगों के लिए फायदेमंद है, क्योंकि इससे आय में वृद्धि होगी, खर्च कम होंगे और लोगों की क्षमता का कुशल उपयोग होगा।उन्होंने कहा, ÷रिपोर्ट में ओएनओई के लाभों को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया गया है, लेकिन डीएमके जानबूझकर इन तथ्यों को अनदेखा कर रही है और इसके बजाय, झूठा प्रचार कर रही है।÷ उन्होंने टंगस्टन मुद्दे पर भाजपा के रुख का भी बचाव किया, जो तमिलनाडु में एक विवादास्पद विषय रहा है। तमिलिसाई ने अंत में यह भी कहा, ÷डीएमके यह धारणा बनाने की कोशिश कर रही है कि वह लोगों के हितों के लिए लड़ रही है, लेकिन वास्तव में वह केवल अपने हितों को आगे बढ़ा रही है।÷ उन्होंने टंगस्टन मुद्दे पर भाजपा के रुख का भी बचाव किया और एक राष्ट्र एक चुनाव अवधारणा के लाभों पर जोर दिया।

## पाकिस्तान के मुल्तान में एलपीजी टैंकर में विस्फोट, पांच की मौत, 31 घायल

**इस्लामाबाद,(हि.स.)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुल्तान के हामिदपुर कनोरा इलाके के औद्योगिक एस्टेट में आज सुबह एलपीजी टैंकर में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक नाबालिग लड़की और दो महिलाएं भी हैं। बताया गया है कि विस्फोट के बाद टैंकर में आग लग गई और टूटे हुए टैंकर का मलबा आसपास के रिहायशी इलाकों में जा गिरा। मुल्तान पाकिस्तान का सातवां सबसे बड़ा शहर है।जियो न्यूज की खबर के अनुसार, बचाव अधिकारियों ने कहा कि 10 से अधिक दमकल वाहनों की मदद से घंटों के प्रयास के बाद आग बुझा दी गई। मुल्तान के पुलिस अधिकारी सादिक अली ने बताया कि इस घटना में कई घर नष्ट हो गए और कई पशुओं की जान चली गई।

## अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में ब्रिटिश कोल्डप्ले बैंड ने मचाई धूम, गायक क्रिस मार्टिन ने की बुमराह की तारीफ

● क्रिस मार्टिन ने कहा- क्रिकेट की दुनिया का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज



**अहमदाबाद, (हि.स.)** - ब्रिटिश कोल्डप्ले रॉक बैंड ने गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में अपने संगीत से धूम मचा दी। इस दौरान बैंड के प्रमुख गायक क्रिस मार्टिन ने भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह के लिए गाना गाया। गायक क्रिस ने जसप्रीत बुमराह को खूबसूरत भाई बताया और मजाकिया लहजे में कहा कि उन्हें बुमराह की एक बात नापसंद है।भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 26 जनवरी को अहमदाबाद में हुए कोल्डप्ले बैंड के कॉन्सर्ट में शामिल हुए। पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर चल रहे बुमराह कॉन्सर्ट में खूब मस्ती करते नजर आए।इस दौरान जब ब्रिटिश कोल्डप्ले रॉक बैंड के प्रमुख गायक क्रिस मार्टिन ने दर्शकों के बीच बुमराह का नाम लिया तो प्रशंसकों का उत्साह देखते ही बनता था। रॉक बैंड के गायक क्रिस ने भारतीय तेज गेंदबाज के लिए कुछ पंक्तियां भी गाईं।

उनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। संगीत समारोह में ब्रिटिश रॉक बैंड ने भारतीय तेज गेंदबाज का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके लिए कुछ पंक्तियां भी गाईं। बैंड के प्रमुख गायक क्रिस ने मजाक में कहा कि हमें यह पसंद नहीं आता जब आप एक के बाद एक इंग्लैंड के विकेट लेते हैं। बैंड के प्रमुख गायक ने गाया, ÷ओह जसप्रीत बुमराह, मेरे भाई।÷ क्रिकेट जगत का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज। हमें इंग्लैंड के खिलाफ एक के बाद एक आपके द्वारा विकेट गिराते हुए देखना अच्छा नहीं लग रहा है।ब्रिटिश कोल्डप्ले रॉक बैंड ने अहमदाबाद में बुमराह के सम्मान में मंच पर अपनी हस्ताक्षरित टेस्ट जर्सी प्रदर्शित की। यह पहली बार नहीं है जब कोल्डप्ले बैंड ने भारत में अपने कॉन्सर्ट में बुमराह का जिक्र किया हो। इससे पहले मुंबई शो के दौरान बैंड ने 2024 टेस्ट सीरीज में इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइन-अप के खिलाफ बुमराह का एक वीडियो चलाया था।

अहमदाबाद में दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट ग्राउंड नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में कोल्डप्ले बैंड का दो दिवसीय कॉन्सर्ट करीब 1.30 लाख लोगों की मौजूदगी में हुआ। 25 और 26 जनवरी के बीच आयोजित इस कॉन्सर्ट का लाखों लोगों ने लुत्फ उठाया। कोल्डप्ले को अहमदाबाद में जो अद्भुत अनुभव हुआ, वह उन्होंने दुनिया में कहीं और पहले कभी नहीं किया था, जैसा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया।26 जनवरी को अहमदाबाद में आयोजित संगीत समारोह में गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी मौजूद थे, जिसका एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल हुए वीडियो में जसप्रीत बुमराह नजर आ रहे हैं और कोल्डप्ले बैंड के सिंगर क्रिस मार्टिन उनके ऊपर गाना गा रहे हैं।

क्रिस मार्टिन बोले, बुमराह... बुमराह... ये सुनकर सब समझ जाते हैं कि किसके बारे में बात हो रही है, फिर वो कहते हैं हां मुझे याद है.. मुझे याद है.. जसप्रीत.. जसप्रीत.. हां जसप्रीत मेरे हैंडसम भाई.. क्रिकेट के हम, सबसे अच्छे गेंदबाज दुनिया में, जब आप इंग्लैंड को एक के बाद एक विकेट से ध्वस्त करते हैं, तो इसका आनंद नहीं आता।' इस दौरान जसप्रीत बुमराह के एक्सप्रेशन देखने लायक थे। वह इतनी भीड़ में अपना नाम पुकारे जाने से खुश भी थे और शरमा भी रहे थे।

## गुजरात बड़ौदा एमएसयू के तीन पूर्व छात्रों को पद्मश्री पुरस्कार

▶▶ प्रो. रतन परिमू, सुरेश सोनी और अजय वी.भट्ट को पुरस्कार मिलने से विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल







**वडोदरा/अहमदाबाद, (हि.स.)**- महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा के तीन प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को उनके संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। भारत के राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किया जाने वाला यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है।पुरस्कार पाने वालों में प्रोफेसर रतन परिमू, सुरेश सोनी और अजय वी.भट्ट एमएसयू बड़ौदा में व्याप्त विविधता और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी उपलब्धियां न केवल विश्वविद्यालय को बल्कि छात्रों, संकाय और संपूर्ण शैक्षणिक समुदाय को भी प्रेरित करती हैं। उधर पुरस्कार मिलने से विश्वविद्यालय में खुशी का माहौल है।प्रोफेसर रतन परिमू ने कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह ललित कला संकाय में प्रोफेसर, एक प्रसिद्ध कला इतिहासकार, शिक्षाविद् और ललित कला संकाय के पूर्व डीन हैं, जिन्हें भारतीय कला इतिहास और सौंदर्यशास्त्र में उनके अग्रणी योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। वह अजंता, एलोरा और मुगल चित्रकला जैसी शास्त्रीय भारतीय कला शैलियों पर अपने व्यापक शोध के लिए जाने जाते हैं।%बड़ौदा ग्रुप ऑफ आर्टिस्ट्स% के सह-संस्थापक के रूप में, प्रोफेसर परिमू ने उत्तर-औपनिवेशिक युग में आधुनिक भारतीय कला को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।सुरेश सोनी का कार्यक्षेत्र सामाजिक कार्य रहा है। उन्हें विज्ञान संकाय, गणित विभाग में सामाजिक कल्याण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। गणित विभाग के पूर्व छात्र के रूप में उन्होंने पॉलिटेक्निक में गणित शिक्षक के रूप में अपना कैरियर शुरू किया, जहां उन्होंने गणित और शिक्षा के प्रति अपने जुनून से अनगिनत छात्रों को प्रेरित किया। बाद में, उन्होंने अपना जीवन स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया।अजय वी. भट्ट का कार्य क्षेत्र विज्ञान और इंजीनियरिंग रहा है। उन्होंने प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग संकाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विश्व प्रसिद्ध कंप्यूटर आर्किटेक्ट अजय भट्ट, यूनिवर्सल सीरियल बस (यूएसबी) के सह-आविष्कारक हैं, जो आधुनिक कंप्यूटिंग में एक क्रांतिकारी आविष्कार है। उनके अग्रणी कार्य ने कनेक्टिविटी को सरल और सुलभ बना दिया है, जिसका प्रभाव दुनिया भर के अरबों लोगों पर पड़ा है। उनकी उपलब्धियां एमएसयू बड़ौदा में पोषित अग्रणी भावना का एक शानदार उदाहरण हैं।कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर धनेश पटेल ने कहा कि महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा के लिए यह गर्व का क्षण है। प्रोफेसर रतन परिमू, सुरेशभाई सोनी और अजय भट्ट उत्कृष्टता, नवाचार और सेवा के मूल्यों को मूर्त रूप देते हैं जो हमारे विश्वविद्यालय की पहचान हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती हैं।

## असम राइफल्स ने 76वें गणतंत्र दिवस पर मिजोरम में फहराया सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज



**आइजोल, (हि.स.)।** भारत के 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर असम राइफल्स की 20वीं बटालियन ने दक्षिण मिजोरम में सबसे ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर इतिहास रच दिया। यह ध्वज समुद्र तल से 3,908 फीट की ऊंचाई पर, 50 फीट लंबे खंभे पर फहराया गया।यह ध्वज असम राइफल्स के शहीद जवानों और मिजोरम के स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय गण्यमान्य व्यक्ति, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवार, पूर्व सैनिक, स्कूली बच्चे और बटालियन के जवान शामिल हुए।

## जबलपुर में 4 लोगों की हत्या, सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर उतारा मौत के घाट



**जबलपुर, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश के जबलपुर जिला मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर पाटन इलाके में सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच हुए विवाद में एक ही परिवार के 4 लोगों की हत्या कर दी गई। मृतकों में सगे भाई भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि आपसी विवाद में गांव के एक परिवार के लोगों ने दूसरे परिवार पर हमला कर दिया। दोनों परिवारों के बीच काफी लंबे वक्त से विवाद चल रहा है। फिलहाल घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है।पाटन पुलिस के अनुसार नूनसर इलाके के अंतर्गत टिमरी गांव में सोमवार सुबह दो पक्षों के बीच हुए विवाद में में दो परिवारों के बीच जुआ खेलने से रोकने पर विवाद चल रहा था। सोमवार सुबह इनमें से एक पक्ष के लोग गांव की ही दुकान पर चाय पी रहे थे। इसी दौरान जुआ खेलने के आरोपित परिवार ने उन पर हमला कर दिया।

उन्होंने दौड़ा-दौड़ाकर चार लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इस घटनाक्रम में कुंदन, चंदन, अनिकेत और समीर दुबे नाम के चार लड़कों की जान चली गई। घटना की जानकारी लगते ही पाटन पुलिस और नूनसर पुलिस चौकी की टीम के साथ साथ जिले के आला अधिकारी, पाटन विधायक अजय बिश्नोई, कलेक्टर दीपक सक्सेना और एसपी संपत उपाध्याय भी पहुंच गए हैं।इधर, जघन्य हत्याकांड के बाद लोगों में भी आक्रोश फूट पड़ा है। पूरे गांव में तनाव के हालात बन गए हैं। आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए हैं। वहीं, दूसरी तरफ परिजन शवों के पास बैठकर बिलख-बिलखकर रो रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल के साथ साथ जिले के आला अधिकारी मौजूद हैं। ग्रामीणों को उचित कार्रवाई करने की बात बताने के साथ समझाया जा रहा है। वहीं, वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने अलग अलग टीमें बनाकर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है।मृतक भाई कुंदन और चंदन के पिता गणेश पाठक ने बताया, %%दो माह पहले साहू परिवार के कुछ लोग उनके खेत पर जुआ खिला रहे थे। यहां शराब खोरी भी होती थी। इन दोनों ही घटनाओं की जानकारी पुलिस को भी दी गई थी। इसी बात से साहू परिवार के लड़के गुस्सा थे। सोमवार सुबह कालू साहू नाम के एक युवक ने विवाद शुरू किया। वह शराब पीकर गाली-गलौज कर रहा था।

## भाजपा का राहुल-खरगे की महू यात्रा पर वार

▶▶ बाबा साहेब के स्मारक के सामने प्रायश्चित करने की सलाह



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की महू यात्रा पर तीखा प्रहार किया है। भाजपा ने उन्हें बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के स्मारक के सामने प्रायश्चित करने की सलाह दी है।वरिष्ठ भाजा नेता और केंद्रीयमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक्स पर कहा कि राहुल गांधी को महू में भारतरत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक को जरूर देखना चाहिए। इसका निर्माण भारतीय जनता पार्टी सरकार ने कराया है।साथ ही बाबा साहब के स्मारक के सामने आंखें बंद करके प्रायश्चित भी जरूर करना चाहिए, क्योंकि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब का अपमान किया है। मध्य प्रदेश में आजादी के बाद दशकों तक कांग्रेस की सरकारें रहीं लेकिन उन्होंने कभी स्मारक बनाने की कल्पना नहीं की।चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तब तत्कालीन मुख्यमंत्री स्व. सुंदर लाल पटवा ने महू में स्मारक का भूमि पूजन किया। इसके बाद कांग्रेस की सरकार आई और वहां काम रोक दिया गया। फिर पुनः भाजपा की सरकार आई और वह मुख्यमंत्री बने और बाबा साहेब के सम्मान में दिव्य और भव्य स्मारक का निर्माण कराया।उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में अब आंबेडकर महाकुंभ का आयोजन होता है। इसमें बाबा साहेब के हजारों अनुयायी आते हैं।

## पालघर जिले में अवैध इमारतों पर कार्रवाई, तीसरे दिन भी चला बुलडोजर, नम आंखों से लोग बोले, अब कहां जाए?

**पालघर ,(आरएनएस)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा पूर्व स्थित अग्रवाल नगरी के लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित जमीन पर बनी 41 अवैध इमारतों के खिलाफ वसई विरार शहर महानगरपालिका की 'ध्वस्तीकरण कार्रवाई' तीसरे दिन भी जारी रही। इस बीच, अपने आशियाने को खोने का दर्द लोगों ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से साझा किया।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कोलंबिया पर कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कोलंबिया के खिलाफ कड़े प्रतिबंधों की घोषणा की। उन्होंने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो के कोलंबियाई प्रवासियों को निर्वासित करने वाली अमेरिकी सैन्य उड़ानों के प्रवेश से इनकार करने के जवाब में यह कदम उठाए हैं। ट्रंप ने कोलंबिया से आयात पर कड़े नए टैरिफ और वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की है।यूएसए टुडे समाचार पत्र की खबर के अनुसार, कोलंबिया के राष्ट्रपित पेट्रो ने हथकड़ी लगे बंदियों की तस्वीरों की ओर इशारा करते हुए ट्रंप प्रशासन पर कोलंबियाई प्रवासियों के साथ ÷अपराधियों की तरह÷ व्यवहार करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनका देश अमेरिका से निर्वासन उड़ानों को तब तक स्वीकार नहीं करेगा जब तक कि प्रवासियों के साथ ÷उस सम्मान के साथ व्यवहार नहीं किया जाता जिसका एक इंसान हकदार है।दो प्रत्यावर्तन उड़ानों को कोलंबिया में उतरने की अनुमति नहीं मिलने के बारे में जानने के बाद ट्रंप ने कहा कि वह दक्षिण अमेरिकी देश से अमेरिका में आने वाले सभी सामानों पर तुरंत 25 फीसद टैरिफ लगा देंगे और एक सप्ताह के बाद इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देंगे।उन्होंने कोलंबिया के सरकारी अधिकारियों, उनके सहयोगियों और समर्थकों के तत्काल वीजा रद्द करने और अमेरिका में यात्रा प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। ट्रंप ने कोलंबिया को वित्तीय प्रतिबंध लगाने की भी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि वह राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर सभी कोलंबियाई नागरिकों और कार्गो के सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा निरीक्षण को बढ़ाएंगे। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, ÷ये उपाय सिर्फ शुरुआत हैं। हम कोलंबिया सरकार को उन अपराधियों की स्वीकृति और वापसी के संबंध में अपने कानूनी दायित्वों का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं देंगे।

# गणतंत्र दिवस परेड में एलडीए की झांकी रही नंबर वन

**राजभवन की झांकी को मिला दूसरा स्थान**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस 2025 की परेड में 22 झांकियां शामिल हुई। इसमें लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की झांकी नंबर एक आई है। राजभवन और सूचना जनसम्पर्क विभाग की झांकी दूसरे स्थान पर रही है। चिकित्सा परिवार कल्याण, राज्य स्वच्छ गंगा मिशन और संस्कृत संस्थानम की झांकियों को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज, उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी, सिटी मॉन्टेसरी स्कूल की झांकियां को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। एलडीए की झांकी महापुरुषों के स्मरण और प्रधानमंत्री आवास की थीम पर निकाली गई थी। झांकी के पहले हिस्से में बसंत कुंज योजना में कमल के फूल की आकृति में बने राष्ट्र प्रेरणा स्थल को दर्शाया गया। इसमें भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विशालकाय प्रतिमा दिखाई गई। इसमें म्यूजियम और मेडिटेशन सेंटर को मॉडल के रूप में दर्शाया गया। वहीं, बीच में चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के पास बनी लक्ष्मण की प्रतिमा को दिखाया गया है। इसके साथ लखनऊ ग्रीन कॉरीडोर परियोजना को दर्शाया गया। झांकी के आखरी भाग में प्राधिकरण द्वारा बनाए गए प्रधानमंत्री आवास को स्थान दिया गया। इसके अलावा ईको टूरिज्म वेट लैंड और सौमित्र वन की तस्वीर दिखाई गई। झांकी समिति के अध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि निर्णायक मंडल द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर पुरस्कार दिया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा 'बीटिंग द रिट्रीट' कार्यक्रम में ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं, दूसरे स्थान पर राजभवन की झांकी रही। झांकी में पर्यावरण एवं जलवायु संरक्षण थीम दिया गया। जिसमें बच्चों द्वारा पेड़ बचाओ, औद्योगिक जल प्रदूषण को रोकने, पौधारोपण, स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के साथ-साथ स्वस्थ एवं सुरक्षित पर्यावरण को सुनिश्चित कराने का संदेश देते हुए दर्शाया गया है।

# देश का संविधान हमें न्याय, समता और बंधुता के साथ जुड़ने की देता है प्रेरणा: सीएम

**सीएम ने गणतंत्र दिवस पर अपने सरकारी आवास पर फहराया तिरंगा, प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने सरकारी आवास पर ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने पूरे प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन भारत ने अपना संविधान लागू करते हुए एक संप्रभु संपन्न लोकतांत्रित गणतंत्र भारत के रूप में अपनी एक नई यात्रा को प्रारंभ करने का निर्णय लिया था। एक लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ। देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में भारत ने एक संविधान सभा का गठन किया। संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद को एक माला के रूप में पिरोने का उत्तरदायित्व बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को दिया गया, जिन्होंने 26 नवंबर 1949 को एक मसौदा संविधान सभा के सामने सौंपा और अनंतः 26 जनवरी 1950 को ये देश खुद का संविधान लागू करने में सफल हो पाया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का संविधान हमें न्याय, समता और बंधुता के साथ जुड़ने की एक नई प्रेरणा प्रदान करता है। सम और विषम परिस्थितियों में यह पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधने में सफल रहा है। आज के इस अवसर पर जब हम भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष को पूरा कर रहे हैं, इस अवसर पर मैं भारत माता के महान सपूतों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने संविधान सभा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि यह बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व का परिणाम है कि आज भारत के पास एक समावेशी और प्रगतिशील संविधान है। उन्होंने कहा कि 75 वर्षों की ये यात्रा हमें अमृत काल से जोड़ती है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को न्याय देने के लिए हमारा सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। हर नागरिक को बिना भेदभाव के न्याय मिले और पूरा भारत एकता के सूत्र में बंधकर करके भारत की समृद्धि के बारे में सोचे ये प्रेरणा भारत का संविधान देता है।

# आनंदी बेन ने विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए पुरस्कृत किया



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में अलंकरण समारोह आयोजित किया गया। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कला-संस्कृति, साहित्य, बौद्ध व जैन दर्शन और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने भारतीय संविधान का उल्लेख करते हुए कहा कि संविधान में जितने हमारे अधिकार हैं, उतने ही कर्तव्य भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्रहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। प्रो. अनेकांत कुमार जैन (जैन शोध संस्थान, लखनऊ)। भारतेंदु नाट्य अकादमी निर्देशन के लिए अवनीश मिश्र, अभिनय के लिए सुमन पाठक, प्रस्तुति अभिकल्पना के लिए राकेश यादव और लेखन के लिए विजय पंडित। लोक गायन के लिए प्रभा सिंह और जनजातीय नृत्य के लिए आशा देवी।अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थानरू बौद्ध अध्ययन के लिए प्रो. वांगचुक दोरजी व डॉ. मौनशू कैसीन औतानी, पालि भाषा के लिए डॉ. प्रफुल्ल गडपाल। नाट्य निर्देशन के लिए चंद्रभूषण सिंह चौहान और बांसुरी वादन के लिए प्रो. राधेश्याम जायसवाल।पद्मश्री बाबा योगेंद्र कला सम्मान से डॉ. सरोज भार्गव, डॉ. महावीर सिंह और कैसर आर्ट सम्मानित।

# पंजाब में बाबा साहब की प्रतिमा तोड़ने का प्रयास

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को पंजाब के अमृतसर में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को कथित तौर पर तोड़ने के प्रयास की निंदा करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार तथा कांग्रेस और भाजपा पर निशाना साधा। बसपा प्रमुख ने दिल्ली विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली के मतदाता खासकर आप, कांग्रेस व भाजपा के दोहरे चाल-चरित्र से सबक लेते हुए केवल आम्बेडकरवादी पार्टी बसपा को ही वोट देकर मजबूत बनायें। बता दें कि पंजाब के अमृतसर में रविवार को गणतंत्र दिवस के मौके पर एक युवक ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को तोड़ने की कोशिश की।

पंजाब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर क्रमवार पोस्ट में कहा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की पंजाब के अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के पास हेरिटेज स्ट्रीट में स्थापित प्रतिमा खण्डित करने और वहाँ संविधान की किताब के नजदीक आग लगाने का प्रयास शर्मनाक है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है।÷ उन्होंने मांग कि पंजाब सरकार इस अप्रिय घटना को अति-गंभीरता से लेकर ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई करे ताकि भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति ना हो। मायावती ने कहा पूरा देश कल



बाबा साहेब का संविधान लागू होने के ऐतिहासिक दिन पर 76वाँ गणतंत्र दिवस मना रहा था। ऐसे में संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. आम्बेडकर की प्रतिमा का अनादर करना खासकर आम आदमी पार्टी तथा उसकी सरकार के लिए बहुत शर्मिंदगी की बात है। मायावती ने कहा बाबा साहेब का हर प्रकार से अनादर करने वाली, उन्हें भारतरत्न नहीं देकर उनका तिरस्कार करने वाली तथा उनके अनुयाइयों की हमेशा उपेक्षा करने वाली कांग्रेस पार्टी द्वारा उनकी जन्मस्थली मध्यप्रदेश के महू में संविधान दिवस रैली करना विशुद्ध राजनीतिक छल तथा चुनावी स्वार्थ है। उन्होंने अपील की अतः ऐसे समय में, जब दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, तो दिल्ली के मतदाता खासकर आप, कांग्रेस व भाजपा के दोहरे चाल-चरित्र से सबक लेते हुए केवल आम्बेडकरवादी पार्टी बसपा को ही वोट देकर मजबूत बनायें।

# सहकारिता व्यक्ति की समृद्धि का आधार: राठौर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** गणतंत्र दिवस पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने आवास पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया, जिससे उत्तर प्रदेश इस वैश्विक आयोजन की शुरुआत करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया।उद्घाटन श्रृंखला के तहत, श्रन फॉर कोऑपरेशनश् मैराथन को लखनऊ में सीएम ने आवास 5, कालिदास मार्ग से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन दौड़ के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए सहकारिता राज्य मंत्री स्वतंत्र-प्रभार जेपीएस राठौर ने कहा, मैराथन का उद्देश्य सहकारिता के मूल्यों और एकता को बढ़ावा देना है, जो अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम के अनुरूप है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भारत में सहकारिता आंदोलन को पुनर्जीवित करने का श्रेय दिया। केंद्रीय



गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना से इस क्षेत्र को नई ऊर्जा मिली है। कॉर्पोरेट क्षेत्र सभी को रोजगार नहीं उपलब्ध करा सकते परंतु सहकारिता के माध्यम से ग्राम स्तर पर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता है। सहकारिता व्यक्ति की समृद्धि का आधार है। सहकारी समितियां वर्तमान परिस्थितियों को नियंत्रित करने में सक्षम है। हम साथ मिलकर वास्तव में बेतहर दुनिया का निर्माण कर रहे है। सहकारिता विभाग के माध्यम से किसानों की आमदनी बढाने एवं गरीबी को समाप्त करने के लिए कार्य किये जा रहे है।

# कुंभ में सहनशीलता के साथ स्नान करें

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आज संगम में डुबकी लगाई है। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के कई सवालों का जवाब भी दिया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी वालों से यही कहना है कि कुंभ में आए तो सहनशीलता के साथ स्नान करें। यहां पुण्य और दान के लिए आते हैं लोग, वाटर स्पोर्ट के लिए नहीं आते हैं।

अखिलेश यादव जी ने सदैव महाकुंभ के पूर्व आयोजन के समय भी महाकुंभ में डुबकी लगाई है और मां गंगा ,त्रिवेणी मैय्या को सम्मान आदर और सूर्य की आराधना एवं इष्टदेव का ध्यान एवं प्राणिमात्र के कल्याण की कामना की है।

अखिलेश यादव ने कहा कि उनके कार्यकाल में तो मात्र 800-1000 करोड़ का सरकारी बजट में ही शानदार कुंभ आयोजन हो गया था और साधु सन्यासी आमजन सबको संतुष्टि और सुविधाएं एवं सुरक्षा मिली थी। लेकिन



आज जबकि योगीध्भाजपा सरकार है ऐसे में भी 7500,10000 करोड़ के बजट के बावजूद साधु संन्यासियों को कोई सुविधा ,सुरक्षा ,लाभ नहीं मिल रहा है बल्कि उनसे वसूली की जा रही है एवं महंगाई एवं वसूली एवं असुविधा के कारण आम जनता परेशान है ,कई कई किलोमीटर पैदल चलकर ,सामान सर पर रखकर श्रद्धालुओं को कुंभ आना पड़ रहा है और परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सीएम योगी भ्रष्टाचार करने के बजाय जनता के दुख दर्द समस्याओं असुविधाओं को समझें और निवारण करें लेकिन वे सिर्फ बजट के भ्रष्टाचार पर अपना पूरा ध्यान लगा रहे हैं।

# भारत तेजी से बन रहा विकसित राष्ट्र: दिनेश

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राज्यसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉक्टर दिनेश शर्मा ने कहा कि भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। देश आज हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि देश में उत्पादन बढ़ा है और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। डॉक्टर शर्मा लामार्टिनियर ब्वायज इंटर कॉलेज लखनऊ में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थथे। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारतीय छात्र विदेशों में शिक्षा ग्रहण करने जाते थे लेकिन अब भारत में ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध हो रही है। यहां तक कि विदेशों से छात्र भारत में शिक्षा लेने आ रहे हैं। दुनिया के प्रतिष्ठित संस्थानों में शिक्षा देने वाले 25ः से अधिक शिक्षक भारतीय मूल के हैं जो भारत की बढ़ती मेधा और क्षमता का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि भारत आज एक युवा और शक्तिशाली राष्ट्र है। चीन और जापान जैसे देशों में आबादी बुजुर्ग हो रही है जबकि भारत की बड़ी आबादी युवा है। देश ने नाभकीय शक्ति और अत्याधुनिक सैन्य क्षमताओं जैसे राफेल विमानों के साथ अपनी ताकत को बढ़ाया है। डॉ. शर्मा ने उपस्थित छात्रों से अपील की कि वे देश के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करें और अपने जीवन में माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तय कर अनुशासित रूप से मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है।

# सहकारिता का उत्कृष्ट उदाहरण है महाकुम्भ 2025

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का यूपी में किया शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुम्भ 2025 को सहकारिता का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि प्रयाग में 26 जनवरी को करीब ढाई से तीन करोड़ लोग पवित्र संगम में डुबकी लगाने पहुंचे हैं। यह पूरा कार्य ऑटो मोड और आपसी सहभागिता के आधार पर चल रहा है। ये सहकारिता का सबसे बड़ा उदाहरण है। भारत के जीन्स में ही सहकारिता की भावना रची-बसी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने सरकारी आवास से अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ करने वाला देश का पहला राज्य है। इस अवसर पर उन्होंने सुल्तानपुर में 5 हजार और कोशाम्बी में 15 हजार



मीट्रिक टन के गोदामों का उद्घाटन किया, साथ ही तिरंगे गुब्बारे छोड़कर अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का शुभारंभ किया। सीएम योगी ने रन फॉर कॉर्पोरेशन मैराथन का भी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी और स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल मां भारती के सभी ज्ञात-अज्ञात महान सपूतों को नमन किया। उन्होंने कहा कि सहकार का ही एक परिवर्तित रूप सहकारिता है। उन्होंने कहा कि एक स्वावलंबी भारत का निर्माण करना है तो सहकारिता को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से सहकारिता आंदोलन देश में नई ऊंचाई प्राप्त कर रहा है। पहली बार देश में सहकारिता मंत्रालय का गठन हुआ और उसका नेतृत्व गृहमंत्री अमित शाह को सौंपा गया। सहकारिता आंदोलन पूरे देश में हर किसान, महिला और युवा वर्ग को इस अभियान का हिस्सा बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ साल में यूपी में सहकारिता आंदोलन एक नई दिशा की ओर अग्रसर हुआ है। सीएम ने कहा कि सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करते हुए उन्हें गांव के विकास और किसान के स्वावलंबन के साथ जोड़ने का कार्य हो, या जिला स्तर पर सहकारी बैंकों को पुनर्जीवित करते हुए उन्हें विकास के महत्वपूर्ण आयाम के साथ जोड़ने की कार्रवाई हो, हर दिशा में तेजी से कदम आगे बढ़ रहे हैं। सहकारी बैंकों में 10 लाख की लीमिट को बढ़ाने की बात मुख्यमंत्री ने कही। उन्होंने सहकारिता बैंकों को डिजिटल पेमेंट की ओर बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया। जिससे किसान और नौजवानों को फायदा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में हर ग्राम पंचायत आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है।

# मायावती पर टिप्पणी पर एफआईआर मामले में कोर्ट ने थाने से जवाब मांगा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव तथा मायावती के खिलाफ आपराधिक टिप्पणियों के मामले में एफआईआर दर्ज किए जाने हेतु आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा दिए प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर स्पेशल एमपीएमएलए मजिस्टेट आलोक वर्मा ने थाना गोमतीनगर से 4 फरवरी तक जवाब मांगा है।अपने प्रार्थना पत्र में उन्होंने कहा कि विगत दिनों देश प्रदेश के तीन बार के मुख्यमंत्री और देश के रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव के प्रति स्पष्ट आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया गया।इसी प्रकार जनवरी 2019 में एक भाजपा नेत्री ने चार बार की मुख्यमंत्री मायावती के प्रति अत्यंत आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। इन नेताओं के विपक्षी दलों से होने के कारण इन दोनों मामलों में अब तक समुचित कार्रवाई नहीं हुई है और इसी



कारण तमाम लोग इन टिप्पणियों को जानबूझकर सोशल मीडिया पर फैला रहे हैं।अमिताभ ठाकुर ने प्रार्थना पत्र में कहा कि जहां एक ओर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा नेताओं के विरुद्ध की गई टिप्पणियों के मामलों में लगभग प्रतिदिन के हिसाब से कार्यवाही की जा रही है। वहीं इन मामलों में कोई कार्रवाई नहीं होना गलत है।उन्होंने कहा कि इंस्पेक्टर गोमतीनगर तथा पुलिस कमिश्नर लखनऊ द्वारा कार्रवाई नहीं करने पर प्रार्थना पत्र दे रहे हैं।

# नगर विकास मंत्री ने वार्षिक कैलेंडर और मासिक पत्रिका स्वच्छता टाइम्स का किया अनावरण

**नगर विकास का वार्षिक कैलेंडर निकायों की योजनाओं की दे रहा जानकारी**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने नगर विकास विभाग के वार्षिक कैलेंडर और मासिक पत्रिका श्स्वच्छता टाइम्सश् का अनावरण किया। श्री शर्मा ने कहा कि नगर विकास विभाग के वार्षिक कैलेंडर में विभाग द्वारा महाकुम्भ में किये गए कार्यों और दी गयी सुविधाओं का संक्षिप्त परिचय के साथ विभाग की विभिन्न विकास परक योजनाओं में हो रहे कार्यों को प्रदर्शित गया है।

वहीं मासिक पत्रिका श्स्वच्छता टाइम्सश् का जनवरी माह का अंक महाकुम्भ पर आधारित है। श्स्वच्छता टाइम्सश् पत्रिका की शुरुआत इस आशय से की गयी थी, कि स्वच्छता के



क्षेत्र में हो रहे कार्यों को प्रदर्शित किया जा सके और इस महती कार्य में सहयोग दे रहे कर्मियों व संस्थाओं की प्रशंसा की जा सके। उन्होंने कहा, स्वच्छता टाइम्स का जनवरी माह का अंक महाकुम्भ पर आधारित है, जो कि बहुत ही प्रेरणादाई है। महाकुंभ को स्वच्छ, सुन्दर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए किये जा रहे कार्यों से सम्बंधित जानकारी इस अंक में प्रदर्शित की गयी है। महाकुम्भ में करोड़ों लोगों का आगमन देश ही नहीं, विश्व भर से हो रहा है। सभी ने महाकुम्भ मेला क्षेत्र में स्वच्छता के साथ ही पूरे प्रयागराज की सुन्दरता की प्रशंसा की है। पत्रिका में संतों और श्रद्धालुओं की प्रविष्टियां भी अंकित की गयी हैं, जिसमें उन्होंने स्वच्छ, सुन्दर और प्लास्टिक मुक्त आयोजन की प्रशंसा करते हुए महाकुम्भ में वैश्विक आह्वान भी किया है।उन्होंने वार्षिक कैलेंडर के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि यह कैलेंडर नगर विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं मिशन की संक्षिप्त जानकारी का संग्रह है।

# उत्तर प्रदेश पर्यटन ने 2024 के जारी किए आंकड़े

**23 लाख विदेशी पर्यटकों ने किया यूपी भ्रमण: जयवीर**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पर्यटकों के बीच उत्तर प्रदेश की लोकप्रियता निरंतर बढ़ रही है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के जारी आंकड़े इस बात के प्रमाण हैं। राज्य में आने वाले पर्यटकों की संख्या में 2023 की तुलना में 2024 में 17 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई है। विशेष बात यह है, कि देश के साथ-साथ विदेशों में भी यूपी का आकर्षण बढ़ा है। एक वर्ष में विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगभग 07 लाख की बढ़ोतरी देखने को मिली है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। इसे धरातल पर उतारने के लिए निरंतर प्रयत्न किए जा रहे हैं। 2022 से राज्य घरेलू पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। विदेशी पर्यटकों के आगमन भी यह उपलब्धि हासिल की प्राथमिकता है। ज्ञात-अल्प ज्ञात पर्यटन स्थलों के साथ-साथ वहां पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।यूपी में 2024 में 64,90,76,213 पर्यटक आए, जबकि 2023 में कुल 48,01,27,191 पर्यटकों का आना हुआ था। एक वर्ष में 16,89,49,022 की वृद्धि हुई। बीते वर्ष 22,69,067 विदेशी पर्यटक आए थे, जबकि 2023 में 16,01,503 विदेशी पर्यटक थे। एक वर्ष में विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगभग 6,67,564 की वृद्धि दर्ज की गई है। श्रीराम जन्मभूमि में रामलला विराजमान होने के बाद अयोध्या में पर्यटकों की संख्या में तेज गति से वृद्धि दर्ज की गई है। 2024 में वहां कुल 16,44,19,522 श्रद्धालु पहुंचे, जबकि वर्ष 2023 में यह संख्या 5,75,70,896 थी। एक वर्ष में 10,68,48,626 की वृद्धि हुई है। काशी में 2024 में 110097743 श्रद्धालु आए।

# डीएम निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।**लखनऊ की यातायात व्यवस्था को लेकर सुबह डीएम विशाख जी द्वारा सेतु निगम की निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत डीएम द्वारा सेतु निगम इकाई (1) द्वारा अवध चौराहे पर बन रहे अंडर पास से की गई।

परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि कुल (1088) पिलर के लिए पायलिंग की जानी है। सभी की मार्किंग के बाद (224) पिलर के लिए पायलिंग की जा चुकी हैं। 31 मार्च तक पिलर के लिए पायलिंग का काम पूरा हो जाएगा। विद्युत विभाग से केबल शिफ्टिंग की एनओसी प्राप्त हो चुकी है। पायलिंग के साथ ही केबल शिफ्टिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

डीएम ने मैन पावर बढ़ाने और तेजी से काम कराने को कहा है। साथ ही ट्रैफिक डाइवर्जन और यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के लिए



(32) ट्रैफिक मार्शल की ड्यूटी लगाई गई है। जिसके सम्बन्ध में डीएम द्वारा निर्देश दिए गए की सभी ट्रैफिक मार्शल की (3) शिफ्टों में ड्यूटी लगाते हुए ट्रैफिक मार्शल के नाम और मोबाईल नंबर की सूची ट्रैफिक पुलिस को दे। जिससे लोगों को आवागमन में कोई असुविधा न होने पाए। साथ ही अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि जब एक साइड का काम पूरा हो जाए तो रोड का रेस्टोरेशन करने के बाद ही रोड के दूसरी साइड काम शुरू किया जाए। अंडरपास में जल भराव की समस्या न हो इसके लिए परियोजना अधिकारी द्वारा बताया गया कि अंडरपास पूरी तरह से कवर बनाया जा रहा है और स्टॉर्म वाटर की निकासी के लिए पंपिंग की व्यवस्था भी की जा रही है। जिसके बाद डीएम द्वारा पारा स्थित तिकुनिया तिराहे का भी निरीक्षण किया गया। तिराहे पर आगरा एक्सप्रेस वे से आने वाले वहां लेफ्ट टर्न लेकर यू टर्न करते हुए अवध चौराहे को जाते है। तिराहे पर कोई दुर्घटना न हो इसके लिए डीएम द्वारा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए कि तिराहे से 500 मीटर पहले से ही ग्लो स्लो के साइन एज, डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर, ब्लिंकर लगवाना सुनिश्चित किया जाए। ताकि पहले लोगो को पता चल सके कि आगे टर्न है।

## संक्षिप्त खबरें

### 250 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सोमवार को 250 जोड़ों ने एक दूसरे का हाथ थामा। विवाह मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ है। समारोह लखनऊ के जयप्रकाश नारायण सर्वोदय स्कूल, मोहान रोड में था। आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को व्यवस्था के निर्देश दिए थे। समारोह में जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने एआईजी स्टाम्प को कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह पंजीकरण के बाद मौके पर विवाह प्रमाणपत्र देने के निर्देश दिए थे। इस आयोजन का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा गरीब परिवारों की विवाह योग्य बेटियों का विवाह संपन्न कराना है, ताकि वे शासन की योजना का लाभ ले सकें।

### बाइक ने पैदल युवक को मारी टक्कर, अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ।** काकोरी क्षेत्र में आगरा एक्सप्रेसवे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मोहन रोड को क्रॉस कर रहे एक पैदल युवक को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद युवक करीब 5 फीट ऊपर उछल कर सड़क पर जा गिरा। दुर्घटना में युवक बुरी तरह घायल हो गया। उसके सिर पर गंभीर चोट आई है और हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की डायल 112 की टीम ने घायल युवक को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार अभी तक न तो घायल युवक की पहचान हो पाई है और न ही दुर्घटना करने वाले बाइक चालक का पता चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चचेरे भाई ने की लाखों की चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के एल्डिको उद्यान-2 में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति के चचेरे भाई ने रात के अंधेरे में घर में रखे गहने, सोने-चांदी का सामान और नकदी लेकर फरार हो गया। पीड़ित कृष्णानंद वर्मा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। घटना की जानकारी के अनुसार, कृष्णानंद वर्मा सेक्टर-3, एल्डिको उद्यान-2, रायबरेली रोड पर स्थित आशीर्वाद अपार्टमेंट में रहते हैं। उनका चचेरा भाई अतुल वर्मा, जो बहराइच के रामतलिया, मिही पुरवा का रहने वाला है, पिछले चार वर्षों से उनके साथ रह रहा था। रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अतुल ने घर में रखे गहने, सोने-चांदी का सामान और नकदी लेकर घर से पलायन कर गया। जब कृष्णानंद को इसकी जानकारी हुई, तो उन्होंने अतुल को खोजने का प्रयास किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। पीजीआई थाने के इंस्पेक्टर रवि शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस विभिन्न दिशाओं में जांच कर रही है और जल्द ही आरोपी को पकड़ने का दावा कर रही है।

### महिला के साथ छेड़छाड़, बीच सड़क थप्पड़ मारे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा क्षेत्र में एक सिरफिरे युवक ने बाराबंकी निवासी विवाहिता से सरेराह अश्लीलता की। विरोध पर आरोपी ने बीच सड़क पर मारपीट की। लोगों के एकत्र होने पर धमकी देते हुए भाग निकला। यही नहीं इसके बाद ससुराल वाले घर में भी घुसने की कोशिश की। पीड़िता ने गुडंबा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़िता के मुताबिक तीन जनवरी को गुडंबा अपने मायके आई थीं। पिता के साथ छह जनवरी को दोपहर खरीदारी करने के निकली थी। तभी रास्ते में पूर्व परिचित ओवैस ने रोक कर अश्लीलता शुरू कर दी। विरोध पर गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारने लगा। पिता और आसपास के लोगों के बीच में आने पर धमकी देते हुए भाग निकला। पीड़िता का कहना है कि लोकलाज के चलते कोई कार्रवाई नहीं की। इससे उसके हौसले बढ़ गए। वह 20 जनवरी को ससुराल पहुंच गया। जहां घर में घुसकर उसके साथ दोबारा अश्लीलता की, विरोध पर पूरे परिवार को खत्म करने की धमकी दी। जिसकी शिकायत पति ने बाराबंकी पुलिस से की मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई। वह ऐसा क्यों कर रहा है, यह भी नहीं बता रहा है। इंस्पेक्टर प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़े भूखंड खरीदने में फंसे कई आला अफसर व नेता

**लखनऊ।** बड़े भूखंड खरीदने वाले कई नेता और अफसर जांच की जद में आ गए हैं।आयकर की बेनामी सम्पत्ति सेल ने जांच शुरू कर दी है। इसके दायरे में आठ आईएएस, 13 आईपीएस, सात नेता और एक पूर्व आईएएस अधिकारियों के नाम शामिल हैं। आयकर के रडार पर आ चुके इन सभी के बैंक खातों के ट्रांजेक्शन की जांच की जा रही है। बेनामी सम्पत्ति सेल ने इसके पूर्व एलडीए से ऐसे लोगों का ब्योरा मांगा था, एलडीए ने 242 लोगों की सूची भेजी है। आयकर सूत्रों के अनुसार सूची में ब्योरा तो 16 वर्ष का है लेकिन जांच पिछले 6 वर्षों में खरीदारी करने वालों की शुरू हुई है। सूची में 1000 वर्गमीटर से बड़े भूखंड खरीदने वालों के नाम हैं,शीर्ष पर उनको रखा गया है जिन्होंने बड़ी सम्पत्ति खरीदी है या सम्पत्ति किसी पॉश इलाके में है जहां उसकी कीमत काफी अधिक है। सिर्फ सूची में शामिल लोग ही नहीं उनके सगे संबंधी, करीबियों के बैंक ट्रांजेक्शन भी आयकर विभाग की बेनामी सेल के अधिकारियों की नजर में है। वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में युवा अफसरों की टीम तैनात की गई है। कुछ अन्य विभागों से भी इनपुट मांगे गए हैं। सतर्कता बरतते हुए जांच की नियमित रिपोर्ट मुख्यालय के आला अधिकारियों से साझा की जा रही है।

### शिक्षक ने धर्म छिपाकर शादी का बनाया दबाव

**काकोरी।** पारा में धर्म छिपाकर घर में बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने आने वाले युवक ने महिला से शादी का दबाव बनाया। विरोध पर महिला के साथ छेड़छाड़ कर वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। तहरीर पर पारा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पारा निवासी पीड़िता के भाई ने मुकदमा दर्ज कराया कि दो वर्ष पहले खुद को आर्यन मिश्रा बताकर एक युवक बहन के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने आता था। इस बीच आर्यन ने काफी रुपए बहन से उधार ले लिए। इस बीच वह बहन पर शादी का दबाव बनाने लगा। इस दौरान पता चला कि आर्यन का असली नाम चौधरी शहबान अली है। जिसके बाद उसे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाने से मना कर दिया। मना करने के बाद भी वह घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। शादी न करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि शनिवार को मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर गोरखपुर निवासी आरोपी आर्यन मिश्रा उर्फ चौधरी शहबान अली को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह पारा के कुल्हड़ कट्टा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

### नशे के लिए इंजीनियर को अगवा कर लूटा था,तीन गिरफ्तार

**काकोरी।** पीजीआई पुलिस ने नशे की लत पूरी करने के लिए इंजीनियर शैलेंद्र कुमार मिश्रा का अपहरण कर, पीटने और 48 हजार रुपये लूटने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पता पूछने के बहाने से बदमाशों ने इंजीनियर को रोका था। इसके बाद कार में बंधक बना कर पीटा और रुपये खाते में ट्रांसफर कराए थे। एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह के मुताबिक वृंदावन निवासी इंजीनियर शैलेंद्र कुमार मिश्र गुरुवार रात खाना खाने के बाद टहल रहे थे। तभी कार सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे। रास्ता पूछने के बहाने से शैलेंद्र को बदमाशों ने रोक लिया। फिर खींचकर कार में बैठा लिया और भाग निकले थे। रास्ते में शैलेंद्र को बुरी तरह से पीटा गया। लुटेरों ने इंजीनियर का मोबाइल छिन कर अपने खाते में 48 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। फिर शैलेंद्र को सड़क किनारे फेंक कर बदमाश भाग गए थे। इंस्पेक्टर रवि शंकर के मुताबिक शैलेंद्र के भतीजे अश्विनी मिश्र ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके आधार पर तेलीबाग निवासी अनुराग सिंह, कल्ली पश्चिम निवासी प्रिंस सिंह और अभिषेक उर्फ रितिक को पकड़ा गया। आरोपितों के पास से सात मोबाइल फोन, 13 हजार रुपये, नेक्सॉन कार और एटीएम कार्ड बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी नशे के आदी है। इसके साथ ही महंगे मोबाइल रखने का शौक भी है। जिसे पूरा करने के लिए लूट की वारदात करते हैं। इंस्पेक्टर के मुताबिक शैलेंद्र के खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन हुआ था। ऐसे में बैंक डिटेल की मदद से आरोपितों की पहचान की गई। अनुराग की कार से पुलिस को एक एटीएम कार्ड भी मिला। जो सोनू यादव के नाम से था। सम्पर्क करने पर सोनू ने बताया कि 22 जनवरी को उसके साथ भी किसान पथ पर लूट की वारदात हुई थी। बदमाश पर्स और एटीएम कार्ड छीन ले गए थे।

# प्रेमी संग मिलकर किया पति की हत्या

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी में हिमांशु की हत्या नदी में धक्का देकर की गई थी। अवैध संबंधों के चलते हिमांशु को उसकी पत्नी पायल ने प्रेमी आयुष सोनकर और उसके रिश्तेदार जैकी सोनकर के साथ मिलकर मौत के घाट उतारा था। वजीरगंज पुलिस ने रविवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पत्नी पायल के शौक पति हिमांशु की हत्या की वजह बनी। डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया मंगलवार (21 जनवरी) को बालू अड्डा में रहने वाला हिमांशु सोनकर अचानक लापता हो गया था। उसका ई-रिक्शा हनुमंत धाम के बाहर मिला था। पत्नी पायल की शिकायत पर गुमशुदगी दर्ज करके तलाश की जा रही थी। 24 जनवरी को गोमती नदी में हिमांशु की लाश मिली थी। घर वालों ने पत्नी पायल और उसके प्रेमी आयुष पर हत्या का आरोप लगाते हुए वजीरगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने सर्विलांस और सीसीटीवी की मदद ली। पुलिस को हनुमंत धाम परिसर से एक सीसीटीवी मिला। इसमें पहले हिमांशु अंदर जाता दिखाई दिया। फिर पीछे से आयुष जाता दिखाई दिया। कुछ देर बाद आयुष वहां से भागते हुए दिखा। इस आधार पर पुलिस ने पायल और आयुष को हिरासत में लिया गया। पहले तो दोनों पुलिस को गुमराह करते रहे। लेकिन, कड़ाई से पूछताछ करने पर हत्या करने की बात कबूल कर ली। पूछताछ में सामने आया कि पायल ने शादी के बाद ग्रेजुएशन पूरा किया। इसके बाद वह एयर होस्टेस का कोर्स करना चाहती थी। लेकिन, हिमांशु ई-रिक्शा चलाने के वजह से महंगा कोर्स करा नहीं पा रहा था। इसी दौरान पायल अपनी बड़ी बहन के घर गई। यहां उसकी मुलाकात बहन के देवर आयुष से हुई। आयुष नगर निगम में क्लर्क की नौकरी करता है। इसके बाद पायल अक्सर बहन के घर जाने लगी। इस दौरान पायल और आयुष अच्छे दोस्त हो गए। दोनों के बीच लंबी-लंबी बातचीत भी होने लगी। हिमांशु जब ई-रिक्शा लेकर घर से चला जाता, तब आयुष और पायल फोन पर घंटों बातचीत करते। फिर दोनों के बीच प्रेम हो गया। इसके बाद पायल ने आयुष को एयर होस्टेस का कोर्स कराने को कहा। आयुष ने पायल को कोर्स कराया। फिर उसकी नौकरी लगवाने के चक्कर में लग गया। इस बीच, वह पायल पर शादी करने का दबाव भी बना रहा था। 2021 में हिमांशु को पायल और आयुष के बारे में जानकारी लगी। उसने विरोध किया और समझाया, लेकिन बात नहीं बनी। पायल ने हिमांशु से शादी होने चलते के चलते आयुष के साथ रहने से मना कर दिया। कहा- जब तक हिमांशु है, यह संभव नहीं। इस पर उसकी हत्या का करने का प्लान बनाया। करीब 3 महीने पहले शूटर के जरिए गोली मरवाने की योजना बनाई। लेकिन, पकड़े जाने के डर से ऐसा नहीं किया। इसके बाद करीब डेढ़ महीने पहले आयुष ने एक दवा दी। उस दवा को धीरे-धीरे हिमांशु को खिलाना था, लेकिन पायल नहीं खिला सकी। इससे आयुष भी पायल से झगड़ा करने लगा। हिमांशु ने आयुष से करीब 20 हजार रुपए उधार लिए थे। आयुष सरकारी नौकरी होने की वजह से काफी सक्षम था, इसलिए उसने पैसा उधार दे दिया था। हिमांशु यह पैसा धीरे-धीरे चुका रहा था। इसी बीच पायल और आयुष ने योजना बनाई कि उधार वापस लेने के लिए बुलाकर हिमांशु की हत्या कर दी जाए। इस साजिश में आयुष ने अपने जीजा जैकी को भी शामिल किया। दोनों ने मिलकर जगह की पहचान की। 21 जनवरी को पायल ने हिमांशु से आयुष का उधार वापस करने के लिए कहा। इस पर हिमांशु ने पैसे न होने की बात कही। साजिश के तहत पायल ने आयुष से 3500 रुपए लिए और हिमांशु को दे दिए। हिमांशु पैसा वापस करने हनुमंत धाम पहुंचा। वहां उसे आयुष मिला। आयुष ने बातचीत के दौरान शनि मंदिर के पास दीया जलाने की बात कही। दोनों गोमती की कटान के पास चले गए। हिमांशु दीया जलाकर उसको रखने के लिए जैसे ही नीचे झुका, तभी आयुष ने उसे धक्का दे दिया और भाग गया। हिमांशु के गायब होने के बाद परिवार उसे खोजते हुए हनुमंत धाम पहुंचा। जैकी भी परिवार का करीबी होने की वजह से साथ में खोज रहा था। जैकी ने सीसीटीवी फुटेज देखने के दौरान उसके फुटेज डिलीट कराने का प्रयास किया। लेकिन, मंदिर परिसर के लोगों ने मना कर दिया। इसकी वजह से पूरे मामले का खुलासा हो गया।

### युवती ने फांसी लगाई, मौत

**लखनऊ।** राजधानी के गाजीपुर थानाक्षेत्र में युवती ने फांसी लगाकर सुसाइड किया। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले की जांच की जा रही है। इंदिरा नगर सेक्टर-19 की रहने वाली अनु शुक्ला (30) पुत्री रमेश शुक्ला एमए की छात्रा थी। पिता रमेश आवास विकास परिषद से फोर्थ क्लास से रिटायर्ड हैं। परिजनों ने बताया कि रविवार को परिवार से बातचीत के बाद अपने कमरे में सोने चली गई। सुबह काफी देर तक बाहर निकली तो करीब 10 बजे परिवार ने कमरे का दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई जवाब न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। अंदर अनु पंखे के सहारे लटकी मिली। पुलिस ने उसे फंदे से उतारकर लोहिया अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। इंस्पेक्टर गाजीपुर ने बताया कि परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर में लगी आग,दो टीमों ने एक घंटे में पाया काबू

**लखनऊ।** राजधानी के कल्याणपुर गुडंबा इलाके में रविवार दोपहर एक घर में आग लग गई। घर से धुआं निकलता देख लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दो दमकल ने 1 घंटे में आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानि नहीं हुई है। सीमांत नगर कल्याणपुर मैकाले चौराहा निवासी फहीम खान पत्नी नईम खान के घर में रविवार करीब 3 बजे आग लग गई। जिसकी सूचना फायर स्टेशन इंदिरानगर को दी गई। मौके पर दो फायर टेंडर यूनिट और एक यूनिट फायर स्टेशन बक्शी का तालाब से घटनास्थल पर पहुंची। आग घर के पहली फ्लोर पर बने एक कमरे में लगी थी। फायरकर्मियों ने होजरील के जरिए गाड़ी से पंपिंग करके आग को बुझाना शुरू किया। करीब एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। कोई जनहानि नहीं हुई है। आग की वजह से बेड, अलमारी, दो बक्शे व अन्य घरेलू कागजात सहित एक कमरा पूरी तरह जल गया था। आग की लगने की स्पष्ट वजह का पता नहीं चल सका है।

## 33 किलो चांदी लेकर फरार नौकर हुआ गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चौक इलाके में शनिवार दुकान में काम करने वाला नौकर 33 किलो चांदी लेकर गायब हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 32 लाख की चांदी बरामद की है। शिवकमल पैलेस के मालिक ताराशंकर ने रविवार को मोहम्मदपुर खाला बाराबंकी निवासी अर्पित मिश्रा (25) पुत्र चन्द्रकान्त मिश्रा के खिलाफचोरी की शिकायत दर्ज कराई। ताराशंकर ने बताया कि अर्पित उनकी दुकान पर काम करता था। शनिवार को करीब 33 किलो चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया। ताराशंकर की सूचना पर पुलिस ने टीम गठित की। टीम ने 24 घंटे के अंदर आरोपी अर्पित को सोमवार को कुड़िया घाट के पास से गिरफ्तार किया। मौके से अर्पित के पास से 32 किलो 468 ग्राम चांदी के जेवर बरामद किए। जिसकी कीमत करीब 33 लाख है।

## 42 लाख की ठगी करने वाले दंपती गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी की गोमतीनगर पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में फरार चल रहे दंपती को गिरफ्तार किया।
आरोपियों ने इंवेस्ट करने के लिए पैसे उधार लिए। प्रॉफिट के पैसों से 50 प्रतिशत फायदा देने का झांसा। इसके बाद पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। एफआईआर दर्ज होने के बाद दोनों फरार चल रहे थे। राजाजीपुरम सौरभ कुमार (45) पुत्र रामपाल अपनी पत्नी प्रीति के साथ मिलकर इंवेस्ट कराने के नाम पर ठगी करता था। दोनों खुद को ज्वैल इनफोटेक प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी का मालिक बताते। इसके बाद पैसा इंवेस्टमेंट करने के नाम पर पैसे उधार लेते। उधार लिए पैसे वापस करने के साथ 50ः की हिस्सेदारी देने की बात कहते। इसके बाद पूरा पैसे गायब कर देते। पीड़ित के पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी देते। धोखाधड़ी के जरिए आरोपियों ने 42 लाख की ठगी की थी। पीड़ित के कई बार पैसे मांगने पर भी वापस नहीं किया। तब गोमतीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू जारी किया था। दोनों आरोपियों को रविवार को गोमतीनगर पुलिस स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया।

### महाकुंभ में विशेष ड्रोन शो, आसमान में दिखा श्मेरा संविधान-मेरा स्वाभिमान'

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग की ओर से महाकुंभ में आयोजित ड्रोन शो का समापन रविवार को गणतंत्र दिवस पर विशेष प्रस्तुति के साथ हुई। तीर्थराज प्रयाग में आयोजित तीन दिवसीय भव्य शो में श्रद्धालुओं ने आकाश में समुद्र मंथन का जीवंत चित्रण देखा। इस दौरान उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस और पर्यटन दिवस पर शानदार प्रस्तुति हुई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संगमनगरी में ड्रोन शो के तीसरे दिन का शुभारंभ ''ऊँ असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय'' के साथ हुआ। समुद्र मंथन, महाकुंभ के बाद गणतंत्र दिवस पर विशेष प्रस्तुति हुई। बताया गया, कि 26 जनवरी 1950 वह दिन जब भारत ने गणतंत्र का गौरवमयी अध्याय लिखा और संविधान को अपनाया। हमारे दूरदर्शी संविधान ने एकता, न्याय और समानता के सिद्धांतों पर देश को मजबूत आधार दिया।

## बिटकॉइन के नाम पर 4 लाख की ठगी, निवेश के नाम पर जमा कराया पैसा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी में साइबर ठगों ने एक युवक से बिटकॉइन में निवेश करने के नाम पर तीन दिन में 4.31 लाख रुपए ठग लिए। युवक के पैसे निकालने की कोशिश पर खाता बंद कर दिया। पीड़ित साइबर ठगों से टेलीग्राम के माध्यम से जुड़ा था। चिनहट पुलिस पीड़ित की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। चिनहट के कमता कल्याणी विहार निवासी शाश्वत सिंह का कहना है कि 31 दिसंबर 2024 को एक टेलीग्राम पर एक मैसेज आया। नंदनी राजपूत नाम की टेलीग्राम आईडी चलाने वाले ने कहा कि मुझे बिटकॉइन में इंवेस्ट करने से कुछ ही दिनों में बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है। इसके लिए उसने एक लिंक भेजा। जिसमें अपनी डिटेल भरने के बाद बिटकॉइन में निवेश के टिप्स आए। जिसके आधार पर 9 बार में करीब 4.31 लाख रुपए लगा दिए। यह पैसा 31 दिसंबर 2024 से 3 जनवरी 2025 के बीच लगाया था। पीड़ित का कहना है कि जब निवेश के नाम पर लगाए पैसों के प्रॉफिट को निकालने की कोशिश की तो खाता फ्रीज कर दिया। इसके बाद खाते से पैसे निकालने के लिए और पैसों की मांग की गई। विरोध पर खाता और आईडी दोनों ब्लाक कर दी गई। चिनहट पुलिस के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर खाता नंबर और टेलीग्राम आईडी की डिटेल के आधार पर साइबर ठगों के विषय में जानकारी की जा रही है।

## इंस्पेक्टर के घर चोरी, गहने और नगद किये पार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक इंस्पेक्टर के घर में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने 84 ग्राम सोने के जेवरात और 1.70 लाख रुपए की नगदी चुरा ली। घटना के समय परिवार बाहर गया हुआ था। घटना की जानकारी देते हुए डॉक्टर तौकीर ने बताया कि उनके बड़े भाई इंस्पेक्टर तनवीर अहमद खान शहर से बाहर गए थे। शाम करीब 5 बजे वह नमाज पढ़कर पास के पार्क में टहलने गए। जब वह करीब 6 बजे वापस लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा खुला मिला और ताला गायब था। घबराहट में उन्होंने अपने कजिन के बेटे यूसुफ को फोन किया, जो आलमबाग में कोचिंग पर था। अनहोनी की आशंका से जब उन्होंने अंदर झांककर देखा तो भाई का कमरा खुला मिला। चोर के अंदर होने के डर से उन्होंने पड़ोसियों से मदद मांगी, लेकिन कोई भी अंदर जाने को तैयार नहीं हुआ। डॉक्टर ने तुरंत 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी और खुद भी पुलिस चौकी पहुंचे। बड़े भाई से वीडियो कॉल और भाभी से मिली जानकारी के अनुसार, चोरी हुए सामान में 40 ग्राम के 4 सोने के कंगन, 20 ग्राम के 2 मांग टीके, 10 ग्राम का एक जोड़ा कान का झुमका, 10 ग्राम का एक लॉकेट और 4 ग्राम की एक अंगूठी शामिल है। इसके अलावा घर से 1.70 लाख रुपए की नगदी भी गायब मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## ओपीडी में तीन दिन मरीजों को इलाज देंगे स्वास्थ्य अफसर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए शासन की ओर से फिर से निर्देश हुआ है कि सीएमओ और उनके कार्यालय व अस्पतालों में विभिन्न पदों पर बैठे आला अफसरों को मरीजों को इलाज देना होगा। इसके लिए सप्ताह में तीन दिन ओपीडी में दो-दो घंटे मरीजों को देखना होगा। यह आदेश चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के महानिदेशक डॉ. रतनपाल सिंह की ओर जारी कर दिया गया है। चिकित्साधिकारी को इसका कड़ाई से पालन कराने के निर्देश हैं।
सीएमओ कार्यालय में लंबे समय से तैनात एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ और दूसरे सरकारी अस्पतालों में उच्च पद पर तैनात अफसर, एसआईसी, सीएमएस समेत अन्य को भी मरीज देखने होंगे। सीएमओ कार्यालय व दूसरे अस्पतालों में उच्च पदों पर बैठे अधिकारी किसी न किसी विधा के विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, लेकिन शासन के आदेश के बाद भी वह ओपीडी में सेवा नहीं दे रहे हैं। इस बात की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इसी को देखते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. आरपीएस सुमन ने फिर से एक निर्देश जारी किया है। उसमें साफ कहा है कि सभी विशेषज्ञ अधिकारियों को सप्ताह में तीन दिन दो-दो घंटे ओपीडी में मरीजों को देखकर मुकम्मल इलाज देना होगा। इससे पहले यह निर्देश 15 जून 2021 को जारी हुआ था। इस आदेश के बाद कुछ दिन तो अधिकारियों ने अस्पतालों में जाकर मरीजों को इलाज दिया, लेकिन अब फिर से अधिकारियों ने अस्पताल की ओपीडी में जाकर मरीजों को देखना बंद कर दिया है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह का कहना है कि निर्देशों का पालन कराया जाएगा। मरीज देखने की समय सारिणी बनवाई जा रही है।

## प्रिंसिपल को किया ब्लैकमेल, एफआईआर दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के निजी स्कूल के प्रिंसिपल ने फर्जी पत्रकार के खिलाफ ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रिंसिपल का आरोप है पत्रकार उनका संबंध एक महिला टीचर से जोड़कर ब्लैकमेल करके दो लाख रुपए की मांग कर रहा है। पैसे न देने पर दोनों के बारे में आपत्तिजनक बातें लिखकर यूट्यूब पर पोस्ट कर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महात्मा गांधी मार्ग, पार्क रोड हजरतगंज निवासी राकेश चत्री निजी स्कूल में प्रिंसिपल के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि मोजेश नाम का व्यक्ति एक यूट्यूब चौनल एम न्यूज के नाम से चलाता है। खबर चलाने के नाम पर लोगों को ब्लैकमेल करता है। 23 दिसंबर को उनके स्कूल पहुंचा और कहा कि आपके खिलाफ चलाने के लिए कई न्यूज आई हैं, लेकिन उसे प्रसारित नहीं कर रहे हैं। जिसके एवज में दो लाख रुपए की मांग करने लगा। इस पर पीड़ित ने पैसा देने से मना कर दिया। फिर सामाजिक छवि धूमिल करने की धमकी देने लगा।
इस पर पीड़ित घबरा गए और एक लाख रुपए दे दिया। इसके बाद अन्य न्यूज रिपोर्टरों को इंटरव्यू लेने के लिए भेजकर रुपए की मांग करने लगा। जब पीड़ित उसके दबाव में नहीं आया तो स्कूल की महिला टीचर से अवैध संबंध और गलत शब्दों का इस्तेमाल कर एम न्यूज नाम के यूट्यूब पर एक वीडियो क्लिप चला दी। इससे दोनों की काफी बदनामी हुई। ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पीड़ित ने हजरतगंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर हजरतगंज का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### दूध कारोबारी को पिकअप से रौंदने वाले दो गिरफ्तार

**काकोरी।** पारा में भैंस चोरी करने के विरोध पर दूध कारोबारी को पिकअप से रौंदने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, घटना में शामिल चार आरोपितों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। सदरौना निवासी दूध कारोबारी अबरार अली 11 जनवरी को परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे पिकअप सवार कुछ लोग आए और घर के बाहर बंधी तीन भैंसों को खोलकर गाड़ी में लादने लगे थे। इस बीच अबरार अली की नींद खुल गई तो वह विरोध जताते हुए चीख पुकार मचाने लगे थे। पकड़े जाने के डर से पिकअप सवार ने उन्हें रौंद दिया था। इलाज के दौरान अबरार की मौत हो गई थी। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के मुताबिक फिरोजाबाद के शिकोहाबाद दिखतौली निवासी मो. फजल व मो. तनवीर को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में प्रयुक्त पिकअप भी बरामद कर ली गई है। वहीं घटना में शामिल चार अन्य आरोपितों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

### एक फरवरी से पांचों जोनों में एलएसए लगाएगी सड़कों पर झाड़ू

**लखनऊ।** रामकी की दूसरी कम्पनी एलएसए एक फरवरी से नगर निगम के पांच जोनों में सड़कों की साफ सफाई करेगी। इसके लिए सोमवर को मेयर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में फैसला लिया गया। मेयर ने साफ कह दिया है कि अब हर हाल में एक फरवरी से एलएसए को सड़कों की सफाई की जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी। एलएसए को सफाई व कूड़ा प्रबंधन का काम नगर निगम ने पिछले वर्ष ही दिया था। लेकिन बाद में उसे सड़कों पर झाड़ू लगाने का काम रोक दिया गया। नगर निगम में पहले से कार्यरत कार्यदायी संस्थाएं ही पहले की तरह सफाई का काम कर रही थी। क्योंकि एलएसए के साथ पहले अनुबंध हो चुका है ऐसे में उससे ही सफाई का काम लिया जाएगा। मेयर की अध्यक्षता में हुई बैठक में एक फरवरी से उससे काम लेने का फैसला लिया गया। नगर निगम की कार्यदायी संस्थाओं के लगभग 6000 कर्मचारी कागजों में सफाई के काम में लगे हैं। इनमें से एक भी कर्मचारी की नौकरी नहीं जाएगी। सभी कर्मचारी एलएसए में अब काम करेंगे।

## बुद्धेश्वर चौराहे पर यातायात व्यवस्था बेहाल, एक घंटे तक लगा रहा जाम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के बुद्धेश्वर चौराहे पर यातायात व्यवस्था की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सुबह 9 बजे से एक घंटे तक लगे भीषण जाम ने आम नागरिकों की परेशानियों को और बढ़ा दिया। जाम की लंबाई एक किलोमीटर तक पहुंच गई, जिससे स्कूली बच्चों और दिव्यांग विद्यार्थियों को भी अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यातायात व्यवस्था की खराब स्थिति का एक बड़ा कारण ट्रैफिक पुलिस की अनुपस्थिति है। चौराहे पर अव्यवस्थित पार्किंग, डग्गामार वाहनों का संचालन और ई-रिक्शा चालकों द्वारा मनमाने ढंग से वाहन खड़े करने से स्थिति और भी जटिल हो जाती है। भारी वाहनों का निरंतर आवागमन भी जाम का प्रमुख कारण बना हुआ है। जाम में फंसे लोगों में आक्रोश की स्थिति देखी गई, जहां कई बार वाहन निकालने के प्रयास में लोगों के बीच तनाव और झड़प की स्थिति भी उत्पन्न हुई। ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि उनका ध्यान मुख्य रूप से चालान काटने और वीआईपी मूवमेंट पर केंद्रित रहता है। वीआईपी के गुजरने के बाद यातायात व्यवस्था फिर से अस्त-व्यस्त हो जाती है। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या का संज्ञान लें और आवश्यक कार्यवाही करते हुए स्थायी समाधान निकालें। यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

## अफसा ट्रेनिंग सेंटर में गणतंत्र दिवस की धूम

**गाजियाबाद।** लाइनपार क्षेत्र विजयनगर के वीर अब्दुल हमीद कॉलोनी में एनजीओ द्वारा चलाए जा रहे अफसा ट्रेनिंग सेंटर पर गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें टेलरिंग, मेहंदी डिजाइनिंग, एंब्रॉयडरी एवं धार्मिक विज्ञान का कुल 25 छात्राओं को डिप्लोमा/ सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया।मास को-ऑपरेशन एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष तौसीफ हाशमी ने कहा कि 26 जनवरी को पूरे देश में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कहा कि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश गुलामी की बेड़ियों से मुक्त जरूर हो गया था लेकिन देश की शासन व्यवस्था को चलाने के लिए हमारे पास अपना संविधान नहीं था। संविधान के बगैर देश को नहीं चलाया जा सकता। ऐसे में तब एक संविधान सभा का गठन किया गया और संविधान बनाया गया। इसके निर्माण में डॉ.भीमराव अंबेडकर की सबसे अहम भूमिका रही। संविधान को बनने में 2 साल 11 महीने 18 दिन का समय लगा। गहन विचार विमर्श, मंथन, कई बैठकों के बाद बनाए गए इस संविधान को देश में 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया।

# जिलाधिकारी की सराहनीय पहल का असर लगातार जारी

- स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे जनपद के शस्त्र लाईसैंसधारक
- डीएम ने स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने पर राधेश्याम, दिनेश कुमार को प्रशस्ती पत्र देकर किया सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल का सम्पूर्ण जनपद में असर लगातार जारी है। जिले के शस्त्र लाईसैंसधारक स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने के लिए लगातार आगे आ रहे हैं। लोगों को मानना है कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में कानून एवं शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। लोगों को आने जाने में किसी भी प्रकार से असुरक्षा महसूस नहीं होती है, इसी कारण लोग अपने शस्त्र लाइसैंस को स्वेच्छा से निरस्त करा रहे हैं। इसी क्रम में थाना थाना एका के ग्राम नगला धारू निवासी राधेश्याम एवं कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला श्रंगारनगर निवासी दिनेश कुमार ने स्वेच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराया है।

जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने स्वेच्छा से शस्त्र लाईसैंस निरस्त कराने पर राधेश्याम एवं दिनेश कुमार को कलक्ट्रेट सभागार में बुलाकर प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया।

दिनेश कुमार ने अपने शस्त्र लाईसैंस संख्या 11426 एवं राधेश्याम ने अपने शस्त्र लाइसैंस संख्या 3028 को निरस्त कराया है। बताते चलें कि डीएम प्रेम रंजन सिंह ने जिले में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त स्वेच्छा से शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराने की पहल शुरू की। उन्होंने जनपद के ऐसे शस्त्र लाईसैंसधारक जो अपने शस्त्र का प्रयोग नहीं करते हैं या जिन्होंने शस्त्र लाईसैंस बनवा तो लिया लेकिन उनका शस्त्र घर में अनावश्यक ही रखा रहता है, तो वे स्वच्छा से अपना शस्त्र लाईसैंस निरस्त करा सकते हैं। जनपद में अभी तक 67 से अधिक शस्त्र लाइसैंस निरस्त कराए गए हैं। इस अवसर पर डीएफओ सुन्दरेशा, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम सदर जगमोहन गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर राज कुमार मौर्य आदि मौजूद रहे।

# सिविल एयरपोर्ट पर वेटिंग लाउन्ज का द्वीप प्रज्जवलन कर विधिवत हुआ उद्घाटन

- केन्द्रीय मंत्री की अध्यक्षता में आगरा हवाई अड्डा सलाहाकार समिति (एएसी) की बैठक हुई सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** केन्द्रीय राज्य मंत्री मत्स्य पशुधन दुग्ध एवं पंचायती राज प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल जी द्वारा फीता काट कर एवं द्वीप प्रज्जवलन कर वेटिंग लाउन्ज का विधिवत उद्घाटन किया गया।

केन्द्रीय मंत्री प्रो0 एस0पी0 सिंह बघेल की अध्यक्षता में आगरा हवाई अड्डा सलाहाकार समिति (एएसी) की बैठक आहूत की गई।

बैठक में बताया गया कि वेटिंग लाउन्ज वातानुकूलित और यात्रियों की सभी आवश्यक सुविधाओं से परिपूर्ण है, वेटिंग लाउन्ज से यात्रियों के सामान की स्क्रीनिंग और सिक्यूरिटी जांच के उपरान्त यात्री सामान सहित एसी सिटी बस द्वारा टर्मिनल भवन तक पहुंचेंगे। बैठक में केन्द्रीय मंत्री एवं अन्य सदस्यों द्वारा दिव्यांग यात्रियों की सुविधा के लिए लो फ्लोर बस शुरू करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त मंत्री ने वेटिंग लाउन्ज से ही बोर्डिंग पास जारी करने की सभी संभावनाओं पर विचार करने को कहा तथा न्यू सिविल एन्क्लेव, धनौली की एप्रोच रोड की बाधा दूर करने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया गया।

बैठक में महाप्रबंधक (अभि.)/प्रोजेक्ट प्रभारी अनूप चन्द्र श्रीवास्तव ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा न्यू सिविल एन्क्लेव का विवरण एवं निर्माण कार्य प्रगति से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त मंत्री ने जिलाधिकारी को धनौली का नाला का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में निदेशक विमानपत्तन संयोजक ए.ए.सी. योगेन्द्र सिंह तोमर द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया और उनके मार्गदर्शन में उक्त सफल आयोजन हुआ। बैठक में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्या, मा0 विधायक, आगरा ग्रामीण एवं महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार मंत्री, उ.प्र. सरकार, श्री राकेश गर्ग, अध्यक्ष, यू.पी.एस.आई.सी. राकेश गर्ग, विधायक डा0 जी0 एस0 धर्मेश, छावनी तथा जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी सहित आगरा हवाई अड्डा सलाहाकार समिति (एएसी) के सदस्य, आगरा प्रशासन, वायु सेना, केंद्रीय अद्योगिक सुरक्षा बल, इंडिगो एयरलाइन्स के वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों के सकुशल बरामद होने पर परिजनों ने अलीगंज पुलिस को शील्ड देकर किया सम्मानित

- अलीगंज में बीते दिवस दो बच्चे गायब हुए बच्चों को एटा पुलिस ने दिल्ली से सकुशल किया बरामद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** बीते दिवस थाना अलीगंज के मोहल्ला राधा कृष्ण निवासी सैनिक प्रकोष्ठ समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव का पुत्र साथ ही उसका एक दोस्त जो चार दिन पूर्व गायब हो गया थे ज़ब बच्चों की काफ़ी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला रिश्तेदारी व अन्य जगह पर काफ़ी तलाश किया अंततः पीड़ित पिता विनोद यादव की लिखित तहरीर पर अलीगंज कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज की गई. उक्त मामले के गम्भीरता को समझते हुए पुलिस ने दोनों किशोर की बरामदगी के लिए तीन टीमों का गठन का गठन कर खोज बीन के लिए लगा दिन।बस स्टैंड रेलवे स्टेशनों पर गुमशुदा के पोस्टर लगवा दिए। पुलिस के सफल प्रयास के बाद दोनों किशोर शनिवार को देर शाम दिल्ली के बल्लभ गढ़ रेलवे स्टेशन पर चाय पीते मिले पुलिस ने दोनों किशोरों आर्यन पुत्र विनोद उम्र 11वर्ष सागर पुत्र सत्यभान उम्र 14 वर्ष को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपर्द कर दिया है। पुलिस की कड़ी मशक्कत और मेहनत से प्रसन्न होकर परिजनों और सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने अलीगंज कोतवाली के समस्त पुलिस कर्मियों कोबाशिक स्तंभ भेंट कर और माल्यार्पण कर सम्मानित किया है ।दअरसल दोनों किशोर घर पर वगैर बताए बुधवार को घूमने निकल गए थे।देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटे तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई तो उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस ने चैलेंज समझते हुए सर्विलांस साइबर टीम और थाना पुलिस की मदद से किशोरों की तलाश शुरू कर दी।चूंकि दोनों किशोर कोई मोबाइल साथ नहीं ले गए थे इसलिए पुलिस के सामने बड़ी चुनौती थी।एक लैपटॉप किशोर अपने साथ ले गए थे जिस पर सोशल साइटों पर चैट कर रहे थे पुलिस ने ट्रैक कर दिल्ली से दोनों किशोरों को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपर्द कर दिया है।

# समाजसेवी को पूर्वांचल के लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**लोकमित्र ब्यूरो**




**गाजियाबाद।** सुभासवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभास पार्टी )के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्वांचल समाज के पुरोधा अशोक श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि देने के लिए रविवार को एक स्मृति सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर भर के पूर्वांचल संगठनों के सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर भोजपुरी के जाने-माने लोक गायक कमलेश कुमार ओझा उर्फ झुन्ना ओझा ने भजन और निर्गुण की प्रस्तुति देकर सभा को भावनात्मक रंग दिया। गौरतलब है कि गाजियाबाद में %गाजियाबाद में पूर्वांचल समाज के नेल्सन मंडेला% कहे जाने वाले अशोक श्रीवास्तव का 31 दिसंबर 2024 को निधन हो गया था। उनके सम्मान में शहर की कई संस्थाएं लगातार स्मृति सभाओं का आयोजन कर रही हैं। राजनगर एक्सटेंशन रोड स्थित पूर्वांचल भवन ( अशोक श्रीवास्तव द्वारा निर्मित) में आयोजित इस कार्यक्रम के संयोजक और संचालक सुजीत तिवारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अशोक श्रीवास्तव की समाज के प्रति जो सोच थी, उसे आगे बढ़ाना हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है।

उनके अधूरे कार्यों को पूरा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सुभास पार्टी के संस्थापक सतेंद्र यादव ने कहा कि अशोक श्रीवास्तव केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचारधारा थे। विचारधारा कभी खत्म नहीं होती, वह हमेशा जीवित रहती है। वहीं, साहित्यकार मनोज भावुक ने कहा कि अशोक जी का व्यक्तित्व चुम्बकीय था।

शहर के हजारों लोग खुद को उनका खास मानते थे। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि पहली मुलाकात में ही वह किसी को अपना बना लेते थे। अशोक श्रीवास्तव की बेटी व शहर की जानी मानी आर्किटेक्ट प्रियंका श्रीवास्तव ने कहा कि उनका पूरा परिवार हमेशा समाज के लिए खड़ा रहेगा जैसे हमारे पापा रहते थे। सभा में मौजूद लोगों ने अशोक श्रीवास्तव के समाजसेवा के प्रति समर्पण और उनकी सोच को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से अमर दत्त गुरु जी, बी एल बत्रा, कुमार अभिनव, अजित श्रीवास्तव, सुनंदा श्रीवास्तव, डॉ जे पी सिन्हा, जसविंदर सिंह सन्नी, अनिल सिन्हा, कैप्टन गोपाल सिंह, डॉ राजीव श्रीवास्तव, ने भी अपना अपना विचार रखा।

इस श्रद्धांजलि सभा मे पन्ना लाल, साधु राम, कमाल यादव, अनिल मिश्रा, शैलेंद्र श्रीवास्तव, विद्या शंकार त्रिपाठी, आनंदमणि त्रिपाठी, जे पी यादव, जे पी द्विवेदी, मनोज भावुक, अनूप पांडेय, अभिनंदन तिवारी,विनोद अकेला, राम गणेश सिंह, अवधेश कुमार, ठाकुर पंकज सिंह, चंदन सिंह, दुर्गा प्रसाद पांडेय, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्त, राजेंद्र गौतम राजेंद यादव, आर पी शुक्ला, रजनीश द्विवेदी, सुशील राय, विजय सिंह, प्रभा शंकर सिंह, राजकुमारी यादव, अजय श्रीवास्तव, अशोक शर्मा, कमलेश ओझा, यति गिरी, सुरेन्द्र भारती , राम अवतार यादव, राम जन्म भारती, रंजीत कुशवाहा, संतोष भोजपुरिया, दीपक वर्मा, अनुपम अग्रवाल , एस के झा, राम नरेश मिश्रा, रंजीत शर्मा, पवन सक्सेना, बी पी श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, बसन्ती देवी, मीनाक्षी चौधरी, हरि ओम तिवारी, महेश पांडेय, ललन पांडेय, मुकेश शर्मा, गिरीश मिश्रा, दीना नाथ मिश्रा, अनिल सिंह, निर्भय श्रीवास्तव, अशोक सिंह एवं अन्य लोग भी मौजूद थे।

# शहीद बाबा दीप सिंह की जयंती को समर्पित चुपहरा समागम का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** भूड़ भारत नगर स्थित गुरुद्वारा गुरु नानक सिमरन सभा में चुपहरा समागम का आयोजन किया गया। यह समागम शहीद बाबा दीप सिंह की 343वीं जयंती को समर्पित था। समागम की शुरुआत सुबह 9 बजे से हुई, जिसमें श्री जपजी साहिब के 5 पाठ किए गए।

2 पाठ चौपाई साहिब के हुए। समागम में श्री सुखमणि साहिब का पाठ और 6 पौड़ी श्री आनंद साहिब का पाठ भी हुआ। समाप्ति के बाद भोग डाला गया और संगत ने गुरू का लंगर ग्रहण किया।

गुरुद्वारा के प्रधान सरदार जोगिंदर सिंह ने संगत का धन्यवाद किया और कहा कि पाठ करना एक व्यक्तिगत साधना है, मगर संगत के साथ पाठ करने से एक अलग ही शक्ति और प्रेरणा मिलती है। हजूरी रागी भाई कुलदीप सिंह ने पाठ का नेतृत्व किया। वहीं, डिप्टी सेक्रेटरी सरदार कुलदीप सिंह ने बाबा दीप सिंह जी के जीवन और इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला।

# धूमधाम से 76 वें गणतंत्र दिवस का साक्षी बना कानपुर कार्डियोलॉजी

- चर्चित डायरेक्टर राकेश वर्मा ने फहराया तिरंगा
- 76 वें गणतंत्र दिवस पर कार्डियोलॉजी में आयोजित भव्य समारोह में डायरेक्टर राकेश वर्मा ने झंडारोहण के साथ दिलाई सपथ, कर्मचारियों को पुरस्कार और मरीज को भी खिलाई मिठाई

**सुनील बाजपेई**



**कानपुर।** देश का 76 वां गणतंत्र दिवस यहां के हृदय रोग संस्थान में भी बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। गणतंत्र दिवस के इस शुभ अवसर पर आयोजित भव्य समारोह को संबोधित करते हुए डायरेक्टर प्रोफेसर डॉ राकेश कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी चिकित्सक एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए संस्थान में रोगी हित के लिए चल रही परियोजनाओं एवं विगत एक वर्ष की अभूतपूर्व और ऐतिहासिक उपलब्धियों के विषय में भी विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर सैंकड़ों पुरस्कारों और प्रशंसा पत्रों से सम्मानित और अपनी नौकरी के अब तक के कार्यकाल में आज तक 1 दिन का भी अवकाश नहीं लेने वाले तथा सफल ऑपरेशन के रूप में सैकड़ों हृदय रोगियों की जान बचाने का रिकार्ड तोड़ने के भी एक मात्र प्रशंसनीय श्रेय धारक समर्पित सेवाभाव वाले और डायरेक्टर बनने के बाद भी कार्डियोलॉजी और उसके मरीजों के हित में अपने आप में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व हर तरह के सफल प्रभावी कदम उठाने वाले डायरेक्टर प्रोफेसर डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा ने अपने कर्तव्य का पालन निष्ठा और ईमानदारी से करने के साथ ही देशभक्ति की शपथ भी दिलाई।

साथ ही डॉ, उमेश्वर पाण्डेय एवं डॉ. अवधेश शर्मा द्वारा भी गणतंत्र दिवस के महत्व एवं स्वतंत्रता सेनानियों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के समापन में निदेशक और अन्य चिकित्सक द्वारा संस्थान में भर्ती मरीजों को फल/ मिठाई वितरण भी किया गया।

# इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में वार्षिक मेले का आयोजन धूमधाम से संपन्न




**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल में वार्षिक मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। मेले में स्कूल के बच्चों ने व्यंजनों व खेल के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। मेले का उदघाटन मुख्य अतिथि विद्यालय की निदेशक राजेश्वरी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्य व सहायक निदेशक रेनू शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि निदेशक राजेश्वरी ने कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। प्रधानाचार्य व सहायक निदेशक रेनू शर्मा ने सभी का आभार प्रकट किया और कहाए कि ऐसे आयोजन सांस्कृतिक एकता के महत्व को बढ़ावा देते हैं।

साथ ही ज्ञान, रचनात्मकता व मानसिक विकास को विकसित करते हैं। मेले में अनेक राज्यों से संबंधित व्यंजनों तथा खेल के स्टॉल लगाए गए। लकी ड्रा भी निकाला गया और लकी ड्रा के विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।

# विद्युत सम्बंधी समस्याओं का तुरंत समाधान हो: संजीव



- शहर विधायक संजीव शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा क्षेत्र के विकास के लिए दिन-रात कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के निवासियों को सभी सुविधाएं मिलें और उनकी प्रत्येंक समस्या का समाधान हो, इसके लिए वे विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक भी कर रहे हैं। विकास की इस कडी में शहर विधानसभा क्षेत्र में की विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने विद्युत विभाग अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक में मुख्य अभियंता गाजियाबाद जोन प्रथम अशोक सुंदरम, अधीक्षण अभियंता मंडल प्रथम अनिल कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता स्पर्श आर्या व उपखंड अधिकारी रमेश चंद्र शामिल रहे। बैठक में संजीव शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 24 घंटे बिजली की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। अतः प्रदेश सरकार की मंशा के अनुसार शहर विधानसभा क्षेत्र की सभी समस्याओं का तुरंत समाधान कराए जाए और 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाए। सभी अणिकारियों ने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र में व्याप्त हर समस्या का निदान तुरंत करेंगे।

विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन पर भरोसा करते हुए उन्हें विजयी बनाया है। उनके भरोसे पर खरा उतरना ही एकमात्र लक्ष्य है और क्षेत्र का विकास ही उनका परम धर्म है।

# जलेसर में स्थापित औद्योगिक इकाइयों में किया गया निरीक्षण

- डीडी कृषि, जीएमडीआईसी, जिला कृषि अधिकारी ने संयुक्त रूप से जलेसर में औद्योगिक इकाईयों को निरीक्षण कर लिया जायजा

**लोकमित्र ब्यूरो**



**एटा।** शासन द्वारा जलेसर में औद्योगिक इकाईयों में नीम कोटिड यूरिया के उपयोग की जांच करने निर्देश दिए गए। जिसके उपरान्त जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर डीडी कृषि रोताश कुमार, जीएमडीआईसी प्रेमकांत, जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से तहसील जलेसर में स्थापित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों में नीम कोटिड यूरिया के उपयोग की सघन जांच हेतु स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया गया। टीम द्वारा मै0 श्री निवास एण्ड संस, सादाबाद रोड, जलेसर का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण में पाया कि इस इकाई के द्वारा शोरा निर्माण किया जाता है।

औद्योगिक इकाई के परिसर का सघन निरीक्षण किया गया, इकाई में कच्चा मॉल के रूप में यूरिया /नीम कोटिड यूरिया का उपयोग नहीं होता है और न ही मौके पर इसके साक्ष्य किसी भी रूप मे नही पाये गये। तदोपरान्त मै0 बसन्त लाल मौर मुकुट स्टेशन रोड, जलेसर, इस इकाई के द्वारा शोरा निर्माण किया जाता है, औद्योगिक इकाई के परिसर का सघन निरीक्षण किया गया, इकाई में कच्चा मॉल के रूप में यूरिया/नीम कोटिड यूरिया का उपयोग नहीं होता है और न ही मौके पर इसके साक्ष्य किसी भी रूप मे नही पाये गये। उन्होंने मै0 गर्ग ट्रेडर्स, सासनी रोड, जलेसर के निरीक्षण में पाया कि इस इकाई के द्वारा शोरा निर्माण किया जाता है, औद्योगिक इकाई के परिसर का सघन निरीक्षण किया गया, इकाई में कच्चा मॉल के रूप में यूरिया/नीम कोटिड यूरिया का उपयोग नहीं होता है और न ही मौके पर इसके साक्ष्य किसी भी रूप मे नही पाये गये। तदोपरान्त मै0 मित्तल सॉल्ट फीटर आगरा रोड, जलेसर के निरीक्षण में पाया कि इस इकाई के द्वारा शोरा निर्माण किया जाता है, औद्योगिक इकाई के परिसर का सघन निरीक्षण किया गया, इकाई में कच्चा मॉल के रूप में यूरिया/नीम-कोटिड यूरिया का उपयोग नहीं होता है और न ही मौके पर इसके साक्ष्य किसी भी रूप मे नही पाये गये। उन्होंने मै0 अग्रवाल ट्रेडिंग कॉरपोरेशन बाई पास जलेसर के निरीक्षण में पाया कि इस इकाई के द्वारा शोरा निर्माण किया जाता है, औद्योगिक इकाई के परिसर का सघन निरीक्षण किया गया, इकाई में कच्चा मॉल के रूप में यूरिया/नीम कोटिड यूरिया का उपयोग नहीं होता है और न ही मौके पर इसके साक्ष्य किसी भी रूप मे नही पाये गये। तदोपरान्त सिद्धि विनायक, सिकन्द्राबाद रोड, जलेसर के निरीक्षण में पाया कि इस इकाई के द्वारा नौसादर निर्माण किया जाता है, औद्योगिक इकाई के परिसर का सघन निरीक्षण किया गया, इकाई में कच्चा मॉल के रूप में यूरिया/नीम कोटिड यूरिया का उपयोग नहीं होता है और न ही मौके पर इसके साक्ष्य किसी भी रूप मे नही पाये गये। इसके बाद सावित्री ट्रेडर्स, बाई पास दरगाह रोड, जलेसर का निरीक्षण किया गया। इस इकाई के द्वारा पीतल का कार्य किया जाता है, औद्योगिक इकाई के परिसर का सघन निरीक्षण किया गया, इकाई में कच्चा मॉल के रूप में यूरिया/नीम कोटिड यूरिया का उपयोग नहीं होता है और न ही मौके पर इसके साक्ष्य किसी भी रूप मे नही पाये गये।

## संक्षिप्त खबरें

### आबकारी विभाग द्वारा की गई छापेमारी

**अमेठी।** जनपद में अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिले में गठित टीम द्वारा ग्राम -उमराव सिंह का पुरवा, भूसियावा , नटपुरवा व पूरेव पनवारी में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र-1 गौरीगंज में थाना-मुंशी गंज के अंतर्गत ग्राम-उमराव सिंह का पुरवा का पुरवा से कुल 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए करीब 300 कि0ग्रा0 लहन मौके पर नष्ट किया गया। इस कार्यवाही में 01 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया साथ ही ग्राम वासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई व आबकारी दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में उप जिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह, तहसीलदार नरेंद्र कुमार यादव व प्रभारी आबकारी निरीक्षक सतीश चंद्र दीक्षित व आबकारी स्टॉफ अमित कुमार सिंह, रामनाथ मौर्या, पुष्पेंद्र, संजय सरोज आबकारी सिपाही सम्मिलित रहें।

### 50 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** जिले में चलाये जा रहे अभियान नशा मुक्त अमेठी के तहत सोमवार को उ0नि0 हरदेव बहादुर सिंह थाना जामो मय हमराही द्वारा अभियुक्त बृजेश कुमार पुत्र मनीराम निवासी लाला का पुरवा मजरे बलभद्रपुर थाना जामो जनपद अमेठी उम्र 26 वर्ष को उमराडीह पुल के पास से समय करीब 04.40 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया ।

### हमारा सौभाग्य है कि आज भारत स्वतंत्र : डॉ विकास यादव



**बाराबंकी।** राम सेवक यादव स्मारक इण्टर कालेज में गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 विकास यादव ने झण्डारोहण किया तथा उपस्थित समस्त लोगो द्वारा राष्ट्रगान मधुर व ओजपूर्ण भाव से गाया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि आज हमारे संविधान को लागू हुए 75 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं अपने भारतीय संविधान के प्रति पूर्ण निष्ठा रखते हुए हम सबको उसकी रक्षा और सम्मान हेतु तत्पर रहना चाहिए। यह हमारा सौभाग्य है कि आज भारत स्वतंत्र हैं। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ0 जगन्नाथ वर्मा ने आयें हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि छात्र यदि अपने कर्तव्य अध्ययन और अध्यापक अपने कर्तव्य अध्यापन का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने लगेंगे तो वह दिन दूर नही जब भारत की गणना विश्व के अग्रणी देशों में की जायेगी। इस अवसर पर डा0 अनिल जैन, पूर्व अध्यक्ष जिला बार एसोसिएशन बृजेश दीक्षित एडवोकेट, हुमायूँ नईम खाँ एडवोकेट, श्रीमती शालिनी यादव, पुष्पेन्द्र कुमार एडवोकेट, आशीष यादव एडवोकेट, राम कैलाश यादव एडवोकेट, सरताज चौधरी, डा0 वीरेन्द्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया

▸▸ मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट एवं पुलिस लाईन अमेठी में हुआ सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जिले में 76वां गणतंत्र दिवस बडे हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों में ध्वजारोहण के साथ ही विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया उसके उपरांत राष्ट्रीय ध्वज का अभिवादन किया गया, तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों को सामुहिक रूप से संविधान में उल्लिखित संकल्प दिलाया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों एवं जनपद वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि आज ही के दिन संविधान अंगीकृत हुआ था आज पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण दिन है आज ही के दिन हमें नई पहचान मिली थी उसे हम सभी को संजोकर रखना है संविधान के महत्व को हम अपने जीवन में आत्मसात करें उसे साथ लेकर चलें यही हम सबकी देश के प्रति सच्ची देशभक्ति होगी। 26 जनवरी 1950 को हमारा देश लोकतांत्रिक गणराज्य बना। और उन्होंने कहा कि हम सभी को जो भी दायित्व दिए गए हैं उनका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करें।

मंत्री ने ली परेड की सलामी

शुभ 9.30 बजे पुलिस लाइन अमेठी में राज्यमंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश मयंकेश्वर शरण सिंह ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली। वहीं पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के नेतृत्व में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने ध्वजारोहण किया तत्पश्चात राष्ट्रगान के उपरांत उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को संकल्प दिलाया।

इसके अलावा जिला मुख्यालय एवं पूरे जिले में शासकीय एवं अशासकीय स्तर पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र/छात्राओं और विशेषकर युवा वर्ग ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सभी को राष्ट्र के प्रति सजग रहना चाहिएः डा. सुजीत चतुर्वेदी



लोकमित्र ब्यूरो

**सतरिख।** टी.आर.सी. लॉ कॉलेज में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम कॉलेज के प्रबन्धक डा. सुजीत चतुर्वेदी एंव कॉलेज प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से घ्वाजारोहण किया गया एंव राष्ट्रगान के पश्चात् कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्धक डा. सुजीत चतुर्वेदी, प्राचार्य डा. अश्वनी कुमार गुप्ता, चिन्मय चतुर्वेदी एंव प्रशासनिक निदेशिका रोली मिश्रा ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती व भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबन्धक ने वेदों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें अपने राष्ट्र के प्रति सजग रहना चाहिए। हम सबको अपने संस्कारों को संजोए रखना चाहिए। आगे कहा कि संविधान में भले ही कितना भी संशोधन हो जाये किन्तु हमारे संस्कार नहीं बदले जा सकते।

हम सबसे अलग हैं सबसे जुदा है इसलिये हम सब भारत वर्ष हैं। इस अवसर आदित्य नारायण जायसवाल, रौनक सोनी, नाजिया अजमत ने अपने-अपने विचार रखे। अनुराग सिंह, प्रिन्स राज साहू, अजय प्रताप सिंह ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रोहिणी त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डा. नवीन कुमार सिंह, डा. मंजय यादव, अमजद् अंसारी, धर्मेन्द्र कुमार आदि प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।

## अवधी साहित्य संस्थान की, कवि गोष्ठी में, बही कविता की रसधार

**अमेठी।** अवधी साहित्य संस्थान की ओर से मुकुट नाथ धाम परिसर में मासिक कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती , गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण तथा कवियत्री अर्चना ओजस्वी की वाणी वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए अवधी साहित्य संस्थान अमेठी के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि गद्य के बिना पद्य समझना सम्भव नहीं है।वर्तमान परिवेश में कबीर,सूर, तुलसी, पन्त,निराला प्रसाद एवं मुंशी प्रेमचंद को भी याद करने की जरूरत है।कवि गोष्ठी अध्यक्षता करते हुए हरि नाथ शुक्ल हरि ने पढ़ा गणतंत्र का दिवस है छब्बीस जनवरी,बेला बढ़ी सुयश है छब्बीस जनवरी का पर्व है। शब्दों में वेग भावना की,लड़ें जालिम से कविता सिखाती है,समीर मिश्र ने पढ़ा आंखों में आसूं कंधों पर अर्थी रही, फूल कम पड़ गये थे चिता के लिए।

## हेल्थ वेलनेस सेंटर और एएनएम सेंटर निर्माण, बना चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिले के जगदीशपुर के ग्रामसभा मंगौली में प्रस्तावित हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण डेढ़ महीने से रुका हुआ है, जिससे क्षेत्र वासियों में चर्चा का विषय बना हुआ है, और लोगों में गहरी नाराजगी और असंतोष देखने को मिल रहा है। प्रशासन की लापरवाही और निष्क्रियता के कारण यह परियोजना अधर में लटकी हुई है। ग्रामवासियों का कहना है कि यह सेंटर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था, लेकिन भूमि पैमाइश और निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है।

सूत्रों की मानें तब, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए जिस जमीन का चयन किया गया था, उस पर पहले नींव निर्माण कार्य शुरू किया गया था। ग्राम प्रतिनिधि रामगोपाल तिवारी ने इस पर आपत्ति जताई और अधिकारियों से बार-बार संपर्क किया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण प्रस्तावित भूमि पर ही किया जाए। इसके बावजूद प्रशासन की उदासीनता के चलते कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

पूर्व उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ने मौखिक आश्वासन दिया था कि निर्माण कार्य प्रस्तावित भूमि पर ही होगा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने इस पर कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने 4 दिसंबर को उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना से भूमि पैमाइश कर सीमांकन करवाने का अनुरोध किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक भूमि का सीमांकन नहीं होगा, तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सकता है। उनका कहना है कि जैसे ही भूमि उपलब्ध होगी, काम शुरू कर दिया जाएगा। उपजिलाधिकारी पंकज कुमार इस मामले पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि शीघ्र ही भूमि का सीमांकन कराया जाएगा।

## स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी मरीजों की हैरानी



▸▸ प्रयोगशाला मे बंद कपाट खुलने का घंटों इंतजार करते मरीज

लोकमित्र ब्यूरो

**जगदीशपुर/अमेठी।** सरकार जहां मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए चिकित्सकों को कडे फरमान जारी करती रहती है तो वहीं स्वास्थ्य कर्मियो की मनमानी के चलते मरीज निरंतर हैरान व परेशान रहते हैं जिम्मेदार अधिकारीगण बेखबर हैं। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर जो हमेशा किसी ना किसी मामले को लेकर चर्चाओ मे छाया रहता है केन्द्र पर मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके इसके लिए अधीक्षक के फेरबदल का सिलसिला जारी है परंतु केन्द्र पर व्याप्त अव्यवस्थाएं थमने का नाम नहीं ले रही है स्वास्थ्य कर्मियो की मनमानी के चलते आलम यह है कि घंटो तक प्रयोगशाला मे कपाट बंद होने के चलते वहां इकट्ठा मरीज घंटो रिपोर्ट के लिए इंतजार मे खड़े रहते हैं जब इस बात की खबर सीएमओ को मिलती है तो उनके कडे निर्देश के बाद स्वास्थ्य कर्मी हरकत मे आकर प्रयोगशाला पहुंचकर रिपोर्ट लेने वाले मरीजों को हड़काने लगते हैं ।गौरतलब हो कि सीएचसी मे अव्यवस्थाओं का चल रहा बोलबाला कब थमेगा और मरीजों को उत्तम चिकित्सा व्यवस्था कब मिल पाएगी इसको तो आने वाला वक्त बताएगा परंतु मौके पर चल रहा सियासी उठापटक का दंश मरीजों के लिए नासूर बनता जा रहा है। सूचना मिलते ही तुरंत स्वास्थ्य कर्मियो को प्रयोगशाला पर भेजा गया है मेरा प्रयास यही है कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा व्यवस्था मिले मनमानी करने वाले स्वास्थ्य कर्मियो को बख्शा नहीं जाएगा चाहे कितनी ही ऊंची पकड़ वाला ही क्यों ना हो।

## प्रशिक्षार्थियों को दिया गया टैबलेट लोकमित्र ब्यूरो




लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रदेश सरकार की युवाओं को तकनीकी सशक्तीकरण हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में प्रशिक्षार्थियों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह पचेहरी द्वारा टैबलेट वितरण किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण में दक्ष बनाने के लिए अनेकों प्रयास किये जा रहे है जिसके क्रम में युवाओं को टैबलेट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसका अधिक से अधिक प्रयोग प्रशिक्षण कार्य में करें। इस दौरान कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग ने आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री युवा सशक्तीकरण योजना के बारे में जानकारी प्रदान की तथा निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षार्थी अपना पंजीकरण कर लें जिससे 5 लाख तक का लोन स्वरोजगार हेतु उन्हें दिया जा सकें।

उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में ट्रेनिंग कम प्लेसमेन्ट अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, लीड बैंक मैनेजर राजीव कुमार पाण्डेय, जिला उद्योग केन्द्र भारती जी, दिवाकर मिश्र, राम बहादुर, अतुल कुमार पाण्डेय सहित अन्य समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हेल्थ वेलनेस सेंटर और एएनएम सेंटर निर्माण में देरी

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** जगदीशपुर के ग्रामसभा मंगौली में प्रस्तावित हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण महीनों से रुका हुआ है, जिससे ग्रामवासियों में गहरी नाराजगी और असंतोष बढ़ रहा है। प्रशासन की घोर लापरवाही और निष्क्रियता के कारण यह परियोजना अधर में लटकी हुई है। ग्रामवासियों का कहना है कि यह सेंटर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था, लेकिन भूमि पैमाइश और निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है।

सूत्रों के अनुसार, स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए जिस जमीन का चयन किया गया था, उस पर पहले नींव निर्माण कार्य शुरू किया गया था। ग्राम प्रतिनिधि रामगोपाल तिवारी ने इस पर आपत्ति जताई और अधिकारियों से बार-बार संपर्क किया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण प्रस्तावित भूमि पर ही किया जाए। इसके बावजूद प्रशासन की उदासीनता के चलते कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए।

पूर्व उपजिलाधिकारी प्रीति तिवारी ने मौखिक आश्वासन दिया था कि निर्माण कार्य प्रस्तावित भूमि पर ही होगा, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद नए उप जिला अधिकारी पंकज कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया, फिर भी भूमि पैमाइश सीमांकन और टीम गठन की प्रक्रिया में कोई प्रगति नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में प्रशासन की कार्यशैली पर गहरी नाराजगी है।

ग्राम सभा मंगौली के ग्राम प्रतिनिधि रामगोपाल तिवारी का कहना है कि उन्होंने कई बार उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अपर जिलाधिकारी और जिलाधिकारी महोदया से संपर्क किया, प्रस्तावित जमीन पर निर्माण करने के लिए लिखित पत्र भी दिया गया लेकिन कोई परिणाम सामने नहीं आया। उनका कहना है कि वे लगातार इस मुद्दे को उठाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं देख पा रहे हैं। प्रशासन की घोर लापरवाही और अधिकारियों के फोन न उठाने से यह मामला और जटिल हो गया है।

इस देरी के बीच, ग्राम मंगौली में एएनएम सेंटर की स्थिति भी बेहद जर्जर है। यह सेंटर तीन ग्राम पंचायतों–मंगौली, डोमाड़ीह, और परवेजपुर–के लिए काम करता है, लेकिन एएनएम सेंटर की जर्जर हालत के कारण वहाँ के एएनएम का निवास भी नहीं हो पा रहा है। जर्जर स्थिति के बावजूद प्रशासन की अनदेखी से स्वास्थ्य सेवाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

ग्रामवासियों का कहना है कि हेल्थ वेलनेस सेंटर और एएनएम सेंटर का निर्माण दोनों के लिए अत्यंत आवश्यक है। हेल्थ वेलनेस सेंटर के बिना क्षेत्रीय स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की संभावना कम हो जाती है। साथ ही, एएनएम सेंटर की जर्जर हालत के कारण तीनों ग्राम पंचायतों के लोग बिना सही स्वास्थ्य सुविधाओं के जूझ रहे हैं।

ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की अपील की है और इस देरी के कारण बढ़ रहे असंतोष और समस्याओं को दूर करने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है। वे प्रशासन पर सवाल उठा रहे हैं कि आखिर क्यों स्वास्थ्य सेवाओं जैसी जरूरी परियोजनाओं में इतनी लापरवाही बरती जा रही है।

इस मुद्दे पर तहसीलदार महोदय और कानूनगो से भी कई बार संपर्क किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश उनका फोन नहीं उठाया गया, जिससे ग्रामवासियों की नाराजगी और बढ़ गई है। अधिकारियों का ऐसा रवैया प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने इस पर बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने 4 दिसंबर को उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना से भूमि पैमाइश कर सीमांकन करवाने का अनुरोध किया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक भूमि का सीमांकन नहीं होगा, तब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सकता है। उनका कहना है कि जैसे ही भूमि उपलब्ध होगी, काम शुरू कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नौनिहालों ने किया जागरूक




लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर समीर इंटरनेशनल स्कूल बिरौली चौराहा में मतदाता जागरूकता से संबंधित विद्यालय स्तर पर प्रभात फेरी निबंध प्रतियोगिता स्लोगन राइटिंग तथा पेंटिंग का आयोजन किया गया किस अवसर पर प्रतिभागी छात्रों को प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रबंधक अपूर्व तिवारी और प्रधानाचार्य प्रीति मिश्रा के द्वारा प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर विद्यालय में मतदाता गोष्ठी का आयोजन भी किया गया इस अवसर पर संस्थापक प्रोफेसर समीर कुमार तिवारी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय हित के समुचित विकास हेतु प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करना चाहिए मतदान के से देश में सुशासन एवं संवैधानिक प्रक्रिया को बल मिलता है।

इस अवसर पर प्रबंधक अपूर्व तिवारी निर्देशिका मधुराम तिवारी प्रधानाचार्य प्रीति मिश्रा व प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार सिंह और अध्यापक गण के आलावा अभिभावक उपस्थित रहे।

## आई0टी0आई0 में प्रशिक्षार्थियों को वितरित किया गया टैबलेट

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रदेश सरकार की युवाओं को तकनीकी सशक्तीकरण हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज में प्रशिक्षार्थियों को नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपक सिंह पचेहरी द्वारा टैबलेट वितरण किया गया।

इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण में दक्ष बनाने के लिए अनेकों प्रयास किये जा रहे है जिसके क्रम में युवाओं को टैबलेट उपलब्ध कराया जा रहा है जिसका अधिक से अधिक प्रयोग प्रशिक्षण कार्य में करें।

इस दौरान कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग ने आई0टी0आई0 उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री युवा सशक्तीकरण योजना के बारे में जानकारी प्रदान की तथा निर्देशित किया कि सभी प्रशिक्षार्थी अपना पंजीकरण कर लें जिससे 5 लाख तक का लोन स्वरोजगार हेतु उन्हें दिया जा सकें। उन्होंने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में ट्रेनिंग कम प्लेसमेन्ट अधिकारी अजय कुमार सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी, लीड बैंक मैनेजर राजीव कुमार पाण्डेय, जिला उद्योग केन्द्र भारती जी, दिवाकर मिश्र, राम बहादुर, अतुल कुमार पाण्डेय सहित अन्य समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

लोकमित्र ब्यूरो



**मसौली बाराबंकी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र में सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा झंडा रोहण कर मिष्ठान का वितरण किया गया।

विकास खण्ड मसौली में ब्लाक प्रमुख रईश आलम ने झण्डा रोहण किया खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव ने स्वच्छता की शपथ दिलाई, टोल प्लाजा शहावपुर में प्रबन्धक सचिन चौहान, ग्राम पंचायत चिलौकी में प्रधान सोमनाथ राजपूत, ग्राम पंचायत मसौली में प्रधान नाजमा अंसारी, ग्राम पंचायत देवलिया में बिजय बहादुर वर्मा, मसौली थाना में थाना प्रभारी यशकांत सिंह ने झण्डा रोहण के उपरांत सलामी ली,सार्वजनिक शिक्षण संस्थान मसौली में प्रबन्धक राम मिलन वर्मा, सीएचसी बड़ागांव में अधिक्षक डॉ संजीव कुमार, गुरेला प्रधान पूजा वर्मा, धरौली में प्रधान सुमन राव, मुबारकपुर में प्रधान कान्ति देवी, ग्राम पंचायत बड़ागांव में शिक्षण संस्थानों में प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने,नसीरनगर में प्रधान सन्तोष कुमारी,करपिया में प्रधान विनोद कुमार झण्डा रोहण कर मिष्ठान का वितरण किया गया।इस मौके पर पंचायत सचिव आकिब जमाल, उत्तम वर्मा, जैसराम, अजय वर्मा, सौम्य सिंह, वन्दना पाल, प्रियंका सिंह, संजीव कुमार, महेश प्रताप सिंह,राम प्रताप वर्मा, अनिल कुमार दुबे सहित लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पाटन उन्नाव।** बिहार थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा भगवन्तनगर के उत्तरी गढेवा वार्ड नंबर 7 निवासी रजनी शुक्ला पत्नी सन्तोष कुमार शुक्ला व पड़ोसी फिरोज खान पुत्र आमीन खान से रविवार को विवाद हो गया था । फिरोज खान ने कुल्हाड़ी से हमला कर रजनी को गम्भीर रुप से घायल कर दिया था । पीड़िता रजनी की तहरीर पर पुलिस ने जान से मारने सहित अन्य धारा 109 (1 )बी एन एस में मुकदमा दर्ज कर लिया था । सोमवार को वांछित अभियुक्त फिरोज खान को पुलिस ने भगवन्तनगर के गंजरी गुरुद्वारा के पास घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार जेल भेज दिया ।

### परीक्षा देकर लौटे छात्र ने लगाई फांसी, मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत पश्चिमी चौकी क्षेत्र के मिश्रा कॉलोनी में सोमवार को एक 17 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की और कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी । मिश्रा कॉलोनी निवासी सुभाष पांडेय का 17 वर्षीय बेटा प्रांजुल पांडेय, नगर के एक विद्यालय में कक्षा ग्यारहवीं का छात्र था। छात्र सोमवार को विद्यालय में प्री-एग्जाम देने गया था। दोपहर करीब बारह बजे वह स्कूल से घर लौटा। घर पहुँचने के बाद कुछ देर खेलने के बाद उसने अपने कमरे में फांसी लगा ली। प्रांजुल के छोटे भाई विनायक ने जब उसे फांसी पर लटका देखा तो उसने शोर मचाया। शोर सुनकर आस-पास के लोग दौड़े और प्रांजुल को फंदे से नीचे उतारा। उस समय उसकी सांसें चल रही थीं, इसलिए उसे तुरंत नगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में प्रांजुल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रांजुल की मौत की खबर सुनते ही परिवार में मातम छा गया। पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

### नहीं है चोरों को पुलिस का भय चोर हुऐ सक्रिय

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज क्षेत्र के एक गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने दो ट्रांसफार्मर को खोलकर तेल व अन्य सामान खोलकर फरार हो गए इस समय चोरों को पुलिस का भय नहीं रहा है चोरों का ज़ब मन होता है तभी अपना काम तमाम कर फरार हो जाते है अलीगंज में पूर्व में भी ट्रांसफार्मर खुलने व उसमें से तेल व अन्य सामान का चोरों द्वारा खोला गया था लेकिन उन चोरों का आज तक कुछ पता नहीं चल सका. सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार अलीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पचंदा में बीती रविवार की रात दो 25के. वी के रखे ट्रांसफार्मर को अज्ञात चोरों द्वारा खोल लिया गया और उसमें से तेल व अन्य सामान को खोलकर फरार हो गए ज़ब लोग सुबह खेतों की तरफ गए तो खेतों में ट्रांसफार्मर पड़े हुऐ थे उनके अंदर कुछ नहीं था ग्रामीणों ने इसकी सूचना विजली विभाग के एसडीओ अतुल कुमार व जेई को दी गयी. विजली विभाग ने कोतवाली अलीगंज में तहरीर दी पुलिस मामले की जाँच पड़ताल कर रही है वही पूर्व में भी ट्रांसफार्मर की चोरी हो गयी थी लेकिन नतीजा अब तक शून्य ही रहा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने बिखेरे जलबे



जलेसर/एटा। गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर के श्रीनिवास अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा के नेतृत्व में घोष के भैयाओं द्वारा स्वागत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष गौरी वर्मा व अध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव वर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष सत्यप्रकाश,प्रबन्धक वीरेन्द्र प्रताप सिंह आदि अनेक अतिथिगण मौजूद रहे। पथ संचलन का शुभारम्भ पालिका अध्यक्षा ने झंण्डी दिखाकर किया। पथ संचलन में भारत माता, हेडगेवार, महाकुम्भ, अम्बेडकर, युवा क्रान्तिकारी, श्रीराम की झाँकियों ने मन मोह लिया। जो नगर के विभिन्न मार्ग से होते हुए विद्यालय में समापन हुआ। नगर वासियों द्वारा विभिन्न स्थानों तोरण द्वारा बनाए गए तथा पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया ग़या। वही जलेसर पब्लिक स्कूल की मुख्य यूनिट में हाथरस जनपद के प्रमुख उद्योगपति एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हाथरस अनिल सिसोदिया एवं विशिष्ट अतिथि केनरा बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक उमेश प्रजापति द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर केनरा बैंक के अधिकारी रोशन कुमार, उत्साह भारद्वाज एवं विद्यालय संस्थापक नरेन्द्र दीक्षित, एसएस दीक्षित सहित सभी अध्यापक एवं अध्यापिका मौजूद रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों द्वारा धार्मिक, देश भक्ति, सामाजिक एवं राजनैतिक कार्यक्रमों में अपनी अद्वितीय प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। जिससे सभी गणमान्य अभिवावक एवं शिक्षक शिक्षिकाऐं शाम तक जमे रहे।

# धर्म परिवर्तन करवाना पड़ गया महंगा

- थाना निरीक्षक सुनीता कुशवाहा के नेतृत्व मे डाला गया छापा
- इससे पूर्व भी धर्म परिवर्तन को लेकर लोगों को दी गयी थी चेतावनी
- बेहजम में लालच देकर धर्म परिवर्तन करवा रहे ईसाई प्रचारक रंगे हांथों गिरफ्तार
- ईसाई धर्म के चित्र,साहित्य व इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** नीमगांव थानाक्षेत्र के बेहजम में हिन्दू धर्म के लोगों को लालच देकर ईसाई धर्म में धर्मान्तरित कर रहे ईसाई प्रचारक उसके सहयोगियों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री संपूर्णानन्द की सशक्त पैरवी के बाद गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से ईसाई धर्म से सम्बन्धित चित्र व साहित्य, डिजिटल उपकरण आदि बरामद हुये हैं। कार्यवाही की माँग की गई।

जानकारी के अनुसार 26 जनवरी 2025 को बेहजम क्षेत्र में बाबू राम नामक व्यक्ति ने स्थानीय लोगों को अपने आवास पर यह कहकर बुलाया कि सभी को दिव्य चमत्कारी दवा पिलाई जायेगी। चमत्कारी दवा के लाभ प्राप्त करने हेतु जब अमन, आदर्श, आकाश, शैलेन्द्र, विमल व अखिल आदि युवक उक्त बाबूराम के आवास पर पहुँचे तो वहां पहले से मौजूद प्रमोद बाल्मीकि नामक पादरी ने विमल कुमार के माथे पर लगे तिलक को मिटाने को कहते हुये बताया कि मेरे पास ऐसी दवा है जिससे तुम लोगों की सारी बीमारियां समाप्त हो जायेंगी, तुम सबको प्रतिमाह चावल दिया जायेगा। वहाँ उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को एक एक शीशी तेल व पानी देते हुये कहा गया कि अपने अपने घरों से देवी देवताओं की मूर्तियां व चित्र इत्यदि हटा दो, पूजा बन्द कर दो। यीशु मसीह पर विश्वास करो,ईसाई धर्म दुनिया का श्रेष्ठ धर्म है, प्रभु यीशु की शरण मे तुम सभी को सफलता मिलेगी, ऐसा बोलकर सभा मे उपस्थित सभी लोगों को लालच देते हुये पादरी ईसाई धर्म स्वीकार करने का दबाव बनाने लगा।

सभा मे उपस्थित किसी व्यक्ति ने अपने किसी साथी को मामले जानकारी देते हुये सभास्थल की फ़ोटो खिंचवा कर धर्मान्तरण मामले की लिखित जानकारी कोतवाली नीमगांव पुलिस को दी गयी। विश्वहिंदू परिषद के संगठन मंत्री संपूर्णानन्द ने ईसाई मिशनरियों की प्रायोजित धर्मान्तरण गतिविधियों पर जिला प्रशासन से घोर आपत्ति दर्ज करवाने के उपरान्त पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश के बाद प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर लेते हुये सभा स्थल से आरोपी ईसाई प्रचारक प्रमोद बाल्मीकि व उसके साथी बाबूराम को ईसाई सभा करते हुये रंगे हाथों पकड़ कर हिरासत में लिया गया, जिनके कब्जे से ईसाई धर्म के देवताओं के चित्र, साहित्य एवं इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुये हैं।

कोतवाली पुलिस ने धर्मान्तरण के दोनों आरोपियों को मुकदमा अपराध संख्या 24/2025 धारा 3 व 5(1) उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म सम्परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 के अंर्तगत विधिक कार्यवाही करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# जेलर हरवंश पाण्डेय ने बड़ी धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



- जेलर के विभिन्न पदाधिकारियों को प्रदान किये गये मैडल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी के जिला कारागार में गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जेल के मुख्य द्वार पर जेलर हरिवंश पाण्डेय ने सुबह 8:30 पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रगान गया गया और राष्ट्र गणतंत्र का संकल्प पढ़ा गया।गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य मे जेल के हेड वार्डर सुरेश चंद्र को महानिरीक्षक कारागार की तरफ से सिल्वर मैडल व प्रसंशा पत्र प्रदान किया गया।जेलर हरवंश पाण्डेय द्वारा जेल के हेड वार्डर द्वारा सुरेश चंद्र को सिल्वर मेडल पहनाया गया और जेल चाकर मे बंदियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम के शुभ अवसर पर जेलर हरवंश पाण्डेय तथा डिप्टी जिलकर सुनील कुमार डी पी एस राठौर तथा भोजराज सिंह उपस्थित रहे। जेल अधीक्षक पी डी सालौनिया को को महानिरीक्षक कारागार उत्तर प्रदेश द्वारा हीरक मैडल प्रदान किये जाने के कारण उन्हे लखनऊ मे ही मैडल देकर सम्मानित किया गया जिसके कारण वे कारागार मे उपस्थित नही रहे। तदोपरांत सी एम ओ लखीमपुर संतोष पाण्डेय द्वारा जेल के अस्पताल मे भर्ती बीमार कैदियों को मिस्ठान व फलों का वितरण किया गया।

# किशोरी का शव नग्नावस्था में मिला

**लोकमित्र ब्यूरो**



**बीघापुर उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के गांव जंगली खेड़ा से सात दिन पहले घर से जंगल लकड़ी बीनने गई एक 17 वर्षीय दलित किशोरी का क्षत-विक्षत शव पुलिस ने नग्नावस्था में रविवार की शाम घर से एक किमी दूरी पर शारदा नहर बीघापुर महाई सड़क मार्ग पर नहर की पटरी पर झाड़ियों में बरामद किया है । शव को जंगली जानवरों द्वारा नोचने की बात भी सामने आई है। मृतका के पिता ने लापता होने के बाद अज्ञात लोगों पर पुत्री को भगा ले जाने का मामला दर्ज कराया था। सोमवार की दोपहर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे किशोरी के माता पिता व स्वजन ने किशोरी के हाथ मे बंधे कलावे व कंगन से शव की पहचान बेटी के रूप में की है । पिता ने गांव के दो लोगों पर हत्या का शक जता तहरीर दी है।

क्षेत्र के गांव जंगलीखेड़ा निवासी दिनेश के अनुसार उसकी चार बेटियों में सबसे छोटी बेटी 17 वर्षीय अनुष्का देवी 20 जनवरी की दोपहर लकड़ी बीनने गांव के बाहर जंगल में गई थी। शाम तक घर न लौटने पर स्वजनों की खोजबीन के बाद भी उसका जब कहीं पता नहीं चला तो अगले दिन 21 जनवरी को पिता दिनेश ने बीघापुर कोतवाली में बेटी को अज्ञात लोगों द्वारा भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। स्वजनों ने एक युवक से बातचीत करने का शक भी जताया था। किशोरी के गायब होने के बाद जैसे ही मामला दर्ज हुआ वैसे ही

पुलिस के साथ स्वजनों ने किशोरी की खोजबीन शुरू की। इसी प्रयास के दौरान किशोरी का दुपट्टा जंगली खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय के पीछे पुलिस ने पाया था ।

रविवार की शाम 6 बजे के आसपास ग्रामीणों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आनन फानन शव को कब्जे में लेकर उन्नाव भेज मर्चरी में रखवा दिया । सोमवार की सुबह पुलिस ने जंगली खेड़ा गांव से गायब किशोरी के माता पिता को एक उपनिरीक्षक के साथ जिला मुख्यालय भेज उसकी पहचान कराया तो माता पिता ने किशोरी के हाथों में पहने कलावा व कंगन व चेहरे से अपनी सबसे छोटी बेटी अनुष्का के रूप में की है । पुलिस के अनुसार उसका चेहरा खराब होने के साथ शरीर काफी पुराना होने से फूल गया है। पिता ने गांव के दो लोगों पर हत्या कर शव फेंके जाने का शक जताते हुए तहरीर दी है ।एसओ राजपाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जायेगी ।

# एक तखत पर कट रहीं 100 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांग की सर्द रातें

- गरीब महिला के द्वारा जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ पाने की मांग की थी लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से अभी तक उसको लाभ नहीं मिल पाया है






**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** माघ माह की सर्द रातें एक तखत पर बिताने को 100 प्रतिशत दिव्यांग नेत्रहीन विधवा महिला मजबूर है। जिसको शासन द्वारा योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है और गरीब महिला के द्वारा जिला अधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ पाने की मांग की थी लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से अभी तक उसको लाभ नहीं मिल पाया है। आपको बता दें कि सरकार गरीबों के लिए लगातार मदद का आश्वासन देकर तमाम योजनाएं चला रही है लेकिन उसके बाद भी ऐसे तमाम परिवार हैं जिनको सरकारी मदद मिलने में बड़ी कठिनाई झेलनी पड़ रही है और उनको सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इसी क्रम में विकास खंड सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत राजापुर पिपरिया के मोहल्ला कनौजिया कॉलोनी में डॉक्टर जी एल कनौजिया कोठी के पीछे रहने वाली एक सौ प्रतिशत दिव्यांग नेत्रहीन विधवा महिला लक्ष्मी देवी पत्नी स्व महेश सिंह शासन की योजनाओं का लाभ पाने के लिए भटक रही है और किसी तरह से अपना जीवन यापन कर रही है।शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार अधिकारियों को कड़े निर्देश दे रही है उसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं और पात्र लाभार्थियों तक योजनाएं नहीं पहुंच पा रही हैं जिससे सरकार की धूमिल हो रही है।

# राजधानी मार्ग फोर लेन के किनारे मिला अज्ञात वृद्ध का शव

**लोक मित्र संवाद**



**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत पश्चिमी चौकी क्षेत्र के गोपीनाथपुरम में सोमवार अपराह्न एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव खाटू श्याम मंदिर वाली गली के बाहर फोरलेन के किनारे पड़ा हुआ पाया गया। आस-पास के लोगों ने जब शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी। सोमवार को अपराह्न तकरीबन ढाई बजे गोपीनाथपुरम स्थित खाटू श्याम मंदिर वाली गली के सामने लोगों ने एक 65 वर्षीय वृद्ध का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पश्चिमी चौकी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और आस-पास के लोगों को बुलाकर शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन कोई भी उसे पहचान नहीं पाया। मृतक ने हल्की आसमानी रंग की शर्ट और नीले रंग की लोअर पहन रखी थी। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि शव को 72 घंटे के लिए उन्नाव मर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। इसके लिए आस-पास के थानों से भी संपर्क किया जा रहा है और सोशल मीडिया की भी मदद ली जा रही है। पुलिस का कहना है कि अगर 72 घंटे में भी शव की पहचान नहीं हो पाती है तो आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**



**बेलरायां-खीरी।** इलाके में 26 जनवरी 2025 को भारत का 76वां गणतंत्र दिवस का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर गांधी इण्टर कालेज द्वारा रानी लक्ष्मी बाई, सरस्वती माता एवं भारत माता तथा सुभाष चंद्र बोस इत्यादि सजीव झांकियों व जय घोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई । शोभा यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपरांत मुख्य अतिथि सहायक कमांडेंट एस0 एस0 बी0 चौकी डांगा रौनक त्यागी का स्वागत एन0 सी0 सी0 कैडेटस द्वारा सलामी परेड करके किया गया।

परेड के बाद मुख्य अतिथि द्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पाण्डेय तथा उपाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल एवं प्रबन्धक राजेश अग्रवाल उप प्रबन्धक देवेंद्र सिंह सदस्य राम स्नेही गुप्ता तथा 26 क्क्क्ष ह्ष्ह्ट लखीमपुर खीरी के जवानों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के उपरांत विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूल के बच्चों के द्वारा संपन्न हुए, एवं 25 जनवरी को कराई गई खेल प्रतियोगिताओं, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, कला प्रतियोगिता, विज्ञान प्रतियोगिता आदि में विजयी रहे छात्र-छात्राओं को तथा आज के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों तथा एन0सी0सी0 परेड में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को विद्यालय की प्रबंध समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी कार्यक्रमों के उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय में लगी कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया।

इसके बाद मुख्य अतिथि सहायक कमांडेंट रौनक त्यागी ने अपने शब्दों में कहा यहां के बच्चे बहुत ही प्रतिभावान है जिसका श्रेय विद्यालय के प्रबन्ध समिति को जाता है क्योंकि उन्होंने बच्चों का सर्वांगीण विकास हो इसकी पूरी व्यवस्था विद्यालय में की है तथा विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को भी इसका श्रेय जाता है जिन्होंने इतनी मेहनत से बच्चों को इस योग्य बनाया है।

विद्यालय के प्रबंधक राजेश अग्रवाल के द्वारा विद्यालय में कौशल विकास जैसी योजनाओं को विद्यालय में लागू करने के लिए बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया जा जिसके लिए प्रबंध कमेटी हमेशा तत्पर है।

इन सभी कार्यक्रमों में विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पाण्डेय, उपाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल, प्रबन्धक राजेश कुमार अग्रवाल, उप प्रबन्धक देवेंद्र सिंह, सदस्य रामसनेही गुप्ता, प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्ता, अंकित गुप्ता, विनीत मिश्रा, राजेश कुमार मौर्य जी एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक गण एवं अध्यापिकाएं तथा अभिभावक गण उपस्थिति रहे।

# छात्रों की बाइक में स्कूल बस ने मारी टक्कर,दो की मौत

**लोकमित्र संवाद**





**बांगरमऊ,उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग पर तेज रफ्तार स्कूल बस ने बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मामा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन सगे भाई - बहन गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल बहन भाइयों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाये । जहां चिकित्सकों ने घायल बहन भाई को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जहां घायल एक भाई ने भी दम तोड़ दिया। एक साथ दो मौतों से परिवार में कोहराम मच गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सेतुवाही निवासी गोविंद की पुत्री कोमल 15 वर्ष और पुत्र विवेक 12 वर्ष तथा अंशू 8 वर्ष बिल्हौर मार्ग पर ग्राम जमुनिहा बंगर स्थित सरस्वती बाल शिक्षा निकेतन में क्रमशः कक्षा 9 और कक्षा 8 तथा कक्षा 2 में पढ़ते हैं। बीते रविवार को गणतंत्र दिवस आयोजन समाप्त होने के बाद दोपहर के समय तीनों छात्र-छात्रा कोतवाली क्षेत्र के ही ग्राम भगंतपुरवा मजरा भिखारीपुर पतसिया निवासी अपने मामा अनुज 20 वर्ष पुत्र रामनरेश की बाइक पर बैठकर स्कूल से अपने घर जा रहे थे। रास्ते में ग्राम बेहरी पुरवा संपर्क मार्ग मोड़ पर पीछे से तेज गति से आ रही इसी स्कूल की बस ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक चालक और बाइक पर सवार तीनों छात्र-छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन चारों घायलों को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने बाइक सवार अनुज को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल दोनों भाई और बहन की हालत बेहद नाजुक देखकर उन्हें ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। जहां ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान रविवार को रात बड़े भाई विवेक ने भी दम तोड़ दिया। वहीं अस्पताल में छोटे भाई अंशू और बहन कोमल की हालत नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। छात्र विवेक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने बाइक चालक मामा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

# ग्रामीणों ने भाजपा विधायक पर लगाये गम्भीर आरोप

- सपा सांसद के कहने से हटा प्रशासन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**धौरहरा-खीरी।** एक तरफ प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रशासनिक मशीनरी घरौनी बांट रही है,दूसरी तरफ प्रशासन झोपड़ियां उजाड़ रहा है।तहसील क्षेत्र के अमेठी गांव में इसके लिए प्रशासन शनिवार को बुलडोजर लेकर पहुंच गया। आबादी के बीचोबीच ग्राम पंचायत की जमीन पर बनी तीन झोपड़ियों को उजाड़ने के लिए प्रशासन ने पूरी मशीनरी लगा दी। इस दौरान एक छप्पर में आग भी लगी। अन्य लोगों का आरोप है कि कब्जा हटाने के लिए यह आग एसडीएम ने लगवाई थी, लेकिन प्रशासन कहता है कि मामले को संजीदा बनाने के लिए अतिक्रमण करने वालों ने खुद आग लगाई थी।

वही पीड़ित परिवारों का यह भी आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति की मदद करते हुए मैजूदा विधायक ने उन्हें हटाने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाया था।ऐन मौके पर सांसद आनंद भदौरिया ने एसडीएम को फोन किया तो वह तुरंत अपना बुलडोजर लेकर चलते बने।विधायक विनोद शंकर अवस्थी कहते हैं कि उन्होंने कोई फोर्स नहीं भेजा और न ही गरीबों की झोपड़ी उजाड़ने के लिए अधिकारियों से कहा। कुल मिलाकर मुद्दा यह कि गांवों में अधिकांश घर ग्राम सभा की जमीन पर बने हैं।राजस्व अभिलेखों में आबादी के नाम से दर्ज इन जमीनों पर बसे परिवारों को स्वामित्व देने के लिए ही सरकार ने घरौनी पत्र देने की व्यवस्था की है।ऐसे में ग्राम अमेठी के इन घास फूस के घरों पर बुलडोजर चलाने के पीछे किसका क्या उद्देश्य है,यह सवाल अब चर्चा में है।जबकि पीड़ितों ने बताया कि जमीन खाली कराने के लिए प्रशासन को नोटिस देना था आग लगने से ग्रहस्थी का सामान भी जलकर खाक हो गया था।

इनसेट – 15 डिसमिल जमीन खरीद कर बनाई थी झोपड़ी अमेठी के अन्नूलाल, इतवारी और सरजू बताते हैं कि उन्होंने गांव के ही निवासी सुकई से वर्ष 2009 में बाकायदा बैनामा कराकर यह जमीन खरीदी थी। जिससे तीन बैनामे हुए थे जिनमें 4800 का स्टांप लगा था।तभी से यह लोग इसी भूमि पर झोपड़ी डाल कर रह रहे थे।जिस पर गांव के ही एक लोग ने बाद में इस जमीन पर कब्जा पाने के लिए दीवानी वाद दायर किया था जो वर्ष 2022 में निरस्त हो गया था। इस जमीन पर कुछ लोग अवैध कब्जे के प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए कई बार उनके घर जलाए जा चुके हैं।शनिवार को इसी प्रयास में प्रशासन के जरिये उन्हें उजाड़ने की कोशिश की गई थी। वीडियो बनाने पर मोबाइल छीने,फार्मेट कर वापस किये। शनिवार को अमेठी में जब अतिक्रमण हटाने के नाम पर बवाल चल रहा था तब गांव के कुछ युवा मोबाइल से वीडियो बना रहे थे।गांव के युवक जनार्दन बताते है कि एसडीएम धौरहरा ने यह देख कर कई लोगों के मोबाइल भी छिनवा लिए। सोमवार को उन्हें फार्मेट करने के बाद कोतवाली से यह मोबाइल वापस किये गये।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इन तीन भाइयों ने जमीन का बैनामा कराया था।लेकिन पट्टा दलित का था जिसका विक्रय इस तरह नहीं हो सकता।बाद में वह पट्टा निरस्त हो गया था।यह ग्राम पंचायत की जमीन है लेकिन पास में बने मंदिर परिसर के बाद उपयोग होता रहा है।अतिक्रमण की शिकायत पर टीम भेजी थी,विवाद हुआ तो मौके पर गया था।पुवाल के ढेर में आग खुद लोधी पक्ष के लोगों ने लगाई थी। मुकदमा दर्ज करवा दिया गया है।

**- राजेश कुमार, एसडीएम धौरहरा।**

# लेड़ियारी क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी। ( प्रयागराज )** आजादी का पर्व गणतंत्र दिवस पर ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी अर्द्धसरकारी कार्यालयों शिक्षण संस्थानों व ग्राम सचिवालयों में रविवार को ध्वजारोहण किया गया। शिक्षण संस्थानों में विद्यालयों ने प्रभात फेरी भी निकाली गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।





सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल लेड़ियारी में विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश राय ने ध्वजारोहण किया। छात्र - छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। इसके बाद वंदना गीत वीणा के बजईयां , सातों सूर के रचईयां , लक्ष्मी कुमारी, अंशिका द्विवेदी, नव्या केशरी, अनन्या द्विवेदी , सुचिता द्विवेदी, जाह्नवी द्विवेदी ने वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत की। वहीं गांव की गीत में कांस - कुस से भरल डगरियों,धरी बचाके पांव रे के बोल में नैन्सी गुप्ता , खुशबू द्विवेदी , अनुष्का केशरी, आंचल द्विवेदी, प्राची केशरी, समृद्धि भुर्तिया ने प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अविनाश राय ने आएं हुए अतिथियों का आभार प्रकट किए। इस मौके पर इन्द्र देव तिवारी, विजय शंकर मिश्रा, विश्राम प्रसाद मिश्रा, राकेश कुमार सिंह, बालमुकुंद लाल केशरवानी, सुरेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, हेमंत मिश्रा, सुनील द्विवेदी, नीरज कुमार द्विवेदी, सुनील कुमार द्विवेदी , लव कुमार द्विवेदी, राजेश्वर प्रसाद शुक्ल, रेशमा सिंह,सरोज देवी आदि लोग रहे।

इसी क्रम में एस, एम पब्लिक जुनियर हाई स्कूल कैथवल में विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार कुशवाहा ने झंडा रोहण किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा ने 76 वां स्वाधीनता दिवस के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू किया गया था। विद्यालय के छात्र - छात्राओं ने वंदना, स्वागत गीत, एकांकी, लोकनृत्य लोकगीत, आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जबकि राधा अचल शुक्ला कृष्ण का रोल में महिमा सिंह रही। इस अवसर पर प्रीती सिंह, प्रियांशी शुक्ला , गमलू प्रसाद , सोनू पाल , विभा तिवारी , निर्मला यादव शिक्षक और सैकड़ों की संख्या में अभिभावक रहे।

देव भारती इंग्लिश मीडियम स्कूल कैथवल में विद्यालय के प्रबंधक बृजकिशोर कुशवाहा ने ध्वजारोहण किया। छात्र - छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाली। छात्राओं ने बंदना गीत में साक्षी, अंतिमा , रक्षा स्वागत गीत अनिल्का, अंशिका , कृति , अनन्या, सिया , सौम्या , मान्सी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि काले सिंह, अध्यक्षता इंद्र बहादुर कुशवाहा, संचालन शिवम् कुशवाहा एवं अतुल कुशवाहा ने की । प्रधानाचार्या सविता सिंह ने स्वाधीनता दिवस के बारे में प्रकाश डाला। तथा विद्यालय से संबंधित जानकारी दी। तथा आएं हुए लोगों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अरविंद कुशवाहा, सत्यम, सीमा, लवकुश प्रसाद, हेमा , आरती कुशवाहा , अनुराधा आदि लोग रहे। श्रीमती धनराजी देवी महिला पी, जी कालेज कैथवल , लेड़ियारी में भाजपा नेता तुलसी दास राणा ने झंडारोहण किया। समिति के अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद मिश्र ने संविधान पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ, सी , एम, तिवारी ने विद्यालय के बारे में उपलब्धियां गिनाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ, चंद्र कांत शुक्ल ने किया। इस अवसर पर राजेश त्रिपाठी,राकेश कुमार मिश्र, गीता वर्मा, डॉ, राजेश वर्मा, ज्योति प्रकाश मिश्र, धर्मेंद्र मुर्तियां, सुधाकर प्रसाद पाल, राधिका, सुमन, आदि लोग रहे। संविलियम विद्यालय कोलसरा में कृष्ण कुमार गौतम, लेड़ियारी में ग्राम प्रधान रवि सिंह, धोबहट ग्राम प्रधान रामबली बिंद, बहरैचा प्रधान शंकर दयाल तिवारी ने ध्वजारोहण किया।

कृषि उत्पादन मंडी समिति लेड़ियारी में सचिव दिलीप कुमार सिंह ने झंडा फहराया। नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेड़ियारी लालती मौर्या ने झंडा रोहण किया। इस मौके पर फर्मासिस्ट शिव सिंह, प्रदीप कुमार पांडेय आदि लोग रहे। इसी क्रम में चेतना विकास बालिका विद्यालय लेड़ियारी में विद्यालय के प्रधानाचार्य विपीन विहारी मिश्र एवं साधू सिंह ने झंडारोहण किया। संरक्षण विभव मिश्र ने विद्यालय की उपलब्धि के बारे में प्रकाश डाला गया। छात्र - छात्राओं ने रंगारंग एकाकी , लोकगीत, नाटक, एकल गीत, लोकनृत्य आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालक बृजेश सिंह, रघुराज सिंह जी रहे। व्यवस्थापक संतोष कुमार, गोपाल सिंह, प्रीती सिंह रहे। इस दौरान ग्राम प्रधान लेड़ियारी रवि सिंह, राकेश कुमार कुशवाहा, कामता प्रसाद, शंकर लाल आदि लोग रहे।

इसी क्रम में महर्षि एकेडमी जूनियर हाईस्कूल लेड़ियारी में विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार विश्वकर्मा ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य राकेश कुमार मौर्या ने गणतंत्र दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस दौरान दिनेश कुमार, उत्तम कुमार, घनश्याम प्रसाद,सोनू कुमार, अमृता कुमारी, ममता प्रजापति, पुष्पा कुमारी आदि लोग रहे। पार्वती देवी जूनियर हाईस्कूल बड़ोखरा में विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार कुशवाहा ने झंडा रोहण किया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर पुष्पा कुशवाहा, बालेश्वरी प्रसाद,संजय सिंह, सूर्य लाल कुशवाहा, हरिशंकर कुशवाहा, महेंद्र कुमार कुशवाहा, शिवम् मिश्रा, सुनील कुशवाहा, सुरेन्द्र सिंह, बिहारी लाल, अजीत कुशवाहा, पुष्पा कुशवाहा,विभा पांडेय, आकांक्षा, सुषमा,जनवी आदि लोग रहे।

प्रथमिक विद्यालय कैथवल में ग्राम प्रधान गीता देवी ने झंडा फहराया। प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार मिश्रा ने स्वाधीनता दिवस पर प्रकाश डालते हुए जानकारी दी। तत्पश्चात मिष्ठान वितरण किया। संविलियम विद्यालय पथरपुर में ग्राम प्रधान नीरज कुमार भुर्तिया ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाध्यापक राम अचल ने छब्बीस जनवरी गणतंत्र दिवस पर प्रकाश डाला। साधन सहकारी समिति लेड़ियारी में अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह ने झंडा फहराया। इस मौके पर सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा सहित क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

इसी क्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल खीरी में विद्यालय के प्रधानाचार्य मिथलेश त्रिपाठी ने झंडा रोहण किया। तद पश्चात प्रभात फेरी निकाली गई। छात्र - छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# श्री हरिशंकर पाण्डेय इण्टर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लालापुर (प्रयागराज)।** शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी तरहार क्षेत्र में सवित्त विद्यालय श्री हरिशंकर पाण्डेय इण्टर कॉलेज लालापुर प्रयागराज में 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रबन्धक करुणा निधान पाण्डेय ने अपने सभी संस्थाओं में ध्वजारोहण किया। देश के आजादी में बलिदान देने वाले वीर जवानों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान की चर्चा की है। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया। समारोह को सम्बोधित करते हुए संस्था के प्रबन्धक करुणा निधान पाण्डेय ने कहा कि यह विद्यालय छात्रों की सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। संस्था में योग्य अध्यापकों के द्वारा छात्र छात्राओं को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए मुकम्मल व्यवस्था की गयी है। क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर आज से 76 वर्ष पूर्व इस क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी शैक्षिक क्रांति के अग्रदूत पंडित यज्ञ नारायण पाण्डेय ने इस संस्था की स्थापना की। इण्टर मीडिएट स्तर पर कला, विज्ञान एवं व्यवसायिक शिक्षा देने वाला यह इस क्षेत्र का एक मात्र संस्थान है। विद्यालय के प्रबन्धक करुणा निधान पाण्डेय व उपप्रबंधक सूर्य निधान पाण्डेय के द्वारा विद्यालय में वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग लेने वाले चैंपियन विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया। उप प्रबन्धक सूर्य निधान पाण्डेय ने अपने ओजस्वी भाषण में वाक् शैली से समारोह का ध्यान इस तथ्य पर आकर्षित किया है कि इस अत्यन्त पिछले क्षेत्र में शिक्षा की ज्योति जलाने का कार्य हमारे पूर्वजों द्वारा किया गया। इस विद्यालय में शिक्षा प्राप्त करके यहां के पूर्ववर्ती छात्र बड़े बड़े पदों पर अधिकारी के पद पर विराजमान हैं। शैक्षिक उन्नयन के क्रम में विद्यालय की प्रबंध समिति ने निर्णय लिया है कि 15 से 20 फरवरी के बीच एक सम्मान समारोह का आयोजन विद्यालय परिसर में किया जायेगा। जिसकी भव्यता व दिव्यता के लिए सार्थक दिशा में प्रयास जारी हैं। सभा को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने आगंतुक महानुभावों का स्वागत करते हुए बताया कि इस संस्था के कुलदेवता चाहे जिस सूक्ष्म रूप होगें आज संस्था की प्रगति को देखते हुए आनंदित हो रहे होंगे।



सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रधानाचार्य ने सांस्कृतिक टीम को बधाई दी। सभा का जोरदार संचालन अंग्रेजी प्रवक्ता विपिन कुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य एवं अर्थ शास्त्र प्रवक्ता आनन्द शुक्ला, प्रवक्ता नीलेश राय, प्रवक्ता विकास पाण्डेय, बड़े बाबू चन्द्र निधान पाण्डेय , अध्यक्ष रमाशंकर तिवारी,पूर्व प्रवक्ता गंगेन्द्र त्रिपाठी,मनोज पाण्डेय राम शंकर शुक्ल, गरिमा मिश्रा, सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इसी क्रम में सीमांचल क्षेत्र लालापुर गांव में स्थित मां शिवकुमारी शुक्ला इण्टर मीडिएट कॉलेज भटपुरा लालापुर प्रयागराज में 76 वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक विवेक शुक्ला ( लाला शुक्ला) एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया और देश के आजादी में बलिदान देने वाले वीर जवानों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान की चर्चा की। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया। गणतंत्र दिवस के बारे में बच्चों का बताया गया। प्रधानाचार्य नागेश कुमार शुक्ल ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य नागेश कुमार शुक्ल, शीलू चतुर्वेदी,सुग्गन द्विवेदी, हरी कान्त शुक्ला, दुर्गेश शुक्ला सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य गण क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ विद्यालय के स्टाफ मौजूद रहे।

# स्वामी रामभद्राचार्य को मिले भारत रत्न-गोपाल राय




**नैनी ( प्रयागराज )।** रविवार को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने स्वामी रामभद्राचार्य को भारत रत्न देने एवं सनातन धर्म बोर्ड गठन की मांग उठाई है। उन्होंने कहा, कि राम मंदिर निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य जी द्वारा प्रस्तुत किए गए ऐतिहासिक और धार्मिक साक्ष्यों को कोर्ट ने सही माना था, जो कि ऐतिहासिक फैसले के आधार का हिस्सा बना।गोपाल राय ने कहा, कि स्वामी रामभद्राचार्य जी ने न केवल धर्म और संस्कृति के क्षेत्र में योगदान दिया है, बल्कि उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणों ने अयोध्या विवाद को सुलझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह देश के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसमें उनकी भूमिका को अनदेखा नहीं किया जा सकता।

श्री राय ने कहा, कि स्वामी रामभद्राचार्य जी एक विद्वान, धर्मगुरु और समाजसेवी हैं। उन्होंने अपने जीवन को धर्म और सेवा के लिए समर्पित किया है। राम मंदिर आंदोलन में उनकी भूमिका अनुकरणीय रही है, और यह उचित होगा, कि उनके योगदान को सम्मानित करते हुए उन्हें भारत रत्न से अलंकृत किया जाए एवं सनातन धर्म बोर्ड का गठन किया जाए। स्वामी जी ने अपने साक्ष्यों में प्राचीन ग्रंथों, वेदों और पुराणों के माध्यम से अयोध्या में राम मंदिर के अस्तित्व को साबित किया था। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणों को सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से प्रमाणिक माना। इसलिए स्वामी रामभद्राचार्य जी को भारत रत्न देकर उनके योगदानों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाना चाहिए।

उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से पंकज प्रधान, नीरज मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता, कृष्णा पाण्डेय, हिमांशु धवल, शालू पाण्डेय, आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, दिवाकर पटेल, अभिषेक मौर्या, शाश्वत मिश्रा, सुरेन्द्र पटेल, राघवेंद्र राय, जवाहर लाल गुप्ता, राहुल सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## सच्चे हृदय से भगवान की खोज करना ही है भक्ति- सुमनानंद महाराज



**नैनी ( प्रयागराज )।** सच्चे हृदय से भगवान की खोज करना ही भक्ति है। गेरुआ रंग का कपड़ा पहनकर, माथे पर तिलक लगाकर यदि भगवान के नाम पर छल किया जाए, तो यह भक्ति नहीं है, बल्कि सबसे बड़ा पाप है। यह बातें श्री मौन तीर्थ पीठ उज्जैन के पीठाधीश्वर सुमनानंद गिरि जी महाराज ने अरैल तट पर भक्तों के बीच प्रवचन के दौरान कही। उन्होंने कहा, कि भगवान भक्त के हृदय में निवास करते हैं। हृदय से उनका भजन करने से ही मोक्ष की प्राप्ति संभव है। भगवान छल व कपट से नहीं मिलते हैं। भगवान हमेशा भाव के भूखा भूखे रहते हैं। मनुष्य जब उन्हें भाव से पुकारता है, तो वह दौड़े चले आते हैं।

# आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के श्रीमुख से हनुमंत कथा का अमृतपान

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** महाकुम्भ भारतीय आध्यात्मिकता और संस्कृति का उच्चश्रम और पवित्र पर्व है, पूज्य संतों का आगमन और सान्निध्य इस आयोजन को और भी विशिष्ट बनाता है। इस महाकुंभ के पावन अवसर पर परमार्थ निकेतन शिविर, परमार्थ त्रिवेणी पुष्प प्रयागराज में दिव्य हनुमंत कथा का आयोजन किया गया। इस अद्वितीय अवसर पर श्रद्धालुओं को आचार्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी (बागेश्वर धाम सरकार) के श्रीमुख से हनुमंत कथा का अमृतपान करने का दिव्य अवसर प्राप्त हो रहा है।



हनुमंत कथा के माध्यम से आचार्य श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी भक्तों को जीवन के उच्चतम उद्देश्यों की ओर बढ़ने का मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। उनके वचनों में वह दिव्य शक्ति और आस्था है, जो श्रोताओं के हृदय को स्पर्श करती है। वे हनुमान जी के जीवन, उनके पराक्रम, भक्ति और श्रद्धा का दिव्यता से अनुभव करा रहे हैं। हनुमान जी का जीवन केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि यह एक संजीवनी है, जो हमें हर संकट से उबरने का संदेश देता है।

आचार्य जी के श्रीमुख से निकलने वाली अमृतवाणी से भक्तों के जीवन में नई चेतना का संचार हो रहा है। हनुमंत कथा एक दिव्य उपहार है, जो जीवन के संघर्षों, चुनौतियों और परेशानियों से निपटने के लिए अमूल्य मार्गदर्शन प्रदान करती है। हनुमान जी की कथा केवल एक ऐतिहासिक या पौराणिक कथा नहीं है, बल्कि यह एक आध्यात्मिक यथार्थ है, जो हमें अपने जीवन को नई दिशा देने का अवसर प्रदान करती है। हनुमान जी की भक्ति, उनकी शक्ति और उनका समर्पण हमें यह सिखाता हैं कि हम किसी भी संकट से जूझते हुए अगर सच्चे हृदय से भक्ति करें, तो हम हर मुश्किलों से पार पा सकते हैं।

आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण जी ने कहा कि जीवन का वास्तविक बल केवल प्रभु श्रीराम है। जीवन में चार बल होते है तप का बल, शक्ति का बल, धन का बल परन्तु प्रभु भक्तों के पास तो प्रभु के श्रीनाम का परम बल होता है। पूज्य स्वामी जी की दिव्य कृपा से हमें संगम में तट पर तीन दिनों तक श्री हनुमत कथा में डुबकी लगाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। कथा हमें संसार के संगम से पार जाने की युक्ति प्रदान करती है। संगम में स्नान करने से तन की शुद्धि व पापों से मुक्ति होती है और कथा रूपी संगम में डुबकी लगाने से मन की शुद्धि होती है।

डा साध्वी भगवती सरस्वती जी ने कहा कि आज हम सभी को यह दिव्य अवसर प्राप्त हुआ है। हमें भक्ति की शक्ति में डुबकी लगाने का अवसर प्राप्त हो रहा है। साध्वी जी ने कहा कि अमेरिका ने मुझे जीवन दिया परन्तु भारत ने मुझे जान दी। गुरू कृपा से मैं भारत में रहती हूँ परन्तु अब मुझे ऐसा लगता है कि अब भारत मुझ में रहता है। हनुमान जी मेरी प्रेरणा है; वे मेरे ईष्ट देवता है। हमें अपने जीवन में बड़ा नहीं बल्कि बढ़िया बनना चाहिये। भारत की सनातन संस्कृति और गुरू परम्परा ही सबसे बढ़िया है। उन्होंने कहा कि आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी सनातन संस्कृति को पूरे विश्व के प्रचारित व प्रसारित करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। साध्वी भगवती सरस्वती जी और आचार्य धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी ने दीप प्रज्वलित कर दिव्य हनुमत कथा का शुभारम्भ किया।

# गंगा मैया का जयकारा ही श्रद्धालुओं का टॉनिक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** न भूख सता रही,न प्यास लग रही। बस महाकुम्भ नगरी तक पहुंचना ही श्रद्धालुओं का एक मात्र उद्देश्य है। प्रतिष्ठानपुर की प्रत्येक सड़क पर गंगा मैया का जयकारा ही गूंज रहा है। बताते चले कि सहसों से लेकर चारों तरफ माता गंगा तट तक पहुंचने वालों का रेला लगा हुआ है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या से पहले ही महाकुंभ में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। आस्था के इस मेले में पहुंचने के लिए हर शख्स जतन कर रहा है। लोग थक भी रहे हैं लेकिन मां गंगा की आस्था सब पर भारी है। मेला क्षेत्र में प्रवेश करते ही भीड़ इतनी बढ़ रही है कि लोग एक-दूसरे से टकरा-टकराकर चलने को मजबूर हैं। कटका, आवास विकास कॉलोनी,त्रिवेणीपुरम, चक हरिहर बन, पुरानी झूंसी कोहना पूरी तरह से श्रद्धालुओं से पटा पड़ा है। लोग थकते हैं तो मा गंगा का जयकारा लगाते हैं। मां गंगा श्रद्धालुओं के लिए टॉनिक का काम कर रही हैं। हर शख्स बस महाकुम्भ में पुण्य कमाने पहुंचना चाहता है। अगर देखा जाए तो सड़को पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। बच्चे, बूढ़े , जवान बस चले जा रहे हैं। लोगों को पैदल चलना भारी नहीं पड़ रहा है। वो तो बस एक डुबकी लगाने को आतुर है। हर चौराहे पर तैनात पुलिस वाले लोगों के साथ मित्रता पूर्वक व्यवहार कर रहे हैं। पुलिस श्रद्धालुओं की मित्र बनकर अपना काम कर रही है। जिससे श्रद्धालु काफी संतुष्ट पुलिस व्यवस्था से हैं। पुलिस का व्यवहार भी लोगों की परेशानी को दूर कर रहा है।

# गणतंत्र दिवस के दिन कांस्य पदक जीतकर आये छात्रों को प्रबंधक द्वारा किया गया सम्मानित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सहसों/बहरिया ।** वारी उमरी सहसों स्थित एम आर एस स्कूल और कॉलेज में ध्वजारोहण प्रदीप सिंह ने किया। उन्होंने ने कहा कि देश की एकता और अखंडता बनाए रखने के लिए हम सभी को एकता में रहकर देश और समाज को मजबूती प्रदान करना चाहिए। समारोह में आए हुए अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य राघवेंद्र श्रीवास्तव ने किया। इसी क्रम मेंविकासखंड सहसों के तुलापुर सिकंदरा में स्थित राधा रमण मिश्र पीजी कॉलेज में 26 जनवरी पूरे हर्ष व उल्लास के साथ रविवार को गणतंत्र दिवस मनाया गया। 9 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक अहमदाबाद स्पोर्ट अथॉरिटी ऑफ गुजरात द्वारा 8 राज्यों के मध्य 5 फेडेरेशन कप



सॉफ्ट ट्रेनिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें राधारमण पीजी कालेज के राज पांडेय बी ए द्वितीय सेमेस्टर और जोया अजीज बी ए फर्स्ट सेमेस्टर के छात्र एवं छात्राओं को खेल मंत्री गिरीश यादव एवं गुजरात राज्य खेल प्राधिकरण के महासचिव शकुंतला के खरौदरा द्वारा कांस्य पदक द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में पीजी कॉलेज के प्रबंधक रावेंद्र मिश्रा ने दोनों छात्रों को ग्यारह हजार रुपए की धनराशि देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ विमलेश कुमार मिश्रा ने भी छात्रो को आर्शीर्वाद देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विभागध्यक्ष डॉ वैशाली सक्सेना कमला प्रसाद विश्वविद्यालय के प्राचार्य आदित्य यादव प्रशासनिक अधिकारी डॉ आकांक्षा चतुर्वेदी सहित सभी सहायक आचार्य गण व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मार्ग पर गिट्टी डालकर डामरीकरण करना भूल गए जिम्मेदार

**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** कोलसरा गांव में डिनर बस्ती से स्कूल तक जाने वाली मार्ग पर एक माह पूर्व कार्यदायी गिट्टी डालकर डामरीकरण करना भूल गए जिम्मेदार जिससे आने - जाने वाले नौनिहाल अक्सर गिरकर चोटिल हो रहें हैं। लोगों ने इसकी शिकायत दर्ज कराई लेकिन आज तक नहीं बनाएं जाने से छात्र - छात्राओं को दिक्कत उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि मोहन लाल के घर में संविलयन विद्यालय परिसर तक एक माह पूर्व गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। जिससे आने जाने - वाले बस्तियों के लोगों को आवागमन में असुविधा हो रही है। जबकि दो पहिया वाहन चालक अक्सर गिर जाते हैं। तो परिजनों को सूचना मिलने पर उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल जाना पड़ता है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कई दफा संबंधित विभाग को शिकायत दर्ज कराई गई। लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है।



लोगों ने बताया कि ग्राम पंचायत कोलसरा के ग्राम सभा से लाखों रुपये की लागत से सात सौ मीटर तक यह सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि सड़क बनाने का धन तो आया लेकिन प्रधान ने धन निर्गत के बाद भी सड़क नहीं बनवाया जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान उक्त धन को निकालकर बंदर बांट कर लिए जाने से डिनर बस्ती मार्ग अधूरा पड़ा हुआ है। जिससे स्कूल तक बच्चों को कठिनाइयों से जूझते हैं।

# सीआरपीएफ ने वितरित किया श्रद्धालुओं को तिरंगा



**नैनी ( प्रयागराज )।** गणतंत्र दिवस पर रविवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा अरैल मेला क्षेत्र सेक्टर-24 में महाकुंभ आयोजन में आने वाले श्रद्धालुओं को तिरंगा बांटा गया। गणतंत्र का पर्व मनाते हुए मेले में आने वाले लोगों में इसकी अलख जगाई गई, तथा साथ ही भारतीय संविधान की विशेषताओं और भारत गणराज्य के बारे में बताया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सातवीं वाहनी कंपनी के सहायक कमांडेंट समन्वय अधिकारी प्रदीप कुमार साहू व जवानों ने तिरंगा बांटा। कार्यक्रम कमांडेंट समहू केंद्र प्रयागराज यू.पी सिंह की निगरानी में संपन्न हुआ। इसमें अपर पुलिस अधीक्षक अरैल पूर्वी जोन रचना मिश्रा, थाना प्रभारी सोमेश्वर महादेव निरीक्षक काशीनाथ उपाध्याय व उनके जवान मौजूद रहे।

# उत्तराव क्षेत्र मे धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**उतराव ।** 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व उतराव क्षेत्र मे बहुत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। क्षेत्र के समोधिपुर प्राथमिक विद्यालय मे ग्राम प्रधान रामलाल गुप्ता ने 26 जनवरी के शुभ बेला पर झंडा रोहण कर किया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य रामपाल,सुनील कुमार पुष्कर, रामकुमार, शालिनी, कृष्णा, सुमन ज्योति, आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम मे एस एस के पब्लिक स्कूल चका मे 76 वा गणतंत्र दिवस बहुत धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि सैदाबाद ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह पटेल रहे। मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन मे कहा भारत देश मे सभी नागरिक को भारत का संविधान न्याय और सम्मान दिया है। आज संविधान के बदौलत हम सब एक होकर भारत का राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मना रहे है।स्कूल के डारेक्टर बलवंत सिंह पटेल आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर समाजसेवी अपना दल एस नेता दुर्गा प्रसाद पटेल, लल्लू राम गौतम पूर्व जिला पंचायत सदस्य, नबाब मंसूरी, डॉ. कौशर, मो. नसीम, मो. इस्लाम, सुरेश पटेल, राधेश्याम केसरवानी आदि लोग उपस्थित रहे।इसी क्रम मे नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतिहा मे झंडा रोहण किया गया। इस मौके पर डॉ. मनीष कुमार, बब्बू यादव व ग्रामीण लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम मे के. डी. पब्लिक इंटर मीडियट कालेज निमिथरिया मे राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।कालेज के प्रबंधक डॉ. नागेंद्र सिंह झंडा फहराया। उपस्थित सभी छात्र छात्राओं व समस्त अध्यापक अध्यापिका का मिष्ठान वितरण किया।



## सीआरपीएफ के संयुक्त चिकित्सालय में डीआईजी मेडिकल ने किया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल पण्डिला परिसर में स्थित संयुक्त चिकित्सालय में डीआईजी मेडिकल डॉक्टर विनय कुमार अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर डीआईजी (मेडिकल) डॉ. विनय अग्रवाल ने मरीजों के साथ समय बिताया और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों को फल और मिठाई वितरित कर उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।डॉ. विनय अग्रवाल ने कहा कि सीआरपीएफ न केवल देश की सुरक्षा का ध्यान रखता है, बल्कि अपने जवानों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति भी पूरी तरह से समर्पित है। गणतंत्र दिवस की भावना को जीवंत रखते हुए इस तरह के कार्यक्रम मरीजों के मनोबल को बढ़ाने में सहायक होते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ अतुल कुमार, डॉ. शंकर चाहर, डॉ. हर्षिता और डॉ. गौरी ने भी भाग लिया। सभी डॉक्टरों ने मरीजों की स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

इस कार्यक्रम ने न केवल मरीजों बल्कि पूरे स्टाफ को एकजुटता और मानवता का संदेश दिया।

# देश की आन बान शान भारत का तिरंगा पहचान

## गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में झंडारोहण कार्यक्रम की रही धूम

➪सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ प्रभात फेरी एवं झांकी रही आकर्षण का केंद्र











**बलरामपुर।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले के परिषदीय, मान्यता प्राप्त ,सहायता प्राप्त ,माध्यमिक सीबीएसई ,आईसीएसई स्कूलों सहित महाविद्यालय, सरकारी विभाग एवं विभिन्न सामाजिक संगठन दफ्तरों,प्रतिष्ठानों में झंडारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया इसके साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक देशभक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

बेसिक शिक्षा कार्यालय में बीएसए शुभम शुक्ला ने झंडारोहण कर ध्वज को सलामी देते हुए अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी है।सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर सुयश आनंद, डायरेक्टर सुजाता आनंद, एवं प्रिंसिपल मोहम्मद आसिम रूमी ने झंडारोहण कर ध्वज को सलामी दी है विद्यालय के एनसीसी कैडेट ने मार्च पास्ट कर अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया है विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। बलरामपुर मॉडर्न इंटर कॉलेज एवं बलरामपुर मॉडर्न जूनियर स्कूल में विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र सिंह तोमर अध्यक्ष अशोक गुप्ता सचिव मनीष तुलस्यान, ट्रस्टी आलोक गुप्ता, अविनाश पाण्डेय, अमरेंद्र कौशिक, एवं विद्यालय प्रिंसिपल हेमंत तिवारी नीलम दुबे ने ध्वजारोहण कर करते हुए अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प दिया है। विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। इसी क्रम में जीसस मैरी स्कूल एंड कॉलेज में विद्यालय प्रिंसिपल क्रेग बटरफील्ड एवं मैनेजर क्लाइव बटरफील्ड ने झंडारोहण करते हुए देश को आजाद करने वाले वीर सपूतों को याद किया है। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अमर शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इसी क्रम में गुरुकुल एकेडमी महेश भारी में छात्रों ने बापू, नेहरू, नेता सुभाष चंद्र बोसचंद्र,शेखर आजाद, सरदार भगत सिंह ,राजगुरु बनकर देश के अमर जवानों को याद करते हुए अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। विद्यालय प्रबंधक उमेश मिश्रा डायरेक्टर शिखा मिश्रा संस्थापक सुखनंदन मिश्रा सहित प्रिंसिपल गुरुदेव विश्वकर्मा दीपक शुक्ला ने झंडारोहण करते हुए बच्चों की प्रभात फेरी निकाली है। इसी क्रम में बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रिंसिपल केपी यादव ने झंडारोहण करते हुए ध्वज को सलामी दी है विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है कार्यक्रम समापन पर बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया है। बाबू हरिकांत स्मारक बाल भारती इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रबंधक डॉ देवेश श्रीवास्तव प्रिंसिपल रमेश चंद्र त्रिपाठी अध्यक्ष डॉ प्रमोद श्रीवास्तव दिलीप श्रीवास्तव सहित अन्य बुद्धिजीवी उपस्थित होकर झंडारोहण किया है विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। उत्कृष्ट शिक्षक कार्य करने वाले शिक्षक सम्मानित हुए हैं। नेशनल पब्लिक स्कूल हरिहरगंज में विद्यालय प्रबंधक डॉक्टर पम्मी पांडे ने झंडारोहण करते हुए ध्वज को सलामी दी है विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रगान राष्ट्रीय गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किया है विद्यालय प्रिंसिपल पंकज यादव पुनीत यादव सहित अन्य बुद्धिजीवी शामिल रहे हैं।इसी क्रम में एमएमपीपी इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद एवं प्रिंसिपल राकेश प्रताप सिंहने झंडारोहन किया है। एनसीसी के जवानों ने मार्च पास्ट करते हुए ध्वज को सलामी दी है।

इस दौरान सुरेश यादव अनुराग मोहन पांडे गीता गौतम रमेश चंद्र आदि शामिल रहेहैं। इसी क्रम में डीएवी इंटर कॉलेज में विद्यालय प्रबंधक संजय तिवारी एवं प्रिंसिपल हरिप्रकाश वर्मा ने झंडा रोहण किया है। पायनियर पब्लिक स्कूल में प्रबंधक डॉक्टर एमपी तिवारी एवं कोषाध्यक्ष मीता तिवारी एवं डायरेक्टर आकाश तिवारी ने झंडारोहण करते हुए विभिन्न उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों को सम्मानित किया है विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया है। सेंट जॉर्ज कान्वेंट स्कूल एवं, मॉडर्न सिटी मोंटेसरी स्कूल में विद्यालयप्रबंधक जीडी पांडे एवं प्रिंसिपल रजनी कसेरा ने अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए झंडारोहण किया है विद्यालय के नन्हे मुन्ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ पुलिस लाइन के प्रभात फेरी झांकी में अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है।इसी क्रम मे सरस्वती शिशु विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रबंधक डॉक्टर सतीशसिंह प्रधानाचार्य सहित शिक्षकों ने झंडारोहण करते हुए ध्वज को सलामी दी है विद्यालय के बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया बच्चों को भारत के आजादी में अहम भूमिका निर्माण करने वाले महापुरुषों के बारे में जानकारी देते हुए उनके आदर्शों को आप प्राप्त करने का संकल्प दिलाया गया है।

जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्य मृदुला आनंद, चंद्रमणि मिश्रा, सपनावर्धन ,रेखा राजकुमार आदि प्रवक्ता एवं शिक्षक झंडारोहण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया है।सभी ने देश को आजाद करने वाले अमर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि दी है। इसी क्रम में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय देवरिया मुबारकपुर में प्रिंसिपल अनवर जहां में झंडा रोहण करते हुए अमर शहीदों को याद किया है इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली है। विद्यालय के शिक्षक शिक्षामित्र अनुदेशक ने झंडारोहण के बाद ध्वज को सलामी दी है। कंपोजिट स्कूल आदर्श नगर क्षेत्र में प्रधानाध्यापिका सलमा खान, कंपोजिट स्कूल मुजेहनी में प्रधानाध्यापक महमूद उल हक एवं पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल में एआरपी अरुण मिश्रा एवं खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार ने झंडा रोहण करते हुए बच्चों को मिष्ठान वितरण किया है विद्यालय के बच्चों में प्रभात फेरी में शामिल हुए हैं। इसी क्रम में आजीविका मिशन की डीसी पूनम त्रिवेदी वरिष्ठ सहायक अनिल कुमार की अगुवाई में आजीविका मिशन की झांकी निकाली गई जिसमें विभाग की उपलब्धियां सराहनीय रही है।



## अमर शहीदों के आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि-प्रकाश चंद्र

आज के बच्चे कल के भविष्य हैं, इन बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ देश को आजाद कराने वाले वीर सपूत अमर शहीदों के गौरव गाथा से अवगत कराना होगा यदि इन्हें देश पर मर मिटने वाले जांबाज सिपाहियों के इतिहास से अवगत नहीं कराया गया ,तो राष्ट्र के प्रति इनका कर्तव्य अधूरा रह जाएगा। यह बातें भाजपा नेता प्रकाश चंद्र मिश्रा ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर कृष्णा डिवाइन अकैडमी में झंडारोहण कार्यक्रम के दौरान कही है। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर आयोजित झंडारोहण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भारत देश का राष्ट्रीयध्वज फहराते हुए इसके आन बान शान के रक्षा का संकल्प लिया है। उन्होंने बच्चों से अपील किया की खूब ईमानदारी मेहनत से पढ़ाई करके राष्ट्र सेवा में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि देश के अमर शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित करने के साथ-साथ उनके आदर्श को आत्मसात करते हुए अधूरे कार्यों को पूरा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विद्यालय प्रबंधक हरि कृष्ण यादव ने कहा कि उनका प्रयास है कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ देश के महापुरुषों के अमर गाथा से अवगत कराया जाए ताकि वह राष्ट्र के धरोहर के नक्शे कदम पर आगे चलकर भारत देश का नाम रोशन कर सके। इस दौरान विद्यालय के प्रिंसिपल शिक्षक अध्यापक को सम्मानित करने के साथ-साथ बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।



# बच्चों का सर्वांगीण विकास नियमित स्कूल से संभव- शुभम शुक्ला

## कंपोजिट स्कूल मुजैहनी में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का हुआ भव्य आयोजन





**बलरामपुर।** सोमवार को सदर विकासखंड बलरामपुर के कंपोजिट विद्यालय मुजेहनी में आउट ऑफ स्कूल बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं अभिभावकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से शारदा संगोष्ठी के साथ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए अपनी नन्हीं प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता निरंकार पांडे, जिला समन्वयक निर्माण एन के सिंह एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सकट राम द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।विद्यालय की छात्राओं मधु व शाकिरा बानो के द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में आए हुए अभिभावकों को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने कहा कि बच्चों की नियमित उपस्थिति से उनके अंदर शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक भावना एवं नैतिकता का भी विकास होता है जो उन्हें राष्ट्र के निर्माण के लिए प्रेरित करता है। इसलिए सभी अभिभावक नियमित रूप से अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजें। खंड शिक्षा अधिकारी अशोक पाठक ने भी विभाग द्वारा दी जा रही डीबीटी, निशुल्क पुस्तक, खेलकूद सामग्री आदि सुविधाओं के बारे में अवगत कराते हुए अभिभावकों को प्रेरित किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं राज्य संदर्भदाता समूह सदस्य महमूद उल हक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे बच्चे जो किन्हीं कारणवश विद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाए अथवा बीच में ही शिक्षा से विमुख हो गए उन बच्चों को चिन्हित करते हुए विद्यालय में प्रवेश देकर ब्रिज कोर्स के माध्यम से शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जो बच्चे अधिकतम उपस्थित एवं अपनी क्षमताओं का सह शैक्षणिक गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं उसके लिए शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव के माध्यम से पुरस्कृत करने की निर्देश प्राप्त हुए थे उसी क्रम में विद्यालय में यह आयोजन किया गया है। जिससे आउट ऑफ स्कूल बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आकर शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया की कार्यक्रम से दो दिवस पूर्व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें विजयी बच्चों को आज मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत करने के साथ सर्वाधिक उपस्थिति वाले आउट ऑफ स्कूल बच्चों एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया है। आयोजित प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर 50 मीटर बालक संवर्ग में कक्षा 5 के सलमान प्रथम, कक्षा तीन के इसरार द्वितीय और कक्षा 5 के इस्राफील तृतीय स्थान पर रहे। बालिका संवर्ग में कक्षा तीन की नीलम प्रथम, संध्या द्वितीय और कोमल तृतीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर बालक संवर्ग में कक्षा 5 के हामिद रजा प्रथम, कक्षा 4 के मासूम राजा द्वितीय और कक्षा 5 के अनस तृतीय स्थान पर रहे। बालिका संवर्ग में कक्षा 5 की सुनीता प्रथम, कक्षा 4 की सुमन द्वितीय कक्षा चार की गुड़िया तृतीय स्थान पर रही। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक संवर्ग में 100 मीटर बालक संवर्ग में कक्षा 7 के अली हसन प्रथम कक्षा 6 के शादाब द्वितीय और कक्षा 7 के दीपक तृतीय स्थान पर रहे बालिका संवर्ग में कक्षा 7 की नैना प्रथम कक्षा 6 की वैशाली द्वितीय और कक्षा 7 की अमृता तृतीय स्थान पर रही। 200 मीटर बालक संवर्ग में कक्षा 6 के हसीन प्रथम कक्षा 8 के सोन द्वितीय और कक्षा 8 के आनंद तृतीय स्थान पर रहे बालिका संवर्ग में कक्षा 7 की सनम प्रथम नैंसी द्वितीय और कक्षा 6 की लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। 4×100 मीटर रिले दौड़ बालक संवर्ग में अभिषेक, फरहान, भीष्म, अव्वल प्रथम, समीर, गुलाब हसन, अख्तर, अनस द्वितीय और मुकेश, पवन, सोनू, आनंद तृतीय स्थान पर रहे। बालिका संवर्ग में सनम, पूजा, लीलावती, अंशिका प्रथम वैशाली, नैना, अमृता, सोनी द्वितीय और गुड़िया, आरती, मन्ना, गजल तृतीय स्थान पर रहीं। आउट ऑफ स्कूल बच्चों में सर्वाधिक उपस्थिति वाले समरीन, रिहान, जाहिद अली, महबूब, सलीमुन, समा बानो, फखरुद्दीन, शमा, अतीक अहमद, महफूज, मोहम्मद हसीब, गुलाब हसन को पुरस्कृत किया गया। इसके साथ-साथ इन बच्चों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय स्टाफ सईदा जमाल, जितेंद्र कुमार, अमित कुमार, नंदिनी शुक्ला, अल्पना कुमारी, अंशु, माहेश्वरी शुक्ला के साथ कदम वालंटियर माया यादव का विशेष सहयोग रहा।

# सरेशाम हाइवे से पिकअप चालक समेत दो अगवा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र की हाइवे किनारे स्थित प्रतापगंज पुलिस चौकी क्षेत्र से सनसनीखेज दुस्साहसिक वारदात उजागर हुई है। सरेशाम कार सवार अज्ञात बदमाशों ने प्रतापगंज के निकट प्रयागराज- अयोध्या राजमार्ग पर बोलेरो पिकअप वाहन को रोककर उसके चालक समेत दो लोगों को अगवा कर लिया। सूचना पर पुलिस सक्रिय हुई तो बदमाश दोनो लोगों को अधमरा कर मिर्जापुर जिले में वाहन समेत छोड़कर फरार हो गए। चौबीस घंटे बाद पीड़ितों को वापस लेकर लौटी पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बजाय मैनेज करने में जुटी हुई है।मामला देहात कोतवाली क्षेत्र के प्रतापगंज पुलिस चौकी से जुड़ा है। बिसानी नरायनपुर गॉव निवासी सतेन्द्र कुमार यादव पुत्र जीतलाल यादव का कहना है कि उसका भाई कल्पनाथ यादव पिकअप वाहन चलाता है। शाम करीब 8:30 बजे कल्पनाथ अपने साथी गुड्डू निवासी मुकुंदपुर के साथ घर लौट रहा था। प्रयागराज- अयोध्या राजमार्ग पर नरायनपुर पुलिया के पास वाहन लेकर पंहुचा था, तभी कार सवार अज्ञात बदमाश पहुंचे और ओवरटेक करके रोक लिया।

बदमाश कल्पनाथ और गुड्डू को पिकअप से खींच कर अपने वाहन में बैठा लिए। दोनों को अगवा कर पिकअप लेकर बदमाश फरार हो गए। रात भर परिजन परेशान रहे। सुबह कल्पनाथ ने किसी अनजाने नंबर से फोन कर अगवा करने और मारने पीटने की सूचना दी। इसकी खबर प्रतापगंज पुलिस को लिखित में दी गई तो सक्रिय हुई पुलिस ने उक्त नंबर ट्रेस करते हुए मिर्जापुर पहुंची। मिर्जापुर पुलिस की मदद से पिकअप और अगवा किए दोनों लोगों को बरामद किया गया। कल्पनाथ के अनुसार, दोनों लोगों को बदमाशों ने निर्मम तरीके से मारा पीटा है। रविवार को बदमाशों की शिनाख्त होने के बाद प्रतापगंज चौकी पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा लिखने और इलाज कराने के बजाय मैनेज करने में जुटी रही। खबर लिखें जाने तक सनसनीखेज घटना की एफआईआर नहीं लिखी जा सकी है।

# मांगलिक प्रसाद मिठाई लड्डू पेड़े से जीएसटी हटने की उम्मीद जगी

**सुलतानपुर।** नमो इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार डी पी गुप्ता एडवोकेट ने मंदिरों में चढ़ने वाले भोग प्रसाद व मांगलिक मिठाई लड्डू पेड़े को जीएसटी मुक्त करने हेतु भारत सरकार से मांग करते हुए केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले को संबोधित एक ज्ञापन रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता को पिछले दिनों सौंपा था। नमो इंडिया के उक्त ज्ञापन को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले द्वारा एक महत्त्वपूर्ण पत्र वित्त मंत्री को लिख कर नमो इंडिया की मांग पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह किया गया। उक्त पत्र को विशेष महत्व देते हुए भारत सरकार की वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारामन ने नमो इंडिया की मांग पर यथोचित कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए उसकी एक रिसीविंग लेटर केंद्रीय मंत्री भारत सरकार रामदास आठवले को भेजा। उक्त रिसीविंग लेटर की एक छायाप्रति आरपीआई आठवले के प्रदेश अध्यक्ष पवन गुप्ता ने नमो इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डीपी गुप्ता एडवोकेट को भेज कर इस बात की पुष्टि किया कि उनकी मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करने के बाद जल्द ही भारत सरकार कोई सकारात्मक निर्णय लेगी। विदित हो कि देश में अंडा मांस मछली पर कोई टैक्स नहीं है परंतु हिंदू मंदिरों में चढ़ने वाले भोग प्रसाद व मांगलिक मिठाई लड्डू पेड़े पर भारत सरकार द्वारा पांच प्रतिशत जीएसटी वसूला जाता है। जो कि हिंदुओं के धार्मिक भावना के बिलकुल खिलाफ है। इस बात से आहत हो कर समाजसेवी डीपी गुप्ता एडवोकेट काफी दिनों से सनातन धर्म के मांगलिक मिठाईयों पर से टैक्स हटाने की मांग निरंतर करते चले आ रहे हैं। उनकी मांग पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने जितनी तेजी से कार्यवाही किया उससे देश भर के करोड़ों हलवाई मोदनवाल समाज, यज्ञसेनी समाज व मद्धेशिया समाज में खुशी व्याप्त हो गई

# एम्बेसडर कार की सवारी कर एसपी ने जीवंत किया शाही अंदाज



**सुलतानपुर।** जिले में नवागत पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने अपने पदभार ग्रहण करते ही एक खास और अनूठा कदम उठाया है। जहां आधुनिक एसयूवी और लग्जरी गाड़ियां पुलिस अधिकारियों की शान बनती जा रही हैं, वहीं एसपी सुल्तानपुर ने पुराने दौर की एम्बेसडर कार को अपने सरकारी वाहन के रूप में चुना है। उनके इस फैसले ने जिले में चर्चा का माहौल बना दिया है। सफेद रंग की पुरानी और चर्चित एंबेसडर कार को पुलिस वाहनों के बेड़े में से चयनित किया गया है। अब यह कार एसपी कुंवर अनुपम सिंह की पहचान बनेगी।

÷एम्बेसडर गाड़ी मुझे बेहद पसंद है÷ एसपी कुंवर अनुपम सिंह का कहना है, ÷पुराने समय की एम्बेसडर कार मुझे हमेशा से पसंद रही है। इसके शाही अंदाज और मजबूती ने मुझे इसे चुनने के लिए प्रेरित किया। इस कदम से एसपी ने जिले में एक अलग छवि बनाई है। पुराने दौर की एम्बेसडर कार, जो कभी भारतीय नौकरशाही और उच्चाधिकारियों की शान मानी जाती थी, अब सुल्तानपुर में फिर से अपनी पहचान बनाएगी। पुलिस विभाग में बनी चर्चा का विषय एसपी का यह अंदाज पुलिस विभाग और शहरवासियों के बीच चर्चा का विषय बन गया है। जिले के पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी इस बदलाव को लेकर उत्साहित हैं। एम्बेसडर कार को एसपी का आधिकारिक वाहन बनाना, उनके कार्यशैली और सोच को दर्शाता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि एसपी कुंवर अनुपम सिंह के इस नए अंदाज का असर जिले की पुलिसिंग और आम जनता पर क्या पड़ता है। लेकिन एक बात तो तय है, एम्बेसडर कार के साथ एसपी की यह नई पारी यादगार बनने वाली है।

# हर्षोल्लास से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



**सुलतानपुर।** समूचा देश अपने 76वें राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को धूम धाम से मनाने में लगा रहा, सरकारी कार्यालयों से लेकर निजि स्कूल कालेजों में गणतंत्र दिवस को बडे ही हर्षोल्लास से मनाया गया। सुलतानपुर पुलिस लाईन में गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में आमंत्रित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। गणतंत्र दिवस पर ध्वजा रोहण अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता एवं राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज उत्तर प्रदेश सरकार बतौर मुख्य अतिथि दानिश आजाद अंसारी के कर कमलों द्वारा संपंन्न हुआ। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का अमहट चौराहे पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम स्थल तक आगवानी की, कार्यक्रम के उपरांत पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय, जिलाध्यक्ष विजय प्रधान, जिला प्रभारी प्रवीन्द्र भालोटिया व वरिष्ठ जिला महामंत्री अंबरीश मिश्रा से व्यापारी हितों पर वृहद रूप वार्ता हुई जिसमें मुख्य रूप से जनपद में औद्योगिक क्षेत्र की मांग के साथ साथ 16 सूत्री मांग पत्र उनके माध्यम से मुख्यमंत्री तक प्रेषित करने के लिए आग्रह किया। उक्त कार्यक्रम और शिष्टाचार भेंट करने वालों में मुख्य रूप से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के क्षेत्रिय प्रभारी अवध क्षेत्र अमर बहादुर सिंह, जिला महामंत्री संजय कसौधन रामू, जिला संगठन महामंत्री राकेश अग्रहरि, जिला उपाध्यक्ष गोपाल जी सोनी, जिला मंत्री चंद्रदेव मिश्रा, नगर युवा अध्यक्ष आशुतोष झा, नगर युवा उपाध्यक्ष विक्रांत दूबे, नगर महामंत्री दीपक जायसवाल, नगर युवा महामंत्री विनोद जायसवाल रहे।

# जुलूस-ए-शबीह सफर मदीना का आयोजन कल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुल्तानपुर।** हर साल की तरह इस साल भी मोमनीन-ए गोराबारिक अमहट शहर की तरफ से 29जनवरी को सुबह 10बजे जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस का आयोजन किया गया है, जिसको मौलाना काजिम मेंहदी ऊरूज जौनपुरी पढ़ेंगे इसके बाद जुलूस-ए-शबीह सफर मदीना जामा मस्जिद अमहट से उठकर अमहट चौराहे से सुलतानपुर रोड होता हुआ गभड़िया चौकी के सामने मोहम्मद हादी के इमाम बाड़े होकर दरगाह हजरत अब्बास अलैहिस्सलाम गभड़िया सुलतानपुर पर समाप्त होगा। जो काफिले की शक्ल में होगा जिसमें ऊॅट और घोड़े अलम और जुलजनाह रहेगा। दौराने जुलूस मौलाना मोहम्मद जाफर खान मौलाना मुशीर अब्बास खान मौलाना नकीरजा जैदी मौलाना कलबे हसनैन खान मौलाना सैयद हबीब हैदर गजनफर अब्बास तूसी तकरीर करेंगे जिसमें सुलतानपुर जनपद के अलावा भी लोग भाग लेंगे, याद रहे यह वही तारीख है, जब यजीद जैसे आतंकवादवादी शासक ने मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को मदीना में रहने न दिया तो इस्लाम और इंसानियत को बचाने के लिए मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ.स.ने अपने पूरे घराने को साथ लेकर 28रजब सन्60हिजरी को मदीने से करबला का सफर किया था और 10मोहर्रम सन् 61हिजरी को अपने 72साथियों की शहादत पेश करके इंसानियत को बचाया था उसी याद में यह जुलूस हर साल निकाला जाता है ।

## न्यूज डायरी

### 250 शटल बसों से स्नानार्थी मुफ्त में करेंगे यात्रा

**फाफामऊ।** बेला कछार फाफामऊ में बने बस अड्डे से सोमवार की आधी रात से परिवहन विभाग बेला कछार से आगे का रास्ता तय करने के लिए श्रद्धालुओं के लिए 250 शटल बसों का संचालन करेगा। शटल बसों की यात्रा मुफ्त होगी। अयोध्या, लखनऊ, देवी पाटन रीजन से आने वाले यात्रियों के लिए बेला कछार से शटल बस सेवा उपलब्ध रहेगी। शटल बस में फ्री सेवा सोमवार की रात शुरू होगी और 30 जनवरी तक लागू रहेगी। अभी तक मुख्य स्नान पर्व को छोड़कर शटल बस से 25 रुपया प्रति यात्री बेला कछार से सिविल लाइंस तक किराया लग रहा था। यह जानकारी एस एस आई प्रयाग डिपो कल्पना तिवारी ने दी है।

### दूधनाथ सिंह इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** फूलपुर थाना क्षेत्र के चतुर्भुजपुर दरापुर गांव स्थित दूधनाथ सिंह इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सपा नेता अवधेश नारायण यादव शामिल हुए। उनके द्वारा विद्यालय में ध्वजारोहण किया गया। उसके बाद बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। बच्चों द्वारा तरह तरह के कार्यक्रम पेश कर लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक शिवराज यादव और प्रधानाचार्य दयाराम यादव ने कार्यक्रम में आए सभी गणमान्य लोगों और छात्र-छात्राओं का आभार जताया।

### बिशप हार्टमन एकेडमी स्कूल में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवंई ।** बिशप हार्टमैन एकेडमी हार्टमनगंज स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया अतिथियों द्वारा बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रस्तुति की सराहना की इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विलियम मैथायस सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राए वं समस्त शिक्षक अभिभावक गण कार्यक्रम में मौजूद रहे ।

### कुम्भ में उठी किसान बोर्ड की मांग

**प्रयागराज।** देवकी नंदन ठाकुर के सनातन बोर्ड के मांग के बाद अब उठी किसान बोर्ड की मांग। विश्व के पहले किसान पीठाधीश्वर किसानाचार्य स्वामी शैलेन्द्र योगिराज सरकार ने मांग किया है। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड व बफ्फ बोर्ड से लोगों का पेट नहीं भरेगा और यह भी कहा किसान ही है जो संतों के भोजन के लिए फल और फलाहार की वस्तु पैदा करता है और अन्य सभी लोगों के लिए भोजन की सामग्री। तथा पूजन की भी सामग्री किसान ही पैदा करता है। इस लिए सभी संतों महात्माओं को सबसे पहले अन्नदाता किसान के लिए किसान बोर्ड के गठन की मांग करना चाहिए। उन्होंने ने कहा कि किसी के लिए किसान कुछ भी हो ।लेकिन हमारे लिए भगवान व देवता से कम नहीं है किसान। आज योगिराज सरकार ने कहा कि भारतवर्ष में किसान बोर्ड का गठन किया जाए। जिससे सब का पेट भरने वाले अन्नदाता किसान्न देवता को फसल का उचित दाम मिल सके। जिससे किसान की आर्थिक स्थिति और मजबूत हो सके। क्योंकि पेपरों व सूचना तंत्र के माध्यम से अक्सर सुनने को मिलता है कि अन्नदाता किसान खेत खलिहान में ठंडी में खेती करते हुए ठंड से ठिठुर कर मर गया। हमारे आपके भरण पोषण के लिए गर्मी में लूं से मर जाता है। बारिश में बिजली गिरने से मर जाता है। खेतों में काम करते हुए सर्पदंश से मर जाता है। लेकिन किसान हिम्मत नहीं हार रहे हैं अभी भी हमारे आपके लिए अन्न फल फूल पैदा कर रहे हैं। लेकिन फिर भी उनकी उपेक्षा हो रही है। जब किसान बोर्ड बन जाएगा तो किसानों के लिए प्रोटोकॉल बन जाएगा। तभी जाकर किसान का भला होगा और किसान मजबूत होगा।

### 31 वर्ष की आयु में 31 बार रक्तदान कर बनाया खिताब



**प्रयागराज।** उदित कुमार ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर महा कुम्भ के पुलिस लाइन संकल्प प्रशिक्षण पंडाल में अपना 31वां रक्तदान किया। इन 31 रक्तदान में 28 ब्लड डोनेशन और 3 एफरेसिस शामिल है।उदित ने 19 वर्ष की आयु से रक्तदान शुरू किया था तब से लगातार साल में 3 से 4 बार रक्तदान करते आ रहे हैं।
उदित का कहना है कि जब तक स्वस्थ हूँ तब तक लगातार रक्तदान करता रहूंगा, खून की कमी से किसी की जान नही जानी चाहिए।उदित कुमार, टैगोर पब्लिक स्कूल में केमेस्ट्री के लेक्चरर हैं और डॉ अनुराधा सिंह के सानिध्य में इलाहाबाद विश्विद्यालय से रसायन शास्त्र में शोध कर रहें है।
पूर्व आई जी व अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद काशी प्रांत के. पी. सिंह ने उदित के उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ रहने की कामना किया और कहा कि भविष्य में उदित अपने रक्तदान से रिकॉड बनाकर मानवता को बढ़ाएंगे इससे प्रयागराज नगरवासियों को प्रेरणा मिलेगी और नवयुवकों में जोश भरेगा।

# निरंजनी अखाड़ा में दो महामंडलेश्वरों का हुआ पट्टाभिषेक

## बाल योगी विनियानंद और गोल्डन बाबा बने महामंडलेश्वर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा में रविवार को दो महामंडलेश्वर बनाए गए। प्रयागराज के श्री हरिधाम बाबा सेवा समिति के पीठाधीश्वर बाल योगी विनयानंद गिरी और केरल के गोल्डन बाबा को तिलक और चादर ओढ़ा कर उन्हें महामंडलेश्वर पद पर अभिषिक्त किया गया।श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति के संरक्षक श्री श्री 1008 बाल योगी विनयानंद गिरी जी का पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा से महामंडलेश्वर के पूजनीय पद पर पट्टा अभिषेक हुआ। जिसमें श्री निरंजनी अखाड़ा के



पीठाधीश्वर श्री कैलाशानंद गिरी जी महाराज, आनंद अखाड़ा के पीठाधीश्वर बालकानंद जी महाराज और 13 अखाड़ों के अध्यक्ष श्री श्री रविन्द्र पुरी जी महाराज व अन्य महंतों के द्वारा कार्यक्रम को कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराया।अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी जी महाराज और कैलाशानंद गिरी जी ने उपस्थिति मे संत समाज के उत्थान एवं लोक कल्याण के दृष्टिगत श्री हरि धाम बाबा सेवा समिति गोंठी, बेलसारा के पुजार बाल योगी विननयानंद जी को महामंडलेश्वर पद से विभूषित किया।
बता दें कि बाल अवस्था से ही समाज कल्याण तथा सेवाभाव के कार्यो में सदा तत्पर रहते आये महामंडलेश्वर बाल योगी विनयानन्द जी महराज जाति, धर्म, वर्ण, परम्परा से ऊपर उठकर सदैव समाज के कल्याण तथा सेवा कार्य से संत समाज को गौरवान्वित किया है।

## प्रो .राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** विश्वविद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुलपति डॉ अखिलेश कुमार सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बहुउद्देशीय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन भी किया गया जिसमे विश्वविद्यालय के लगभग सभी शंकायों के विद्यार्थियों ने प्रतिभा किया. वित्त अधिकारी, कुल सचिव तथा परीक्षा नियंत्रक द्वारा भी विचार रखे गए. कुलपति डॉ अखिलेश कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में मानवीय संवेदनाओं, संविधान तथा समता मूलक समाज की स्थापना पर बल देते हुए कहा कि हमारा राष्ट्र तभी सशक्त हो सकता है जब हम सभी अपने अपने जिम्मेदारी समझ राष्ट्र निर्माण अपना योगदान दें. उन्होंने उन्होंने संविधानिक मूल्य, स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व की महत्ता पर भी अपने पक्ष रखें तथा राष्ट्र के रूप में विकसित भारत की संकल्पना का विचार भी रखा. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, अधिष्ठाता कला संकाय, कुल अनुसर्शक ,अधिकारी गण कर्मचारी गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी। कार्यक्रम संयोजन डॉ उत्कर्ष उपाध्याय, डॉ प्रियंका सक्सेना, डॉ दिव्या द्विवेदी व अन्य सदस्यों द्वारा तथा डॉ श्वेता श्रीवास्तव व अन्य द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

## स्काउट एंड गाइड्स के रोवर और रेंजर्स द्वारा किया जा रहा सेवा कार्य



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** महाकुंभ,भारत स्काउट और गाइड के कैंप कार्यालय सेक्टर 6 से प्रदेशिक मुख्यालय के नेतृत्व में चल रहे शिविर सेवा से संपूर्ण मेला क्षेत्र के 25 सेक्टर में स्काउट और गाइड के रोवर और रेंजर्स द्वारा ड्यूटी पॉइंट पर ड्यूटी की जा रही है। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं डीआईओएस प्रयागराज पी एन सिंह व बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के द्वारा की जा रही है।
मौनी अमावस्या से पूर्व सभी भीड़भाड़ वाले एरिया को ध्यान में रखते हुए जगह-जगह रोवर एंड रेंजर्स को तैनाती कर दिया गया है। जिससे देश और विदेश से आ रहे हैं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। भूले-भटके श्रद्धालुओं को शिविर तक पहुंचाने और सही मार्ग बताने, विकलांग श्रद्धालुओं तथा ज्यादा उम्र के श्रद्धालुओं को प्रत्येक समस्याओं का सुगमता पूर्वक समस्या समाधान किया जा रहा है।
जिला सचिव कमलेश द्विवेदी ने बताया कि मौनी अमावस्या पर होने वाली भीड़ भाड़ के मद्दे नजर माध्यमिक शिक्षा और बेसिक शिक्षा विभाग के स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन की ड्यूटी पॉइंट पर लगा दी गई है।कैंप कार्यालय पर कार्य कर रहे जिला नोडल डॉ आकांक्षा केसरी, तीर्थराज पटेल, सुरेंद्र कुमार सिंह, फिरोज खान, वेद प्रकाश भगत, के मार्गदर्शन में सभी प्रभारी अपने ड्यूटी क्षेत्र में अपने कार्य को कुशलता से संपादित कर रहे हैं।

## ईश्वर ने स्वयं ही अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिये कैकई और मंथरा की मति भ्रष्ट कर दी थी- आचार्य प्रणव पुरी महाराज




**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** माघ मेला के सेक्टर 18 स्थित मानस मर्मज्ञ कथावाचक संत, महामृत्युंजय पीठ के पीठाधीश्वर, आचार्य प्रणव पुरी जी महाराज ने राम कथा के तृतीय और चतुर्थ दिवस कैकई और मंथरा संवाद तथा उसके उपरांत कैकई और दशरथ संवाद को बहुत ही सहज तरीके से, रामायण के दोहों की मीमांसा करते हुए कहा कि मंथरा के मन में राम के प्रति एक तरह का द्वेष पैदा हो गया था और वह उस घटना के कारण उनसे बदला लेने के लिए मौके की तलाश में थी। यह भी कहा जाता है कि राम के बचपन के मध्य कैकेयी भरत से ज़्यादा राम को प्यार करती थी और उनके साथ अधिक समय बिताती थीं। इस कारण मंथरा राम से ईर्ष्या करने लगी। उसमें राम के प्रति एक तरह का द्वेष पैदा हो गया था।
मंथरा कैकई से बोली कि तुम्हें सीताराम बहुत प्रिय हैं और राम को तुम प्रिय हो परंतु अब वह दिन बीत गए, समय पलटने पर मित्र भी बैरी हो जाता है... राम की माता बड़ी चालाक चतुर हैं उसने पहले ही भरत को राजा से कहकर ननिहाल भेज दिया। राजा दशरथ आप से अधिक प्रेम करते हैं कौशल्या को उससे जलन होती है इसलिए उसने जाल फैलाकर साजिश से राम के राजतिलक के लिए समय सुनिश्चित किया है।
कथा व्यास ने कहा कि ईश्वर ने स्वयं ही अपने कर्तव्यों की पूर्ति के लिये कैकई और मंथरा की मति भ्रष्ट कर दी थी। अतः जब भगवान राम को अयोध्या का राज देने की चर्चाएं आई तो रानी कैकई को उसकी दासी मंथरा ने भड़का दिया।
इस अवसर पर आचार्य आशुतोष और ब्रम्हवादिनी माँ अपर्णाश्री भारती ने भी जनसमूह को आशीश दिया।

## प्रमोद तिवारी ने संगम में लगायी डुबकी, राष्ट्र एवं समाज के लोकमंगल की किया प्रार्थना



### आम श्रद्धालुओं के बीच प्रमोद तिवारी ने किया संगम पूजन

**महाकुंभ नगर।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी रविवार की सुबह संगम स्नान करने पहुंचे। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने सादगी के साथ आम श्रद्धालुओं के बीच संगम स्नान किया।
वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को संगम में अपनी छोटी बेटी प्रो. डॉ. विजयश्री सोना के साथ आम श्रद्धालुओं की तरह स्नान व पूजन करते देख वहां मौजूद स्नानार्थियों के बीच प्रशंसा देखी सुनीं गयी। संगम स्नान कर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने धर्मगुरूओं से भी मुलाकात किया।

**महाकुंभ नगर।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गणतंत्र दिवस पर तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ में पवित्र संगम स्नान किया। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने संगम में डुबकी लगाकर राष्ट्र तथा समाज के लोकमंगल की प्रार्थना की। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के साथ उनकी छोटी सुपुत्री प्रोफेसर डॉ. विजयश्री सोना भी संगम स्नान करने पहुंची।
राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महाकुंभ का आयोजन धर्म और आस्था से जुड़ा हुआ है। उन्होने कहा कि सरकार और प्रशासन को महाकुंभ में आम श्रद्धालुओं को संगम स्नान तथा दर्शन पूजन के लिए सुविधाओं और प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होनें कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हर छठवें और बारहवें वर्ष पर सैकड़ो वर्षो से होता आ रहा है। सरकार चाहे जिसकी रही हो बिना राजनीतिक ढ़िढोरा पीटे आम श्रद्धालुओं के लिए सभी ने समुचित व्यवस्थाओं को ही प्राथमिकता दे रखी थी। राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी के संगम स्नान व दर्शन पूजन किया। जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## मौनी अमावस्या से एक दिन पूर्व उमड़ा श्रद्धालुओं का रेला



**फाफामऊ।** महाकुंभ मेला में दिन प्रति दिन श्रद्धालुओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। मौनी अमावस्या के एक दिन पूर्व बेला कछार फाफामऊ में महाकुंभ मेला में पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा। प्रशासन के अनुमान से अधिक जैसे ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंची प्रशासन श्रद्धालुओं को आगे संगम तक पहुंचाने में व्यवस्था के लिए लग गए। भीड़ इतनी अधिक हो गई कि बेला कछार में बने वाहन पार्किंग आधे से अधिक पार्किंग वाहनों से फुल हो गई। भारी संख्या में श्रद्धालु पैदल ही सर पर गठरी लादकर संगम स्नान दान के लिए पहुंच रहे है। भीड़ को देखते हुए आस पास के लॉज और होटलों के किराए को दो गुना बढ़ा दिए है।

## कांग्रेस जनों ने धूमधाम से मनाया 76वां गणतंत्र दिवस



**प्रयागराज।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन की अध्यक्षता में 76 वाँ गणतंत्र दिवस स्वरूप रानी पार्क चौक में मनाया गया। प्रदीप मिश्र अंशुमन ने झंडारोहण किया।
अपने उदबोधन में महानगर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान लागू हुआ। उसी दिन से हम लोग गणतंत्रीय शासन व्यवस्था के अधीन आ गए। जहां राजा मां के पेट से नहीं बल्कि देश का प्रधान जनता की वोट से बनने लगा है। इसलिए जो अमूल्य मत का अधिकार सभी नागरिकों को मिला है उसका सोच समझकर बिना भय एवं लालच के प्रयोग करें। जिससे लोकतंत्र को मजबूती मिले और सभी लोगों को समानता, स्वतंत्रता, तथा समान न्याय मिल सके मज़बूत लोकतंत्र से ही भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। गणतंत्र दिवस सिर्फ़ एक उत्सव नहीं है, यह अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों के लिए एक श्रद्धांजलि है, जिन्होंने एक समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा था।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदीप मिश्र अंशुमन, मोहम्मद इरफान, अजेंद्र गौड़, विनय पांडेय, इशरत अली चाँद, सुशील मिश्रा, राजेंद्र अग्रवाल, संतोषआनंद महाराज, श्वेता श्रीवास्तव, अभिनीत कुशवाहा, रचना पांडे, इरशाद उल्ला, मुन्ना यादव, सतीश केसरवानी, मकसूद रिजवी, अहमद उल्ला, रामसुंदर यादव उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया गया जीटीबी नगर में गणतंत्र दिवस



**प्रयागराज।** प्रयागराज करेली जीटीबी नगर दुर्गा पूजा पार्क में भारत का प्रमुख राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस हर बार की तरह इस बार भी पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
इसी दिन सन 1950 को भारत सरकार अधिनियम को हटाकर भारत का संविधान लागू किया गया था। यह भारत के तीन राष्ट्रीय अवकाश में से एक हैं अन्य दो स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती है।गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि प्रवीण खन्ना के साथ फ़ज़ल ख़ान द्वारा ध्वजा फहराया गया। फ़ज़ल ख़ान एवम् शरद मालवीय ने प्रवीण खन्ना को शाल उढ़ा कर सम्मानित किया। सभी आए हुए अतिथियों को मिठाई फल एवं बच्चों को खिलौना वितरित किया गया और देशभक्ति गीत पर बच्चों ने जमकर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद किया।
इस कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव, अकरम भाई (शगुन), महेंद्र श्रीवास्तव, अखिलेश, अभिषेक वर्मा, सौरभ खन्ना, अंशु श्रीवास्तव, सरोज, कुसुम, आभा बर्मा, विनीत निषाद, संजीव केसरवानी, विजय सिंह, अजय श्रीवास्तव, संजीव चावला, मंजीत सिंह, आर सी श्रीवास्तव, राजेश मिश्रा, पुष्पेंद्र, कुलवंत कौर, उर्मिला वर्मा, तौकीर आदि सम्मिलित हुए।

## आर ए एफ कैंप में गणतंत्र दिवस धूम धाम से मनाया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**
**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित 101 दुत कार्य बल के प्रांगण में 76वाँ गणतंत्र दिवस जोश एवं उत्साह के साथ मनाया गया।भारतीय संविधान के इस पावन पर्व पर मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेंट-101 आर.ए. एफ. ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित किया एवं क्वार्टर गार्ड में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा इस शुभ अवसर पर सभी कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी व उपस्थित सभी जवानों को बल के गरिमामयी इतिहास के बारे में अवगत कराया।उक्त अवसर पर कमाण्डेंट महोदय के दिशा निंदेशन मे, राजेश कुमार श्रीवास, (सहा0कमा0), राजेन्द्र कुमार यादव, (सहा0 कमा0) एवं उनके टीम द्वारा शहीद वरूण कुमार उनके परिवारजनों को मिठाई, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। यज्ञ कुमार सिंह, उप कमाण्डेंट-101 आर.ए.एफ एवं टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय मातादीन का पूरा में बच्चों को मिठाई व तिरंगा वितरित किया गया।वाहिनी के जवानों द्वारा वर्ष 2024 के दौरान अपनी डयूटी का निष्पादन उत्कृष्ट तरीके से करने के लिए उनके मनोबल को ऊचों बनाये रखने हेतु कमाण्डेंट महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र पदान किए गए। तत्पश्चात कैम्प परिसर में स्थित मॉन्टेसरी स्कूल के बच्चों के साथ कावाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम व कमाण्डेंट महोदय द्वारा ध्वाजारोहण किया गया। इस अवसर पर सभी अध्यापिकाएं, महिला कार्मिक एवं बच्चें उपस्थित रहे।अंत में क्षेत्रीय कावाध्यक्षा श्रीमती प्रीती गौतम ने उपस्थित अध्यापिकाओं, महिला कार्मिक और बच्चों को मिष्ठान वितरण किया एवं सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में वाहिनी स्तर पर वाली बॉल गेम डी/101 एवं मुख्यालय/101 के बीच आयोजित किया गया। जिसमें डी/101 विजयी हुई। अवसर पर, हरिओम सागर, द्वितीय कमान अधिकरी, पुनर्वसु तिवारी, (द्वितीय कमान अधिकरी), अशोक कुमार, मुख्य चि0 कि0अधिकारी, (एस एम ओ) यज्ञ कुमार सिंह (उप0कमा0). टी एन सिंह (उप0कमा0), नीरज कुमार, (उप0कमा0) अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारीगण, जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

## पंडित हनुमत त्रिपाठी इंटर कॉलेज,में किया गया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवंई ।** पंडित हनुमत दत त्रिपाठी इंटर कॉलेज इस्माइल गंज में गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक, डॉक्टर अजय प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया ध्वजारोहण के पूर्व मुख्य अतिथि का स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट कर भव्य स्वागत किया गया ध्वजारोहण के साथ ही राष्ट्रगान की गूंज ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।
मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अजय प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में भारतीय गणतंत्र की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।
उन्होंने अपने संबोधन में कहा संविधान के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों और उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस दिन का महत्व हमारे देश के लोकतांत्रिक मूल्यों और अखंडता में निहित है। विद्यालय के छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य, और नाट्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। इन कार्यक्रमों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।
मुख्य अतिथि द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर उनका मान बढ़ाया सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रथम द्वितीय तृतीय के छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिया गया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रबंधक महेश पति त्रिपाठी पूर्व ब्लाक प्रमुख हरीनिवास यादव पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर जितेंद्र नाथ त्रिपाठी प्रधानाचार्य वेद प्रकाश मिश्रा सुशील कुमार मिश्रा धर्मेंद्र पांडे कमलेश पांडे पूनम मनीष पाठक हसबीन अहमद अविनाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र अभिभावक गण कार्यक्रम में मौजूद रहे ।

## लाखों श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण आज से

**प्रयागराज।** प्रयाग की गंगा यमुनी तहजीब को साकार करते हुए प्रयागराज आतिशबाजी संघ के तत्वावधान में मौनी आमावस्या पर आये हुए श्रद्धालुओं के लिए एतिहासिक चौक स्थित नीम के पेड़ के पास महाभंडारा का आयोजन किया गया है। मंगलवार को महापौर गणेश केसरवानी ने इसका विधिवत शुभारम्भ करेंगे। संरक्षक कादिर ने बताया कि यह महाभंडारा 72 घंटे का है। अध्यक्ष रोहित पाहुजा ने बताया कि भंडारे में हैजेनिक महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। जिसमें एक लीटर की पानी की बोतल, विस्किट के पैकेट, चाय, पकौडी तहरी, आदि हैं। टीम में देवेन्द्र सेठ, मो. सोएब, मो. नसीम, मो. उमर, करम इलाही, मुन्ना खत्री, अब्दुलरब, इस्तियक अहमद, बृजेश चौरसिया, इम्तियाज आदि हैं।

## शान के साथ श्रीनगर के लाल चौक पर फहर रहा तिरंगा- केशव प्रसाद मौर्य



**प्रयागराज।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा की अगुवाई में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराकर गणतंत्र दिवस की बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में श्रीनगर के लाल चौक में भारत का तिरंगा बड़ी आन बान और शान के साथ फहर रहा है। कहा कि आज कर्तव्य पथ पर निकलने वाली झांकी भारत की समृद्धि परंपराओं और वीरता का गौरवपूर्ण प्रदर्शन किया है। पूरा देश अपने राष्ट्र की ताकत एकता और गौरव को महसूस कर रहे हैं।इस अवसर परएमएलसी सुरेंद्र चौधरी, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल, महानगर, कुंज बिहारी मिश्रा, शशिवार्ष्णेय, वरुण केसरवानी रवि, राजेश केसरवानी, मृत्युंजय तिवारी, आनंद सोनकर, मनोज कुमार कुशवाहा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने 76वें गणतन्त्र दिवस पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में किया झण्डारोहण





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 76वें गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सरकारी भवनों पर झण्डारोहण किया गया तथा जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों में भी झण्डारोहरण के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर गणतन्त्र दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में झण्डारोहण कर कलेक्ट्रेट के अधिकारियों व कर्मचारियों को ÷संविधान प्रस्तावना संकल्प÷ की शपथ दिलाई। अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार एवं प्रबुद्ध तथा उप जिलाधिकारी अतिरिक्त सुखलाल वर्मा ने उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में महॉत्मा गॉधी जी एवं डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया तथा स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के परिजन डॉ0 अरिमर्दन सिंह, पवन सिंह एवं अक्षय कुमार त्रिपाठी को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट में अपने-अपने पटल से सम्बन्धित अच्छा कार्य करने वाले पटल सहायकों कर्मचारियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत किसानों का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करने वाले जनसेवा केन्द्रों संचालकों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि गणतन्त्र दिवस, हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के आन्दोंलनो एवं बलिदान के कारण देश को आजादी मिलीं। आजादी के बाद देश का शासन-प्रशासन किस प्रकार चलाया जाय, देश में अनेक भाषा, सम्प्रदाय आदि विविधतायें हैं, सबको साथ लेकर, सभी चीजों को समाहित करते हुए, किस प्रकार से संविधान का डॉक्यूमेन्ट तैयार किया जाय, यह बहुत बड़ी चुनौती थी, परन्तु संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता का ही परिणाम है कि उन्हांने इस प्रकार संविधान बनाया कि आज तक देश में किसी भी प्रकार की सिविलवार एवं मिलिट्री शासन नहीं लगा है, देश में शासन लोकतान्त्रिक तरीके से चल रहा है, जबकि पड़ोसी देशों सहित अन्य देशों को देखा जाय तो लोकतान्त्रिक तरीके से शासन नहीं चल पायी है। उन्हांने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन एवं अन्य देशों में स्वतन्त्रता के कई वर्षों बाद महिलाओं को मतदान करने का अधिकार दिया गया, जबकि भारत में आजादी के तुरन्त बाद ही महिलाओं को मतदान करने का अधिकार दिया गया। सभी नागरिकों को बराबर मौलिक अधिकार दिये गयें। उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि संविधान की मूल भावना को समझते हुए अपने दायित्वों जिम्मेदारियों का निर्वहन करें तथा देश, प्रदेश व जनपद को प्रगति के पथ पर लें जायें। इस अवसर पर कलेक्टेट के अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## देश के लिए संविधान उतना ही जरूरी है जितना कि किसी जीव के लिए ऑक्सीजन- कर्रार हुसैन रिजवी





**करारी, (कौशाम्बी)।** करारी कस्बा स्थित डॉ0 रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल में रविवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। छात्र छात्राओं द्वारा वीर सपूतों का अभिनय प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती एवं महापुरूषों की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

डॉ0 रिजवी एजुकेशन ट्रस्ट के सचिव कर्रार हुसैन रिजवी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद इसके बाद उन्होंने अध्यापक और छात्रों को सम्बोधित करते हुए बताया कि किसी देश के लिए संविधान उतना ही जरूरी है जितना कि किसी जीव के लिए ऑक्सीजन। दुनिया मे ऐसे भी देश है जहाँ संविधान बनाने में लापरवाही हुई थी आज भी वहां अशांति का माहौल है। संविधान देश के सभी नागरिक को उनके कर्तव्य और दायरे में रहने के लिए बाध्य करता है। जिससे देश मे सभी नागरिकों को उनका अधिकार मिल पाता है। इसके बाद कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत देशभक्ति गीत, लघु नाटिका, काव्यपाठ, भाषण आदि प्रस्तुत किए। कार्यक्रम इतने मनमोहक रहे कि वहाँ उपस्थित सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कार्यक्रम के अंत मे विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने सभी उपस्थित सभी दर्शको को धन्यवाद प्रेषित किया साथ भी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक एवम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### गरुड़ पाण्डेय बने सेवा दल के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के कौशाम्बी का गरुड़ पाण्डेय को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बनाया गया है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ने गरुड़ पांडे को बधाई एवं सेवा दल के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पाण्डेय का धन्यवाद किया। गौरव पाण्डेय ने कहा कि गरुण पाण्डेय एक संघर्षशील कार्यकर्ता है जो पार्टी के हर जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हैं मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि आपके देखरेख में कौशांबी में सेवा दल को मजबूती मिलेगी। सेवादल का जिला अध्यक्ष बनने पर गरुड़ पाण्डेय ने सभी कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### राजा जयचंद के किले पर फहराया गया ध्वज



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** कड़ा स्थित राजा जयचंद के किले पर गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रध्वज फहराया गया।राष्ट्रीय बजरंग दल के आह्वाहन पर किले पर राष्ट्रध्वज फहराकर पर्व की खुशियां मनाई गई।ध्वज फहराने के पश्चात मिष्ठान का वितरण हुआ।इस अवसर पर विकास पाल, संदीप अग्रहरि, संदीप सरोज, अजय मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### अपना दल एस जिला कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** अपना दल एस के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष देवनारायण सिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला कार्यालय मंझनपुर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सचिव भानु प्रताप सिंह पटेल मौजूद रहे। साथ में जिला कोषाध्यक्ष सूबेदार सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल, जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच डॉ0 अजमेर पटेल, जिला उपाध्यक्ष डॉ0 चन्द्र भवन पाल, जिला मीडिया सचिव राम मिलन पटेल, विधानसभा अध्यक्ष चायल अमर सिंह पटेल, विधान सभा अध्यक्ष मंझनपुर अश्वनी सिंह पटेल, विधान सभा अध्यक्ष सिराथू लल्लू राम पटेल, व्यापार मंच उपाध्यक्ष नीरज सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष आईटीसेल शिव भवन सिंह पटेल सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### श्याम लाल मौर्य पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू कस्बे में संचालित श्याम लाल मौर्य कौशांबी पब्लिक स्कूल में 76 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप ने पहुंचे कामधेनु ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के निर्देशक इंजिनियर योगेश कुमार मौर्य ने ध्वजारोहण किया इस दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा निकाली गई परेड की सलामी लेते हुए योगेश कुमार मौर्य ने अमर सपूतों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया और गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आज ही के दिन देश में संविधान लागू हुआ था। कार्यक्रम में मौजूद प्रबंधक ऋषि कुशवाहा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए गणतंत्र दिवस के बारे में प्रकाश डाला, इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने देश भक्ति गीत व लघुनाटिका , पिरामिड एवं अन्य नाटको से अतिथियों का मनमोह लिया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सबा सिद्दकी सहित विद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

### अपहरण के मुकदमें में सुलह न करने पर दी धमकी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के बूंदा गांव निवासी मुन्नी देवी पत्नी टीकमचंद्र ने बताया कि दो जनवरी को उसकी बेटी का गांव के ही तीन लोगों ने अपहरण कर लिया था। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी मुगू पुत्र लाला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बाकी बचे दो आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। वह मुकदमें में सुलह करने को लेकर दबाव बना रहे हैं। शुक्रवार को दोनों उसके घर पहुंचे और मुकदमें में सुलह न करने पर गाली गलौच कर मारने की धमकी देने लगे। मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित महिला ने सोमवार को मामले की शिकायत थाने में करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### केंद्रीय कार्यालय में कांग्रेसियों ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया झंडा रोहण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव पाण्डेय के निर्देशानुसार, मुख्य अतिथि राजेश साहनी ने झंडा रोहण किया और शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया इस मौके पर प्रदेश सचिव राजेश साहनी ने जय बापू ,जय भीम ,जय संविधान के तहत देश के शहीदों को नमन करते हुए अपने विचारों को रखा एवं संविधान को बढ़ाने की बात कही। गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एनएसयूआई अमित द्विवेदी आजाद जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, रामसूरत रैदास, श्याम सिंह भदौरिया, नरेंद्र सिंह, अनिल सेन, आलोक त्रिपाठी, सिकंदर सिंह, संतोष पटेल, बिंदेश्वरी रैदास, छोटे लाल, रामदास, मृतलाल, इंदर पाल,विफाई पासी और तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## जन शिक्षण संस्थान में 76वें गणतंत्र दिवस पर हुआ ध्वारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** संस्थान के निदेशक विजयेन्द्र मिश्रा ने कहा कि 26 जनवरी पूरे देश में 76 वा गणतन्त्र दिवस के रूप में मनाया जा रहा है आज ही के दिन 1950 में भारतीय संविधान लागू हुआ था हम सभी जानते है कि भारत को स्वतन्त्रता 15 अगस्त सन 1947 को मिली थी लेकिन राष्ट्र में अपना कोई संविधान नही था। इसी दिन यानी 26 जनवरी सन् 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ जिसे बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर ने बनाया था। आज इसी संविधान की वजह से हमारा देश पूर्ण गणतन्त्र है। इस दिन सबसे पहले भारत के प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति इंडिया गेट पर



स्थित अमर जवान ज्योति पर देश के शहीदों को श्रद्धाजलि देते है। गणतन्त दिवस हम सभी भारतीयों के अन्दर हर्ष उल्लास, और नये सोच का संचार करता है देशवासियों को यह संकल्प लेने के लिए भी प्रेरित करता है कि वह अमर शहीदों के बलिदान की व्यर्थ नहीं जाने देगे और अपने देश की रक्षा गौरव और उत्थान के लिए सदा समर्पित रहेगे। आज के इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक विजयेंद्र मिश्रा, अतिथि आयुष अग्रवाल डायरेक्टर ड्रीम हाइकर्स, संस्थान के उप कार्यक्रम अधिकारी सतीश चंद्र, फील्ड ऑफिसर राजू शुक्ला, कार्यालय सहायक पूजा यादव, एवम अनुदेशक, अनुदेशिकाएँ करिश्मा चौधरी, रूपा देवी, चंद्रावल, अंजू देवी रोशनी देवी आदि उपस्थित रहें।

## गणतंत्र दिवस हमारे देश की संप्रभुता और एकता का प्रतीक है- धर्मराज मौर्य



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने गणतंत्र दिवस के मौके पर ध्वजारोहण कर जनपदवासियों को शुभकामनाएं दी साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस हमारे देश की संप्रभुता और एकता का प्रतीक है। इस दिन स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हैं जिन्होंने हमारे देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्योछावर किए हमारा संविधान हमें समानता का अधिकार प्रदान करता है और हमारे देश को एक संप्रभु धर्मनिरपेक्ष,लोकतांत्रिक, गणराज्य बनाने का मार्गदर्शन करता है हमें अपने देश के विकाश में अपनी पूर्ण भागीदारी प्रदान करनी चाहिए और इसकी एकता और अखंडता की रक्षा करनी चाहिए साथ ही यह दिवस देश के संघर्ष और गौरव गाथा का प्रतीक है हमें अपने देश के विकास में अपनी पूर्ण भागीदारी प्रदान करनी है। इस मौके पर जिलाउपाध्यक्ष आशीष केसरवानी,जिला महामंत्री संजय जायसवाल, नितिन पासी, झल्लर चौरसिया, ज्योति केसरवानी, धर्मराज पाल, सत्यम केसरवानी, जितेंद्र साहू, ज्ञानेन्द्र साहू, व मण्डल अध्यक्षगण, कार्यकर्तागण,उपस्थित रहे।

## मदर इंडिया इंटर कॉलेज में बड़े उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**करारी, (कौशाम्बी)।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को मदर इंडिया इंटर कॉलेज में बड़े हर्ष उल्लास के साथ रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसकी शुरुआत दीप प्रज्वलित करके सरस्वती वन्दना से हुई।

उसके बाद कक्षा 3, 4, और 5 की छात्रा रूफिया, अदीबा, महिमा, अंशिका आदि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। जलवा तेरा जलवा सांग,इमाद अहमद कक्षा नर्सरी।पापा मेरे पापा सांग इनायत, यशिका, आदिती, अजरा, आएशा, ओवैश, जेयान कक्षा नर्सरी देश भक्ति इकरा -6 बुशरा- 6 खदीजा- 6 सोनाक्षी-6 अर्फिया-7 नंदनी-7 शिवा 7 सपना-8 आदि ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन अलशिफा, काशिफा रिया पूजा ,दीपिका और मुस्कान ने किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य सैयद सरफराज हुसैन ने बच्चों एवं अभिभावक एवं समस्त नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य अजादार हुसैन,राकेश कुमार, लाल चन्द्र मौर्या, इश्तियाक अहमद, शमीम अहमद,प्रदीप कुमार,अंकुर राव,देव लाल हुसैन मेहदी, उजैर मेहदी, शबाना रिजवी,कीर्ति शर्मा वजीर फात्मा, तौकीर फात्मा,नाहिद,नीलू आदि मौजूद थी।

## गणतंत्र दिवस पर विकास खण्ड कौशाम्बी के सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, (कौशाम्बी)।** गणतंत्र दिवस पर विकास खंड कौशाम्बी के सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में धूमधाम से हुआ ध्वजारोहण किया गया 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिले भर में ध्वजारोहण के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए। विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों, स्कूलों और अन्य संगठनों में तिरंगा फहराकर संविधान की मर्यादा और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।

### सरस्वती इंटर कॉलेज विजिया चौराहा में प्रधानाचार्य ने किया ध्वजारोहण



बारा, (कौशाम्बी)। सरस्वती इंटर कॉलेज विजिया चौराहा में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बेहद जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश सिंह ने ध्वजारोहण किया और बच्चों ने देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। चौधरी अशर्फीलाल शांति देवी इंटरकालेज विजिया चौराहा में गणतंत्र दिवस की धूम चौधरी अशर्फीलाल शांति देवी इंटर कॉलेज में भी झंडा फहराया गया। चौधरी अशर्फी लाल शान्ती इण्टरमीडिएट कॉलेज बेहनपुरवा कौशाम्बी में 76वा गणतंत्र दिवस बड़े धूम धाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय के प्रबन्धक श्री अशर्फी लाल (बाबू जी) विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर तिरंगा फहरा कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ.रंजीत चौधरी भी उपस्थित रहे एवं बच्चों को गणतंत्र दिवस के इतिहास के बारे में जानकारी साझा की जिसमें जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षक ,शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। यहां विद्यार्थियों ने भाषण, नाटक और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

## रूद्रा फॉउण्डेशन में धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतन्त्र दिवस

**लोकमित्त्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** रूद्रा फॉउण्डेशन, कौशाम्बी द्वारा संचालित विद्यालयों पं0 जगत नारायण वि0 नि0 इण्टर कॉलेज, रामदयालपुर, काजू किड्जी रामदयालपुर, एम0 एस0 कॉन्वेंट एवं इण्टर कॉलेज सिकन्दरपुर बजहा में राष्ट्रीय पर्व गणतन्त्र दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। रूद्रा फॉउण्डेशन के तकनीकी सलाहकार एवं प्रबन्धक श्री अंजनी कुमार त्रिपाठी जी ने सरस्वती पूजन के पश्चात् ध्वजारोहण किया एवं विद्यालय परिसर में आये हुए समस्त छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं कर्मचारियों को 76 वें गणतन्त्र दिवस की बहुत-बहुत बधाई दी। उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं को संविधान के अनुरूप कार्य करने एवं जीवन में उसके महत्व को समझते हुए देश के विकास में अपना योगदान करने की अपील की। संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि कैसे किसी भी देश के विकास में उसके संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।इस उपलक्ष्य में




विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा कई मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। नन्हें-मुन्नें बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों को सभी ने खूब सराहा और उनका उत्साहवर्धन किया। एम0 एस0 इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अजय तिवारी एवं पं0 जगत नारायण वि0 नि0 इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा मिश्रा ने विद्यालय परिसर में आये हुए समस्त आगन्तुकों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। रुद्रा फॉउण्डेशन के एडमिन प्रभाकर दुबे जी ने छात्र-छात्राओं अध्यापक-अध्यापिकों एवं समस्त आगन्तुकों को बधाई दी। मंच संचालन अर्जुन जी एवं ममता जी ने अपने चिर-परिचित अंदाज में किया। इस मौके पर विद्यालय के एडमिन गिरिजेश नारायण पाण्डेय, एकेडमिक हेड विनय गिरि, प्रवक्ता धनन्जय शर्मा, देवकान्त, योगन्द्र सिंह, अध्यापकगण मुदितमन, बृजेश नारायण पाण्डेय, महेश, अनिल कुशवाहा, विजय एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं तथा कर्मचारी मौजूद रहें।

## 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर कार्यालय स्कूलों, कॉलेजों, प्रतिष्ठानों में किया गया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, (कौशाम्बी)।** नगर के विभिन्न स्थानों पर 76वें गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। नगर पालिका परिषद् भरवारी कार्यालय में ध्वजारोहण अध्यक्ष कविता पासी और रामसिंह ने किया इस दौरान बबलू गौतम सहित समस्त कर्माचारी रहें स श्रीहुबलाल इंटरमीडिएट कालेज में प्रबंधक बिरेंद्र कुमार उर्फ कोको ने ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर प्रधानाचार्य जीवन लाल चौधरी, प्रधान लिपिक बृजेश कुमार उपस्थित रहे स सरस्वती बाल मन्दिर जुनियर हाई स्कूल में ध्वजारोहण प्रबंधक राकेश कुमार त्रिवेदी ने किया,

इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश सिंह गौतम सहित समस्त स्टाप मौजुद रहें स डीडीआर इंटर कालेज, डीडीआर प्राईवेट आईटीआई कालेज में ध्वजारोहण प्रबंधक संजय कुमार उपाध्याय ने किया स सेंट फ्रांसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेरूआ में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया



गणतंत्र दिवस, गणतंत्र दिवस के मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर जितेंद्र प्रताप सिंह साहित समस्त स्टाप मौजुद रहें स नन्दी वाणी पब्लिक स्कूल, वाणी सनराइज स्कूल में ध्वजारोहण प्रबंधक ज्योति केसरवानी ने किया इस अवसर पर अभिजित केसरवानी साहित समस्त स्टाप मौजुद रहें।

बाबा टीवीएस रसूलपुर गिरछा में प्रबंधक अमित केसरवानी ने ध्वजारोहण किया इस अवसर पर कपिल केसरवानी साहित समस्त स्टाप मौजुद रहें स रमेश होंडा एजेंसी परसरा में प्रबंधक रमेश चंद्र अग्रहरी, वरिष्ठ प्रांतिय महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डलप्रदेश अध्यक्ष अग्रहरी समाज उत्तर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षइंटरनेशनल वैश्य महासम्मेलन उत्तर प्रदेश ने किया स कौशाम्बी इंडेन गैस सर्विस भरवारी में ध्वजारोहण उमा केसरवानी प्रोपराइटर ने किया इस अवसर पर संचालक गौरव केसरवानी ऊर्फ मोनू सहित समस्त स्टाप मौजुद रहें

भवंस मेहता महाविद्यालय में ध्वजारोहण प्रबंधक संदीप सक्सेना न किया इस दौरान प्राचार्य प्रबोध कुमार श्रीवास्तव सहित समस्त स्टाफ मौजुद रहें सभवंस मेहता विद्याश्रम में ध्वजारोहण प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने किया इस दौरान शिक्षक सुधाकर सिंह सहित समस्त स्टाफ मौजुद रहें स आकर्ष गोपाल हीरो एजेंसी रसूलपुर गिरसा में प्रबंधक राजनीश केसरवानी ने ध्वजारोहण किया, एस दौरान राहुल केसरवानी सहित समस्त कर्मी मौजूद रहें।

न्यूज डायरी

## चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता जखमी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल महाविद्यालय के नजदीक नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधिवक्ता गंभीर रूप से जख्मी हो गया , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने घायल अधिवक्ता को इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसरॉय निवासी राम नरेश सिंह पुत्र स्व सुखराम 58 वर्ष पेशे से अधिवक्ता है। राम नरेश सिंह सोमवार की शाम सिराथू तहसील से बाइक से घर वापस लौट रहा था जैसे ही अधिवक्ता कोतवाली क्षेत्र के गुरुकुल महाविद्यालय के नजदीक पहुंचे तभी प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को टक्कर मारकर फरार हो गया, हादसे ने राम नरेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अधिवक्ता को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल भेजवाया।

## खाड़ी देश भेजनें के नाम पर ढाई लाख की ठगी का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**शहजादपुर, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के बम्हरौली का मजरा घटइया निवासी पंचम लाल पुत्र मंगू लाल ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया की सऊदी अरब जाने के नाम पर निधियावा गाँव के एक व्यक्ति ने ढाई लाख लेकर मुंबई भेज दिया और कहा कि उसका भाई मुंबई में मिलेगा लेकिन मुंबई पहुंचने के बाद जालसाज का फोन बंद हो गया कई दिन रुकने के बाद पंचम मुंबई से वापस घर लौट आया और जालसाज से पैसा वापस करने की मांग किया तो हीलाहवाली करते हुए एक वर्ष गया। पंचम का आरोप है कि पैसा मांगने पर गाली गलौज करते हुए झगड़े पर आमादा हो जाता है और जान से मारने की धमकी देता है। पंचम लाल ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## प्रधान की गैर मौजूदगी में महिला सचिव के पति द्वारा आवास सर्वे करने का वीडियो प्रसारित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के निधियावा गांव में ग्राम प्रधान की गैर मौजूदगी में महिला सचिव के पति द्वारा आवास पल्स सर्वे का कार्य किया जा रहा था , ग्रामीणों ने जिसका विरोध करते हुए परियोजना निदेशक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की थी , महिला सचिव के पति द्वारा आवास सर्वे करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है । ग्रामीणों की शिकायत पर परियोजना निदेशक ने सचिव के विरुद्ध जांच बैठाते हुए बीडीओ सिराथू को जांचकर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

विकास खंड सिराथू के निधियावा ग्राम पंचायत में तैनात महिला सचिव दीक्षा शिवहरे के पति द्वारा ग्राम प्रधान की गैर मौजूदगी में आवास पल्स सर्वे का कार्य किया जा रहा था, जिसका ग्रामीणों ने विरोध करते हुए मामले की शिकायत परियोजना निदेशक नवीन कुमार गुप्ता से किया। शिकायत को संज्ञान में लेते हुए परियोजना निदेशक ने खंड विकास अधिकारी सिराथू को जांचकर आख्या देने के निर्देश दिए है।

## एम पी पब्लिक स्कूल विजिया चौराहा में प्रबंधक ने किया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**
**विजिया, (कौशाम्बी)।** एम.पी. पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण कर छात्रों को गणतंत्र दिवस के महत्व के बारे में बताया। स्कूल के बच्चों ने परेड और राष्ट्रगान गाकर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। विकास खंड कौशाम्बी और थाना थाना में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। सरकारी कर्मचारियों और पुलिस कर्मियों ने इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को नमन किया और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने की शपथ ली। सभी जगह गणतंत्र दिवस के इस पावन पर्व को अनुशासन और गरिमा के साथ मनाया गया। जनता में उत्साह और देशभक्ति का माहौल बना रहा।

## साधू-संतों को अपशब्द कहने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थाने के जीवनगंज फाटक के समीप रविवार को साधू-संतों को अपशब्द कहने का विरोध करना युवक को मंहगा पड़ गया। दूसरे समुदाय के दबंगों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। घायल युवक ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।चरवा थाने के मलाक नागर गांव निवासी रामलखन पुत्र राम अधीन रविवार को अपनी बाइक से संदीपन घाट थाने के जीवनगंज रेलवे क्रासिंग के समीप से जा रहा था। इसी दौरान दूसरे समुदाय के बुलट सवार तीन युवक कुम्भ के साधू-संतों को अपशब्द बोल रहे थे। रामलखन के विरोध करने पर तीनों ने मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। लोगों के इकट्ठा होने पर तीनों बुलट छोड़कर मौके से फरार हो गए। घायल ने थाने जाकर तीन आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस सम्बंध में एसओ विजेंद्र सिंह ने बताया कि एक्सीडेंट का मामला है। रविवार को दुर्घटना की तहरीर मिली थी। मामले में मुकदमा दर्ज कर वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। सोमवार को दूसरी तहरीर देकर मामले को घुमाया जा रहा है।

## एकमुश्त समाधान योजना 05 फरवरी 2025 तक लागू

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि पूर्व रजिस्ट्री परिवहनयान जिन पर शास्ति (पेनाल्टी) आरोपित है, उन सभी प्रकार के वाहनों पर (मांग पत्र प्रेषित वाहन, वसूली प्रमाण पत्र (आर0सी0) निर्गत वाहन तथा अन्य वाहन) शत-प्रतिशत शास्ति (पेनाल्टी) में छूट प्रदान की गयी है। एकमुश्त समाधान योजना-2024 (शास्ति के संदाय में शत-प्रतिशत छूट) की दिनांक-05.02.2025 तक ही निर्धारित है। निर्धारित अवधि में कोई भी वाहन मालिक कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कौशाम्बी में आवेदन पत्र के साथ 7500 किग्रा0 तक सकल भारयान के लिए आवेदन शुल्क रू0-200 एवं रू0-7500 किग्रा0 से अधिक समस्त सकल भारयान के लिए आवेदन शुल्क-500 की प्रक्रिया का पालन करते हुए इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के अन्तर्गत वाहन स्वामीयानों पर बकाया देय करों की कुल धनराशि एकमुश्त जमा किया जा सकता हैं। इस योजना के अन्तर्गत ऐसे परिवहनयान जिन पर कोई भी पेनाल्टी परिवहन कर पर शास्ति (पेनाल्टी) यदि है, तो उसकी शत-प्रतिशत माफ की जायेंगी।

## अल्पसंख्यक छात्र-छात्रायें शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत आवेदन पत्र को 10 फरवरी तक करा सकतें है संशोधन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता द्वारा अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अल्पसंख्यक छात्रध्छात्राओं की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऐसे अभ्यर्थी जिन्होने आवेदन करते समय अपने माताध्पिता अथवा अभिभावक के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र के स्थान पर स्वयं के नाम से निर्गत आय प्रमाण पत्र का प्रयोग किया है, वे छात्र दिनांक 05 फरवरी से 10 फरवरी 2025 तक अपने आवेदन पत्र को संशोधित कर सकतें हैं। उन्होंने समस्त शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया है कि जिन छात्रध्छात्राओं ने छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति (कक्षा 11 व 12 में आनलाइन आवेदन करते समय अपने माताध्पिताध्अभिभावक के आय प्रमाण पत्र के स्थान पर स्वयं के नाम से जारी आय प्रमाण पत्र का प्रयोग किया गया है, उनके आवेदन पत्रों में संशोधन कराना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन दारानगर का हुआ गठन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कड़ा, कौशाम्बी।** राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन दारानगर की एक बैठक रविवार को केशरवानी धर्मशाला मे हुई जिसमे जिला एवं नगर संगठन का गठन हुआ। जिलाध्यक्ष अरविंद केशरवानी की अध्यक्षता मे हुई बैठक में जिला उपाध्यक्ष हेतु तनिष्क केशरवानी, दिरगज मौर्य, सचिन साहू व अंकित केशरवानी का आम सहमति से घोषणा हुई साथ ही नगर गठन में शिवशंकर केशरवानी को अध्यक्ष, जयमणि त्रिपाठी को महामंत्री, अरविंदमणि त्रिपाठी को संगठन महामंत्री, राजिश जैदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, दीपक सोनी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।युवा व्यापार संगठन का भी नगर के व्यापारियो की मांग पर नगर के योगेश केशरवानी को अध्यक्ष, नितिन केशरवानी को महामंत्री, कुलदीप केशरवानी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ऋषभ केशरवानी को संगठन महामंत्री व दिव्याशु साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया।बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद केशरवानी ने बताया कि जनपद के 50 नगरो मे राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन की घोषणा जल्द ही किया जायेगा।सभी नगरो मे राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन व्यापारिक हितार्थ कार्य कर रहा है। सदस्यता शुल्क के नाम पर वसूली नही किया जायेगा। कोषाध्यक्ष का पद संगठन मे नही होगा।धनार्जन नही किया जायेगा।यदि सदस्यता शुल्क कि मांग कोई करता है तो उसकी शिकायत किया जाये। जनपद के सभी व्यापारी संगठन के सदस्य है सम्भव सहयोग सभी के आवश्यकतानुसार किया जायेगा। सरकार की नीतियो को जन जन तक संगठन के पदाधिकारी पहुचाने का काम करेंगें।नगर की बैठक में धर्मेंद्र कुमार, प्रज्ज्वल कुमार, विक्रम ,प्रदीप साहू, मंत्री नौसाद अहमद, रमेश , हिमांशु, शिवम केसरी समेत अनेक नगर के सम्मानित व्यापारी उपस्थित रहें।

## नगर पालिका परिषद मंझनपुर कार्यालय में अध्यक्ष व ईओ ने किया ध्वजारोहण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 76वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद मंझनपुर के नवीन कार्यालय के प्रांगण में अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार फौजी के अध्यक्षता में व निर्वाचित सदस्यगण तथा अधिशासी अधिकारी, प्रतिभा सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण के उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर सीमा के अन्तर्गत निकायहित/जनहित एवं प्रशानिक/शासकीय कार्यो में उत्कृष कार्य करने पर संजय कुमार गुप्ता (लेखा लिपिक) के साथ-साथ अभिषेक कुमार केसरवानी, रोहतेश त्रिपाठी, सुधीर कुमार, सागर सिंह, सुनील कुमार, जावेद हुसैन, कैसर अली, जगदीश कर्मचारियों को अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र एवं उपरहार देकर सम्मानित किया गया है। उक्त मौके पर अध्यक्ष बीरेन्द्र कुमार (फौजी), प्रतिभा सिंह (अधिशासी अधिकारी), संजय कुमार गुप्ता (लिपिक), विजय तिवारी अध्यक्ष प्रतिनिधि, अशुल केसरवानी, लवलेश कुमार, अजय कुमार, निरंजन लाल, नत्थू, मो0 नजीर, अमित कुमार सोनकर, खुशनसीब अहमद, जितेन्द्र कुमार साहु, विनोद तिवारी, अभय राज, हरिशचन्द्र, रामयश, राजू सिंह, सलमान हैदर, सनी पाल, सविता कुमारी सभासद व प्रतिनिधि दुर्गा देवी, सुभीति सभासद व प्रतिनिधि भारत गौतम, सीमा चौरसिया सभासद व प्रतिनिधि झल्लर चौरसिया, काजल देवी सभासद व प्रतिनिधि सुनील कुमार मिश्रा, ममता देवी सभासद व प्रतिनिधि शारदा प्रसाद, रंजना देवी सभासद व प्रतिनिधि मान सिंह, शमीमा बेगम सभासद व प्रतिनिधि शमीम अहमद, गमला देवी सभासद व प्रतिनिधि आर्यवीर, सोनी यादव सभासद व प्रतिनिधि धर्मेन्द्र कुमार सभासदगण व निकाय के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन के सभी संस्थानों में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** रिद्धि सिद्धि ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के सभी संस्थानों एन.डी. कान्वेंट, केपीएस भरवारी, भीटी,रिद्धि सिद्धि कॉलेज में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और गरिमा के साथ किया गया। इस मौके पर सभी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों में देशभक्ति का उत्साह देखने लायक था। संस्थान के चेयरमैन माननीय संजय कुमार गुप्ता जी ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

ध्वजारोहण के पश्चात चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ, जिसने हमें लोकतांत्रिक और गणराज्य का दर्जा दिया। उन्होंने छात्रों को संविधान में निहित अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने और देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संदेश दिया। संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार जी ने भी अपने जोशीले भाषण में गणतंत्र दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह दिन न केवल हमारे संवैधानिक अधिकारों का उत्सव है, बल्कि हमें अपने देश के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की याद भी दिलाता है। उन्होंने सभी छात्रों और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में अनुशासन, ईमानदारी और देशभक्ति को महत्व दें। कार्यक्रम में छात्रों ने एक भव्य परेड का आयोजन किया। परेड के दौरान राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए छात्रों ने अनुशासन और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। इसके बाद, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला शुरू हुई। देशभक्ति गीतों, नृत्यों और नाटकों ने पूरे कार्यक्रम को जोश और उमंग से भर दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक नाटक ने स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और बलिदानों को जीवंत कर दिया।

बच्चों ने हम होंगे कामयाब और वंदे मातरम जैसे गीतों के माध्यम से दर्शकों को भावुक कर दिया। नृत्य प्रस्तुतियों में विभिन्न राज्यों की लोकसंस्कृति और देशभक्ति की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के अंत में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले छात्रों को संस्थान के चेयरमैन और डायरेक्टर द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह ने बच्चों के उत्साह को और बढ़ा दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ। संपूर्ण वातावरण देशभक्ति और गर्व से भर गया। चेयरमैन और डायरेक्टर ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और भविष्य में देश की सेवा और समर्पण के लिए प्रेरित किया। गणतंत्र दिवस का यह आयोजन न केवल एक समारोह था, बल्कि यह सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणा और देशभक्ति का अद्भुत उदाहरण भी था।इस अवसर पर संस्थान के डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर मयंक कुमार मिश्रा, कॉलेज प्राचार्य डॉ एस पी सिंह,प्रिंसिपल राहुल त्रिपाठी,अकादमी हेड सुभाष शुक्ला , कोऑर्डिनेटर नितेश सिंह,दीपक खरवार, सौरभ सिंह,मधुबन पटेल , सचिन त्रिपाठी,शशांक श्रीवास्तव, विकास पांडे ,रंजीत सिंह,गायत्री चावला,विवेक मौर्य, प्रज्ञा शर्मा,नारायण जी आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

## वी.आर.एस. कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** वी.आर.एस. कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज बैशकांटी विद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष सिंह, प्रबंधक अंकुर सिंह एवं प्रधानाचार्य कंचन सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने छात्र छात्राओं को संविधान के बारे में बताया। अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देशभक्ति के भावों की रसधार बहती चली गई। शानदार नृत्य से सबका मन मोह लिया। प्रबंधक अंकुर सिंह ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाइयां दीं। प्रधानाचार्य कंचन सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए आजादी का मूल्य व महत्त्व समझने व गणतंत्र को अक्षुण बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद हमारे देश ने जो प्रगति की है, वह हमारे सामने है। गणतंत्र दिवस मनाने का उद्देश्य स्वतंत्रता सेनानियों का स्मरण करना है। इस अवसर पर उपप्रबंधक आकाश सिंह ,सभी शिक्षक ,गम्भीर सिंह,सुनील कुमार, पवन यादव, राघवेंद्र सिंह, शिवेन्द्र प्रताप, उमाशंकर, आदित्य श्रीवास्तव,अजीत सिंह, आदर्श सोनी, अमित कुमार, प्रखर श्रीवास्तव श्रृष्टि गुप्ता, महक अग्रहरी, वैष्णवी अग्रहरी, मोहिनी यादव, शीलू , श्रेया, प्रांजल जायसवाल,मुस्कान, स्नेहा आदि उपस्थित रहें।

## महामाया राजकीय महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर आयोजित हुआ विभिन्न कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इन कार्यक्रमों की अध्यक्षता प्रो0 शैलेन्द्र तिवारी, प्राचार्य, द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। तदुपरांत प्राचार्य ने महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। समारोहक डॉ0 अजय कुमार द्वारा शिक्षा निदेशक ,उच्च शिक्षा के संदेश का वाचन किया गया। इसके बाद महाविद्यालय के इच्छुक छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। अंत में प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान की अहमियत और उसकी स्थापना का प्रतीक है। 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू होने के साथ भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य बना। यह दिन भारतीय नागरिकों के अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ अनिल कुमार, डॉ तरित अग्रवाल, डॉ रीता दयाल, डॉ आनंद कुमार ,डॉ शैलेश मालवीय, आदि प्रथापक उपस्थित रहे।

## 76वें गणतंत्र दिवस पर 50 वर्षों से झंडारोहण करने का बनाया रिकार्ड



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक की शाखा मंझनपुर में वरिष्ठ कोआपरेटर एवं शाखा अध्यक्ष नर नारायण मिश्र द्वारा झंडारोहण कर 50 वर्षो से बैंक में लगातार झंडारोहण करने का रिकार्ड बनाया गया।

शाखा अध्यक्ष नर नारायण मिश्र को विगत दो वर्ष पूर्व सहकारिता मंत्री द्वारा वरिष्ठ कोआपरेटर के रूप में सम्मानित किया जा चुका है। शाखा अध्यक्ष मिश्र द्वारा अपने सबोधन में कहा गया है कि उ0प्र0 सहकारी ग्राम विकास बैंक छोटे किसानों का बडा बैंक है जो अपने स्थापना काल से ही कृषि एवं कृषि से सबद्ध किया कलापों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में, कूटीर उद्योगों एवं रोजगार परक योजनाओं में आसान त्रृण किस्तों एवं कम व्याज दर पर त्रृण उपलध करा रहा है। पिछडे एवं अनुसूचित वर्ग के किसानों को को केन्द्र सरकार की योजना के अन्तर्गत 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर त्रृण उपलध करा रहा है, जिससे प्रदेश के सबसे गरीब एवं कमजोर वर्ग का उत्थान हो रहा है। इस अवसर पर बैंक के कर्मचारियों अधिकारियों के साथ स्थानीय नागरिक भी सम्मिलित हुए।

## विश्व पत्रकार महासंघ के जिला संगठन मंत्री के खिलाफ भ्रामक खबर फैला रहा छेड़छाड़ करने वाला आरोपी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**अवाना आलमपुर (कौशाम्बी)।** जनपद के करारी थाना क्षेत्र अवाना आलमपुर गांव में सोशल मीडिया सहित स्वयं छेड़छाड़ के एक मामले में फंसे आरोपी द्वारा विश्व पत्रकार महासंघ के जिला संगठन मंत्री के खिलाफ भ्रामक खबरें फैलाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी, जो आरोपी अक्सर विवादित गतिविधियों में शामिल रहा है, अब अपने बचाव के लिए संगठन मंत्री की छवि खराब करने का प्रयास कर रहा है।

विश्व पत्रकार महासंघ ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि संगठन मंत्री की छवि को धूमिल करने की यह साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महासंघ के सदस्यों ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द ही प्रशासन इस मामले में कोई कदम नहीं उठाता, तो वे सड़कों पर उतरकर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिला संगठन मंत्री ने कहा कि वह सच्चाई के साथ खड़े हैं और इस तरह की झूठी खबरों से डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी ने अपनी गलतियों को छिपाने के लिए झूठी अफवाहें फैलाने का सहारा लिया है। महासंघ का आंदोलन विश्व पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय नेतृत्व ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाया है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि पत्रकारिता जैसे पवित्र पेशे को कलंकित करने वाले ऐसे व्यक्तियों के खिलाफकठोर कदम उठाना जरूरी है। इसके साथ ही महासंघ ने प्रशासन से मांग की है कि वह आरोपी के खिलाफ भ्रामक खबरें फैलाने और संगठन मंत्री को बदनाम करने के मामले में कड़ी कार्रवाई करे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा है कि यदि प्रशासन और पुलिस ने जल्द ही ठोस कार्रवाई नहीं की, तो महासंघ एक व्यापक जन आंदोलन करेगा। प्रदर्शन की योजना के तहत जिले भर में रैलियां और धरने आयोजित किए जाएंगे। आरोपी पर पहले से हैं कई आरोप बताया जा रहा है कि आरोपी पर पहले भी लोकसभा चुनाव में गांव के लोगों को धमकाया और मामला थाना तक पहुंचा और कई गंभीर आरोप दर्ज हैं। छेड़छाड़ के मामले में नाम आने के बाद से वह लगातार बचने की कोशिश कर रहा है। संगठन मंत्री के खिलाफ भ्रामक खबरें फैलाकर वह खुद को निर्दोष साबित करने का प्रयास कर रहा है। विश्व पत्रकार महासंघ ने स्पष्ट किया है कि वह सच्चाई के लिए हर संभव प्रयास करेगा और दोषी को न्याय के कटघरे में लाने तक चौन से नहीं बैठेगा। वहीं पुलिस प्रशासन से महासंघ आग्रह करता है अश्लील हरकत करने वाला आरोपी को गिरफ्तार कर उचित कारवाही करें।

## तीन वांछित आरोपियों को पुलिस ने दबोचा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर वांछित नन्हू यादव उर्फ सुधाकर, अजीत यादव, धर्मपाल यादव निवासीगण खरगू का पूरा मजरा अड़हर थाना करारी को गिरफ्तार किया गया।

**चार वारण्टी आरोपी गिरफ्तार**

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पुलिस उपनिरीक्षक प्रमेश कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारात वारण्टी मूलचन्द्र निवासी मौजा समदा थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक मनोज तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी राम सजीवन, बोदी, देशराज निवासीगण छोटीमई थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया।

**निरोधात्मक कार्यवाही में 31 गिरफ्तार**

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना थाना पश्चिम शरीरा से 08, थाना पिपरी से 06, थाना संदीपनघाट से 02, थाना सैनी से 02, थाना मोहब्बतपुर पइंसा से 09, थाना कड़ाधाम से 04) कुल 31 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

**वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही**

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहियाध्चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 97 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## गणतंत्र दिवस पर एसपी ने कैम्प कार्यालय व एएसपी ने पुलिस कार्यालय में फहराया तिरंगा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** गणतंत्र दिवस 2025 के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा कैम्प कार्यालय पर एवं अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बीश्री राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय पर व जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर क्षेत्राधिकारीगणों द्वारा तथा समस्त कार्यालय, थाना, चौकी, फायर स्टेशन पर संबंधित प्रभारियों द्वारा हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कर सलामी दी गयी तथा राष्ट्र की एकता व अखंडता अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई गई तत्पश्चात मिष्ठान वितरण किया गया।

# 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड में भव्य समारोह व सेरीमोनियल परेड का हुआ आयोजन







**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बृजेश कुमार श्रीवास्तव पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस लाइन कौशाम्बी के परेड ग्राउंड में भव्य समारोह एवं सेरीमोनियल परेड का आयोजन किया गया। समारोह में आमंत्रित मुख्य अतिथि श्री मधुसूदन हुल्गीजिलाधिकारी कौशाम्बी द्वारा ध्वज फहराकर परेड कीसलामी ली गई। सलामी के उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के साथ परेड का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के बाद परेड द्वारा हर्ष फायरिंग की कार्यवाही की गई। हर्ष फायरिंग के उपरांत भव्य परेड टोलीवार मंच के सामने से होकर गुजरी। परेड को देखकरआमन्त्रित अतिथिगण एवं जनता के द्वारा तालियां बजाकर जवानों उत्साहवर्धन किया गया। तत्पश्चातपुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। परेड का नेतृत्व शिवांक सिंह क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा कमाण्डर प्रथम के रुप में किया गया, इसी प्रकार निरीक्षक भुवनेश कुमार चौबे व महिला उपनिरीक्षक यशवन्ती कुमारी द्वारा क्रमशःद्वितीय एवं तृतीय कमाण्डर की भूमिका का निर्वहन किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा परेड को संबोधित करते हुए उद्बोधन किया गया तथा भव्य परेड की सराहना करते हुए विगत दिनों कौशाम्बी पुलिस द्वारा किए गए सराहनीय कार्यो पर भी प्रकाश डाला। पुलिस अधीक्षक द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार प्रकट किया गया। इसी क्रम में मुख्य अतिथि एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। तत्पश्चात जनपद कौशाम्बी के विभिन्न विद्यालयों से आये हुए छात्र- छात्राओं के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित कर भव्य परेड का समापन किया गया। समारोह में सीजेएम दीपक कुमार जायसवाल, अपर जिला जज पूर्णिमा प्रान्जल, अपर जिला जज अशोक श्रीवास्तव, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रफुल्ल कमल, मुख्य विकास अधिकारी रवि किशोर त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार गौड, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण, जिलाध्यक्ष भाजपा धर्मराज मौर्य,जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अनीता त्रिपाठी, पूर्व विधायक मंझनपुर लाल बहादुर, पूर्व विधायक चायल संजय गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेंद्र सरोज, नगर पंचायत अध्यक्ष भरवारी कविता पासी, राकेश केशरवानी, प्रेम चौधरी सहित व्यापारी नेतागण एवं सम्मानित पत्रकारगण सहित अन्यगणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# उत्कृष्ट प्रयासों को लेकर कौशाम्बी पुलिस को प्राप्त हुआ आईएसओ गुणवत्ता प्रबंधन प्रमाणपत्र



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** कौशाम्बी पुलिस को अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने के उपरांत आईएसओ 9001:2015 क्वालिटी मैनेजमेन्ट सिस्टम प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। यह सम्मान पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व तथा उनकी टीम के सहयोग से प्रशासनिक और प्रबंधकीय प्रक्रियाओं के उन्नयन तथा आमजन को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करने के उत्कृष्ट प्रयासों के फलस्वरूप प्राप्त हुआ। कार्ययोजना और प्रयास पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव और उनकी टीम ने जनमानस को बेहतर कानून व्यवस्था, उच्च गुणवत्ता की सेवाएं, जन शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण तथा प्रशासनिक व्यवस्था को उत्कृष्ट बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक कार्ययोजना तैयार की। इसके तहत निम्नलिखित प्रमुख कार्य किए गए। पुलिस कार्यालयों का मानकीकरण,इसके अन्तर्गत जनपद मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय, मंझनपुर और क्षेत्राधिकारी सिराथू कार्यालयको अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सुव्यवस्थित किया गया। सभी शाखाओं के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की गई। प्रभावी जनशिकायत समाधान जन शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता दी गई। फीडबैक सिस्टम लागू कर समाधान की गुणवत्ता में सुधार किया गया। सार्वजनिक सेवाओं का उन्नयन सिटीजन चार्टर और पुलिस चार्टर का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। महिला सुरक्षा और नागरिक सेवाओं में त्वरित कार्रवाई के लिए विशेष प्रकोष्ठ बनाए गए। प्रशासनिक सुधार कार्यालय स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण। अभिलेखों का व्यवस्थित रखरखाव और डिजिटलीकरण। राजकीय संपत्ति का नंबरीकरण एवं मास्टर रजिस्टर में अंकन। ई-ऑफिस प्रणाली का कार्यान्वयन। सुविधाओं का विकास कार्यालय में जल गुणवत्ता, फर्स्ट एड बॉक्सऔर दिव्यांग सुगम अवसंरचना का निर्माण। महिला कर्मियों के लिए क्रेच (शिशुपालन गृह) और अलग शौचालयों का निर्माण। पार्किंग स्थान चिन्हित करना और फायर तथा इलेक्ट्रिक एनओसी प्राप्त करना। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के प्रयास एलएमएस लिमिटेड की आईएसओ टीम ने मंझनपुर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय और क्षेत्राधिकारी सिराथू कार्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। इसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया गया। आधारभूत संरचना। कार्यालय प्रक्रियाओं की गुणवत्ता। जन शिकायतों के समाधान की प्रणाली। कर्मचारियों के प्रशिक्षण और प्रबंधन। प्रमाणपत्र का महत्व पुलिस अधीक्षक कार्यालय को प्रशासन, निगरानी, कानून-व्यवस्था बनाए रखना, जन शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण, और अपराध की रोकथाम व विवेचना के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर खरा पाया गया। क्षेत्राधिकारी सिराथू कार्यालय को ष्संसाधनों का प्रभावी उपयोग कर कानून-व्यवस्था बनाए रखना, अनुसूचित जाति, जनजाति अधिनियम, दहेज हत्या, भ्रष्टाचार, और स्टाफ शिकायतों की विवेचना तथा जन सुनवाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मान्यता दी गई। उल्लेखनीय उपलब्धि बृजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश में यह गौरव प्राप्त करने वाला यह तीसरा पुलिस अधीक्षक कार्यालय है। यह कौशाम्बी पुलिस की कड़ी मेहनत और जनता के प्रति समर्पण का प्रमाण है। यह उपलब्धि कौशाम्बी पुलिस की छवि को और मजबूत करती है,तथा जनपद पुलिस को और उत्कृष्टता की ओर ले जाने के लिए प्रेरित करती है।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चलाया गया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल विद्यालय गांव व कस्बा में भ्रमण कर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना मो0पुर पंइसा पुलिस टीम द्वारा ग्राम पइन्सा में जाकर, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम बलीपुर में भ्रमण कर तथा थाना कौशाम्बी, थाना महेवाघाट, थाना कोखराज, थाना सराय अकिल, थाना सैनी व थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुएध्चौपाल लगाकरध्कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्यैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

# खेत सीच रहे किसान को सर्प ने डसा मौत

**बांदा।** खेत की सिचाई कर रहे किसान को सर्प ने डस लिया। उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बिसंडा थाना क्षेत्र के कोर्रा खुर्द गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेश पुत्र लालाइया, रविवार की रात खेत की सिचाई कर रहा था। तभी सर्प ने उसके पैर में डस लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। उसे झाड़ फूक के लिए ओझाओ के पास लिए जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक किसानी करता था। वह अपने पीछे पत्नी निराशा के अलावा तीन पुत्रिया, एक पुत्र छोड़ गया है।

# सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज डॉ0 आर के पाण्डेय को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

## प्रभावी कार्यवाही एवं उत्कृष्ट, सराहनीय कार्यों के लिए मिला सम्मान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** 17 वर्ष 2021 अप्रैल से कमिश्नरेट प्रयागराज में घटित बड़े अग्निकांडों में फायर सर्विस प्रयागराज द्वारा डॉ0 राजीव कुमार पाण्डेय सीएफओ, कमिश्नरेट के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही एवं उत्कृष्ट, सराहनीय कार्यों विवरण 17 अप्रैल, 2021 बादशाही मंडी (इलेक्ट्रिक मार्केट) जानसेनगंज प्रयागराज में घटित अग्निकांड पर 05 व्यक्तियों को जो कि आग में घिरे हुए थे फायर सर्विस टीम द्वारा भवन के तीसरी मंजिल से एक्सटेंशन लैडर से सुरक्षित उतारा गया जिसमें एक विकलांग महिला भी रही दिनांक 28-04-2021 को मोहक अस्पताल चौराहा सीवर में फंसे 03 व्यक्तियों को सुरक्षित जीवित बाहर निकाला गया। 01 मई, 2021 को भारतीय स्टेट बैंक राजापुर प्रयागराज में घटित अग्निकांड भवन में फंसे 07 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दिनांक 28- 06- 2021 को इंदिरा भवन सिविल लाइन प्रयागराज मे घटित अग्निकांड में कई व्यक्तियों को बचाया गया। दिनांक 25- 08-2021 को द्वारिका भवन बैंक ऑफ बड़ोदा जार्जटाउन प्रयागराज में घटित अग्निकांड में फायर सर्विस टीम द्वारा अत्यंत सूझबूझ एवं अथक परिश्रम से बैंक के संपूर्ण करेंसी चेस्ट को सुरक्षित बचाया गया। दिनांक 15 - 12 - 2021 को मां भगवती मदर एवं चाइल्ड केयर सेंटर कचहरी रोड प्रयागराज में घटित अग्निकांड पर आग में फंसे 09 व्यक्तियों को बाहर निकाला गया। दिनांक 02-01-2022 को प्रदीप ट्रेडर्स धूमनगंज प्रयागराज में घटित भीषण अग्निकांड में भवन के अंदर फंसे 08 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दिनांक 14-01-2022 को संगम लिंक अपार्टमेंट बाघम्बरी गद्दी अल्लापुर प्रयागराज में घटित अग्निकांड में फंसे 09 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दिनांक 02-05-2022 को विकास भवन प्रयागराज में घटित अग्निकांड पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए जनधन की रक्षा की गई।दिनांक 17-07-2022 को कार्यालय महाधिवक्ता भवन (अंबेडकर भवन) मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में घटित भीषण अग्निकांड पर लगभग 11:30 घंटे, 20 फायर टेंडर की सहायता से रिले पंपिंग करके लगातार फायर फाइटिंग की प्रभावी कार्यवाही संपन्न की गई। दिनांक 01-04-2023 को नेहरू काम्प्लेक्स चौक में लगी भीषण अग्निकांड में जनजीवन की रक्षा की गई अगल-बगल की दुकानों को सुरक्षित बचाया गया। दिनांक 24-04-2024 को रुद्राक्ष टावर में म्योहाल चौराहा पर आग लगी थी जिसमें डोमिनोज पिज्जा में पांच व्यक्ति और संस्कृति आईएएस की कोचिंग सेंटर से 50 बच्चों को सुरक्षित बचाया गया । दिनांक 01-05-2024 होटल मंदिरम साउथ मलाका के बेसमेंट में आग लगी थी जिसमें द्वितीय तल पर फंसे 12 व्यक्तियों कोसुरक्षित बचाया गया। दिनांक 19 - 01- 2025 को महाकुंभ मेला क्षेत्र में गीता प्रेस सेक्टर 19 के टेंटो में लगी भीषण अग्निकांड में अग्निशमन महाकुंभ मेला के साथ अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए अग्निशमन कार्य त्वरित कार्यवाही करते हुए संपादित किया गया जिसमें कोई जनहानि नहीं हुई।

# किशोरी ने फांसी लगा की खुदकुशी

**बांदा।** किशोरी ने कमरे के अंदर पंखा की हुक पर दुपटटा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। शव को मर्चरी हाउस में रखवा दिया।शहर के तिंदवारी रोड़ निवासी 13 वर्षीय प्रान्सी पुत्री लालबहादुर प्रजापति को सोमवार की शाम घरेलू किसी बात को लेकर मां ने डाट दिया। इसी से नाराज होकर कमरे के अंदर पंखे की हुक पर दुपटटा से फांसी लगा दिया। काफी देर बाद जब वह कमरे से बाहर नही निकली तो मौके पर पहुंचे परिजनो ने देखा तो फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया।जहां डॉक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

# बैजनाथ अंबिका प्रसाद मिश्र इंटर कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस





**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** बैजनाथ अंबिका प्रसाद मिश्र इंटर कॉलेज में बड़े धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस विद्यालय में गणतंत्र दिवस का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। अंबिका प्रसाद मिश्र के द्वारा ध्वजारोहण किया गया स बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई तथा उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक राहुल मिश्रा व संतोष कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य ने स्वतंत्रता सेनानियों व महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया इस मौके पर उन्होंने सभी स्टाफ व बच्चों अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर श्रीधर पांडेय उमेश कुमार साहू, राजेश कुमार, रमेश कुमार मिश्रा, कौशिक त्रिपाठी, धनंजय सिंह, उमेश कुमार माली, संकल्प त्रिपाठी, मानस त्रिपाठी, ललित मिश्रा सरोज, चतुर्वेदी दीपक राजपूत, जय शिवसागर, अशोक कुमार सिंह, विनीता, ऊषा, नैन्सी, प्रिया शिवजीत प्रतिभा अर्चना प्रांजल प्रियंका कैलाश जयचंद तिवारी तीरथ आदि लोग मौजूद रहें।इसी तरह मुख्यालय से सटे ओसा स्थित वृद्धजन आश्रम में आश्रम संचालक आलोक राय ने ध्वजारोहण किया।

# एयरपोर्ट थाना पुलिस ने किया झंडारोहण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट थाने पर रविवार को गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया। इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद सभी ने राष्ट्रगान का गायन किया। ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।

इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय लोकतंत्र के प्रति समर्पण और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बना। थाना परिसर में आयोजित इस समारोह में पुलिस विभाग के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और राष्ट्रीय पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया। इस मौके पर इंस्पेक्टर ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ी, जिसे सभी पुलिस कर्मियों ने दोहराया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को हर निर्णय में हर कर्तव्य में संविधान के मूल्य समाहित करने का संकल्प भी दिलाया। कहा कि यूपी पुलिस ने राष्ट्र निर्माण में भी बड़ा योगदान दिया है। थाना क्षेत्र के हर नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित हो यह हम सभी की जिम्मेदारी है। इस मौके पर अतिरिक्त इंस्पेक्टर पंकज सिंह, उपनिरीक्षक अभिषेक राय, सुखबीर सिंह, अमन सिंह, हेड कांस्टेबल रियाज खान, अफसर खान और कांस्टेबल अर्पित सिंह आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# सेंट फ्रांसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने प्रस्तुत की मनमोहन कार्यक्रम



**लोकमित्र ब्यूरो**
**भरवारी, कौशाम्बी।** सेंट फ्रांसिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेरुवा में 76वे गणतंत्र दिवस की धूम रही,बच्चो की मनमोहक प्रस्तुति पर तालियां बजती रही। प्रिंसिपल जेराल्ड पी डिसूजा ने झंडारोहण कर एवं राष्ट्रगान गाकर सभी बच्चों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। प्रिंसिपल जेराल्ड पी डिसूजा ने अपने वक्तव्य में सभी छात्रों,कर्मचारियों एवं अभिभावकों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अपने अमर सेनानियों के स्मरण के साथ ही 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पना की सिद्धि हेतु प्रतिबद्ध होने का अवसर भी प्रदान करता है। आइए, 'समर्थ-आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण के लिए हम सभी संकल्पित हों। इसके पश्चात छात्राओं एवं छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्र गीत,भाषण एवं डांस प्रस्तुत किए गए जिसके अंतर्गत वर्तमान में आयोजित महाकुंभ की महत्ता का वर्णन बच्चों ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से किया।इस दौरान दर्शकों की तालियां लगातार बजती रही।

# महाकुम्भ-2025 के आयोजन एसपी ने किया मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत तथा आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश से पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा थाना कोखराज पुलिस बल के साथ भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई तथा आमजनमानस को भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया गया एवं थाना कोखराज अंतर्गत सकाढ़ा तिराहा पर बैरियर लगाकर व मोर्चा बनाकर की जा रही सघन चेंकिग का निरीक्षण किया गया। महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया एवं मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया गया एवं सम्बंधित अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सिराथू मौजूद रहे।महाकुम्भ-2025 के आयोजन को सकुशल सम्पन्न कराने एवं आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी व क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा थाना कोखराज पुलिस बल के साथ भीड़ भाड़ व मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गस्त की गई।

# श्री देश बंधु इंटर मीडिएट कालेज में हर्षोल्लाष के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**अषाढा, कौशाम्बी।** मंझनपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गतश्री देश बंधु इंटरमीडिएट कॉलेज बैशकाटी में बड़े ही धूमधाम से 76वा गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया है। विद्यालय के अध्यक्ष राम सुन्दर सिंह के द्वारा ध्वज फहराया गया। तत्पश्चात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा तथा शिक्षा निदेशक माध्यमिक का संदेश प्रधानाचार्य जी व्दारा पढकर सुनाया गया और सभी छात्र-छात्राओं को वीर शहीदों के बारे में जानकारी दी शहीदों के योगदानों पर चर्चा किया और छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व लोकगीत का आयोजन किया गया।शहीदों को नमन कर उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया इस मौके पर प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह इन्द कुमार सिंहअमर सिंह अम्बरीष राघव इन्द्र नारायणसिंह, सुनील कुमार दिनेश कुमार मुकेश चन्द्र सम्पत सिंह मौर्य कमल सिंह राम राखन उपेन्द्र गर्ग अमित सिंह अजीत कुमार सिंह दिनेश कुमार गुलशन शर्मा अर्जुन सिंह गुलाब सिंह जवाहर लाल विश्वकर्मा ,आदि मौजूद रहें।

# अनियंत्रित हाइड्रा से भिड़ी श्रद्धालुओं की बस, 32 जख्मी

## कनवार बोर्डर के नेशनल हाईवे का मामला, एसपी सहित पुलिस के आलाधिकारियों ने मौके का किया जायजा







**लोकमित्र ब्यूरो**
**सिराथू (कौशांबी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार बोर्डर के नजदीक नेशनल हाईवे पर सोमवार की रात श्रद्धालुओं से भरी बस अनियंत्रित हाइड्रा ने भीड़ गई , हादसे में बस में सवार 32 लोग जख्मी हो गए , जिसमें चार गंभीर लोगों को जिला भेजा गया है , हादसे की सूचना पर एसपी कौशांबी व सीओ सहित भारी संख्या में पहुंची पुलिस बल ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया जिसमे से चार लोगों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया है ।
बताया जाता है कि हिमाचल प्रदेश के सलोनी जिला के अर्की सोलन से बस चालक बस में 30 सवारियों को भरकर प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे , बस चालक जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार बोर्डर के नजदीक पहुंचे तभी लगभग आठ बजे के करीब नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर जा रहे हाइड्रा में बस की टक्कर हो गई हादसे में मौके पर अफरा तफरी मच गई इस दौरान आसपास मौजूद लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बस से निकालकर आधा दर्जन के करीब एंबुलेंस से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया । घायलों में अर्की सोलेन निवासी मीनाक्षी पुत्री प्रेमचंद्र 13 वर्ष , महेंद्र सेन पुत्र लेखराम 52 वर्ष , गोदावरी पत्नी किशन लाल 70 वर्ष , शिमला निवासी तुलसीराम पुत्र कुल राम 75 वर्ष , अर्की सोलेन निवासी बाबूराम पुत्र दयाराम 65 वर्ष , लीला देवी पत्नी विद्यासागर 60 वर्ष , रीता पत्नी तेजराम 50 वर्ष , तेजराम पुत्र दयाराम 53 वर्ष , चंद्रकला पत्नी बाबूराम 52 वर्ष , नंदलाल पुत्र लेखराम 65 वर्ष , पार्वती पत्नी नंदलाल 65 वर्ष , रूप राम पुत्र राजकुमार 40 वर्ष , मीना सेन पत्नी महेंद्र सेन 48 वर्ष , गुड्डू पुत्र किशन लाल 30 वर्ष , ममता शर्मा पत्नी नरेश शर्मा 50 वर्ष , नरेश कुमार पुत्र देवीलाल 45 वर्ष , नर देवी शर्मा पुत्र 45 वर्ष , बबीता पत्नी सुरेन्द्र 50 वर्ष , ममता पुत्री देवी चंद्र 25 वर्ष , धनपति पत्नी देवीलाल 65 वर्ष , बबलू पुत्र दिलेर राम छेदी लाल पुत्र कस्तराम 72 वर्ष मनोहर पुत्र लेखराम जख्मी हो गए , विमान देवी पत्नी शालिक राम आदि लोग जख्मी हो गए । जिनमें धनमती पत्नी देवीलाल 62 वर्ष , तुलसी , बाबूराम व बबलू को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है । मौके पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सभी घायलों को सिराथू के सरकारी अस्पताल भेजवाया गया है जिसमें चार लोगों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया है । नेशनल हाईवे से क्षतिग्रस्त बस व हाइड्रा को हटाकर यातायात बहाल कर दिया गया है , श्रद्धालुओं के लिए दूसरी बस का इंतजाम किया जा रहा है । इस मौके पर सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा , प्रभारी निरीक्षक सैनी बृजेश करवरिया , चौकी प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही ।

# भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी में 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्षा कविता पासी, निदेशक संदीप सक्सेना एवं प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि कविता पासी ने इस मौके पर अपने भाषण के माध्यम से अमर शहीद सेनानियों के योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं समस्त छात्रों,अभिभावकों एवं नागरिकों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दिया। निदेशक संदीप सक्सेनाएवं प्रधानाचार्य श्री अनिल कुमार मिश्र ने अपने-अपने वक्तव्य में सभी छात्रों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों को 76वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि यह राष्ट्रीय पर्व हमें अपने अमर सेनानियों के स्मरण के साथ ही एक भारत-श्रेष्ठ भारत की संकल्पना की सिद्धि हेतु प्रतिबद्ध होने का अवसर भी प्रदान करता है।आइए, श्समर्थ-आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हम सभी संकल्पित हों। इसके पश्चात अनेक छात्राओं एवं छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक तरह के राष्ट्र गीत,भाषण एवं डांस प्रस्तुत किए गए जिसके अंतर्गत वर्तमान में आयोजित महाकुंभ की महत्ता का वर्णन बच्चों ने अपने कार्यक्रम के माध्यम से किया।अंत में सुधाकर सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं छात्रों को मिष्ठान आदि वितरित करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की गई। इस अवसर पर शिक्षक अवधेश मिश्र, सुधाकर सिंह, राम सनेही श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह, सुशील कुमार श्रीवास्तव, नागेंद्र द्विवेदी, विवेक शंकर चतुर्वेदी, विवेक केशरवानी, खुशबू गुप्ता, शिवम केशरवानी, मंशा यादव, शैलेश त्रिपाठी, सीता यादव, सूरज मिश्रा, मोहित त्रिपाठी, रवि नारायण उपाध्याय, रश्मि पाठक, रजनी श्रीवास्तव, पूनम सिंह,साहिबा जरीन,प्रियांशु मिश्र,अंकिता पटेल,भावना पांडेय,सौरभ प्रजापति एवं ईशा केशरवानी तथा अन्य समस्त शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ पंचायत भवन में हुआ गणतंत्र दिवस का आयोजन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**महराजगंज रायबरेली।** क्षेत्र की मऊ ग्राम सभा के पंचायत भवन में 76वें गणतंत्र दिवस का आयोजन उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह, ऊंचेश्वर शिक्षा सदन के प्रबंधक आशुतोष प्रताप सिंह व ग्राम प्रधान भोलई मौर्य ने पंचायत भवन कार्यालय में संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के पश्चात सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।आपको बता दें कि, कार्यक्रम में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि, भारत के संविधान ने देश के सभी नागरिकों को समानता, धार्मिक स्वतंत्रता, समता, लोकतंत्र और समाजवाद जैसे मौलिक अधिकार प्रदान किए हैं। श्री सिंह ने इस अवसर को और भी सार्थक बनाते हुए अपने अनुज आशुतोष प्रताप सिंह के साथ सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए मऊ गर्वी, पूरे अहलादी के हनुमान मंदिर, धोबिन टोला, चमरही, कटरा एवं अल्पसंख्यक समुदाय के जरुरतमंदों को लगभग 700 कंबल वितरित किए। गणतंत्र दिवस पर भेंट स्वरूप कंबल पाकर लोगों में खुशी देखी गई।गणतंत्र दिवस पर सेंकड़ों लोगों को कंबल वितरण कर पूर्व प्रमुख सत्येंद्र प्रताप सिंह नें लोगों का दिल जीत लिया। पूर्व ब्लाक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि मऊ पिछले कई वर्षो से ऐसे समाजिक कार्य लगातार कर रहे है। इस बाबत सतेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि, वह हमेशा गांव सभा के देवतुल्य जनता की सेवा में तत्पर रहते है। ठंड में वृध्द, गरीब व असहाय परेशानी में न रहे, जिसके मद्देनजर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि, जरुरतमंदों की सेवा ही मानवता की सच्ची सेवा है, यह उन्होंने अपने पिता सीखा। कार्यक्रम में पप्पू मिश्रा, शुभम सिंह, आशीष सिंह, दीपक सिंह, राजू शर्मा, पूरन सेठ, काली प्रसाद, महफूज, अशोक कुमार, बेचू लाल सहित गांव के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# 76वें गणतंत्र दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर अर्पित की गई पुष्पांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**
**रायबरेली।** 76 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आवाहन व जन नायक राहुल गांधी के प्रेरणा से जय बापू जय भीम जय संविधान पदयात्रा का आयोजन अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व जिला पंचायत सदस्य डलमऊ तृतीय वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में तिलक भवन कांग्रेस कार्यालय से शुरू होकर घंटाघर रामकृपाल चौराहा सुपरमार्केट खालसा चौक होते हुए हाथी पार्क डॉक्टर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व संबोधन से संपन्न हुआ। जय बापू जय भीम जय संविधान पदयात्रा में सभी महापुरुषों के जयकारे के साथ-साथ देश के जवान व किसान के नारे लगाए गए पदयात्रा के दौरान सभी स्थलों पर माल्यार्पण किया गया। यह पदयात्रा महात्मा गांधी जी डॉक्टर बीआर अंबेडकर जी और हमारे संविधान में निहित मूल्य की विरासत को संरक्षित करने के लिए है 76 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर यह तय किया गया कि आज से जिले के समस्त ग्राम सभा न्याय पंचायत ब्लॉक व विधानसभा जिले के प्रत्येक कोने में जाकर कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्यक्रम वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में किया जाना सुनिश्चित किया गया एवं आगामी 2027 तक इस लक्ष्य की प्राप्ति कर ली जाएगी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी डॉक्टर बी आर अंबेडकर जी के सपनों का भारत की मुहिम को साकार करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर कल्याण श्रीवास्तव, राम सुंदर निर्मल, यशपाल भारती, जितेंद्र पासी, सीतांशु मौर्य, योगेश कुमार, मोहम्मद उमर रिजवान खान, अमित पासी, राजेंद्र मौर्य, शिवचरित्र, अभिषेक मौर्य, अतुल सिंह, रमाकांत मौर्य, दुर्गेद्र चौधरी, विपिन पाल, प्रशांत मौर्य, आशीष वर्मा, मनीष यादव, अजमल खान, हनुमान अंबेडकर, अखिलेश बागी, शुभम कुमार, सचिन, पंकज यादव, दीपक कुमार आदि क्रांतिकारी साथी उपस्थित रहें।

# नदी तट पर कटान रोकने के कार्य में गुणवत्ता का रखें ध्यान- डीएम



**बांदा।** डीएम जे. रीभा ने सोमवार को केन नदी के तट पर सिंचाई विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने केन नदी के दोनो तटों पर स्थित ग्राम कनवारा, बरूआ डेरा तथा पिपरी ग्राम समूह की वर्षा के दौरान बढ़ने वाले जल स्तर से सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए व नदी के कटान निरोधक कार्य को सिंचाई विभाग द्वारा किये जाने के कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता को नदी तट पर कटान को रोके जाने हेतु किये जा रहे कार्यो को गुणवत्ता के साथ तेज गति से कार्यो को पूर्ण करते हुए माह मार्च तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से वर्ष 2023 में स्वीकृत 10.47 करोड़ की लागत की इस परियोजना के अन्तर्गत किये गये कार्यो के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिस पर अधिशाषी अभियंता द्वारा बताया गया कि 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। जिलाधिकारी ने कार्य की नियमित रूप से निगरानी रखते हुए शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियंता सिंचाई व अन्य अभियंतागण उपस्थित रहे।

# ध्वजारोहण कर किया सैल्यूट, फिजा में गूंजा-सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा

## - सरकारी और गैर सरकारी इमारतों में मनाया गया गणतंत्र दिवस, विद्यालयों में आयोजित हुए कार्यक्रम



**बांदा।** सरकारी और गैर सरकारी इमारतों में रविवार को 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने कार्यालय में ध्वजारोहण किया और सलामी दी। इसके साथ ही स्कूली बच्चों ने सुबह प्रभातफेरी निकाली। स्कूलों में देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। अतिथियों ने कहा कि यह आजादी बहुत ही कठिनाइयों एवं वूरी सपूतों के अमर बलिदान से मिली है। इस आजादी को निरंतर कायम रखना है। शहर के विभिन्न विद्यालयों में भी गणतंत्र दिवस पर देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रविवार को पूरे जहां में सारी से जहां सें अच्छा हिंदोस्तां हमारा का नारा गुंजायमान होता रहा।
जल शक्ति राज्य मंत्री श्री रामकेश निषाद ने कलेक्ट्रेट व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई और झंडे को सलामी दी। पुलिस लाइन में जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने सभी को 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बधाई दी। कहा कि यह आजादी वीर शहीदों के अपने प्राणों को न्योछावर करने के बाद मिली है। हमारे संविधान में अनेकता में एकता समाहित है तथा एकता ही देश की अखंड पहचान है। उन्होंने कहा कि हम इस वर्ष गणतंत्र दिवस के इस राष्टीय पर्व को स्वर्णिम भारत, विरासत और विकास के रूप में मना रहे हैं ,जिसमें सांस्कृतिक धरोहरों को विरासत के साथ सुरक्षित एवं संजोकर रखने एवं विकास को और तेज गति से करते हुए विकसित राष्ट्र का निर्माण करना है।
इसके पश्चात कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री, पदम्श्री उमाशंकर पांडे व जिलाधिकारी जे. रीभा ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व उनके परिजनों का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों का हाल-चाल जानते हुए उन्हें फल का वितरण किया तथा रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए रक्तदान करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रमाण पत्र दिया। मंडलायुक्त अजीत कुमार ने आयुक्त कार्यालय में तिरंगा झंडा फहराया और सलामी दी। कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित मंडलीय अधिकारी व कर्मचारियों को संविधान की शपथ के अन्तर्गत कहा कि हम सभी को मिलकर देश की एकता व अखंडता को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव के लोगों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमें सभी को समानता के साथ उसके मौलिक अधिकारों को दिया गया है। कार्यक्रम में उन्होंने गृह मंत्रालय,भारत सरकार द्वारा दिए गए अति उत्कृष्ट सेवा पदक से उप निरीक्षक चेतन स्वरूप सिंह को प्रदान कर 50000 का चेक भेंट किया व आरआई ओम प्रकाश यादव को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उन्होंने 26 जनवरी परेड के प्रथम कमांडर क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रथम कमांडर परेड सहित अन्य सभी कमांडरो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महिला पुलिस उप निरीक्षक आकांक्षा को भी परेड में सम्मानित किया। अखंड हिंद फौज के छात्रों द्वारा देश की एकता पर आधारित तथा अटल आवासीय विद्यालय के छात्राओं द्वारा पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित किए जाने तथा देश की एकता से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान मंडलायुक्त अजीत कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी जे. रीभा, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, एएसपी शिवराज सहित अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व राजेश कुमार व अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमिताभ यादव सहित अन्य पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षुओं ने हस्ताक्षर अभियान चला कर वोट करने की ली शपथ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है, जो कि भारतीय चुनाव आयोग के स्थापना दिवस के अवसर पर मनाया जाता है । इस दिन का उद्देश्य मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना और युवा नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का इतिहास मोहम्मद कौसर समन्वयक नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र ने बताया भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पहली बार 25 जनवरी 2011 को मनाया गया था। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना है।राष्ट्रीय मतदाता दिवस का महत्व प्रदीप झा ने बताया मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना इस दिन का उद्देश्य मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना है। युवा नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना इस दिन का उद्देश्य युवा नागरिकों को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। मतदाताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना इस दिन का उद्देश्य मतदाताओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना है। मतदाता शपथ समारोहरू नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में विशेष रूप से पहली बार मतदाता, लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने की शपथ ली। मतदाता पहचान पत्र का वितरण नए मतदाताओं को विशेष समारोहों के दौरान उनके चुनावी फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) दिए जाते हैं।जागरूकता कार्यक्रम लोगों को मतदान के अधिकार और जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित करने के लिए अभियान, रैलियाँ और कार्यशालाएँ आयोजित की जाती हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमरू विशेष रूप से नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में नाटक, भाषण,वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की हैं।

# खेत सीच रहे दो किसानो की सर्दी से मौत

**बांदा।** मौसम के एक बारगी करवट बदलने से गलन फिर से बढ गई है। सर्दी की चपेट में आने से अलग अलग क्षेत्रो में खेत की सिचाई कर रहे दो किसानो की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।मर्का थाना क्षेत्र के गुजेनी गांव निवासी 50 वर्षीय फूलचंद पुत्र अभय राज किसानी करता था। वह रविवार की रात खेत की सिचाई करने गया था। रात को वह वापस घर लौटा सुबह मवेशियो को चारा रख रहा था। तभी सर्दी ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को जानकारी हुई। उसे तत्काल सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने देखते के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहरामच गया। मृतक किसानी करता था। उसके पास पांच बीघा जमीन है। मृतक अपने पीछे पत्नी विसाखा के अलावा दो पुत्र हो गया है। दूसरी घटना में बिसंडा थाना क्षेत्र के निलाथू गांव निवासी 48 वर्षीय कल्यान पुत्र जियालाल रविवार की रात खेत की सिचाई करने के बाद घर लौटा वह चारपाई में सो गया।

# पाइप लाइन बिछाने व अन्य निर्माण के लिए बार-बार न खोदें सड़क-आयुक्त

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बांदा।** मंडलायुक्त अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मंडलीय विकास कार्यो और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समय से कार्य पूरा करते हुए विभागीय लक्ष्य पूरा करें। स्वास्थ्य एवं पर्यटन विकास के कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग, विद्युत, आरईडी एवं जलनिगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय करते हुए सड़क में विद्युत लाइन, पेयजल लाइन व अन्य निर्माण कार्यो हेतु बार-बार सड़क न खोदी जाए, नई सड़क के निर्माण एवं चैडीकरण के समय अपनी योजनाओं को देखते हुए कार्यो को उन्ही कार्यो के साथ पूर्ण करायें।आयुक्त ने बुन्देलखण्ड विकास निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो महत्वपूर्ण प्रस्ताव शीघ्र सम्बन्धित सीडीओ को भेजे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।
उन्होंने कुम्भ के अवशेष प्रमुख स्नान पर्वो को देखते हुए प्रयागराज, चित्रकूट एवं आयोध्या जाने वाले प्रमुख धार्मिक स्थलों के मार्गो में सड़कों पर यातायात की समुचित व्यवस्था रखी जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों, आईजीआरएस प्रकरणों, सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए निस्तारण में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिये।
उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अन्तर्गत पात्र युवाओं को पांच लाख तक बिना ब्याज एवं 10 प्रतिशत अनुदान पर बैंको से ऋण दिलाये जाने की योजना का प्रचार प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आरईडी द्वारा भवन निर्माण व रोड निर्माण के कार्यो की समीक्षा करते हुए चित्रकूट व महोबा में सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने, सम्बन्धित ठेकेदार द्वारा कार्य में देरी करने पर उसके विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।